3 राजधानी
गोतस्करों की कार ने ली दो युवकों की जान

5 अभिमत
कश्मीर में आतंक का नया चेहरा

7 राष्ट्रीय
राजनीतिक खेमों में बंटा टॉलीवुड

8 विदेश
इमरान खान ने विश्वास मत जीता

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 136
लखनऊ, रविवार, 7 मार्च, 2021
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




नई पीढ़ी के नए रंग
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# नंदीग्राम में ममता को ललकारेंगे सुवेंदु अधिकारी





सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

## ● भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, सीएम के खिलाफ उनके पूर्व सहयोगी को ही उतारा

**पश्चिमी** बंगाल चुनाव में नंदीग्राम सीट पर सबसे कड़ा मुकाबला होने वाला है। यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके पूर्व सहयोगी सुवेंदु अधिकारी भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनौती देंगे। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 57 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसके अनुसार सुवेंदु को उनके पुराने गढ़ नंदीग्राम से मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही अपनी चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं। भाजपा की पहली सूची कोलकाता के बिग्रेड मैदान में रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से एक दिन पहले आई है। कभी ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी रहे सुवेंदु अब भाजपा के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। उम्मीदवारों की पहली सूची में अन्य प्रमुख नाम पूर्व इंडियन क्रिकेटर अशोक डिंडा और पूर्व आईपीएस अधिकारी हुमायूं कबीर हैं। कबीर जहां पश्चिमी मेदनापुर की देबरा सीट से लड़ेंगे, वहीं डिंडा पूर्वी मेदनापुर की मोयना से ताल ठोकेंगे। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने एक सीट अपने सहयोगी दल एजेएसयू को दी है। इसके साथ ही पार्टी ने 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच आठ चरणों में होने वाले चुनाव के पहले दो चरणों के लिए 60 में से तीन को छोड़कर बाकी सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। सिंह ने कहा कि राज्य में जंगल राज की स्थिति है और मतदाताओं ने तृणमूल कांग्रेस को हराकर भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में रविवार को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पश्चिम बंगाल में चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद उनकी यह पहली रैली होगी। नंदीग्राम में तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार के खिलाफ आंदोलन ने 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त किया था। नंदीग्राम में इस बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के पूर्व सहयोगी और अब भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। राजधानी दिल्ली में उम्मीदवारों की सूची जारी होने से कुछ घंटे पहले ही दिल्ली से नंदीग्राम पहुंचे सुवेंदु अधिकारी का कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारों से स्वागत किया। यहां उन्होंने ममता पर सीधा हमला बोला और खुद को स्थानीय तथा ममता बनर्जी को बाहरी बताया। बनर्जी ने कोलकाता में अपनी पारंपरिक भवानीपुर सीट छोड़कर नंदीग्राम से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। अधिकारी के ममता को 50 हजार वोटों से हराने के दावे पर तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि वे धोखेबाजों के बारे में बात नहीं करते। नंदीग्राम की जनता ही ममता बनर्जी की पीठ में छुरा घोंपने वालों को करारा जवाब देगी।

पूर्व सांसद और राज्य सरकार में भी मंत्री रहे अधिकारी 2016 में नंदीग्राम सीट से विजयी हुए थे। ममता बनर्जी के बेहद करीब रहे अधिकारी लगभग एक दर्जन जिलों में तृणमूल कांग्रेस के संगठनात्मक मामलों को संभालते थे। हाल में भगवा पार्टी में शामिल होने से पहले उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस बीच, तृणमूल की ओर से टिकट नहीं मिलने के बाद कई मौजूदा विधायक और मंत्री खुलकर भाजपा में शामिल होने की बात कर रहे हैं। इनमें चार बार की एमएलए और पूर्व डिप्टी स्पीकर सोनाली गुहा और जाटू लाहिड़ी जैसे वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं। टिकट नहीं मिलने से खफा पूर्व एमएलए अराबुल इस्लाम के समर्थक भी लगातार प्रदर्शन और रोड जाम कर रहे हैं। इस्लाम ने कहा कि वह शीघ्र ही भविष्य की रणनीति पर फैसला लेंगे। ऐसी बगावतों से तृणमूल के अंदर खासी बेचैनी देखने को मिल रही है।

## भाजपा के हुए दिनेश त्रिवेदी, कहा-बंगाल में होगा बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा में शामिल होने के दौरान दिनेश त्रिवेदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा

**बंगाल** विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व रेल मंत्री और तृणमूल कांग्रेस सांसद दिनेश त्रिवेदी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए दावा किया कि त्रिवेदी 'अवसर' के लिए नहीं बल्कि 'वैचारिक कारणों' के कारण हमारे साथ आए हैं। 70 वर्षीय त्रिवेदी ने कहा कि देश की बेहतर ढंग से सेवा करने के लिए वे भाजपा में आए हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिद्धांतों का परित्याग कर दिया है। त्रिवेदी ने कहा कि बनर्जी की सरकार में राज्य के लोग हिंसा और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं। कभी बनर्जी के विश्वस्त सहयोगी रहे त्रिवेदी, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्रियों पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान तथा अन्य नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अब वास्तविक बदलाव आने वाला है। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पहले वह जिस पार्टी में थे, वहां एक परिवार की सेवा की जाती थी और अब वह ऐसी पार्टी में हैं जहां लोगों की सेवा की जाती है। त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल में हिंसा का हवाला देते हुए कुछ ( शेष पेज 7 )

## आधुनिक युद्ध कौशल में पारंगत हो सेना : मोदी


गुजरात के केवडिया में सेना के कमांडरों के साथ बैठक करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय सेना को भविष्य की ताकत के रूप में विकसित करना होगा। दुनिया भर में युद्ध लड़ने की क्षमताओं में हो रही वृद्धि के साथ कदमताल मिलाने की अपील करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सैन्य बल ऐसी पुरानी प्रणालियों और परंपराओं त्याग दें जिनकी अब कोई उपयोगिता और प्रासंगिकता नहीं रही। सशस्त्र बलों को आधुनिक युद्ध कौशल में पारंगत होना ही होगा। गुजरात के केवडिया में संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सैन्य बल राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली में स्वदेशी चीजों को ज्यादा से ज्यादा अपनाएं। स्वदेशी की संस्कृति न सिर्फ हथियार और उपकरणों के मामले में हो, बल्कि सशस्त्र बलों में प्रचलित सिद्धांतों, प्रक्रियाओं और रीति-रिवाजों में भी दिखनी चाहिए। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगभग नौ महीने से चले आ रहे गतिरोध के बीच मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर संयुक्त कमांडरों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुति देकर बताया कि वे पाकिस्तान और चीन के मोर्चे पर चुनौती से कैसे निपटेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्रालय के संवेदनशील विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे ब्यूरोक्रेट्स ने अपनी विंग की तैयारी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी दी। बैठक में शीर्ष अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में चल रही मौजूदा और भविष्य की परियोजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष चीफ ऑफ डिफेंस (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, सेना प्रमुख जनरल ( शेष पेज 7 )

## 'टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट' रणनीति पर अमल जारी रखे राज्यः केंद्र


बेंगलुरु में कोविड19 का टीका लगवाने के बाद अवलोकन कक्ष में बैठे लोग

कोविड-19

### ● महाराष्ट्र, पंजाब में प्रतिदिन संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद सरकार ने भेजे केन्द्रीय दल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्र ने** महाराष्ट्र और पंजाब में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर इन राज्यों में उच्चस्तरीय जनस्वास्थ्य टीमें भेजी है। केंद्र ने महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे अपनी 'टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट' की रणनीति पर अमल जारी रखे क्योंकि महामारी के चरम दौर में इसके बहुत सकारात्मक परिणाम आए थे। राज्यों से कहा गया है कि वे निजी अस्पतालों से समन्वय कर टीकाकरण की समय सारिणी एक बार में कम से कम 15 दिनों तथा अधिकतम 28 दिनों की रखे। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) विनोद के. पॉल ने शनिवार को हरियाणा, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, गोवा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली और ( शेष पेज 7 )

## सेक्युलरिज्म शब्द परंपराओं को आगे बढ़ाने में सबसे बड़ा खतराः योगी

### ● जानकी नवमी पर राम भक्तों को रामायण विश्वमहाकोश का उपहार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


रामायण विश्वमहाकोश का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
पायनियर

**जानकी** नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुनिया भर से संजोई गई रामराज की विरासत का रामायण विश्वमहाकोश का विमोचन किया। पहले संस्करण के रूप में राम भक्तों को यह ऐतिहासिक और अमूल्य उपहार है। संत गाडगे प्रेक्षा गृह में आयोजित समारोह में सीएम योगी ने कहा कि यह विश्वमहाकोश हमें अयोध्या जाने के लिए बाध्य करेगा। विज्ञान और अध्यात्म के अनछुए पहलुओं से परिचय करायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भारत और भारतीय संस्कृति पर सवाल खड़े करने वालों पर हमलावर रहे। अपनी कंबोडिया यात्रा के दौरान अंकोरवाट मंदिर में मिले एक बौद्ध गाइड का उदाहरण देते हुए सीएम ने हिन्दू संस्कृति पर सवाल उठाने वालों को करारा जवाब दिया। योगी ने कहा कि मंदिर का गाइड बौद्ध था लेकिन उसको यह भी पता था कि बौद्ध धर्म की उत्पत्ति हिन्दू धर्म से हुई है। यह बात वह निश्चिंत होकर बोल सकता है। लेकिन भारत में यह बोलेंगे तो बहुत सारे लोगों के सेक्युलरिज्म को खतरा पैदा हो जाएगा। योगी ने कहा ये सेक्युलरिज्म शब्द ही सबसे बड़ा खतरा है भारत की इन समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाने और वैश्विक मंच पर स्थान दिलाने में। सबसे बड़ी बाधा यही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें इससे उबर कर बहुत शुद्ध और सात्विक मन से हमें प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे जातीय झगड़ों में पड़ कर हमने अपना वैभव नष्ट कर दिया। हमें इन छोटी चीजों से निकल कर विराट रूप में खुद को विश्व के सामने रखना चाहिए। आज प्रधानमंत्री मोदी के कारण विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कुंभ को भगदड़, गंदगी, अव्यवस्था और अराजकता के रूप में प्रस्तुत किया गया था लेकिन 2019 के प्रयागराज कुंभ के बारे में हमारे विरोधी भी नकारात्मक स्वर से नहीं बोल सके। कुंभ ने भारत की संस्कृति, स्वच्छता, सुव्यवस्था और सुरक्षा का एक नया मानक प्रस्तुत किया। पूरी दुनिया और यूनेस्को को भी कहना पड़ा कि दुनिया की मानवता की अमूर्त धरोहर है कुंभ। सीएम योगी ने कहा कि भारत की परम्परा पर कौन सा ऐसा देश है जो गौरव की अनुभूति न करता हो। इंडोनेशिया, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया ये सभी देश बहुत विश्वास के साथ उस परंपरा और संस्कृति के साथ जुड़े रहे हैं। रामायण और महाभारत की ( शेष पेज 7 )

## कोविड-19 सिंड्रोम बीमारी से उबरने के बाद करता है परेशान

### ● ऑक्सफोर्ड ब्रूक्स विवि की शोध समीक्षा के मुताबिक हर पांचवें मरीज को थकान, मानसिक समस्या जैसी दिक्कतें

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

**कोविड**-19 के पांच मरीजों में से एक मरीज को थकान और न्यूरो संबंधी समस्याओं के साथ व्यापक मनोवैज्ञानिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह खुलासा ऑक्सफोर्ड ब्रूक्स विश्वविद्यालय के शोध में हुआ है। यह भविष्य को लेकर डरावनी तस्वीर पेश करता है। आने वाले समय में मनोवैज्ञानिक और न्यूरो संबंधी समस्याओं की शिकायतों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। यह अध्ययन विश्व स्वास्थ्य संगठन के अवलोकन के करीब है, जिसमें हालिया कोरोना वायरस महामारी को द्वितीय विश्व युद्ध के सामूहिक आघात की तरह बताया गया है। भारत के संदर्भ में यह अवकलोकन बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य की यह समस्या देश में पहले से बड़ी संख्या में मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे मरीजों के कारण व्यवस्था पर और भार बढ़ा सकता है। वर्ष 2019 में वैश्विक बीमारी भार अध्ययन के अनुसार भारत में प्रति सात लोगों में से एक व्यक्ति मानसिक बीमारी का शिकार और देश में ऐसे कुल 19.73 करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। ऑक्सफोर्ड ब्रूक्स विश्वविद्यालय में फिजियोलॉजिस्ट और ऑक्सफोर्ड हेल्थ एनएचएस फांउडेशन ट्रस्ट में मनोवैज्ञानिक ने संयुक्त रूप से सार्स-कोव-2 के संक्रमण का मस्तिष्क पर कम और लंबे समय के लिए पड़ने वाले उसके प्रभाव और स्वास्थ्य समस्याओं पर संयुक्त रूप से एक शोध पत्र पेश कर उसे जानने का प्रयास किया है। अध्ययन में पाया गया कि कम समय में न्यूरो संबंधी समस्याओं की एक लंबी श्रृंखला बताई गई। कोविड-19 के 95 फीसदी मरीजों में बीमारी के बाद तनाव संबंधी विकार (पीटीएसडी) और अन्य रोगियों में 17-42 फीसदी अवसाद के लक्षण सामने आए हैं।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,405 | |
| निफ्टी | 14,938 | |
| सोना | 43,887 | /10g |
| चांदी | 64,805 | /kg |

### क्विक न्यूज

**एनडीए व नौसेना अकादमी परीक्षा के परिणाम घोषित**

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी परीक्षा (एनएई) के अंतिम परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए। इन परीक्षाओं में 533 उम्मीदवार सफल रहे। यूपीएससी ने कहा कि 533 उम्मीदवारों की सूची मेधा क्रम में जारी की गई है। ए नतीजे छह सितंबर, 2020 को यूपीएससी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा और सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) द्वारा आयोजित साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर घोषित किए गए है। एनडीए के थल सेना, नौसेना और वायु सेना प्रकोष्ठों में 145वें पाठ्यक्रम और नौसेना अकादमी में 107वें भारतीय नौसेना अकादमी पाठ्यक्रम (आईएनएसी) में प्रवेश के लिए परीक्षाएं आयोजित की गई थी।

## आंदोलन के सौ दिन पूरे किसान मांग पर अडिग

### ● हरियाणा के कुछ हिस्सों में केएमपी एक्सप्रेसवे जाम कर जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आंदोलन** के 100 दिन पूरे होने के बीच किसान नेताओं ने शनिवार को कहा कि प्रदर्शनकारी संगठन तीनों नए कृषि कानूनों को रद्द किए जाने की अपनी मांग पर अडिग हैं। साथ ही किसान नेताओं ने कहा कि वे सरकार के साथ वार्ता को तैयार हैं किंतु बातचीत बिना शर्त होनी जानी चाहिए। इससे पहले दिन में हजारों किसानों ने हरियाणा के कुछ स्थानों पर कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे को अवरुद्ध किया। दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन के 100 दिन पूरे होने के चलते किसानों ने रास्ता जाम करने अपना विरोध दर्ज कराया। संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य दर्शन पाल ने कहा कि किसान संगठन कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की अपनी मांग पर अडिग हैं।

पाल ने कहा, हमारे आंदोलन की शुरुआत से ही हमारी मांग एकसमान रही है कि तीन नए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए। हम सरकार से वार्ता बहाली के लिए तैयार हैं। हालांकि, ऐसा बिना किसी पूर्व शर्त के होना चाहिए। इससे पहले किसानों का प्रदर्शन सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जो अपराह्न चार बजे तक जारी रहा। काले झंडे थामे तथा बांह पर काली पट्टी बांधे किसानों और काला दुपट्टा पहने महिला प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगे ( शेष पेज 7 )

## भारत जीता, टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

### ● इंग्लैंड 1-3 से हारा श्रृंखला, जून में लॉर्ड्स के मैदान में अंतिम दो में भारत की न्यूजीलैंड से होगी टक्कर



अहमदाबाद में इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में हराने के बाद विजेता ट्रॉफी के साथ भारतीय टीम

**रविचंद्रन** अश्विन और अक्षर पटेल के बुने फिरकी के जाल में एक बार फिर इंग्लैंड के बल्लेबाजों को फांसकर भारत ने चौथा और आखिरी टेस्ट तीसरे ही दिन एक पारी और 25 रन से अपने नाम करके श्रृंखला 3-1 से जीत ली और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बना ली। जून में लॉडर्स पर होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए इस मैच में ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन अक्षर और अश्विन ने दूसरी पारी में पांच पांच विकेट लेकर तीसरे ही दिन भारत को धमाकेदार जीत दिलाई। भारत की जीत के साथ आस्ट्रेलिया का विश्व चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। भारत ने पहली पारी में ऋषभ पंत के शतक और वाशिंगटन सुंदर के नाबाद 96 रन की मदद से 365 रन बनाकर 160 रन की बढत ली थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम 135 रन पर आउट हो गई। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की अनुकूल पिच पर अक्षर ने 24 ओवर में 48 रन देकर पांच और मैच में नौ विकेट लिए जबकि अश्विन ने 22.5 ओवर में 47 रन देकर पांच और मैच में कुल आठ विकेट लिए।

अश्विन ने इस श्रृंखला में 30 विकेट लिए और एक शतक समेत 180 रन भी बनाए। वहीं अक्षर ने इस श्रृंखला में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट (30) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। डोम सिबली (तीन), जाक क्रॉली (5) और जॉनी बेयरस्टॉ (0) सहज नहीं दिखे जबकि बेन स्टोक्स (0) गेंद की उछाल का अनुमान नहीं लगा सके और गलत स्वीप शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड का आखिरी विकेट डैन लॉरेंस के रूप में गिरा जो 96 गेंद में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 50 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर बोल्ड हुए। इससे पहले आठवें नंबर पर उतरकर परिपक्व बल्लेबाजी का प्रदर्शन करने वाले वाशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट शतक से चार रन से चूक गए लेकिन भारत ने पहली पारी में 365 रन बनाकर 160 रन की बढत ले ली। इक्कीस वर्ष के खब्बू बल्लेबाज सुंदर ने 174 गेंद में 96 रन बनाए लेकिन आखिरी तीन विकेट जल्दी गिरने से वह दूसरे छोर पर अकेले रह गए। भारत ने आखिरी तीन विकेट पांच गेंद के भीतर गंवा दिए। बेन स्टोक्स ने 27 . 4 ओवर में 89 रन देकर चार विकेट लिए। अपने पूर्व अंडर 19 साथी ऋषभ पंत की तरह शतक की ओर बढ रहे सुंदर ने अक्षर पटेल के साथ आठवें विकेट के लिए 106 रन जोड़कर भारत को विशाल बढत लेने से रोकने के इंग्लैंड के मंसूबों पर पानी फेर दिया। अक्षर ने 97 गेंद में 43 रन बनाए जिसमें जैक लीच को जड़ा एक छक्का शामिल है। दोनों बल्लेबाजों ने जोखिम भरे शॉट लगाने की बजाय इक्के दुक्के रन लेकर रनगति को बढाना जारी रखा। दोनों ने बखूबी स्ट्राइक रोटेट की और इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव नहीं बनाने दिया। जेम्स एंडरसन ने 25 ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए। सुंदर ने अपनी पारी में दस चौके और एक छक्का लगाया जबकि अक्षर ने पांच चौके और एक छक्का जड़ा।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 7 मार्च, 2021





## जलवा डिप्टी का

विधान सभा में बजट सत्र के अंतिम दिन नेता सदन की गैर मौजूदगी में पूरे सदन ने डिप्टी सीएम का मेज थपथपाकर ऐसा अभिवादन किया जिससे सत्तारूढ़ दल के कई वरिष्ठ मंत्रियों के चेहरे उड़ गए। सदन के सभी सदस्यों ने जिस गर्म जोशी के साथ डिप्टी सीएम का स्वागत किया उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि डिप्टी नहीं वह नेता सदन ही हैं।। दरअसल डिप्टी सीएम को जब संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी और तब करीब 14 साल बाद प्रदेश में भगवा लहराया था तो संगठन के करीब अस्सी फीसदी लोगों ने उन्हें यूपी का अगला सीएम मान लिया था लेकिन केंद्रीय नेतृत्व को कुछ और ही मंजूर था। फिलहाल सदन में एक परांपरा रहती है कि बजट सत्र के अंतिम दिन नेता सदन सभी सदस्यों के लिए कुछ घोषणा करता है लेकिन नेता सदन तो गोरखपुर में थे और संसदीय कार्य मंत्री ने ऐसी कोई घोषणा की ही नहीं तो सभी सदस्यों की उम्मीद डिप्टी सीएम से जाग उठी। जैसे ही डिप्टी साहब अपनी बात कहने के लिए सदन में खड़े हुए वैसे ही सदन के सभी सदस्यों काफी तेजी से मेज थपथपाकर उनका स्वागत किया। यह बात कई लोगों को अचंभित कर गई।



## जीतने की जुगत

जब से परिसर में चुनाव का बिगुल बजा है तब से रेवड़ी की तरह पद बटने लगे हैं। अब यह बात दीगर है कि पद छोटा हो या बड़ा। पद की लालसा में लोग फूले नहीं समा रहे हैं। लेकिन इसके पीछे का राज काफी गहरा है। थोड़ी समझने की कोशिश की जाय तो चीजें आसानी से साफ हो जाएंगी। परिसर में अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशी मैदान में हैं। एक वह जो फूटी आंख नही सुहा रहे हैं और दूसरे वह जो पिछली सरकार में किरकिरी बने हुए थे। एक निवर्तमान हैं तो एक भूतपूर्व पदाधिकारी। अब एक प्रत्याशी को हराने के लिए मुखिया जी की टीम ने हर दांव लगा रखा है। इतना ही नही दर्जन भर से ऊपर लोगों को नई नई जिम्मेदारी दे दी गई है। कोई सीनियर बनकर बैठा है तो कोई असिस्टेंट। फिलहाल यह जिम्मेदारी आगे चल कर इनके अकेडमिक परफारमेंस इंडेक्स में मददगार साबित होंगी। पर वर्तमान में इनकी जिम्मेदारी मुखिया जी की टीम को जिताना है। अब देखना है कि रेवड़ी की तरह बंट रहे पद कुछ कमाल कर पाते हैं या नही।

## माटी का कलाकार

मैं माटी से जुड़ा हूं और माटी को नहीं छोड़ूंगा। यहीं पर अपनी माटी की कला दिखाता रहूंगा। धर्मवीर होते हुए भी मैं अधर्म का रास्ता अपना लूंगा। भले ही मेरा समय समाप्त हो गया है मैं न तो मैं कमरा छोड़ूंगा और न ही कुर्सी। अपना कब्जा जमाए रहूंगा और माटी की कला दिखाता रहूंगा। जब मर्जी होगी आऊंगा जब मर्जी होगी जाऊंगा। न तो मेरी नेम प्लेट हटेगी और न ही कमरे से मेरा कब्जा। कमरे में मेरा कब्जा बना रहे इसलिए मैंने सारा सामान कमरे के भीतर ही छोड़ रखा है। पद जाने के एक महीने बाद गाड़ी छीन ली गई तो क्या हुआ। मैं अपनी गाड़ी से आऊंगा। कमरे में बैठकर अन्य सुविधाओं का लाभ तो ले ही लूंगा। आखिर मैं माटी से जुड़ा कलाकार हूं। माटी की कला पर मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है। हाईकमान ने मुझे बड़े सदन में भेज दिया है तो क्या हुआ। मंत्री बनता तो कोई बात होती। जब तक मेरा अगला सपना पूरा नहीं होता तब तक मैं अपने स्वतरू के धर्म पर वीरता पूर्वक चलता हुआ यूं ही माटी की कला दिखाता रहूंगा।



## सांसत में खजाना अफसर

बीजेपी महिला पार्षद ने भरे सदन में खजाना अधिकारी पर वीडियो बनाने का आरोप लगाकर सनसनी मचा दी। शर्मशार करने वाले इस आरोप से सभी चौक गए। एक समय तो सब्जीमंडी बना सदन मौन हो गया। सभी महिला के आरोप पर अवाक रह गए। सभी निगाहें खजाना अधिकारी पर टिक गयीं। बिना कुछ कहे ही सभी निगाहें, अधिकारी से मानो पूंछ रही हों, साहब यह क्या कर दिया। बेचारे! खजाना अधिकारी को मानो जैसे बिजली के 440 वोल्ट का झटका लगा हो। कुछ देर बाद सजीव हुए खजाना अधिकारी ने सफाई दी कि मैं तो आपके सामने था तो वीडियो कैसे बना सकता हूं। नगर निगम के खजाना अफसर बड़े बुरे फंसे लेकिन सत्यता जानने के लिए कोई खास कदम नहीं उठाए गए। वैसे भी नगर निगम के अफसरों पर महिला पार्षद अपमानित और दुर्वयवहार करने का आरोप पहले भी लगा चुकी हैं जिसे कोई खास तवज्जो नहीं मिली।

## चेला खींचे गुरु को

राजनीति के ये धुरंधर जब एक ही पार्टी में थे तो तब आपस में गुरूचेला हुआ करते थे लेकिन दोनों अलग अलग दल में हैं। हालांकि दोनों के बीच रिश्ते अभी भी अच्छे हैं। इन दिनों चेला सत्ता की मलाई चाट रहे हैं तो गुरू जी सत्ता के लिये संघर्ष कर रहे हैं।। विधानसभा चुनाव करीब हैं। ऐसे में चेला अपने गुरू जी को ताकत देने के लिये पूरी तरह सक्रिय है। गुरूजी को अपने साथ लाने के लिये सत्ता का सुख भोग रहे चेले ने अपनी मौजूदा पार्टी के आलाकमान की समहति भी ले ली है और गुरू जी को नया राजनीतिक चोला पहनाने के लिये सक्रिय हो गया है। सत्ता के गलियारे और उसके बाहर राजनीतिक गलियारों में गुरू.चेला के इस नये चुनावी खेल की चर्चाएं जोरो पर हैं। पार्टी नेताओं को चेले की कामयाबी का बेसब्री से इंतजार है। पिछले दिनों यह नेता अपने गुरू को मनाने उनके आवास पर चुपके से गये थे और उन्हें पाला पलटने के फायदे भी गिनाये। चर्चा तो यह है कि फिलहाल अपने चेले को गुरू जी ने सोचकर बताने का भरोसा दिया है। सत्ता सुख भोग रहे इस चेले की सफलता का इंतजार पार्टी नेताओं को भी है।

# अन्नदाता की खुशहाली सरकार की प्राथमिकता

## सीएम से पश्चिमी यूपी के किसानों के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसानो की खुशहाली उनकी सरकार की प्राथमिकता हैं। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में किसानों की के लिये गम्भीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि कानूनों को किसानों की आय दोगुना करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। इससे कृषकों की आय में निरन्तर वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर पश्चिमी किसानों के एक प्रतिनिधिमण्डल से भेंट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा किसानों को ध्यान में रखकर नीतियां बनायी है। राज्य सरकार किसानों के हितों से जुड़े कार्यक्रमों और योजनाओं को पूरी गम्भीरता से लागू कर रही है। यह इसी का नतीजा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत देश में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये उत्तर प्रदेश को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये गये कृषि कानून किसान हितैषी हैं। यह कानून किसानों को सशक्त करने का प्रयास हैं। इन कानूनों का सबसे ज्यादा लाभ छोटे और सीमान्त किसानों को मिलेगा। इसलिये वे इन कानूनों का समर्थन करते हैं। प्रतिनिधिमण्डल में शामिल किसानों ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को फसल की उचित कीमत दिलाने के लिए लागत से डेढ़ गुना एमएसपी निर्धारित की गई। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता से किसानों के हितों के लिये कार्य कर रही है।

केन्द्र व राज्य सरकार के प्रयासों से किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन हुआ है। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि कुछ लोग किसान आन्दोलन के माध्यम से किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे आवागमन बाधित होता है और लोगों को असुविधा होती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि किसी भी समस्या का समाधान मिल बैठकर संवाद के जरिये किया जा सकता है। विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में आये इस प्रतिनिधिमण्डल में राजेन्द्र सिंह मलिक, सुभाष वालियान सर्वखाप मंत्री, राजवीर सिंह मलिक थाम्बेदार, हरवीर सिंह, राजपाल सिंह, फेरू सिंह, करन सिंह, सुनिल कुमार, रामवीर सिंह, अरविन्द मलिक, सरवीर सिंह, सरवेन्दर सिंह तथा धर्मवीर सिंह सम्मिलित थे।

**अलीगढ़ में सड़क दुर्घटना में पर सीएम ने शोक जताया:** लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।



लखनऊ में शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की

## मोहनलालगंज में गांव-गांव ओटीएस योजना का प्रचार कर रहे एनाउंसमेण्ट ई-रिक्शा

**मोहनलालगंज।** घरेलू और निजी नलकूप कनेक्शन पर एकमुश्त समाधान योजना के व्यापक प्रचार.प्रसार के लिए लेसा सिस गोमती प्रशासन ने गांव.गांव लाउडस्पीकर की मदद से एनाउंसमेण्ट की शुरुआत की है। सेस तृतीय खण्ड के मोहनलालगंज और गोशाईगंज इलाके में शनिवार को ई.रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर उपभोक्ताओं को जनवरी.2021 तक के शत प्रतिशत सरचार्ज माफी योजना का बढ़ चढ़कर लाभ उठाने के लिए जागरुक किया गया। अधिशाषी अभियन्ता आरएन वर्मा ने बताया जिन गांव में लाउडस्पीकर से एनाउंसमेण्ट कराया जा रहा है। उन गांव में विद्युत विभाग की टीम भी बकाएदार उपभोक्ताओं के घर दस्तक देकर एकमुश्त समाधान योजना के तहत तीस प्रतिशत बकाया राशि जमाकर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित भी कर रही है। उन्होंने बताया एनाउंसमेण्ट कर रहे ई.रिक्शा को गांव की हर एक गली में भेजकर लोगों को योजना की पूरी जानकारी से वाकिफकराया जा रहा है।

# वैक्सीनेशन अभियान को पूरी गति से करें संचालित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी ने जिलाधिकारियों को अपने-अपने जनपद में कोविड वैक्सीनेशन अभियान को पूरी गति से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना टीकाकरण का कार्य केन्द्र सरकार की गाइडलाइंड के अनुरूप किया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड टीकाकरण अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालयए सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर वैक्सीनेशन सेण्टर स्थापित किए जाएं। निजी चिकित्सालयों में स्थापित किए गए वैक्सीनेशन केन्द्रों की भी गहन मॉनीटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि निजी चिकित्सालय प्रत्येक डोज के लिए 250 रुपए से अधिक का शुल्क न लें। उन्होने कहा कि टीकाकरण कार्य की गति को तेज करने के लिए सांसदों, विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण केन्द्र पर रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जाए। वैक्सीनेशन सेण्टर पर स्वच्छता पेयजल लोगों के लिए बैठने, पण्डाल आदि की व्यवस्था रहे। टीका लगने के बाद लाभार्थी को आधे घण्टे तक वैक्सीनेशन सेण्टर में ही ठहराया जाए। लक्षित आयु वर्ग के अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाए। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थियों को वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में पहले से सूचित किया जाए। जिन व्यक्तियों का टीकाकरण हो चुका होए उन्हें कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते रहने के लिए विशेष रूप से जानकारी दी जाए।

## सौ साल पुराने बॉयज एंग्लो बंगाली कॉलेज में नई प्रयोगशाला का शुभारंभ हुआ

**लखनऊ।** शहर के सौ साल से भी पुराने ब्वाएज़ एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज ने एक बार फिर प्रगति की ओर अपने कदम बढ़ाते हुए विद्यालय का नया मुख्यद्वार बनाया जिसने विद्यालय के प्रांगण को और भी खूबसूरत बना दिया। इसके अलावा विद्यालय में एक गणित प्रयोगशाला का भी शुभारम्भ किया गया । यह आर्थिक रूप से कमजोर, भाषाई अल्पसंख्यक अनुदानित विद्यालय है जिसमें विज्ञान कला और कॉमर्स तीनो स्ट्रीम्स की पढाई होती है और यहाँ शिक्षकों के वेतन के अतिरिक्त, विद्यालय के रखरखाव और संचालन के लिए कोई आर्थिक मदद नहीं है। विद्यालय का भवन और प्रांगण जो की तकरीबन सौ साल पुराना है और यह बहुत ही जर्जर हालत में था, उसके जीर्णोद्धार की कोशिश में पूरी प्रबंधन समिति और स्टाफ प्राणपण से जुटा और विगत तीन-चार सालों में यहाँ अनेक सुधार हुए हैं। इसी कड़ी में नए मुख्यद्वार और गणित प्रयोगशाला का उद्घाटन प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने किया इसके बाद गणेश वंदना से औपचारिक शुभारम्भ किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि समाज का विकास अच्छी शिक्षा से ही संभव है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होंगे अनेक आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने महिला सम्मान व स्वावलंबन को समर्पित इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर अंतर्विभागीय समन्वय के साथ वृहद आयोजन किये जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्य आयोजन लखनऊ में करने के साथ.साथ जिलों में भी आयोजन करने को कहा गया है। जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता होगी । लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सेफ सिटी अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। महिला स्वावलंबन की मिसाल पेश करने वाली 11 उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायी महिलाएँ अपनी संघर्ष की कहानी भी साझा करेंगी।

सीएम ने कहा है कि मिशन शक्ति के पहले चरण के परिणाम उत्साहवर्धक रहे हैं। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में त्वरित और सख्त कार्रवाई की गई है। इन कार्रवाइयों से समाज में एक अच्छा संदेश गया है। मिशन शक्ति में अच्छा सहयोग करने वाली महिलाओंध्संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। श्री योगी ने खेतिहर महिला श्रमिकों, स्लम क्षेत्रों में महिला अधिकारों के सम्बंध में जागरूकता का विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही 1090, 112, 181, 1076 जैसे हेल्पलाइन की हर माह समीक्षा करने और पीड़िताओं की काउंसिलिंग करने के निर्देश दिये है। किसी प्रकार की आपराधिक घटना से पीड़ित बेटियों. महिलाओं से स्थानीय प्रशासन सतत संवाद बनाये रखे। उनकी जरूरतों और समस्याओं का यथोचित निदान करें। सीएम ने कहा है कि सभी तहसीलों में महिलाओं की राजस्व संबंधी शिकायतों पर पूरी गंभीरता बरती जाए। महिला मंगल दलों का गठन किया जाए। उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। हर माह जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्थानीय जिला जज के साथ जिला मॉनीटरिंग कमेटी की बैठकों में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों और पॉक्सो एक्ट के केस में अतिरिक्त संवेदनशीलता के साथ तत्परतापूर्वक किया जाए। ऐसे केस की समयबद्ध रूप से विवेचना की जाए। इन प्रकरणों की साप्ताहिकध्पाक्षिक समीक्षा की जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है।

## सीएमएस के चार छात्रों ने अर्जित की विश्व में प्रथम रैंक

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के चार छात्रों आरूष अजीत प्रताप (कक्षा-4), रिशान हल्दर (कक्षा-3), सिद्धिमा शुक्ला (कक्षा-7) एवं सुमन कुमार (कक्षा-3) ने इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आई.बी.टी.) में विज्ञान विषय में 100 परसेन्टाइल के साथ विश्व में प्रथम रैंक अर्जित कर प्रदेश व देश का मान बढ़ाया है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा जगदीश गाँधी ने इन चारों छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्रों की यह सफलता न सिर्फसी.एम.एस. के लिए अपितु लखनऊ के लिए गौरव की बात है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता आस्ट्रेलियन काउन्सिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च (ए.सी.ई.आर.) के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई, जिसमें अनेक देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि. लखनऊ के निर्देशानुसार, एल.आई.सी. एच.एफ.एल., लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं.–422/एनेक्जर–ई, एल.आई.सी.एच.एफ. एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि श्री ओम प्रकाश पुत्र स्व0 राम अवध के पक्ष में एक किता भूखण्ड जो खसरा सं.–26/02 का मि., पैमाईशी रकबा 95.25 वर्गमीटर, स्थित ग्राम– चकआ. समानी, परगना व तहसील, जिला–गाजीपुर के द्वारा श्री देवेद्र कुमार मौर्या पुत्र स्व0 राम लाल सिंह कुशवाहा, निवासी ग्राम नरायनपुर, परगना, तहसील व जिला–गाजीपुर को दिनांक 27.07.2016 को विक्रय किया है, जिसका दस्तावेज सं.–3760, उपनिबधक कार्यालय–सदर, गाजीपुर, पर पंजीकृत है। उपरोक्त मूल बयनामा की प्रति कहीं खो गई है, उपरोक्त मूल बयनामा किसी व्यक्ति, बैंक, या वित्तीय संस्थान में बंधक है, तथा व्यक्ति द्वारा पाया जाता है तो उसकी सूचना एल.आई.सी. एच.एफ.एल, एरिया ऑफिस मऊ मोबाईल नं. 9695640872 एवं संजय कुमार सिंह एडवोकेट, मो.नं.–9919972269, 8765360669 को तत्काल दिया जाये। उक्त सम्पत्ति के बाबत कोई भी वाद, दावा 15 दिन के अन्दर पेश नहीं की जाती है तो, उपरोक्त सम्पत्ति पाक, साफ समझी जायेगी, इसके उपरान्त अगर कोई दावा, वाद पेश की जाती है तो, वह निराधार व शून्य माना जायेगा।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Divisional Office: "Jeevan Prakash" 30, Hazratganj, Lucknow-226001, Phone No: 0522-4038323
E-mail : estate.lucknow@licindia.com

Space vacant in LIC Building at Hazratganj & Rajajipuram, Lucknow

- Two Halls 7677 sq.ft. at 3rd floor & One Room 111.37 sq.ft. at ground floor, Jeewan Bhawan-1 Building, Hazratganj, Lucknow.
- 459 sq.ft. at C-7, Rajajipuram, Lucknow.

Contact Mob. : 9415151469, 9415177657, 9198196130
Manager (Estate)

IS 15700:2005
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड-प्रथम
आफिस काम्प्लेक्स, द्वितीय तल (भूतनाथ मन्दिर मार्ग) इंदिरा नगर, लखनऊ-226016
E-Mail-ed1lko@upavp.com

पत्र सं. 326/A-3/49 — ई-निविदा सूचना — दिनांक: 06.03.2021

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निम्न विवरणानुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि ई-प्रीक्योरमेंट सोल्युशन प्रणाली द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि | टेक्निकल बिड खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोटद्वार भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या-1 नजीबाबाद में 01 नग 210 मीटर गहरे नलकूप का निर्माण कार्य। | 23.00 | 2.30 | 1500.00 +18% GST | 03 माह | 12.03.2021 | 20.03.2021 11.00 बजे पूर्वाह्न |
| 2 | गोकुल ग्राम योजना मुन्नू खेड़ा, लखनऊ में 01 नग 200 मीटर गहरे नलकूप का निर्माण कार्य। | 21.35 | 2.14 | 1500.00 +18% GST | 03 माह | 12.03.2021 | 20.03.2021 11.00 बजे पूर्वाह्न |
| 3 | वृन्दावन योजना लखनऊ के सेक्टर-9 में निर्मित आफिस काम्पलेक्स में संस्थापित यौंत्रिक उपकरणों के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। | 35.00 | 3.50 | 1500.00 +18% GST | 24 माह | 12.03.2021 | 20.03.2021 11.00 बजे पूर्वाह्न |
| 4 | अवध विहार योजना, लखनऊ के सेक्टर-10बी में PMAY के क्षेत्र हेतु 1200 LPM 58 मी0 हेड क्षमता के के0एस0बी0 मेक के पम्पिंग प्लांट की आपूर्ति एवं संस्थापन का कार्य। | 15.48 | 1.55 | 1000.00 +18% GST | 01 माह | 12.03.2021 | 20.03.2021 11.00 बजे पूर्वाह्न |

नियम व शर्तें :- 1. निविदा प्रपत्र एवं अन्य नियम व शर्तें परिषद की वेबसाइट www.upavp.com के निविदा लिंक पर उ.प्र. इलैक्ट्रिोनिक्स कार्पोरेशन की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि वह नियमित रूप से उक्त वेबसाइट पर देखते रहे क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा सूचना मात्र उक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी। डिजिटल सिग्नेचर धारक ठेकेदारों द्वारा ही ऑनलाईन निविदा डाली जा सकती है। 2. क्रमांक-1 व 2 पर अंकित कार्य की निविदा परिषद में उक्त प्रवृत्ति के कार्यों हेतु अनुभवी फर्मों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। 3. क्रमांक-1 व 2 पर अंकित कार्य की निविदा उन्ही फर्मों की मान्य होगी:- अ. जिन फर्मों के पास फर्म के नाम डी0सी0 रिग मशीन उपलब्ध होगी। उक्त के प्रमाण स्वरूप डी0सी0 रिग मशीन के आर0सी0 की सत्यापित छाया प्रति निविदा के साथ उपलब्ध करानी होगी। ब. जिन फर्मों के पास 350 पी0एस0आई0 450 सी0एफ0एम0 क्षमता के कम्प्रेशर के स्वामित्व संबंधित प्रमाण-पत्र उपलब्ध होगा। स. जिन फर्मों के पास ओ0पी0 यूनिट के स्वामित्व संबंधित प्रमाण-पत्र उपलब्ध होगा। द. जिन फर्मों के पास उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद/उ0प्र0 जल निगम/विकास प्राधिकरण अथवा अन्य किसी सरकारी विभागों में 210 मीटर अथवा उससे अधिक गहरे नलकूप के सफलतापूर्वक निर्माण संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्र होगा। नियम व शर्तें के क्रमांक-3 अ, ब, स, द पर अंकित समस्त प्रमाण-पत्रों की सत्यापित छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। 4. क्रमांक-3 पर अंकित कार्य की निविदा परिषद में अनुभवी/सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों में उक्त प्रवृत्ति के कार्य करने वाली फर्मों की ही मान्य होगी। 5. क्रमांक-4 पर अंकित कार्य की निविदा परिषद में समान प्रवृत्ति के कार्यों हेतु अनुभवी/पंजीकृत/निर्माता/अधिकृत विक्रेता फर्मों की ही मान्य होगी। 6. तकनीकी बिड का परीक्षणोपरान्त फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि परिषद की वेबसाइट www.upavp.com के निविदा लिंक पर उ.प्र. इलैक्ट्रिोनिक्स कार्पोरेशन की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष–2004 अनुक्रमांक 0858855 का मूल्य प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र वास्तव में खो गया है। स्नेहा पाण्डेय निवासी– 5/334 विकास नगर, लखनऊ, 9415582808

### सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र बृजेश सिंह व उसकी पत्नी अंजू सिंह को उनका चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। जय प्रकाश पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम छेजुवापुर पोस्ट– बलसिंहपुर, तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर

# खुद का सहारा छिना तो दूसरों के लिए बन गई सहारा

## एमबीए करने के साथ सहयोग परिवार में लिया कौशल विकास प्रशिक्षण

संवादाता। सरोजनीनगर–लखनऊ

**'आवश्यकता** अविष्कार की जननी है' यह पंक्तियां सरोजनीनगर के माती गांव में रहने वाली गीता पर बिल्कुल सटीक बैठती है। पेशे से शिक्षक गीता के पिता ने वर्ष–2008 में उसका विवाह कर दिया गया। ससुराल गई तो पता चला कि उसका पति मानसिक रूप से बीमार है और धोखे से उसकी शादी कर दी गई। कुछ माह ही बीते थे कि पति के साथ ही ससुरालीजनों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुरालवालों की प्रताड़ना बर्दाषत न हुई तो वह पिता के साथ घर चलाई। पिता ने बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एमबीए में एडमिशन दिला दिया। लेकिन कुछ



माह बाद पिता की मृत्यु होने पर गीता बेसहारा हो गई। लेकिन उसने हिम्मत नही हारी और एमबीए के साथ ही सरोजनीनगर स्थित सहयोग परिवार में भारत सरकार के लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के प्रायोजन से राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा आयोजित फैशन डिजाइनिंग और ब्यूटीषियन का प्रशिक्षण लिया। वर्ष–2014 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष–2015 में अपने घर पर ही गांव की महिलाओ को व्यवसायिक प्रषिक्षण देना शुरू कर दिया। गीता बताती है कि गांव में प्रषिक्षण केन्द्र संचालित करने में सहयोग परिवार के अध्यक्ष राज किषोर पासी ने उनका पूरा सहयोग दिया। दो वर्ष बाद संचालित जन षिक्षण संस्थान के तत्तकालीन निदेषक एसपी रस्तोगी ने उन्हें गांव की महिलाओ को ब्यूटीषिन एवं सिलाई का नि:षुल्क प्रषिक्षण देने का मौका दिया। वर्ष–2018 में वह सहयोग परिवार के अध्यक्ष राज किशोर पासी के माध्यम से निसबड की निदेषक डा. पूनम सिन्हा से मिली और उनकी प्रेरणा से अब प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के स्पेषल प्रोजेक्ट के तहत 88 महिलाओ को ब्यूटीशियन एवं हैण्ड इम्ब्राइडरी ट्रेड में प्रशिक्षण दे रही है। बीते चार वर्षो में गीता ने अपने गांव के आसपास की तकरीबन तीन सौ महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया। जिनमें से एक सैकड़ा से अधिक महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन चुकी है। गीता दीदी के नाम से जानी जाने वाली गीता क्षेत्र महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सहकारिता आंदोलन लोकतांत्रिक व्यवस्था का अंग: योगी

## सहकारी ग्राम विकास बैंक की42वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सहकारी ग्राम विकास बैंक की 42वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया गया स्मृति चिन्ह

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सहकारिता का आन्दोलन विशुद्ध रूप से लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ा एक अभियान है। सहकारी संस्थाओं की मजबूती और उनका आधार यह लोकतांत्रिक प्रणाली है। इसलिए हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि जितनी सहकारी संस्थाएं हैं, उनकी नियमित कार्यपद्धति में भी यह व्यवस्था झलकनी चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सहकारी ग्राम विकास बैंक की 42वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 42वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक के वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा कार्यभार ग्रहण किए जाने के समय प्रदेश में सहकारिता की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। इस क्षेत्र में काफी उथल.पुथल थी। ऐसा लगता था कि यहां चन्द मुट्ठी भर लोगों ने इसे अपनी गिरफ्त में ले रखा है। सहकारिता आन्दोलन में स्वार्थी तत्वों की घुसपैठ के कारण यह आन्दोलन दम तोड़ने की कगार पर था लेकिन आज प्रदेश में सहकारिता उससे उबरकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ गया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब प्रदेश की सहकारी संस्थाएं न केवल लोकतांत्रिक पद्धति से कार्य कर रही हैं, बल्कि स्वतंत्र और स्वायत्त होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर के विस्तार और विकास में सहकारिता आन्दोलन उल्लेखनीय योगदान कर सकता है। यह न केवल उस सेक्टर को सुदृढ़ बना सकता है, बल्कि उसके माध्यम से रोजगार के सृजन और स्वावलम्बन का एक नवीन मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में सहकारिता आन्दोलन की बहुत बड़ी भूमिका है। श्रीयोगी ने कहा कि बैंक की सामान्य निकाय की बैठक इससे जुड़े सभी लोगों को आत्म मंथन का अवसर देती है। टीम वर्क से सहकारिता आन्दोलन में नई जान फूंकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बैंक के पदाधिकारीए संस्था हित और किसान हित में सोचें और तब निष्कर्षों को लागू करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद अपनी पहली कैबिनेट बैठक में लघु एवं सीमान्त किसानों का फसली ऋण माफकरने का निर्णय लिया। ऋण के सही आंकड़ों की गणना के लिए तकनीक की सहायता ली गई। लिए गए ऋणों को आधार से जोड़ा गयाए तब यह आंकड़ा 36,000 करोड़ रुपए आया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस ऋण माफी के लिए लोन न लेकर इसकी व्यवस्था बजट में की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। इसके चलते प्रदेश में 3 लाख करोड़ रुपए का निवेश आया है। इससे 35 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध हुआ है। ईज ऑफडुइंग बिजनेस रैंकिंग में आज उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को समय से खादए पानीए बीज उपलब्ध कराकर खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ाया है। कोरोना काल में सभी चीनी मिलें संचालित रहीं। कृषि को आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने कहा कि कृषि विविधीकरण के माध्यम से किसानों की आय में आश्चर्यजनक वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने झांसी की महिलाओं के स्वयं सहायता समूह का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समूह के दुग्ध उत्पादन का एक वर्ष का टर्नओवर 46 करोड़ रुपए था, जिसमें 2 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ। इसी प्रकार झांसी के एक परिवार द्वारा पहले छत पर फिर डेढ़ एकड़ खेत में स्ट्रॉबेरी की खेती कर 42 लाख रुपए की आमदनी अर्जित की गई। इसमें 36 लाख रुपए का मुनाफा शामिल है। बैठक को सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति संतराज यादव तथा अपर मुख्य सचिव सहकारिता रामीरेड्डी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सहकारी ग्राम विकास बैंक के उप सभापति केपी मलिक, प्रबन्ध निदेशक एके सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# पुराना गौरव फिर प्राप्त करेगा पायनियर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बहुत** शीघ्र ही पायनियर मीडिया ग्रुप का पुनरुद्धार होगा। न सिर्फ इसकी विषय सामग्री की गुणवत्ता में आमूलचूल सुधार होगा वरन् डिजिटल उपस्थिति और उन्नत तकनीक के सहयोग से इसे एक शीर्ष और लोकप्रिय ब्रांड के रूप में स्थापित किया जाएगा। यह विचार आज लखनऊ में पायनियर कार्यालय में एनसीएलटी द्वारा नियुक्त आईआरपी रंजीत कुमार वर्मा ने स्टाफ के साथ अपनी चर्चा के दौरान व्यक्त किए। आईआरपी पायनियर के पुनर्रुद्धार की योजना व संकल्प के साथ लखनऊ आए थे। उन्होंने कहाकि पायनियर अंग्रेजी और हिन्दी बड़ा ब्रांड है। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही पायनियर अपने समक्ष मौजूद सभी चुनौतियों से पार पाते हुए समाज के हर वर्ग में अपनी पैठ बनाएगा। उन्होंने कहाकि उनकी प्राथमिकता कर्मचारियों के द्वारा उठाए जाने वाले समस्यात्मक मुद्दों को हल करना होगी। उनके वेतन इत्यादि से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा और भविष्य में उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। गौरतलब है कि एनसीएलटी की दिल्ली खंडपीठ ने कंपनी के एक निदेशक की याचिका पर सीएमवाईके प्रिंटेक के खिलाफ दिवालिया शोधन कार्रवाई का आदेश देते हुए रंजीत कुमार वर्मा को आईआरपी नियुक्त किया था। रंजीत कुमार वर्मा ने भरोसा दिलाया कि वह कोर्ट के द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि हैं और वह पायनियर को बंद नहीं होने देंगे। उन्होंने पायनियर के संपादकीय, विज्ञापन, प्रसार सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों के साथ विचार-विमर्श किया और उनकी समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना।

# पेट्रोल भराकर फरार दो शातिरों को पम्प मालिक ने दबोचा

**सरोजनीनगर**-लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में करीब दो सप्ताह पहले एक पेट्रोल पंप से चोरी छुपे गाड़ी की टंकी फुल कर फरार होने वाले दो शातिरों को सीसी टीवी कैमरा फुटेज की मदद से पेट्रोल पंप मालिक ने शुक्रवार रात धर दबोचा। बाद में पुलिस को सूचना देकर दोनों को उसके हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों के पास से तीन पिपिया में करीब 45 लीटर डीजल बरामद करने का दावा किया है। बंथरा के कटी बगिया निवासी किसान नेता हरिनाम सिंह का इलाके के ही बनी-मोहान रोड पर पेट्रोल पम्प है। बताते हैं कि बीती 20 फरवरी को रात में जब पेट्रोल पंप के कर्मचारी सो गए तो उसी दौरान इनोवा गाड़ी से पहुंचे लोगों ने चोरी छुपे पेट्रोल पंप से अपनी गाड़ी की टंकी फुल कर ली और फरार हो गए। बाद में सीसीटीवी कैमरे में जब इनोवा (यूपी-32बीडब्ल्यू-1177) नंबर की गाड़ी में अज्ञात लोग खुद तेल भरते दिखाई पड़े तो फुटेज देखकर पंप मालिक और कर्मचारियों के होश उड़ गए। बताते हैं कि इसके बाद से गाड़ी नंबर के आधार पर पेट्रोल पंप मालिक खुद उनकी तलाश में जुट गया। इसी बीच शुक्रवार रात उक्त नम्बर की इनोवा गाड़ी पेट्रोल पंप पर पहुंच गई। तभी पेट्रोल पंप मालिक और कर्मचारियों ने मिलकर इनोवा सवार दोनों को गाड़ी सहित वहीं धर दबोचा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों शातिरों ने अपना नाम राजधानी स्थित बीकेटी थाने के बरगदी निवासी राशिद और बीकेटी थाना क्षेत्र के ही पचरा गांव निवासी सलमान बताया। पुलिस ने दोनों के पास से इनोवा कार के अलावा दो मोबाइल फोन और इनोवा गाड़ी के अंदर तीन पिपिया में भरा रखा 45 लीटर डीजल बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों काफी शातिर हैं और रात के समय सुनसान क्षेत्र की पेट्रोल टंकी को अपना निशाना बना कर गाड़ी में डीजल ध् पेट्रोल डलवा कर मौका पाते ही वहां से फरार हो जाते थे। फिलहाल दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## महापौर ने विद्यालय जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया

**लखनऊ**। आलमबाग क्षेत्र में महापौर द्वारा पहले कायाकल्प विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय कांग्रेस पार्षद की मौजूदगी में 8.5 लाख रुपए से जीर्णोद्धार कार्य नारियल फोड़कर किया गया। जीर्णशीर्ण हो चुके विद्यालय का कायाकल्प कर बच्चे सुरक्षित पढ़ाई कर सकेंगे। शनिवार को रामजी लाल वार्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय चित्रगुप्त नगर में महापौर संयुक्ता भाटिया ने कायाकल्प योजना के पहले विद्यालय के जीर्णोद्धार के लिए कराए जा रहे कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। जीर्णोद्धार के दौरान महापौर संयुक्ता ने कहा कि योगी के नेतृत्व में हमारे ग्रामीण विद्यालयों का कायाकल्प हुआ था लेकिन हमारे शहर के प्राथमिक विद्यालय इस योजना से अधूरे रह गए थे लेकिन अब यह नगर निकायों को भी यह अधिकार मिल गया जिससे हम अपने निधि को प्राथमिक विद्यालयों पर भी खर्च कर सकते है। हमारे पार्षद गिरीश मिश्र के नेतृत्व में यह यह विद्यालय का भी जीर्णोद्धार हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी कोशिश है कि हमारे हर वार्ड का विद्यालय निजी स्कूलों की ही तरह कार्य करे और सभी लोगो के बच्चे प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करें। क्षेत्रीय कांग्रेस पार्षद गिरीश मिश्रा ने बताया कि नगर निगम सीमा में पहला हमारे क्षेत्र के विद्यालय को जीर्णोद्धार कार्य करने की पहल की गयी। अब विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक सुरक्षा से निश्चिंत होंगे। 8.50 लाख रुपए की धनराशि से विद्यालय का कायाकल्प होगा। इस अवसर पर जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी, नगर अभियंता आर.बी सिंह , अवर अभियंता संदीप , खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश सिंह , प्रधानाध्यापक अंशुमाला श्रीवास्तव, अध्यापक सुमन पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विवाहिता समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ**। राजधानी के गाजीपुर इलाके में एक विवाहिता ने कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर हजरतगंज इलाके में एक शराबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गाजीपुर द्वारा बताया गया कि शनिवार की सुबह राममनोहर लोहिया अस्पताल से एक मेमो आया कि कैलाश कुंज थाना गाजीपुर निवासिनी 28 वर्षिय अर्चना गुप्ता को उनके पति उपरोक्त निवासी अमन कुमार द्वारा मृत अवस्था मे लाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया और जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतका की शादी 6 वर्ष पहले हुई थी उसके दो पुत्र और एक पुत्री है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक पुलिस को मृतका के मायके की तरफसे कोई तहरीर नही दी गई है। वही पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर रामशंकर लेन नरही हजरतगंज निवासी 35 वर्षीय विपिन गुप्ता ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक शराब का आदी था और चाय का ठेला लगाता था।

## दहेज हत्या की आरोपी सास गिरफ्तार

**लखनऊ**। विकास नगर पुलिस ने दहेज हत्या की फरार आरोपी सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर विकास नगर अनिल कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक अमरपाल अग्निहोत्री, हेडकांस्टेबल हरेराम यादव, पारूल कुमारी ने टीम के साथ दहेज हत्या की आरोपिता गुड़हिया, बाजार पुरवा, केसरगंज, बहराइच निवासी कमला ;61द्ध को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर के अनुसार अलीगंज निवासी महिला ने गिरफ्तार आरोपिता व अन्य ससुरालीजनों के विरुद्ध 28 दिसंबर को अपनी पुत्री को दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से आरोपिता फरार चल रही थी। उसे शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# गोतस्करों की कार ने ली दो युवकों की जान

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जामकर किया हंगामा, पुलिस की सरपरस्ती में गोकशी के आरोप

संवाददाता। बख्शी का तालाब लखनऊ





**सरकार** के लाखों प्रयाशो के बावजूद पुलिस की सरपरस्ती में इटौंजा थाना क्षेत्र के जंगलों में गोकशी रुकने का नाम नही ले रही है । जिसकी कीमत गोवंश को लेकर जा रही तेज रफ़्तार कार से सड़क किनारे दौड़ रहे दो युवकों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। सूचना पर पंहुचे आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाजी के साथ हंगामा किया। यह हृदय विदारक घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के कुम्हरावां रोड की हैं । बाजपुर गंगौरा गांव के आशीष संतोष विपिन ललित राम प्रवेश सुबह तड़के छह बजे के करीब सड़क किनारे दौड़ लगा रहे थे । इतने में कुर्सी की तरफसे तेज रफ़्तार सेंट्रो कार आशीष और राम प्रवेश यादव को रौंदते हुये सड़क किनारे लगे खंभे से जाकर टकरा गयीं । इस जोरदार टक्कर से दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उनके साथी विपिन और ललित जब तक कुछ समझ पाते कार सवार मौके से भाग निकले। कार के अंदर गोवंश का मांस उनके पैर भरे थे जो तेज टक्कर से कार के अंदर और बाहर बिखरे पड़े थे । उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी खबर सुनकर मानो गांव में कोहराम मच गया । जिसके बाद देखते ही देखते ग्रामीणों का हुजूम मौके पर जुटने लगा । पुलिस की सरपरस्ती में गोकशी का आरोप लगाते हुये ग्रामीण जमकर हंगामा करने लगे । शव उठाने आयी पुलिस से धक्का मुक्की की नौबत आने लगी । घटना स्थल पर पंहुचे एसडीएम नवीनचंद्र सीओ हृदेश कठेरिया ने लोगो को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह और उग्र होते चले गये । घटना की सूचना पर विधायक अविनाश त्रिवेदी मौके पर पंहुचे । उन्होंने परिजनों को सरकार से उचित मुआवजा दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्यवाही व आरोपियों को अधिकतम सजा दिलाने का अस्वाशन दिलाया । जिसके बाद ही परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जाने दिया । शाम को दोनो युवकों का पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया । वही क्षेत्रधिकारी बीकेटी हृदेश कठेरिया ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा गया है । वही गाड़ी नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही हैं । पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने परिजनों से बताया कि पुलिस टीमें सक्रिय हैं। हम जल्द ही दोषियों को पकड़कर स त से स त सजा दिलवाएंगे। अज्ञात दोषियों के खिलाफ गोवंश अधिनियम व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं मामले की जानकारी के बाद विधायक अविनाश त्रिवेदी ने पहुंचकर पीड़ित परिवारों को सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही चौकी प्रभारी महिंगवा सचिन कुमार को लापरवाही बरतने की वजह से स्थानांतरित कर दिया गया है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुये बीकेटी माल इटौंजा मलिहाबाद के पुलिस बल व पीएसी मौके पर बुला ली गयीं ।

**बीकेटी चेयरमैन ने दी आर्थिक मदद:** बीकेटी लखनऊ। नगर पंचायत बीकेटी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने म्रतक के परिजनों को 25-25 हजार रुपये के चेक सौपते हुये । दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की हैं ।

## कार ने मारी बाइक में टक्कर बाइक सवार दो युवक गम्भीर

**निगोहा।** निगोहा के नगराम मोड़ पर एक कार सवार ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लॉगों के मुताबिक जिस कार से टक्कर लगी उसी कर सवार ने घायलावस्था में दोनों को अपनी ही कार से लेकर शेर से मोहनलालगंज भेजा जहां से डॉक्टरों ने उस दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।निगोहां गांव निवासी इरशाद जो अपने साथी सानू के साथ लखनऊ से अपनी बाइक से निगोहां गांव आ रहे थे तभी निगोहां नगराम मोड़ के पास ये लोग गांव के लिए जैसे ही मोड़ने लगे कि नगराम की तरफसे आ रही कार में इनकी बाइक जोरदार टकरा गई। टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल अवस्था में कार सवार ने दोनों को सीएससी मोहनलालगंज पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने दोनों की हालत नाजुक देख उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# प्रधान प्रत्याशी को गोली मारने वाले बदमाशों का लगा सुराग

## गुड़म्बा थाना क्षेत्र के ककहड़ी गांव के पास शुक्रवार रात कार सवार बदमाशों ने मारी थी गोली, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगाई गईं पुलिस टीमें

संवाददाता। लखनऊ

**गुड़म्बा** के ककहड़ी गांव में चुनावी रंजिश में प्रधान पद के प्रत्याशी व सपा कार्यकर्ता राम प्रकाश यादव (50) को शुक्रवार शाम स्विफ्ट डिजायर सवार तीन युवकों ने गोली मार कर फरार हो गए थे। घायल को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उसका अभी भी इलाज चल रहा है इंस्पेक्टर का कहना है कि बदमाशों का सुराग लग गया है, उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। गुड़म्बा के ककहड़ी गांव निवासी ग्राम प्रधान प्रत्याशी राम प्रकाश यादव समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता है। साथ ही वह कोटेदार भी है। शुक्रवार देर शाम वह

बुलेट से घर जा रहे थे, गांव के पास पीछे से डिजायर गाड़ी से तीन युवक आये। इससे पहले राम प्रकाश कुछ समझ पाते युवको ने उनपर फायर कर दिया। लेकिन फायर मिस हो गया। जिसके बाद उन पर दूसरा फायर किया गया। जिसके छर्रे उनके सीने में लग गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग बचाव में दौड़े इस पर हमलावर भाग निकले। घटना स्थल पर हमलावरों के दो तमंचे भी गिर गए थे। पुलिस की मदद से घायल को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि घायल के बेटे ने चुनावी रंजिश में गोली मारने की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। शक के आधार पर चार लोगों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों के बारे में जानकारी हुई है।

## फिर भी पुलिस के हाथ ख़ाली

### कोरियर कंपनी डकैतीकांड

**लखनऊ**। गाजीपुर थाना क्षेत्र के रवीन्द्रपल्ली स्थित पुणे की एक कोरियर कंपनी में धावा बोलकर पांच लाख लूटने वाले छठवें दिन भी पुलिस के हाथ नहीं आए। पुलिस हत्याए बड़ी चोरी व डकैती के मामलों में जेल जा चुके दर्जनों आरोपियों से पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा सीमावर्ती जिलों के हर उस गिरोह के बारे पुलिस की पांच टीमें छानबीन कर रही है। क्राइम ब्रांच से लेकर स्थानीय पुलिस की टीमें हर दिशा जांच.पड़ताल कर रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सके। सनद रहे कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के रवीन्द्रपल्ली स्थित कोरियर कंपनी एक्सप्रेस बिज़ी के कार्यालय में एक मार्च 2021 की रात असलहों से लैस डकैतों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को बंधक बनाकर डाका डालकर पांच लाख रुपए की नकदी लूटकर भाग निकले थे। डकैती पड़ने की सूचना मिलते ही सायरन बजती गाड़ियां पुलिस अधिकारियों और उनके मातहतों की पहुंची। पुलिस अफसर और मातहत आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के साथ.साथ क्षेत्र के कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। डकैतों की गर्दन तक पहुंचने की पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर पुलिस की पांच टीमें गठित करने का फरमान जारी करते हुए कहा कि कोरियर कंपनी में वारदात करने वाले जल्द से जल्द सलाखों के पीछे हों। पुलिस कमिश्नर और संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध का आदेश मिलते ही अधीनस्थ डकैतों की गिरेबान तक पहुंचने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन छह दिन गुजरने के बाद भी पुलिस की टीमें इस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी कि कोरियर कंपनी में किन गिरोह के सदस्यों ने डकैती डाली है। जानकार सूत्रों की मानें तो जांच.पड़ताल में जुटे पुलिस अफसरों का मानना है कि जिन बदमाशों ने वारदात की है, उनका कनेक्शन कोरियर कंपनी के किसी कर्मचारी हाथ जरूर है। वहीं डकैतों की खोज में लगे करीब पचास पुलिसकर्मियों ने लखनऊ के अलावा सीमावर्ती जिलों में डेरा डालकर अलग.अलग तरीके से कई तरह की योजनाएं तैयार की, लेकिन न तो अभी तक डकैत मिले और न ही डकैती डलवाने वाले हाथ लग सके।

# धनंजय ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए न्यायिक हिरासत की दी अर्जी

## अजीत सिंह हत्याकांड मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ



**राजधानी** के चर्चित अजीत सिंह हत्याकांड मामले में मुल्जिम पूर्व सांसद धनंजय सिंह की ओर से शनिवार को सीजेएम की अदालत में एक अर्जी दाखिल की गई। इस अर्जी में पुलिस को वारंट बी नहीं देने बल्कि बल्कि इस हत्याकांड मामले में उसका न्यायिक रिमांड वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराने की मांग की गई है। धनंजय के वकील प्रांशु अग्रवाल के मुताबिक इस अर्जी पर सुनवाई तब होगी, जब इस हत्याकांड मामले में पुलिस वारंट बी दाखिल करेगी। बीते पांच मार्च को धनंजय एक दूसरे मामले में प्रयागराज की एक विशेष अदालत में जमानत रद्द कराकर न्यायिक हिरासत में जेल चला गया। अब राजधानी की विभुतिखंड पुलिस अजीत सिंह हत्याकांड मामले में उसे वारंट बी के जरिए न्यायिक हिरासत में लेने की अर्जी दाखिल करेगी।

शनिवार को धनंजय की ओर से दाखिल अर्जी में न्यायिक निर्णयों का हवाला देते हुए कहा गया है कि इस हत्याकांड मामले में उसका न्यायिक रिमांड वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से भी लिया जा सकता है। अर्जी में गिरधारी की कथित पुलिस मुठभेड़ की दलील देते हुए कहा गया है कि पुलिस ने पहले उसका वारंट बी और बाद में कस्टडी रिमांड हासिल किया था। जबकि गिरधारी की ओर से पुलिस कस्टडी में उसकी हत्या करने की आशंका व्यक्त की गई थी। और आखिरकार 14 व 15 फरवरी की रात में उसकी कथित पुलिस मुठभेड़ में हत्या कर दी गई। लिहाजा गुजारिश है कि यदि अदालत उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश देती है, तो वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से ही सुनवाई की जाए।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**लखनऊ ( विसं )**। आठ साल के लड़के की हत्या करने के एक मामले में सत्र अदालत ने मुल्जिम मनोज लोध को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे मुकेश कुमार सिंह ने इस पर 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 26 अगस्त, 2009 को इस मामले की एफआईआर मृतक गोलू के पिता रमेश लोधी ने थाना मड़ियांव में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील पुष्पेंद्र सिंह व दुष्यंत मिश्रा के मुताबिक रमेश का लड़का गायब हो गया था। बाद में पता चला कि उसे दो लोग मारतेपीटते ताड़ीखाने की ओर ले गए हैं। वहां उनके लड़के की लाश मिली। विवेचना में मुल्जिम का नाम प्रकाश में आया।

## पॉवर कारपोरेशन के अफसरों के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ ( विसं )**। उप्र पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के समीक्षा अधिकारी संतोष कुमार गौतम, सेक्शन आफीसर ओम नारायण गुप्ता, व गोमतीनगर ट्रांशमिशन के एकाउन्टेंट एक्जिक्यूटिव इंजीनियर अभिषेक दीक्षित तथा दो अन्य के खिलाफ शनिवार को अदालत में मुदकमे की एक अर्जी दाखिल की गई। अर्जीकर्ता दर्शन वर्मा ने इन सभी पर नौकरी देने के नाम पर करोड़ो की ठगी का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में इन सबके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने मांग की है। सीजेएम सुशील कुमारी ने फिलहाल उनकी इस अर्जी पर थाना हजरतगंज से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।

## आंदोलन हुआ खत्म, 12 को कैंडिल मार्च निकालेंगे वकील

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार बढ़ाने व नए बनने वाले सभी न्यायाधिकरणों को लखनऊ में स्थापित करने की मांग को लेकर वकीलों का आंदोलन शनिवार को समाप्त हो गया। इस आशय का निर्णय अवध बार एसोसिएशन की एक बैठक में लिया गया। बीते 24 फरवरी से वकील इस मसले को लेकर न्यायिक कार्यो का बहिष्कार कर रहे थे। अवध बार एसोसिएशन की बैठक में कहा गया कि उनकी मांगों के समर्थन में लखनऊ समेत अन्य तमाम जनपदों के अधिवक्ता संघ, शिक्षक संघ व व्यापारी संघ भी आ गए हैं। बैठक में तय किया गया कि प्रदेश के सभी अधिवक्ता संघ, शिक्षक संघ व व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों का क्षेत्रवार एक संघर्ष समिति का गठन कर आंदोलन को गति प्रदान की जाएगी।

इस समिति के सदस्य सभी जनपदों में जन जागरण करेंगे। बैठक में एक महत्वपूर्ण बात पर भी रजामंदी बनी कि पश्चिमी जिलों के लिए अलग से बेंच के गठन का समर्थन किया जाएगा व जब तक वहां बेंच की समुचित स्थापना नहीं होती, तब तक लखनऊ खंडपीठ में ही उक्त जिलों का क्षेत्राधिकार जोड़ा जाए। इस बैठक में 12 मार्च को कैंडिल मार्च निकालने का भी निर्णय लिया गया।

# गुड़ महोत्सव गन्ना किसानों के जीवन में परिवर्तन के अवसर ला रहा: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खाण्डसारी गुड़ आज एक नया ब्राण्ड बन रहा है। इससे गन्ना उत्पादक किसानों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। राज्य सरकार ने एक राज्य एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत 03 जनपदों. मुजफ्फरनगर, अयोध्या तथा लखीमपुर खीरी के लिए गुड़ तथा गुड़ उत्पाद को विशिष्ट उत्पाद के रूप में चिन्हित किया है। इससे गन्ना किसानों के लिए गुड़ व्यवसाय लाभकारी हो रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य गुड़ महोत्सव–2021 का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्मारिका राज्य गुड़ महोत्सव–2021 का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य गुड़ महोत्सव.2021 का आयोजन स्थानीय गन्ना उत्पादों को मार्केट की उपलब्धता सुलभ करानेए उत्पादों की ब्राण्डिंग तथा देश दुनिया में इनका व्यवसाय बढ़ाकर गन्ना उत्पादकों और व्यवसायियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से किया गया है। राज्य गुड़ महोत्सव प्रदेश के 60 लाख गन्ना किसानों के जीवन में परिवर्तन के अवसर ला रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में आने से पूर्व उन्होंने राज्य गुड़ महोत्सव–2021 के पण्डालों का अवलोकन किया। पण्डालों में स्वच्छता, देश व प्रदेशवासियों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा नये भारत की नई सोच का उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की जो सोच जनमानस में जाग्रत की, वह आज जीवन के हर क्षेत्र में दिखायी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार जब सत्ता में आयीए उस समय बड़ी मात्रा में किसानों का गन्ना मूल्य बकाया था। खाण्डसारी उद्योग को पूरी तरह पाबन्द कर दिया गया था। वर्तमान राज्य सरकार ने खाण्डसारी उद्योग को ऑनलाइन लाइसेंस दिए जाने की व्यवस्था बनायी। अब कुछ घण्टों में ही खाण्डसारी उद्योग का लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। खाण्डसारी इकाइयां अब दूसरी खाण्डसारी इकाई अथवा चीनी मिल से 15 किमी के स्थान पर 7.5 किमी की दूरी पर स्थापित की जा सकती है। इससे गन्ना बहुल जनपदों यथा मुजफ्फरनगर, शामली, बिजनौर, अयोध्या, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी में बड़ी संख्या में खाण्डसारी उद्योग स्थापित हुए हैं और गन्ना उत्पादक किसानों को इसका लाभ प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले के समय में चीनी का मूल्य गुड़ की अपेक्षा अधिक हुआ करता था। जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती चेतना का एक प्रभाव यह भी हुआ है कि गुड़ का मूल्य चीनी के सापेक्ष बढ़ा है। प्रदेश में 27 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल पर गन्ने की खेती की जा रही है।



## बेहतर बिजली आपूर्ति ने सुधारी किसानों की हालत: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पूरे यूपी को 24 घंटा बिजली आपूर्ति कराने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के 19 करोड से ज्यादा की लागत से बने 220/132 एवं 132/33 केवी के 27 उपकेंद्र का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि ने कहा कि प्रदेश में जब किसान पहले अपने खेत में पानी डालने जाता था तब बिजली नहीं होती थी, लेकिन आज ऐसा नहीं है। प्रदेश की अच्छी विद्युत की आपूर्ति ने किसानों की लागत को कम किया और उत्पादन बढ़ाने में योगदान दिया। गांव हो या शहर रात्रि में बिजली हर जगह होती है। अब हमारा प्रयास सभी जगह 24 घंटे बिजली देने की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना काल में प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में कोविड हॉस्पिटल बनाने और टेलीमेडिसिन व टेलीकंसल्टेशन की सुविधा देने में इसलिए मदद मिली, क्योंकि वहां विद्युत की आपूर्ति संभव हो पाई थी। इससे वहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिली। मैं पावर कॉरपोरेशन का कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति कर लोगों के जीवन को सहज बनाने के लिए अभिनंदन करता हूं। प्रदेश में 1०21 लाख से अधिक गांव व मजरों में विद्युतीकरण का कार्य हुआ है। 1.38 करोड़ उपभोक्ताओं को नि:शुल्क विद्युत के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। लोकापर्ण के अलावा आज आज 220 केवी क्षमता के 10 व 132 केवी क्षमता के 6 पारेषण उपकेंद्रों का शिलान्यास लखनऊ, फर्रुखाबाद, मुजफ्फरनगर, आगरा, सहारनपुर, झांसी, महाराजगंज, फैजाबाद, बस्ती, बांदा, बागपत व कुशीनगर में सम्पन्न हुआ है। इनकी लागत 1,347.91 करोड़ रुपया है। लोकार्पित होने वाली परियोजना में 220/132 एवं 132/33 केवी के 09 उपकेंद्र शामिल हैं। इनकी बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, अयोध्या, चित्रकूट, सीतापुर, मीरजापुर, लखनऊ, वाराणसी, फतेहपुर और गोंडा में स्थापना हुई है।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, खैराबाद सीतापुर

पत्रांक: प्रशिक्षण / 583 / 2020–21 दिनांक 06–03–2021

**पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**

राज्य परियोजना कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक: गुण0वि / टी0टी0 / 88083–315 / 8808 / 2020–21 दिनांक 15 जनवरी 2021 के क्रम में वर्ष 2020–21 में विकास खण्ड में संचालित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के भोजन एवं चाय–नाश्ता की आपूर्ति हेतु अल्पकालिक ई–निविदा अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक: प्रशिक्षण / 331–337 / 2020–21 दिनांक– 05.02.2021 के द्वारा आमंत्रित की गयी थी। जिसका ई–टेण्डर अपलोड करने की अंतिम तिथि 06.03.2021 से बढ़ाकर 12.03.2021 पूर्वान्हन 12:00 बजे तक की जाती है। भोजन एवं चाय–नाश्ता की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 200.00 तथा अर्नेस्ट मनी रू0 5000.00 है। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | भोजन, चाय एवं नाश्ता की आपूर्ति हेतु टेण्डर डाउनलोड करने की प्रारम्भ तिथि | 06.03.2021 सायं 06:00 बजे से |
| 02 | ई–टेण्डर अपलोड करने हेतु अन्तिम तिथि | 12.03.2021 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक |
| 03 | ई–टेण्डर खोलने की तिथि | 12.03.2021 अपरान्ह 01:00 बजे |

ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 200.00 का बैंक ड्रॉफ्ट ब्लॉक संसाधन केन्द्र खैराबाद के पक्ष में देय हो को मूल रूप में तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कापी उससे सम्बन्धित प्रपत्र कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी खैराबाद में 12.03.2021 पूर्वान्ह बजे तक जमा करना अनिवार्य है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासक्षेत्र खैराबाद, सीतापुर


## भाजपा सरकार के रहते यूपी कभी उत्तम प्रदेश नहीं बन पाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के रहते उत्तर प्रदेश कभी उत्तम प्रदेश नहीं बन पाएगा और नहीं नागरिकों में सुरक्षा का भाव रहेगा। कानून व्यवस्था पर लम्बे–लम्बे भाषण देने वाले मुख्यमंत्री जी खुद अपने प्रदेश को सम्हालने में विफल रहे हैं। वे दूसरे प्रदेशों में जाकर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। उनके मुख्यमंत्री रहते प्रदेश बदनामी और बदहाली से उबर नहीं पाएगा। चारों तरफ जंगलराज है। राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते प्रशासनतंत्र पूर्णतया निष्क्रिय हो चला है। अखिलेश ने कहा कि कानून व्यवस्था की दशा तो यह है कि विधान भवन के सामने ही एक दारोगा ने खुद को गोली मार ली। लोक भवन के सामने आत्मदाह का प्रयास करने वालों की भी संख्या कम नहीं रही है। सम्भल में दुष्कर्म पीड़िता को लगातार मिल रही धमकी, न्याय न मिलने के चलते खुदकुशी की घटना दु:खद है, साथ ही अत्याचार की सभी हदें पार होने का नमूना भी। उन्होंने कहा कि गम्भीर मामलों में भी पुलिस का ढुलमुल रवैया, रफादफा करने में ही रहता है। कहां है मिशन शक्ति, कहां है एन्टी रोमियों स्क्रायड, फरियादी को टरकाते रहेंगे फिर कैसे मिलेगा न्याय और कैसे रूकेगा अपराध अपराधियों के आगे नतमस्तक और आम नागरिकों पर वर्दी का रौब। जनता ने इसीलिए ठान लिया है कि वह 2022 के विधानसभा चुनाओं में मतदान के जरिए वर्तमान भाजपा सरकार के कुशासन को समाप्त करने के लिए साइकिल को ही रफ्तार देगी।

### साइकिल यात्रा 12 से

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जनपद रामपुर से लखनऊ तक साइकिल यात्रा 12 मार्च से निकालेगी जिसका समापन 21 मार्च 2021 को लखनऊ में होगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि इस साइकिल यात्रा का उद्देश्य रामपुर में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के संस्थापक सांसद मोहम्मद आजम खां के प्रति भाजपा सरकार की बदले की भावना से की जा रही कार्यवाहियों के विरूद्ध जनाक्रोश दर्ज करना है। जनता का ध्यानाकर्षण करना है।

## पीएम आवास योजना के भवनों का किया गुणवत्ता परीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसंतकुंज में एलडीए अधिकारियों द्वारा बनाए गए पीएम आवास सहित दूसरी योजनाओं के भौतिक सत्यापन किया गया। प्राधिकरण के मु य अभियंता बसंतकुंज योजना में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों की गुणवत्ता का परीक्षण किया। आवासों में मटेरियल का परीक्षण करने पर गुणवत्ता सही पाई गई। वहीं सहायक अभियंता कानपुर रोड स्थित रतन लोक अपार्टमेंट गए। वीसी ने अधिकारियों को जन संवाद करने के निर्देश भी दिए।

शनिवार को बसंतकुंज सहित दूसरी योजना के भवनों का गुणवत्ता परीक्षण करने मु य अभियंता इंदुशेखर सहित दूसरे अधिकारी मौका मोयना के लिए निकले। मु य अभियंता द्वारा बसंत कुंज योजना के तहत निर्माणाधीन प्रधान मंत्री आवास योजना के भवनों और योजना के अन्य विकास कार्यों रोड ,ड्रेन सीवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता परीक्षण मशीनो द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय ही मशीनों द्वारा गुणवत्ता का परीक्षण कर दिखाया गया। गुणवत्ता परीक्षण में भवनों के निर्मित कालम ,छत आदि में डाली गई स्टील बार, कंक्रीट की स्ट्रेंथ आदि का परीक्षण किया गया जोकि सही पाई गई।

## खेत में टूटकर गिरे विद्युत तार की चपेट में आई महिला की मौत

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को खेत में टूटे पड़े हाई टेंशन लाइन के तार की चपेट में आकर एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बनी-मोहान रोड को जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उन्हें काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात पर अड़े रहे। बाद में मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता ने मृतक के परिजनों को विभाग की ओर से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। करीब दो घंटे तक रोड पर चले जाम प्रदर्शन से सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बंथरा के तारा खेड़ा गांव निवासी महेश लोधी की पत्नी राजकुमारी उर्फराजवती (40) शनिवार सुबह अपने खेत में हरी धनिया लेने गई थी। काफी देर तक घर न लौटने पर जब महेश उसे तलाशने खेत पहुंचा तो वहां खेत में जमीन पर टूटे पड़े 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन के तार से चिपकी राजकुमारी मृत हालत में पड़ी मिली। घटना की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों को हुई तो मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना गहरू पावर हाउस पर दी, लेकिन सूचना के काफी देर बाद तक विद्युत सप्लाई नहीं ठप की गई। जिससे ग्रामीण नाराज हो गए और पास में ही मौजूद बनी-मोहान रोड पर पहुंचकर जाम प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि घटना की सूचना तुरंत बंथरा थाने पर दी गई, लेकिन पुलिस भी काफी देर तक नहीं पहुंची। नाराज ग्रामीणों ने रोड पर बांस-बल्ली डालकर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया। वह मृतक के परिजनों को बिजली विभाग द्वारा मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना पाकर सरोजनीनगर के तहसीलदार ज्ञानेंद्र सिंह और मध्यांचल विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता संदीप तिवारी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार को 10 हजार रुपये नगद देने के साथ ही विभाग द्वारा जल्द ही आर्थिक मदद के रूप में उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम प्रदर्शन भी खत्म कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना था कि हाईटेंशन विद्युत लाइन का यह तार पिछले 15 दिनों से यहां पर टूटा पड़ा है। इसको लेकर कई बार गहरू पावर हाउस के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन बिजली विभाग द्वारा बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा यह हुआ कि आज अचानक यह घटना हो गई।

## हवाई अड्डे पर पांच यात्रियों से मिला डेढ़ करोड़ का सोना

**सरोजनीनगर लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को कस्टम विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी। दुबई से दो अलग.अलग विमानों के जरिये लखनऊ पहुंचे पांच यात्रियों के पास लगभग डेढ़ करोड़ का सोना बरामद हुआ है। यह सभी यात्री बिना सीमा शुल्क चुकाए ही सोने को चोरी छुपे लखनऊ लाए थे। फिलहाल कस्टम अधिकारियों ने सीमा शुल्क प्रावधानों के तहत सोने को जब्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। कस्टम उपायुक्त निहारिका लाखा के मुताबिक शनिवार को दुबई से लखनऊ पहुंचे एयर इण्डिया एक्सप्रेस और इण्डिगो एयरलाइन्स विमान से उतरे यात्रियों की जाँच की जा रही थी। तभी दोनों विमानों से उतरे 5 यात्रियों के पास 3 किलो 423 ग्राम सोना बरामद हुआ। यह सभी यात्री एयर इण्डिया की फ्लाइट आई एक्स 1194 और इण्डिगो फ्लाईट 6ई 8457 से लखनऊ पहुंचे थे। यात्रियों से बरामद हुए सोने की कुल कीमत 1 करोड़ 61 लाख 21हज़ार 8 सौ 59 रूपये है। ये यात्री सोने को बेलनाकार एवं गोलाकार आकार में ढालकर दुबई से बिना सीमा शुल्क चुकाए ही चोरी छुपे लखनऊ लाए थे। सोने को रोलर स्केट्स के हत्थेए मीट कटिंग व मिक्सर मशीन की बॉडी में छुपा कर लाए थे। इनमें से एक यात्री सोने को पेस्ट के रूप मे ढालकर उसे अपने अंडर गारमेंट्स में छुपा कर लाया था। कस्टम अधिकारियों ने बरामद सोने को सीमा शुल्क के प्रावधानों के तहत जब्त कर पाँचों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। बताते चलें कि राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तस्करों द्वारा लगातार विदेशों से बिना सीमा शुल्क अदा किए सोना लाए जाने का सिलसिला जारी है। यह लोग अलग . अलग तरीकों से सोना लखनऊ लाने का प्रयास कर रहे हैंए लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम विभाग की सतर्कता से वह बराबर पकड़े जा रहे हैं।

## अपना व्यवसाय शुरू करने से दूर होगी बेरोजगारी: सिंह

सरोजनीनगर-लखनऊ। भारत सरकार के कौषल विकास एवं उद्यमषीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान के कार्यक्रम निदेषक डीके सिंह ने कहा कि देष की तरक्की में बेरोजागरी एक बड़ी समस्या है। इस समस्या को दूर करने के लिए अधिक से अधिक उद्योग-धंधों की स्थापना जरूरी है। इसलिए युवा वर्ग को चाहिए कि वह व्यवसायिक प्रषिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करे। श्री शनिवार को सरोजनीनगर के माती गांव स्थित सहयोग परिवार परिसर में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय अनुसूचित वित्त विकास निगम द्वारा प्रायोजित अनुसूचित के युवक-युवतियों के लिए आयोजित 15 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि युवा वर्ग नौकरी के बजाए अपना व्यवसाय करे इसके लिए सरकार द्वारा दर्जनों व्यवसायिक प्रषिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। युवा वर्ग व्यवसायिक प्रषिक्षण लेकर अपना व्यवासय शुरू कर सकते है। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार मुद्रा सहित दर्जनों ऋण योजनाओ का भी संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत नव उद्यमियों को 25-35 प्रतिषत तक अनुदान दिया जाता है। अनुसूचित जाति के युवक-युवतियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए संस्थान द्वारा प्रषिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस प्रषिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यवसाय शुरू करने के दौरान आने वाली समस्याएं, बैकों की ऋण योजनाए, उद्यम स्थापना करने की जानकारी, बैक से ऋण प्राप्त करने के लिए आवष्यक कागजात व सहयोग संस्थाओं की जानकारी दी जाएगी।

## टोल टैक्स फ्री करने को लेकर किसानों का हंगामा

**निगोहां।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के पदाधिकारियों ने अपने सैकड़ों किसानों के साथ निगोहां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स मुक्त किये जाने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया। वहीं सूचना पर क्षेत्राधिकारी निगोहां अपनी पुलिस बल व पीएसी बल व आसपास के थानों की फोर्स साथ मौके पर पहुंचे जहां करीब 3 घंटे चले प्रदर्शन के बाद हाइवे इंजीनियर व टोल मैनेजर के बीच वार्ता कराई। जहां किसानों के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा इस पर टोल पर मौजूद हाइवे इंजीनियरिंग व मैनेजर ने अपने अधिकारियों से वार्ता करने का अस्वाशन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त हो सका। भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के सैकड़ो किसान अपने पदाधिकारियो के साथ टोल टैक्स मुक्त कराए जाने को लेकर निगोहां टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की इस दौरान कुछ टोल कर्मचारियों और पहुँचे मीडिया कर्मियों से वीडियो बनाये जाने को लेकर किसानों ने गाली गलौज करते हुए अभद्रता भी की कुछ नेताओं के समझाने के बाद किसान शान्त हुए वहीं धरने की सूचना पाकर निगोहां क्षेत्राधिकारी सैयद नईमुल हसन थाना प्रभारी निगोहा नन्द किशोर भारी पुलिस बल व पीएसी बल के साथ पहुंचे मौके पर रायबरेली जनपद बछरावां थाने की पुलिस बल भी मौजूद रही। पुलिस टीम ने किसानों को समझाने का प्रयास किया किंतु वह नही माने और नारेबाजी करते रहें। लगभग 3 घण्टे चले प्रदर्शन के बाद सीओ ने हाइवे इंजीनियर व टोल मैनेजर अनिरुद्ध सिंह के बीच वार्ता कराई। जहां किसानों के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा इस पर टोल पर मौजूद हाइवे इंजीनियरिंग व मैनेजर ने अपने अधिकारियों से वार्ता करने का अस्वाशन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त हो सका। वहीं टोल मैनेजर अनिरुध सिंह ने बताया कि उनका ज्ञापन ले लिया गया है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर–हरदोई

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक / 1105 /क्षेत्रपंचायत / राज्य वित्त–पन्द्रहवां / पत्रा० / निविदा / 2020–21 दिनॉक–21.2.2021

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत बेहन्दर मे राज्य वित्त–पन्दहवां वित्त योजनान्तर्गत इस विकास खण्ड में निम्न कार्य कराये जाने है कार्य कराये जाने हेतु पी0 डब्लू0 डी0, आर0ई0डी0 जिला पंचायत आदि में पंजीकृत ठेकेदारो से निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार / फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 21 / 02 / 2021 से 08 / 03 / 2021 तक विकास खण्ड कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक टिन जी0एस0टी0 धारक / रजिस्टर्ड फर्म मालिक अपनी निविदायें निर्धारित समय में मोहर बन्द लिफाफे में पेटिका में डाल सकते हैं। मोहर बन्द पेटिका दिनांक 08 / 03 / 2021 को 12 बजे पूर्वान्ह निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति के सदस्यों की उपस्थित मे खेली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत सामाग्री जी.एस.टी. सहित (लाख) | धरोहर धनराशि (हजार) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज एवं जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सैदुपुर से कछौना बार्डर तक मिटटी एवं खडन्जा कार्य | 999400.00 | 99940.001 | 900.00 | 03 माह |
| 2 | भिठारा खडन्जा से छत्ता खेड़ा तक खड़ता मिटटी एवं खडन्जा कार्य | 820200.00 | 82020.00 | 900.00 | 03 माह |
| 3 | असही आजमपुर रोड से बेहन्दर कलॉ तक मिटटी एवं खड़न्जा मरम्मत कार्य | 343230.00 | 34323.00 | 900.00 | 03 माह |
| 4 | बहलोलपुर से कामता के घर से विजय गौतम के खेत तक नाली निर्माण कार्य। | 674900.00 | 67490.00 | 900.00 | 03 माह |
| 5 | पशु चिकित्सालय में पुरानी बिल्डिंग मरम्मत एवं रंगाई – पुताई कार्य | 528140.00 | 52814.00 | 900.00 | 03 माह |
| 6 | विकास खण्ड बेहन्दर भवन में मरम्मत एवं रंगाई–पुताई कार्य | 616080.00 | 61608.00 | 900.00 | 03 माह |

1– निविदा–प्रपत्र साथ पंजीयन प्रपत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आयकर एवं व्यापार कर, जी0एस0टी0 2 प्रतिशत की धनराशि की एफ0डी0आर0 / एन०एस०सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर के पक्ष में बन्धक करते हुए निविदा डालने के समय प्रस्तुत करें तथा 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि निविदा स्वीकृत के उपरान्त उपरोक्त खण्ड विकास अधिकारी, बेहन्दर के पक्ष मे एफ0टी0आर0 / एन०एस०सी० बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी।
2– कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण करना होगा।
3– कार्य स्थल पर कार्य करने मे जी0एस0टी0 सहित जोडकर अंकित की जायेगी इसके प्रथक से ढुलाई आदि नही दी जायेगी।
4– धन उपलब्धता के अनुसार आपूर्ति आदेश दिया जायेगा।
5– एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 प्रस्तुत न करने की दशा में वित्त की धनराशि 5 प्रतिशत की धनराशि की कटौती जमानत के रूप में ही की जायेगी जिसे कार्य पूर्ण होने / सामग्री की अच्छी गुणवत्ता होने की स्थिति में वापस कर दी जायेगी ।
6– बिल की धनराशि से नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं रायल्टी की धनराशि का भुगतान किया जायेगा।
7– बिना कारण बताये किसी भी निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति का होगा।
8– निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

खण्ड विकास अधिकारी
बेहन्दर हरदोई।



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान बांदा।

पत्रांक 2052 / टेण्डर / 02 दिनांक : 27.2.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु विभागीय पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से मुहर बन्द निविदा 12.03.2021 को 15.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन 15:30 बजे को उपस्थित निविदादाता / प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र दिनांक 12.03.2021 को 13:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 / सी0डी0आर0 जो अधिशाषी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान बांदा के नाम बन्धक होगी, संलग्न करना होगा, बिना धरोहर की धनराशि के निविदा स्वीकार नहीं होगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा. शर्ते एवं प्रतिबन्ध निविदा प्रपत्र मे अंकित है, कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | धरोहर की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बांदा नगर के कटरा जोन के अन्तर्गत धुरिया होटल के बगल में श्री शंकरलाल गुप्ता के मकान से श्री रमाशंकर के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य | 5000.00 | 250.00+GST | 15 दिन |
| 2 | बांदा नगर के सिविल लाइन जोन के अन्तर्गत आवास विकास मोहल्ले की पेयजल समस्या के समाधान हेतु आवश्यक पाइप लाइन विस्तार का कार्य | 12000.00 | 600.00+GST | 15 दिन |
| 3 | बांदा नगर के अन्तर्गत चमरौड़ी चौराहा से बबेरू रोड नलकूप संख्या–2 तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य | 15000.00 | 800.00+GST | 15 दिन |
| 4 | बांदा नगर के अन्तर्गत कटरा जोन में धुरिया होटल के सामने श्री ज्वेलर्स के बगल से कलेक्टर गंज व न्यू मार्केट तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य | 15000.00 | 800.00+GST | 15 दिन |
| 5 | बांदा नगर के अन्तर्गत गुलाब बाग कब्रिस्तान कुएं से जलापूर्ति चालू करने हेतु पाइप लाइन विस्तार एवं आवश्यक तत्सम्बन्धी कार्य | 15000.00 | 700.00+GST | 15 दिन |

अधिशाषी अभियन्ता,
जल संस्थान बांदा।



**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
**प्रधान कार्यालय : 4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ निविदा सूचना (ई–निविदा)**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित समय में आपूर्ति में सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकर्ताओं से निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से मुहरबन्द ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता द्वारा न्यूनतम 20 प्रतिशत सामग्री की मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा एवं उसी अनुपात में धरोहर धनराशि जमा करनी होगी :– **क्र0सं0** 1 निविदा विशिष्टि संख्या MEDCO/2564/2021 **सामग्री का विवरण** 33/11 KV, 10 MVA, Power Transformers **मात्रा (नग में)** 35 **धरोहर राशि (रू0 लाख में)** 22.16 **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 05.04.2021 16:00 बजे **निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय** 06.04.2021 14:00 बजे निविदा का शुल्क रू0 11800.00 (जीएसटी सहित) है जिसको आर०टी०जी०एस० / एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से तथा धरोहर राशि आर०टी०जी०एस० / एन0ई0एफ0टी0 या बैंक गारण्टी के माध्यम से जमा किया जाना है जिनकी स्कैन्ड कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करनी होगी। आपूर्ति म०वि०वि०नि०लि0 के आवश्यकता अनुसार करनी होगी। उक्त निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध कराई जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता (सा०प्र०–प्रथम) म0वि0वि0नि0लि0, 4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ** पत्रांक– 45 दिनांक 6.3.2021 म0वि0वि0नि0लि0, हेल्पलाईन नं0–18001800440
"राष्ट्रहित में बिजली बचाए, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें"


## हजरतगंज में बाहुबली सांसद की सल्तनत हुई जमींदोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- एलडीए ने पहले 24 अक्टूबर 2005 को ध्वस्तीकरण का दिया था आदेश

हजरतगंज में बाहूबली सांसद के एक और अवैध निर्माण पर एलडीए द्वारा कार्रवाई की गयी। शाहू सिनेमा के बगल में शल्तनत प्लाजा के चौथे मंजिलें पर बनीं 9 दुकानों को ध्वस्त किया गया। बिना एलडीए की अनुमति से बनीं दुकानों को तोड़ा गया। हालांकि शल्तनत बिल्डिंग की इन दुकानों को ध्वस्त करने का आदेश 2005 में दिया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की गयी। शनिवार को हजरतगंज के पॉश इलाके में शाहू सिनेमा के पास बनीं शल्तनत बिल्डिंग के अनाधिकृत निर्माण पर हथौड़ा चला। सांसद और बाहूबली नेता की हजरतगंज के पॉश क्षेत्र की दुकानों की कीमत दस करोड़ है, जिसे एलडीए प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। एलडीए सूत्रोंकी मानें तो पूर्व में सांसद के राजनैतिक दबदबे और बाहूबल पर दुकानें बना डाली थी, जहां एलडीए की अनुमति लेना भी जरूरी नहीं समझा। प्लाजा के चौथे मंजिल पर बनीं 2250 वर्ग फिट की 9 दुकानें बिना एलडीए की अनुमति के बनायी गयीं थी, लेकिन वीसी अभिषेक प्रकाश का आदेश मिलते ही प्रवर्तन दल ने ध्वस्त कर दिया। एलडीए पीआरओ के अनुसार 26 अप्रैल 2005 को अनाधिकृत इन दुकानों पर वाद भी चला था। वाद सं या 100/2005 को दर्ज किया गया। 24 अक्टूबर 2005 को ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया। लेकिन किन्ही कारणों से आदेश को अ लीजामा नहीं पहनाया गया, लेकिन अधिकारियों ने शनिवार की सुबह प्रवर्तन दल के साथ संयुक्त सचिव रितु सुहास, अधिशाषी अभियंता कंवलजीत सिंह और तहसीलदार राजेश शुक्ला पहुंचे। सभी दुकानोंको ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू हो गयी। अधिकारियों कीमानें तो वर्तमान में इन दुकानों की कीमत 10 करोड़ है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

## कोल्ड स्टोर में पाइप लाइन फटने से कई लोग घायल

**बख्शी का तालाब ( लखनऊ )।** विधानसभा क्षेत्र के इटौंजा.माल रोड पर विन्धेश्वरी कोल्ड स्टोर पर तकनीकी खराबी होने के कारण रात्रि 9 बजे के करीब अचानक अमोनिया गैस पाईप फटने के कारण ब्लास्ट हो गया है । सूचना पर एसडीएम नवीन चंद्र सीओ हृदेश कठेरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे । ब्लास्ट में घायल उसमे काम करने वाले विनोद निवासी धरौली सीतापुर परमानन्द निवासी नन्दपुर गढ़ी मिश्रीलाल निवासी नन्दपुर गढ़ी

धर्मेंद्र निवासी नन्दपुर गढी को इलाज के लिये राम सागर मिश्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक अविनाश त्रिवेदी ने तत्काल मौके पर पंहुचे ।उन्होंने अस्पताल प्रशासन को बेहतरीन इलाज के लिए निर्देशित किया । वही आलू रखे किसानों की हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया । वही जानकारी के अनुसार कोल्ड स्टोर में करीब 60000 बोरी आलू लगा हुआ था । कोल्ड स्टोर में इस घटना से करोड़ो के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा हैं ।

# भ्रष्टाचार की जकड़ में अर्थव्यवस्था

हमारे देश में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या है। चाहे ग्रामीण हो या नगरीय भारत, भ्रष्टाचार ने जीवन के लगभग सभी पहलुओं को आच्छादित कर रखा है।

**मोईन काज़ी**
(लेखक जाने-माने विकास पेशेवर हैं)





ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (टीआई) द्वारा पिछले साल किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में एशियाई क्षेत्र में रिश्वतखोरी की दर सबसे अधिक है। ग्लोबल करप्शन बैरोमीटर (जीसीबी), एशिया शीर्षक वाले सर्वेक्षण से पता चला है कि सार्वजनिक सेवाओं का उपयोग करने के लिए व्यक्तिगत कनेक्शन का उपयोग करने वाले लोगों में राष्ट्र की दर भी सबसे अधिक है। देश में 39 प्रतिशत रिश्वत की दर है, जबकि 46 प्रतिशत लोग सेवाओं का उपयोग करने के लिए परिचित का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि धीमी और जटिल नौकरशाही प्रक्रिया, अनावश्यक लालफीताशाही और अस्पष्ट नियामक ढांचे नागरिकों को परिचित और क्षुद्र भ्रष्टाचार (भारत में) के नेटवर्क के माध्यम से बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने के लिए अन्य समाधान निकालने को मजबूर करते हैं।

देश की आर्थिक गतिशीलता की खोज को गंभीर भ्रष्टाचार द्वारा गंभीर रूप से प्रभावित किया गया है। देश को तत्काल अपने संस्थानों का आधुनिकीकरण करने और किराए पर लेने और काटने के कोनों की संस्कृति को समाप्त करने की आवश्यकता है, अगर वह अपनी अर्थव्यवस्था के चक्र को बिना किसी बाधा के रोल करना चाहता है। भ्रष्टाचार राष्ट्रविरोधी और गरीब विरोधी दोनों है क्योंकि गरीबी उन्मूलन योजनाओं के लिए संसाधनों का मतलब बेईमान राजनेताओं और नौकरशाहों से है। यह सबसे अधिक दुर्बल आर्थिक बीमारियों में से एक है जो दुनिया के बड़े हिस्से को प्रभावित करता है। भारत अब एक ऐसी स्थिति में फंस गया है, जहां कई क्षेत्रों में स्थानिक भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसमें वे भी शामिल हैं जिन पर इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है - विधायकों से, जो कानून लिखते हैं, न्यायपालिका के लिए जो उन्हें क्रियान्वयन योग्य बनाती है और पुलिस जो उन्हें लागू करती है।

पिछले चार दशकों में, ग्रामीण गरीबों के कल्याण के लिए कई सरकारी कार्यक्रमों के बावजूद, गरीबी व्याप्त है। या तो संजाल व्यापक नहीं थे या उनमें बहुत सारे छिद्र फूटे हुए थे। क्रूर वास्तविकता यह है कि सार्वजनिक खर्च का अधिकांश हिस्सा गरीबों तक नहीं पहुंचता है। यह या तो सलाहकारों, सलाहकारों, उनके उपकरणों और अध्ययनों से युक्त डिलीवरी तंत्र द्वारा हड़प लिया जाता है , या यह जेब में चला जाता है। यह सभी सार्वजनिक वित्त पोषित कार्यक्रमों के लिए एक टचस्टोन बन गया है और अब सभी भारतीय विकास साहित्य में तोता है। निम्न-स्तर का ग्राफ्ट व्याप्त रहता है। पश्चिमी दुनिया की अधिकांश सहायता नौकरशाही व्यवस्था के नीचे चल रही है।

हमारे देश में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसने जीवन के हर पहलू को खा लिया है। यह सरकार में अविश्वास पैदा कर सकता है, नागरिक संघर्ष, हिंसा और संघर्ष पैदा कर सकता है।

जबकि गरीबों के पास सेवाओं को प्राप्त करने के लिए लोक सेवक को रिश्वत देने के लिए पैसा नहीं है जो उनका अधिकार है, उनके पास एक वोट है जो राजनेता चाहते हैं। राजनेता गरीबों के लिए जीवन को थोड़ा अधिक सहनीय बनाने के लिए कुछ नहीं करता है - भाग्यशाली लोगों के लिए एक अच्छे स्कूल में एक सीट, यहां तक कि भाग्य के लिए एक सरकारी नौकरी, इस अवसर पर ऋण माफी की अप्रत्याशित कमी या, अधिक सामान्यत: एक फोन कॉल जो उन्हें पुलिस केस दर्ज करने में मदद करता है। इस सब के लिए, राजनेता को अपने मतदाताओं का आभार मिलता है। हालांकि, उसके पास तब भी सुधार करने के लिए सिस्टम को सुधारने का बहुत कम कारण है।

मामलों की स्थिति गंभीर है, क्योंकि प्रत्येक गांव के अधिकारी को न केवल विकास योजनाओं के लिए आवेदन पत्र में तेजी लाने के लिए भुगतान किया जाना चाहिए, बल्कि विशेष रूप से इसे बाधित नहीं करना चाहिए। समस्या का कोई आसान हल नहीं है। भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के पास असहाय नागरिकों की कीमत पर एक कठिन समय होता है। वास्तव में, भ्रष्टाचार और गरीबी के बीच कोई संबंध नहीं है। एक ईमानदार व्यक्ति में एक अधिकारी के बजाय एक भ्रष्ट कॉन्स्टेबल को परिवर्तित करना आसान है। उच्च अधिकारियों को अपने साथियों के बीच ग्लैमर और प्रतियोगिता से स्पष्ट

**पिछले चार दशकों में, ग्रामीण गरीबों के कल्याण के लिए कई सरकारी कार्यक्रमों के बावजूद गरीबी व्याप्त है। भरत अब एक ऐसी स्थिति में फंस गया है, जहां कई क्षेत्रों में स्थानिक भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसमें वे भी शामिल हैं जिन पर इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है। क्रूर वास्तविकता यह है कि सार्वजनिक खर्च का अधिकांश हिस्सा गरीबों तक नहीं पहुंचता है। यह या तो सलाहकारों, सलाहकारों, उनके उपकरणों और अध्ययनों से युक्त डिलीवरी तंत्र द्वारा हड़प लिया जाता है , या यह जेब में चला जाता है।**

रूप से दूर किया जाता है, और उनके परिवारों की आकांक्षाएं, कि दुर्भावना और रिश्वत उनके जीवन का हिस्सा बन जाती हैं। निश्चित रूप से शिक्षा यहाँ एक विफलता है। मतदाता एक परिचित पारिवारिक वंशावली का पक्ष लेते हैं, आंशिक रूप से परिवार के प्रति सांस्कृतिक श्रद्धा के कारण और सदियों से चली आ रही सामंती आदतों के कारण। भारत में व्यक्तिगत गुणों या गुणों की तुलना में राजनीति में ये परंपराएं अधिक महत्वपूर्ण हैं और ये लोकतंत्र के मूल में हैं। जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और छात्र नेताओं के पास कोई संरक्षण की बात नहीं है, और चुनावों में शामिल भारी धन और बाहुबल को देखते हुए, बाहरी लोग केवल सत्ता का सपना देख सकते हैं। वास्तव में भाई-भतीजावाद का प्रभाव राजनीति से परे है, अधिकांश व्यवसायों में राजवंशों का शासन भी है।

पौराणिक हाइड्रा की तरह, भ्रष्टाचार कई सिरों वाले दुश्मन की तरह है, जो सामाजिक ताने-बाने के हर हिस्से में खुद को प्रविष्ट करता है। इसका काम है राजनीति को कमजोर करना और आर्थिक विकास की संभावनाओं को खतरे में डालना। सिर के कट जाने के बाद ही यह मुरझा सकता है। यह लंबे समय से चली आ रही समस्या है कि लगातार सरकारों ने लड़ाई लड़ी है और ज्यादातर विफल रही है। ईसाई युग से लगभग तीन शताब्दियों पहले लिखे गए अपने मैग्नम ओपस अर्थशास्त्र में, राजकीय कला के शास्त्रीय गुरु कौटिल्य ने देखा, जैसा कि यह जानना असंभव है कि जब पानी में चलती मछली इसे पी रही है, तो यह असंभव है पता करें कि सरकारी कर्मचारी गलत तरीके से धन के उपक्रम के जिम्मेदार हैं।

वाक्यांश, सार्वजनिक जीवन में संभावना, एक विलोम बन गया है। कॉर्क को शुरू करने का समय तब होगा जब भ्रष्ट अधिकारी वास्तव में दोषी और दंडित होंगे। दुर्भाग्य से, हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली का इस मोर्चे पर वास्तव में दयनीय रिकॉर्ड है। जब तक यह सही रहता है, बहुत प्रचारित गिरफ्तारियाँ बहुत कम या बिना किसी उद्देश्य के होती हैं। वे निश्चित रूप से संभावित रिश्वत लेने वालों या रिश्वत देने वालों के लिए प्रभावी निवारक के रूप में कार्य नहीं करते हैं। भ्रष्टाचार को अक्सर एक नैतिक मुद्दे के रूप में देखा जाता है। पर्याप्त लोगों को यह एहसास नहीं है कि आर्थिक कारक कितना भयावह हो सकता है। रिश्वत की लागत स्पष्ट रूप से व्यवसाय मॉडल में और इसलिए लागतों में विभाजित होनी चाहिए। देश की आर्थिक प्रणाली भ्रष्टाचार और संगठित कर चोरी की कई प्रणालियों से जुड़ी हुई है। कॉलेज छात्रवृत्ति, टैक्स रिफंड या राज्य के स्वामित्व वाले बैंक से रियायत प्राप्त करने के लिए रिश्वत दिए जाने के मामले अब आम हो गए हैं। क्षुद्र भ्रष्टाचार में कागजी कार्रवाई करने के लिए पुलिस और अधिकारियों को नोटबंदी शामिल है। व्यवसायियों को लालफीताशाही से बचने के लिए रिश्वत के तौर पर धन देना पड़ता है।

लेखक और पूर्व राजनयिक पवन वर्मा सुझाव देते हैं कि भारत में भ्रष्टाचार की दृढ़ता हमारे चरित्र में समानता का एक तनाव भी दर्शाती है : धन और शक्ति की सफल खोज में कोने में कटौती और नियम-तोड़ने को सहन करने की इच्छा। भ्रष्टाचार, निश्चित रूप से भारत के लिए अद्वितीय नहीं है, वह बीइंग इंडियन में लिखते हैं। जो अद्वितीय है वह इसकी स्वीकृति का स्तर है, और रचनात्मक तरीके जिसमें यह निरंतर है। भारतीय लोग परिष्कार की एंटीसेप्टिक परिभाषाओं की सदस्यता नहीं लेते हैं ... सही और गलत की उनकी समझ नैतिकता की पूर्ण धारणाओं की तुलना में प्रभावकारिता से कहीं अधिक संबंधित है।

अधिकांश भारतीय व्यवसाय अघोषित आय को रोक दिए बिना जीवित नहीं रह सकते हैं या प्रतिस्पर्धी नहीं रह सकते हैं। घर बेचने वाले लगभग हर व्यक्ति ने नकद में भुगतान का एक हिस्सा ले लिया है और उस पर कर लगा दिया है। गुप्त धन की विशाल मात्रा अभी भी हमारी प्रणाली का एक हिस्सा है।

समाधान यह सुनिश्चित करने में निहित है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त रहे और भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा करने वालों, गवाहों और पत्रकारों को सुरक्षित रखा जाए। निश्चित रूप से सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि बढ़ता भ्रष्टाचार भारतीय विकास की कहानी में गतिरोधक साबित हो सकता है। इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने करने के लिए एक मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। एक मजबूत नागरिक समाज या एक स्वतंत्र न्यायपालिका के बिना सरकारी सत्ता की जांच करने के लिए, राजनीतिक वर्ग जटिल हो सकता है। हमें भ्रष्टाचार से छुटकारा पाने के लिए एक लंबी दूरी तय करनी होगी और इसमें अधिक समय लगने की आवश्यकता हो सकती है क्योंकि समय समाप्त हो रहा है।

# कश्मीर में आतंक का नया चेहरा

छवि सुधार के लिए प्रयासरत पाकिस्तान भारत-विरोधी अभियान चलाने के लिए स्थानीय लोगों की भर्ती कर इसे सशस्त्र बलों के कथित अत्याचारों के विरोध की तरह पेश कर रहा है।

**अनिल गुप्ता**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)





इस्लामाबाद ने कश्मीर में प्रासांगिक बने रहने के लिए 5 अगस्त, 2019 के बाद अपनी रणनीतियों में परिवर्तन का प्रयास किया है। लेकिन पाकिस्तान के ज्यादातर कदम या तो विफल हो गए या उनका उल्टा नतीजा निकला। जहां तक पाक-प्रायोजित आतंक का सवाल है, उसने फिर एक बार भारत सरकार द्वारा सामान्य स्थिति बहाल करने और कश्मीर में शांति स्थापना को धक्का देने का प्रयास किया है। यह पाकिस्तान का अंतिम प्रयास है जो विफल हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से इससे स्थिति सामान्य बनाने की प्रक्रिया में थोड़ा विलम्ब होगा।

कश्मीर में आतंक की देशी किस्म की लहर पैदा की जा रही है। दुनिया भर में आतंक के गढ़ तथा सीमापार से आतंक के सबसे बड़े प्रायोजक के रूप में पहचाने जाने के बाद पाकिस्तान अपनी छवि सुधारने के लिए परेशान है। वह भारत के खिलाफ अपनी घृणित योजना की पूर्ति के लिए स्थानीय लोगों की भर्ती कर उनको सरकारी बलों द्वारा किए अत्याचारों के खिलाफ देशी प्रतिरोध के रूप में पेश करना चाहता है। वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफद्वारा आतंकी फंडिंग व फाइनेंसिंग के कारण काली सूची में डाले जाने के भय से इस्लामाबाद सीमापार से आतंक का गोपनीय प्रायोजक बनने को मजबूर है।

कश्मीर में आतंकी संगठन के पहचाने चेहरों, जैसे लश्करे तैयबा, जैशे मुहम्मद व हिज्बुल मुजाहिदीन के स्थान पर नए चेहरे, जैसे द रेसिस्टेंस फोर्स-टीआरएफ, लश्करे मुस्तफा, गजनवी फोर्स व अल बद्र सामने आ रहे हैं। इनमें से अधिकांश समूह नई बोतल में पुरानी शराब की तरह हैं जिनके अधिकांश कार्यकर्ताओं की स्थानीय स्तर पर भर्ती हुई है। लेकिन उनकी कार्यशैली व वित्तीय नियंत्रण पाकिस्तानी आकाओं के पास है। ये नए आतंकी संगठन अपने मूल संगठनों से अच्छी तरह जुड़े हैं तथा अपने संपर्कों के माध्यम से घाटी में हथियारों की स्मगलिंग कर रहे हैं।

जिहाद के नाम पर आतंकी बनने को ललचाए जाने वाले स्थानीय नौजवानों को सोशल मीडिया मंचों तथा भारत-विरोधी नेताओं व मुल्लाओं के भाषणों के माध्यम से उग्र बनाया जाता है। उनका प्रशिक्षण पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर या अफगानिस्तान के बजाय दक्षिण कश्मीर के जंगलों में होता है और आतंकवाद में उनका प्रवेश सुरक्षा बलों या भीड़ भरे स्थलों पर हथगोले फेंक कर होता है। ग्रामीण से शहरी विद्रोह की ओर ध्यान दिया जा रहा है। श्रीनगर के आसपास केन्द्रित करने के साथ ही अब जम्मू भी आतंकियों के निशाने पर है। निशानों के चयन में भी बदलाव आया है। सुरक्षा बलों पर बड़े हमलों या उनके शिविरों पर आत्मघाती हमलों के बजाय अब आतंकी लक्षित हत्याओं तथा आईईडी के प्रयोग पर ध्यान देते हैं। आजादी के बजाय अब निजामे मुस्तफा, यानी शरीया कानून स्थापित करने पर जोर है ताकि कश्मीर में स्थानीय आतंकियों को बनाए रखा जा सके। प्रेरित व लक्षित हत्याओं का मुख्य निशाना अब अल्पसंख्यक व पुलिस कर्मी हैं।

पहले आतंकियों से जब्त हथियार पाकिस्तानी संलिप्तता का बड़ा प्रमाण होते थे क्योंकि वे पाकिस्तान या चीन निर्मित होते थे। इससे निपटने के लिए अब इस्लामाबाद कश्मीरी आतंकियों को बिहार से हथियार खरीदने को कह रहा है। बिहार से हथियार लाने पर कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों की नजर है जो 'लाल गलियारे' में माओवादियों का भी हथियार प्राप्त करने का स्रोत है। इस कारण सुरंगों व ड्रोन के माध्यम से हथियार स्मगलिंग का प्रयास भी होता है, लेकिन इसके बावजूद आतंकियों को हथियार सप्लाई में कमी आई है। पाकिस्तान कश्मीर को

**कश्मीर की तरह आईएसआई जम्मू क्षेत्र में भी असुरक्षा पैदा करना चाहता है ताकि भविष्य में निवेश रोका जा सके। आईएसआई इस बात से परेशान है कि जम्मू कश्मीर सरकार नए उद्योगों को जम्मू-कठुआ पट्टी तक सीमित रखने के बजाय निवेशकों को सुदूर जिलों में भी निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। जम्मू कश्मीर में आतंक की नई लहर को उभरने से पहले ही कुचलना होगा, नहीं तो यह बहुत हानिकारक हो सकती है।**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टकराव का एक बिंदु बनाए रखना चाहता है। वह यहां बाहरी निवेश को रोक कर बेरोजगारी बनाए रखना चाहता है ताकि नोजवानों को उग्रवाद में धकेला जा सके, 1990 दशक की तरह अल्पसंख्यकों में भय का माहौल पैदा किया जाए तथा कश्मीरी पंडितों की वापसी में बाधा डाली जाए। नौजवानों को बेरोजगार और निराश बनाए रख कर पाकिस्तान सुनिश्चित करना चाहता है कि जिहादियों की भर्ती कम न होने पाए। असुरक्षित परिवेश से पर्यटकों को भी कश्मीर से दूर रखा जा सकता है जिससे पर्यटन व दस्तकारी उद्योग की बहाली में बाधा आएगी जो कश्मीरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पाकिस्तान जनसंख्या संरचना में परिवर्तन पर विमर्श आगे बढ़ाने में कुछ सफल हुआ है। वह केन्द्र सरकार के समर्थन से आरएसएस-भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे को कश्मीर के मुस्लिम-बहुल चरित्र पर खतरा बता रहा है।

दुर्भाग्य से कश्मीर के अनेक तथाकथित राष्ट्रवादी मुख्यधारा के नेता भी मुखर रूप से इस पाकिस्तानी विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' केवल कश्मीर तक सीमित विद्रोह से संतुष्ट नहीं है क्योंकि इससे दुनिया भर में उसका विमर्श कमजोर पड़ता है। अगस्त, 2019 के बाद उसने जम्मू में भी उग्रवाद फैलाने का प्रयास किया है। अनेक स्लीपर सेल बनाए गए हैं तथा आतंकियों को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के लिए 'लोन वुल्फ' हमलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आईएसआई द्वारा जम्मू में उग्रवाद फैलाने के प्रयास का एक और कारण है। जम्मू अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट है तथा उसकी मिश्रित जनसंख्या संरचना पंजाब के निकट है जो आईएसआई का एक और निशाना है। आतंकियों द्वारा पाकिस्तानी व स्थानीय कश्मीरी मुसलमानों की हत्याओं से कश्मीरियों में भारी विरोध की स्थिति बनी है।

इनसे नागरिक न केवल आतंकियों के खिलाफ हो गए हैं, बल्कि वे उनकी पहले की तरह सहायता भी नहीं कर रहे हैं। वे आतंकियों की उपस्थिति की सूचना सुरक्षा बलों को देते हैं जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश सर्वोच्च आतंकी कमांडर मारे जा चुके हैं। इस प्रकार आतंकी जम्मू में सुरक्षित स्वर्ग बनाना ज्यादा अच्छा मानते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा टीआरएफव लश्करे मुस्तफा के जम्मू में सर्वोच्च कमांडरों की गिरफ्तारी के बाद न केवल इन संगठनों, बल्कि पाकिस्तान में उनके आकाओं में भी घबराहट फैल गई है। भारतीय सेना द्वारा नियंत्रण रेखा पर मजबूत घुसपैठ-रोधी ग्रिड बनाने से आतंकी और उनके आका घुसपैठ के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही कश्मीर या पंजाब पहुंचने के लिए भी जम्मू उपयुक्त है। नशीले पदार्थों की तस्करी और उनके वितरण के लिए भी जम्मू को इसी कारण केन्द्र बनाया जा रहा है। इस प्रकार जम्मू नार्को-आतंकवाद के आदर्श स्थान के रूप में उभर रहा है।

कश्मीर की तरह आईएसआई जम्मू क्षेत्र में भी असुरक्षा पैदा करना चाहती है ताकि भविष्य में निवेश रोका जा सके। आईएसआई इस बात से परेशान है कि जम्मू कश्मीर सरकार नए उद्योगों को जम्मू-कठुआ पट्टी तक सीमित रखने के बजाय निवेशकों को सुदूर जिलों में भी निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। जम्मू कश्मीर में आतंक की नई लहर को उभरने से पहले ही कुचलना होगा, नहीं तो यह बहुत हानिकारक हो सकती है। निश्चित रूप से हमारे नेताओं, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को अतीत से सबक ले कर स्थाई शांति की राह में बाधायें नहीं आने देनी चाहिए।

आतंकवाद चाहे आयातित हो या स्वदेशी, शांति का दुश्मन है तथा जिहादी पूरी मानवता के शत्रु हैं। दुर्भाग्य से भारत में पाकिस्तान के समर्थक खामोश बने हुए हैं और परोक्ष रूप से उसके पागलपन का समर्थन कर रहे हैं। वे पाकिस्तान का नाम लेकर उसकी निन्दा करने से बचते हैं तथा अल्पसंख्यकों की लक्षित हत्याओं के खिलाफ मुखर नहीं हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया 1990 के दशक जैसी है। केवल एकजुट होकर ही हम आतंक की विभीषिका समाप्त कर शांति बहाल कर सकते हैं।

# जन-जन की आकांक्षाओं पर कार्य करने के लिए सरकार कृतसंकल्पितः सिद्धार्थ नाथ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



● कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने तीन सड़कों का बच्चों से कराया लोकार्पण

**जनता की** मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित कराने के लिए योगी सरकार कृत संकल्पित है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निवेश व निर्यात खादी और ग्रामोद्योग रेशम हथकरघा वस्त्रोद्योग एवं एनआरआई सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कृष्णा विहार कॉलोनी रामकृष्ण मिशन मुंडेरा चुंगी रामचंद्र कुशवाहा एवं आदर्श नगर पोंगहट पुल पतंजलि के बगल में आरईएस विभाग द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग और नाली का लोकार्पण करते हुए कहीं। मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि जनता सरकार की मूलभूत सुविधाओं एवं स्वच्छता आदि व्यवस्थाएं सुदृढ़ कर सकती है लेकिन जब सर्वसमाज का सहयोग रहता है। समाज के सहयोग के बिना जनता के हितों में सरकार कार्य नहीं कर सकती है। 2017 से पहले विधानसभा शहर पश्चिमी के कई मोहल्लों कालोनियों और गांव की सड़कों पर चलना और निकलना दुष्कर था। उन मार्गों में बड़े बड़े गड्ढों और गंदे पानी बहता था। 30 से 35 सालों से विधानसभा शहर पश्चिमी में बनी कालोनियां कहीं भी व्यवस्थित नहीं थीं। सरकार ने वृहद योजना एवं स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से व्यवस्थित कराने का संकल्प लिया है। विकास का क्रम लगातार बढ़ रहा है। भविष्य में जो भी अधूरा है उन विकास कार्यों को आने वाले तीन वर्षों में पूर्ण करने का संकल्प है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि जन जन की आकांक्षाओं पर कार्य करने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। विधानसभा शहर पश्चिमी को उस प्रदेश में एक मॉडल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इससे पहले कृष्णा विहार कॉलोनी में चंदन सिंह रामकृष्ण मिशन मुंडेरा चुंगी कालोनी में शेष मिश्र रिंकू यादव तथा आदर्श नगर कालोनी पोंगहट पुल में वैभव सिंह पुत्र अखिलेश सिंह तथा यश केसरवानी पुत्र शंकर लाल के हाथों मंत्री ने विधि विधान के साथ लोकार्पण सम्पन्न कराया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने कई स्थानों से लिए नमूने

**अम्बेडकरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी व अभिहित अधिकारी राजवंश श्रीवास्तव के निर्देश पर पूरे जनपद में चल रहे अभियान के केके उपाध्याय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बसखारी नौरी रोड पर, दुर्गा नगर में अच्छेलाल की किराना की दुकान से नमकीन (टाइगर ब्रांड) तथा कौड़ाही बाजार में मो0 मुसलीन की किराना की दुकान से एजीनोमोटो/टेस्टमेकर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। मौर्यनगर, बसखारी में शिवकुमार किराना स्टोर से नमकीन (बादशाह ब्रांड) तथा गुप्ता मिष्ठान भंडार से खोवा का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा छोटी बाजार,टाण्डा में मोइज़कबाल की किराना की दुकान से नमकीन का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा।अंबरपुर बाजार, जलाल पुर में कृष्णा स्वीट हाउस से पनीर तथा कासिमपुर कर्बला में दुग्ध विक्रेता आसाराम वर्मा से दूध का नमूना लेकर जांच हेतु भेजा। निबियहवाँ पोखरा अकबरपुर से शिव कुमार की दुकान से बेसन के लड्डू एवं लालमणि के प्रतिष्ठान से दुग्ध क्रीम का नमूना व पटेल नगर अकबरपुर से जियाउल्लाह के प्रतिष्ठान से नमकीन (राजभोग ब्रांड)का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा।

# बीस वर्षों से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**डीआईजी/वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक अयोध्या दीपक कुमार के दिशा निर्देश में अपराध पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खण्डासा पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लग गई है। प्रभारी निरीक्षक खण्डासा कृष्णकांत यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 20 वर्षों से फरार चल रहे वांछित अपराधी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि खण्डासा थाना क्षेत्र अन्तर्गत महुआ गांव के भक्तिन पुरवा निवासी कमलेश वर्मा पुत्र बसंत वर्मा के बिरूद्ध उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ द्वारा दाण्डिक अपील संख्या 1105/01 एनबीडब्ल्यू एसटी 368/92 तारीख पेशी चार मार्च 2021 नियत थी।अभियुक्त से सम्बन्धित मुकदमा आपराध संख्या 173/1991के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिहं ने वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी थी पुलिस टीम अभियुक्त की सुराग रस्सी में जुटी थी।

इस बीच आरोपी कमलेश वर्मा के पश्चिमी बंगाल के जलपाईगुड़ी में मौजूद होने की जानकारी पुलिस टीम को मिली। सूचना मिलते ही खण्डासा चौकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी अपने साथ हमराही उपनिरीक्षक सुजीत कुमार मौर्य एवं सिपाही अभिषेक यादव को साथ लेकर जलपाईगुड़ी पहुंच गए जहां उन्होंने वांछित अभियुक्त को तिस्मिल अठ्ठारह बीघा थाना मालबाजार गिरफ्तार कर लिया और पकड़ कर थाने ले आए जहां प्रभारी निरीक्षक खण्डासा कृष्णकांत यादव ने थाने में वर्ष 1991 में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 173 धारा 363, 366, 368 एवं 376 आईपीसी के आरोप में जेल भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### पशु आरोग्य मंडल स्तरीय मेला का हुआ आयोजन

**वाराणसी।** सेवापुरी विकास खंड के ग्राम पंचायत अदमापुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मंडल स्तरीय मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि विधायक सुरेंद्र नारायण सिंहए विधायक नील रतन पटेल नीलू के प्रतिनिधि डा0 वंश बहादुर सिंह पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीबी सिंह वाराणसी द्वारा किया गया। मेले में कुल 2672 पशुओं का पंजीकरणए निशुल्क चिकित्सा-1845, कृत्रिम गर्भाधान-12, बांझपन निवारण-238, बधियाकरण-85, शल्य चिकित्सा-15, बीमा.12 व दवापान-1465 करने के साथ-साथ दवा कंपनी द्वारा जैसे वीरबैक कंपनी द्वारा निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मेले में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व नीति आयोग द्वारा चयनित सेवा टीम के साथ 21 अच्छे पशु पालक महिलाओं को सम्मानित किया गया। आरएन पब्लिक स्कूल अदमापुर गोराई के तीन अध्यापिकाओ एवं तीन छात्राओं को विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह जी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### पुलिस ने वर्ष भर पहले दफनाए गए शव को खुदवा कर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अयोध्या।** शनिवार को हैदरगंज थाना क्षेत्र के कोरो राघवपुर स्थित विशुही नदी के कछार पर पुलिस प्रशासन ने चिकित्सकों की मौजूदगी में वर्ष भर पहले दफनाए गए शव को खुदवा कर दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा गया । वर्ष भर पहले भंडारे में दावत खाने गए दलित की शराब के लिए पैसा ना देने दिन को लेकर मारपीट हुई थी । जिसमें दलित की इलाज के दौरान तीसरे दिन मौत हो गई थी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गांव के ही व्यक्ति पर गैर इरादतन हत्या सहित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । पुलिसिया कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हुए परिजनों ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग में शिकायत कर दिया। आयोग के आदेश के उपरांत शव की खुदाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । वही दूसरी तरफप्रकरण में आरोपी सहित उसके परिवार के लोगों ने मारपीट के आरोप को गलत बताते हुए करिया की मौत को स्वाभाविक बताया । लेकिन प्रकरण में अनुसूचित जाति जनजाति आयोग ने दफनाए गए शव को खुदवा कर डॉक्टरों के पैनल से दोबारा पोस्टमार्टम कराए जाने के साथ.साथ इस मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी से कराने का आदेश दे दिया ।

### पूर्व मंत्री का शिलापट तोड़ने पर महानगर अयोध्या समाजवादी पार्टी ने जताई नाराज़गी

**अयोध्या।** सप्त सागर कालोनी देवकाली वार्ड में अयोध्या में 2012 से 2017 के बीच में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन द्वारा त्वरित आर्थिक योजना के द्वारा बनाई गई सड़क की शिलापट तोड़ने का महानगर कमेटी अयोध्या ने सख्त नाराज़गी जताई है, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर ये काम किया जा रहा है। इससे पूर्व में भी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के सामने शिलापट तोड़ी गयी थी। एमहानगर समाजवादी पार्टी प्रशासन से मांग करती है कि अविलम्ब शिलापट लगवाया जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफ़र मीसम, पूर्व प्रदेश सचिव मो. हलीम पप्पू, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राजू यादव, मो सुहैल, शक्ति जायसवाल, राकेश यादव, नंदू गुप्ता, सरोज यादव, अर्पणा जायसवाल इत्यादि लोग मौजूद थे।

### आलोक सिंह बने ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अम्बेडकरनगर।** ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया जिसमें आलोक सिंह को अध्यक्ष चुना गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि संगठन के विस्तार के लिए आगामी रविवार को बैठक बुलाई गई है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि सभी व्यवसायिक वाहनों के मालिक सदस्य बन सकते हैं। व्यवसायिक वाहन मालिकों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके उत्पीड़न के खिलाफशासन-प्रशासन से मदद उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बैठक में सभी वाहन मालिकों से आने की अपील की है।

### संचारी रोगों की रोकथाम हेतु लोगों को किया जाय जागरूक

**नवाबगंज, उन्नाव।** स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र पर शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 2021 के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सहायक मलेरिया अधिकारी ने संचारी रोगों के रोकथाम हेतु आशा बहुओं व एएनएम आदि को जागरूक किया। मलेरिया निरीक्षक निवेदिता व बायोलॉजिस्ट डॉ0 प्रियंका त्रिपाठी सहित नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सहायक मलेरिया अधिकारी मो अयाज ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत आशाओं व एएनएम की संवेदीकरण बैठक में प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक मार्च से 31 मार्च तक तथा दस्तक अभियान 10 मार्च से 24 मार्च तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें संचारी रोगों के रोकथाम हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा वर्तमान में मौसम में परिवर्तन होने से संचारी रोगों ने अपनी दस्तक देनी शुरू कर दी है। इसके प्रति जागरूक करने के लिए आशा और एएनएम को इस अभियान में लगाया गया है। जो अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को इन रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान आम जनता को स्वच्छता, शारीरिक दूरी के पालन, मास्क के प्रयोग आदि के प्रति जागरूक करने को भी कहा गया। कार्यक्रम में चमरौली की आशाबहु अनीता देवी को स्वास्थ्य विभाग के परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 500 रुपये की धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में बीसीपीएम संगीता, डब्लूएचओ प्रतिनिधि अजय वर्मा, यूनिसेफप्रतिनिधि आसिफ़, एचएस जे पी दीक्षित व प्रशांत दीक्षित सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### गांव-गांव चौपाल लगाकर लोगों से शांति की अपील कर रही पुलिस

**अम्बेडकरनगर।** क्षेत्र में पंचायत चुनाव एवं होली पर्व के मद्देनजर पुलिस एवं राजस्व टीम के द्वारा गांव गांव में चौपाल लगाकर लोगों को शांति व्यवस्था का पाठ पढ़ाया जा रहा है। साथ ही लोगों को अपना कैरेक्टर रोल संवारने के लिए अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने एवं रजिस्टर 8 के बारे में जानकारी भी दी जा रही है। बता दें कि प्रशासन के सामने पंचायत चुनाव एवं इसी चुनाव के बीच पड़ने वाले होली के पर्व को शांति एवं कुशलता पूर्वक संपन्न कराने की चुनौती है जिसके लिए थाना अध्यक्ष बसखारी श्रीनिवास पांडे एवं नायब तहसीलदार राहुल सिंह अपनी अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में लोकतंत्र के पर्व मतदान एवं धार्मिक महापर्व होली को शांति एवं कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए जागरुक कर रहे हैं। साथ ही पुलिस के द्वारा बनाए गए रजिस्टर 8 के बारे में भी लोगों को जानकारी भी दी जा रही है। बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव में हुए चौपालों में थाना अध्यक्ष बसखारी श्रीनिवास पांडे ने लोगों को मतदान एवं होली के महापर्व मे बढ चढ़कर हिस्सा लेने एवं शांतिपूर्वक मनाने का आवाहन करते हुए कहा कि मतदान एवं होली के पर्व पर हुड़दंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। लोगों को अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह देते हुए थानाध्यक्ष बसखारी श्रीनिवास पांडे ने रजिस्टर 8 के बारे में बताते हुए कहा कि आपकी छोटी से छोटी अपराधिक गतिविधि भी इस रजिस्टर में दर्ज होती हैं। जो भविष्य में आपके जीवन को संवारने की वजाय आपके पूरे जीवन को बिगाड़ सकती हैं। इसलिए अपराधी गतिविधियों से से हमेशा दूर रहे। वहीं इस दौरान राजस्व टीम के नेतृत्वकर्ता नायब तहसीलदार राहुल सिंह ने लोगों से शांतिपूर्वक मतदान एवं त्योहार को मनाने की अपील की।

# फाल्गुन मेला का मेयर ने किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**बहू बेटी** कुटुम्ब फाउंडेशन, रोटरी क्लब वाराणसी गंगा व लायंस क्लब वाराणसी एलिगेट द्वारा फाल्गुन मेले का आयोजन मैदागिन स्थित जैन मंदिर के एसी हॉल में पूर्वाह्न 10 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक लगाया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मृदुला जायसवाल, अजगरा विधायक कैलाश सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश कुमार त्रिपाठी (एटीएस के डिप्टी एसपी) तथा डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ डॉ0 अंशु सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। संस्था की प्रबंधक श्रुति जैन ने बताया कि फाल्गुन मेला में कुल 50 से 60 स्टाल लगाए गये हैं जिसमें ज्वैलरी, पापड़, हैंडीक्राफ्ट, कुशन, बेडशीट, घर के बनाए हुए मशाले, पापड़, अचार सहित कई दुकान लगाए गये हैं।उन्होंने बताया कि स्टॉल लगाने का मुख्य उद्देश्य था कि कोरोना में बहुत से व्यापारी महिलाओं को भी नुकसान हुआ है उनको फिर से उनकी पहचान दिलाने के लिए के साथ ही उनकी पूंजी को बढ़ाने व उनमें विश्वास जगाने का एक अनूठा प्रयास है।

## रिश्वत लेने पर ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जिले में** भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है । आए दिन किसी न किसी कर्मचारी द्वारा सुविधा शुल्क लिए जाने का मामला सामने आता जा रहा है । उन पर कार्यवाही भी हो रही है लेकिन नख से सिर तक भ्रष्टाचार में डूब चुके कर्मचारियों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। ऐसा ही एक मामला टांडा विकासखंड के लालापुर ग्राम पंचायत का सामने आया है जिसमें ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार पासवान ने पंचायत भवन के निर्माण में 20000 की रिश्वत ले ली। रिश्वत लिए जाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह ने आरोपी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया है तथा पूरे मामले की जांच खंड विकास अधिकारी जलालपुर को सौंपी गई है। पंचायत भवन के निर्माण में रिश्वत दिए जाने की शिकायत उसी गांव के नीरज वर्मा ने जिला विकास अधिकारी से की थी।

# रेलवे के किनारे झुग्गी-झोपड़ियों में लगी आग से लाखों की नुकसान



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जैतपुरा** थाना क्षेत्र के ढेलवारिया इलाके में रेलवे लाइन के किनारे स्थित झुग्गी.झोपडी में आग लग गयी। इस आग से 12 झुग्गी जलकर ख़ाक हो गयी। आग की आंच में शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकाघाट भी आ गया जिससे वहां लगी पानी की टंकी गल गयी। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी वैक्सीन एम्बुलेंस तक आग की लटें पहुंची जिससे उसका स्टिकर और वाइज़र जल गया। भोर में लगी इस आग की सूचना पर भारी पुलिस फ़ोर्स और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुँच गयी और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फ़िलहाल आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

इस सम्बन्ध में झुग्गी.झोपडी के निवासी रामू ने बताया कि आग किसी ने लगायी है। रामू ने कहा कि हमारी पूरी गृहस्थी इसी झोपड़ी में थी। सब कुछ जल गया। सड़क पर आ गए हैं। इसी झुग्गी में रहकर हम ऑटो का पर्दा सिलते हैं। सब जलकर ख़ाक हो गया। रामू ने बताया कि 15 वर्षों से यहां थे। इस आग में ख़ाक हो गयी है। करीब 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कुल 12 झोपड़ियां जलकर ख़ाक हो गयी।

## मनोज पटेल अध्यक्ष व महामंत्री पर विकास पटेल हुए निर्वाचित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**डाक्टर** राममनोहर लोहिया कालेज भैरव तालाब राजातालाब में अध्यक्ष पद पर मनोज पटेल ने जीत हासिल की। मनोज ने वंदना प्रजापति को 126 मतों से हराया है। अध्यक्ष पद पर मनोज को 715 मतए वंदना प्रजापति को 589 मत जबकि वंदना भारती को मात्र 2 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार पटेल ने जीत हासिल की जिन्होंने अमर सिंह को 548 मतों से हराया। उपाध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार पटेल को 918 मत ए अमर सिंह को 370 मत मिले। महामंत्री के लिए विकास कुमार पटेल ने दीपक कुमार पटेल को 405 मतों से परास्त किया। महामंत्री पद पर विकास कुमार पटेल को 845 मत और दीपक कुमार पटेल को 440 मत मिले। पुस्तकालय मंत्री पद पर अंकित पाल निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी डाक ?टर सुशील कुमार दुबे ने जीते हुए प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र दिया जबकि कालेज के प्राचार्य काशीनाथ ने सपथ दिलाई।

# विकास कार्यों में लापरवाही और उदासीनता क्षम्य नहीं: डीएम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों को समय से पूर्ण करने के दिये निर्देश

**जिलाधिकारी** भानुचन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को ससमय कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। समय से कार्य पूर्ण नहीं होने पर सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सरकारी राशन की रिक्त दुकानों के आवंटन के सम्बंध में ग्राम सभा द्वारा प्रस्तावित तारीखों पर आवंटन की तारीख सम्बंधित बीडीओ द्वारा आगे बढ़ाये जाने पर जिलाधिकारी ने सख्त रूख अपनाते हुए बीडीओ फूलपुर माण्डा के वेतन आहरण बाधित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिलापूर्ति अधिकारी को चेतावनी जारी करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये। गंगा प्रदूषण इकाई के 10 करोड़ से उपर के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यों का थर्ड पार्टी जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए सरकारी विभागों में विद्युत बकायें की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। विद्युत बकाये की वसूली पर सम्बंधित विभागों से तालमेल न बैठा पाने के कारण को घोर लापरवाही मानते हुए दो दिन के अंदर सभी बकायेदार विभागों से समन्वय स्थापित कर बकाये बिल को वसूलने के लिए किये गये प्रयासों से अवगत कराने को कहा है। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधीक्षण अभियतंओं को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने न्यू बारा में बनाये जा रहे स्टेडियम के निर्माण के सम्बंध में प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही देवी घाट पर बनाये जा रहे विद्यालय के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि सबसे पहले क्लास रूम का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि कक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से होता रहे और अन्य कार्य उसके बाद कराये जाते रहे। पशुधन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण की जा रही गोशालाओं की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने गोशालाओं के निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने के लिए कहा है। साथ ही गोशालाओं में कितने निराश्रित गोवंश रह रहे हैं। उन्होंने समय से निराश्रित पशुओं के टीकाकरण एवं गोवंशीय पशुओं की इयर टैगिंग के कार्य को पूरा कराने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम द्वारा स्थापित गौशालाओं में कार्यरत स्टाफ के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लगातार मानीटरिंग कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जिस भी आंगनबाड़ी केन्द्र पर कोई भी कमी पाएं वहां पर जिम्मेदार लोगो का वेतन रोका जाये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की संख्या को बढ़ाया जाये। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के लिए आये पुष्टाहार बच्चों के बीच वितरित हो रहे हैं या नहीं इसकी जानकारी उपलब्ध करायें। जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजना की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना को निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बीडीओ को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि हर हाल में आयें हुए आवेदनों को समय से निस्तारित किया जाये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। पीडब्लूडी सहित सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि निधि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराये जाये। इसके अलावा निधि के कार्य में घोर लापरवाही बरतने पर विद्युत विभाग के अधिकारी को चेतावनी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपु गिरि सहित सभी सम्बंधित अधिकारी मौजूद थे।

# सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि एवं काशी विद्यापीठ के कुलपतियों की तलाश शुरू

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● प्रो0 राजाराम शुक्ल का 3 मई एवं प्रो0 टीएन सिंह का 23 मई को कार्यकाल पूरा हो रहा है

**महात्मा गांधी** काशी विद्यापीठ व संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपतियों का तीन वर्ष का कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए दोनों विश्वविद्यालयों में नए कुलपति की तलाश शुरू हो गई है। इस क्रम में सर्च कमेटी के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

कुलपतियों का चयन सर्च कमेटी के माध्यम से होता है। तीन सदस्यीय सर्च कमेटी में एक सदस्य गर्वनर नामिनीए दूसरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नामिनी होते हैं। तीसरा सदस्य संबंधित विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद नामित करती है। इस क्रम में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने सर्च कमेटी में पूर्व कुलपति प्रोण् वीण् कुटुम्ब शास्त्री को नामित किया है। संस्कृत के प्रकांड विद्वान प्रोण् शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान ;नई दिल्लीद्ध व सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय ;सोमनाथ.गुजरातद्ध के भी कुलपति रह चुके हैं। काशी विद्यापीठ की कार्यपरिषद ने अब तक सर्च कमेटी के लिए सदस्य नामित नहीं किया है।

काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रोण् टीएन सिंह का तीन वर्ष का कार्यकाल 23 मई को तथा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोण् राजाराम शुक्ल तीन मई को पूरा हो रहा है। ऐसे में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का कार्यकाल अब तीन माह से भी कम बचा हुआ है। नियमानुसार दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति अब नीतिगत फैसले नहीं ले सकते हैं।

# डीएम ने चौपाल में पंहुच कर ली संवेदनशील स्थिति की जानकारी



**अम्बेडकरनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने ब्लॉक अकबरपुर के कुर्की बाजार एवं ब्लाक बसखारी के बेला परसा तथा मसडा मोहनपुर मे लगे चौपाल में पहुंचकर वहां के लोगों के साथ वार्ता कर संवेदनशीलता की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिलाधिकारी ने इन क्षेत्रों के शस्त्र धारकों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि समय के पूर्व ही संबंधित समस्त शस्त्र धारकों का शस्त्र जमा करा लिया जाए। संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जाए ।चुनाव के माहौल में विघ्न नहीं उत्पन्न होना चाहिए।जिलाधिकारी के पूछे जाने पर मसडा मोहनपुर में उपस्थित थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे द्वारा अवगत कराया गया कि इस गांव में 13 शस्त्र धारी हैं जिसमें से 11 शस्त्र जमा करा लिया गया है। शेष दो शस्त्र को जमा कराने की प्रक्रिया की जा रही है। जिलाधिकारी ने इस दौरान अपराध रजिस्टर नंबर 8 का भी अवलोकन किया। रजिस्टर 1859 का बना हुआ था।जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित ग्रामीणों से वार्ता कर संवेदनशीलता की जानकारी ली। लोगों ने अवगत कराया कि माहौल बिल्कुल शांत प्रिय है ।किसी प्रकार की कोई खलल नहीं उत्पन्न होगी। इस बात का ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पूर्ण भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि चुनाव निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी हो। मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ,उप जिलाधिकारी टांडा अभिषेक पाठक ,थानाध्यक्ष तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में से घायल युवक की दर्दनाक मौत

**नवाबगंज, उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर रेल मार्ग पर बीती रात शौच क्रिया के लिए गया युवक ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया। जिसे परिजन आननफानन चिकित्सक के पास ले गये। लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुंजपुर गांव निवासी अनिल पुत्र रामनरायण उम्र 28 वर्ष बीती रात शौच क्रिया के लिए कुसुम्भी स्टेशन के समीप गांव के सामने से निकलकर रेल मार्ग पार कर रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि जब अनिल काफी देर तक घर नहीं पहुंचा। उसे ढूढ़ने के लिए निकले तो देखा कि वह लाइन पर गम्भीर अवस्था में घायल पड़ा था। वहीं पास में उसका मोबाइल भी पड़ा हुआ था। जिसपर परिजन तत्काल घायल अवस्था में उसे नवाबगंज स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले गये।

# सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा के लिए संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक संपन्न



**उन्नाव।** सड़क सुरक्षा समिति संसदीय क्षेत्र की बैठक सांसद डा. सच्चिदानन्द हरि साक्षीजी महराज की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में विधायक सदर पंकज गुप्ता, जिलाधिकारी रवींद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक ए.कुलकर्णी, ब्लाक प्रमुख नवाबगंज अरुण सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह, डी.आई.ओ.एस., एन.एच.ए.आई, ए.आर.एम. आर.के.उपाध्याय, स्वास्थ्य विभाग, पी.डब्ल्यू.डी. विभाग, यू.पी.डा. एवं अन्य स्टेट होल्डर विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रस्तावित रोड सेफ्टी एक्शन प्लान के ड्राफ्ट को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। रोड सेफ्टी एक्शन प्लान में पी.डब्ल्यू.डी., स्वास्थ्य, परिवहन, पुलिस, सूचना, औद्योगिक विकास विभाग आदि हेतु कार्ययोजना तैयार की गयी है। जिसमे राज्य सड़क सुरक्षा कार्ययोजना के अनुरूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु प्रभावी प्रयास दिए गए हैं। जैसे दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर पी.डब्ल्यू.डी., एन.एच.ए.आई., नगर पालिका आदि द्वारा सुधारीकरण, ओवरस्पीडिंग, हेलमेट, सीट बेल्ट आदि अभियोगों में पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही, इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस तैयार किया जाना, हाईवे और अन्य रास्तों पर एम्बुलेंस की सुविधा 108 और 112 से जोड़ते हुए आदि शामिल हैं। ए.आर.टी.ओ. ऋतु सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया गया है। इसके तहत वाहन चालकों, जनसामान्य, छात्र-छात्राओं, मिशन शक्ति में महिला यात्री सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं चेकिंग अभियान चालाये गए है। बताया फरवरी 2021 तक 1213 ओवरलोड वाहनों के चालान की कार्यवाही की गयी। जिसमे तीन करोड़ से अधिक प्रशमन शुल्क जमा हुआ। 2102 डग्गामार बसों के चालान किये गए एवं रिफ्लेक्टिव टेप, हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवेरस्पीडिंग आदि में लगभग पन्द्रह हजार चालान किये गये। जिलाधिकारी ने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध पुलिस, परिवहन व खनन विभाग को संयुक्त अभियान चालाने के निर्देश दिए बैठक में ही जारी किया। ब्लैकस्पॉट सुधारीकरण में एन.एच.ए.आई. और पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा अपेक्षित कार्यवाही न करने के कारण रोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि 31 मार्च तक परिवहन आयुक्त कार्यालय से अद्यतन सूची के अनुसार समस्त ब्लैकस्पॉट पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में अवैध ढाबों, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के विरुद्ध एन.एच.ए.आई., यू.पी.डा., नगर पालिका एवं पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा प्रभावी कार्यवाही न किये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। ब्लाक प्रमुख ने भी टोल प्लाजा पर ड्रंकन ड्राइविंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के लिए कहा। सदर विधायक ने प्रत्येक थानों में और अधिक ब्रेथ एनालाइजर की व्यवस्था कर ड्रंकन ड्राइविंग के विरुद्ध अभियान चलाने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को थानों के आस पास एम्बुलेंस की संख्या बढ़ने के लिए और दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल चिकित्सीय सहायता के लिए निर्देशित किया। बैठक में ही सांसद ने कहा सड़क दुर्घटना में किसी की जान बचाना ही सच्चा कार्य है और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभागों ने रोड सेफ्टी एक्शन प्लान के माध्यम से जो संकल्प लिया है वह सराहनीय है।

# विपक्ष ने अंबानी के घर के समीप मिले वाहन के मालिक की मौत की जांच पर उठाए सवाल

भाषा। मुंबई

**उद्योगपति** मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटकों से लदे वाहन के कथित मालिक के मृत पाए जाने के एक दिन बाद विपक्षी भाजपा ने शनिवार को कहा कि यह हत्या का मामला प्रतीत होता है और पार्टी ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए। शिवसेना के नेता और राज्यसभा के सदस्य संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार की छवि और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है कि हीरेन मनसुख की रहस्यमय मौत से पर्दा उठे। मनसुख को उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास मिले विस्फोटकों से लदे वाहन का मालिक बताया जाता है। पुलिस ने बताया था कि करीब 45 वर्षीय मनसुख ठाणे में मुंबई-रेती बंदर रोड पर एक नदी के किनारे शुक्रवार की सुबह मृत पाए गए थे। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि मनसुख की रहस्यमय मौत निराशाजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। मनसुख के स्कॉर्पियो वाहन का इस्तेमाल अंबानी के आवास के पास विस्फोटक रखने में किया गया था। उन्होंने कहा, उनकी मौत का राजनीतिकरण करना और सरकार को घेरना गलत है। इस बात पर संदेह है कि मनसुख की मौत आत्महत्या थी या हत्या। मामले में वह महत्वपूर्ण गवाह थे। उन्होंने कहा, गृह विभाग को जल्द से जल्द सच्चाई का पता लगाना चाहिए। यह महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार की प्रतिष्ठा और छवि के लिए महत्वपूर्ण है। राकांपा के नेता और राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि मामले की जांच मुंबई पुलिस की अपराध शाखा से लेकर राज्य के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को सौंप दी गई है।

राज्य भाजपा के प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने जांच की गंभीरता पर सवाल उठाए। पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, प्रथमदृष्ट्या उनकी हत्या हुई। लेकिन जांच की गंभीरता को लेकर मुझे संदेह है। उन्होंने राज्य सरकार पर राजनीति के अपराधीकरण को बढ़ावा देने के आरोप लगाए।उन्होंने कहा, दो वर्षों से भी कम समय में कई मंत्रियों को गंभीर आरोपों का सामना करना पड़ा लेकिन उनमें से कोई भी पद से नहीं हटा, सिवाय हाल में वन मंत्री के इस्तीफे के। पुणे में एक महिला की मौत से नाम जुड़ने के बाद हाल में वन मंत्री संजय राठौड़ ने इस्तीफा दिया था। इस बीच, भाजपा नेता आशीष शेल्लार ने शिवसेना नीत सरकार पर निशाना साधा और मनसुख के पोस्टमॉर्टम के समय मुठभेड़ विशेषज्ञ सहायक पुलिस निरीक्षक की मौजूदगी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मनसुख के पोस्टमॉर्टम के वक्त मुठभेड़ विशेषज्ञ की मौजूदगी संदिग्ध है क्योंकि वह न तो ठाणे पुलिस में हैं, न ही एटीएस में, जो मामले की जांच कर रही है। इससे यह पता चलता है कि यह सरकार कुछ छिपाना चाहती है। शेल्लार ने मामले की जांच में यू-टर्न लेने के लिए गृह मंत्री की भी आलोचना की। उन्होंने पूछा, गृह मंत्री ठाणे और मुंबई पुलिस और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा कर रहे थे, लेकिन आधे घंटे के अंदर ही उन्होंने जांच एटीएस को सौंप देने की घोषणा की। तो आधे घंटे में ऐसा क्या हुआ कि उन्हें जांच एटीएस को सौंपनी पड़ी? महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता संदीप देशपांडे ने मांग की कि मामले की जांच किसी निवर्तमान न्यायाधीश से कराई जाए। पुलिस के मुताबिक, वाहनों के कल-पुर्जे का व्यवसाय करने वाले हीरेन बृहस्पतिवार की रात साढ़े आठ बजे ठाणे में अपनी दुकान से निकलने के बाद से लापता थे।



जम्मू में लगाए गए विशेष कैंप में बने कार्ड दिखाते रोहिंग्या मुस्लिम

# पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले राजनीतिक खेमों में बंटा टॉलीवुड

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में पहली बार सरकार बनाने की भाजपा की महत्वाकांक्षा और तीसरी बार सत्ता में आने की तृणमूल की कवायद ने बंगाली फिल्मोद्योग का राजनीतिक ध्रुवीकरण करके इसे पार्टियों के लिए नया युद्ध स्थल बना दिया है। टॉलीवुड के नाम से प्रसिद्ध टॉलीगंज स्थित फिल्म उद्योग पर तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव 2011 में ममता बनर्जी के सत्ता में आने के पहले से था लेकिन अब कई हस्तियों का झुकाव भाजपा की ओर होने से इसमें बदलाव होता दिख रहा है। अभिनेताओं और अभिनेत्रियों को चुनाव के मैदान में उतारने की बनर्जी की रणनीति को अपनाते हुए भाजपा ने फिल्म उद्योग का समर्थन अपने पाले में करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी, अपने ऊपर लगे बाहरी के ठप्पे से पीछा छुड़ाने और बंगाली जनमानस में पैठ बनाने के उद्देश्य से फिल्म उद्योग की नामचीन हस्तियों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। वहीं तृणमूल कांग्रेस, अपनी जमीन और मजबूत करने के लिहाज से फिल्म उद्योग से जुड़ी और अधिक हस्तियों को अपने पाले में करने की कोशिश कर रही है। दोनों ही पार्टियों का मानना है कि फिल्म जगत के लोग मतदाताओं के वोट तो नहीं खींच सकते लेकिन वह ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों के निवासियों के राजनीतिक रुझान को प्रभावित जरूर कर सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, हम चाहते हैं कि हर क्षेत्र के लोग हमारी पार्टी से जुड़ें। फिल्म उद्योग के लोगों के प्रशंसक बड़ी संख्या में होते हैं। तृणमूल सरकार ने टॉलीवुड में भी उसी प्रकार अराजकता फैलाई है जैसा उन्होंने पूरे राज्य में किया है और अभिनेता इससे छुटकारा चाहते हैं। घोष के आरोपों को निराधार बताते हुए तृणमूल ने कहा कि मौकापरस्त लोग दल बदल रहे हैं क्योंकि जो बंगाली संस्कृति से जुड़े हुए लोग हैं वह भाजपा जैसी बाहरी पार्टी को स्वीकार नहीं करेंगे। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री अरूप बिस्वास ने कहा, भाजपा और बंगाली संस्कृति एक दूसरे के विरोधी हैं। दोनों एक साथ नहीं चल सकते। जो भाजपा में शामिल हो रहे हैं उन्हें जल्दी ही इसका आभास होगा और अपने फैसले पर पछतावा होगा। फिल्मकार से भाजपा महिला मोर्चा की नेता बनी संघमित्रा चौधरी ने आरोप लगाया कि अरूप बिस्वास और उनके भाई स्वरूप के कड़े नियंत्रण के चलते टॉलीवुड में भय का माहौल है।उन्होंने कहा, सरकार से तंग आकर बंगाली फिल्मों के बहुत से अभिनेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं क्योंकि वह अपमानित होने से बचना चाहते हैं। हम वादा करते हैं कि हम स्थिति में परिवर्तन लाएंगे। इस आरोप का खंडन करते हुए बिस्वास ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने कलाकारों और तकनीकी लोगों का राजनीतिक झुकाव देखे बिना उनके फायदे के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, भाजपा फिल्म जगत को बांटना चाहती है जो हमेशा से प्रगतिशील और संयुक्त रहा है। बिस्वास के सुर में सुर मिलाते हुए तृणमूल प्रत्याशी सोहम चक्रवर्ती ने कहा कि केवल मौकापरस्त लोग ही पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। बाबुल सुप्रियो, रूपा गांगुली और लॉकेट चटर्जी जहां लंबे समय से भाजपा से जुड़े रहे हैं वहीं रिमझिम मित्रा, अंजना बसु और कंचना मोइत्रा 2019 चुनाव में बाद पार्टी में शामिल हुईं। महीनाभर पहले रुद्रनील घोष के भाजपा में शामिल होने के बाद यश दासगुप्ता, पायल सरकार, हिरेन चटर्जी, पापिया अधिकारी और श्रवंती चटर्जी ने भी भाजपा का दामन थामा। भाजपा, मिथुन चक्रवर्ती और सुपरस्टार प्रसेनजित चटर्जी को अपने पाले में लाने के लिए मेहनत कर रही है। हालांकि चटर्जी ने किसी भी पार्टी में जाने से इनकार कर दिया है लेकिन चक्रवर्ती ने अभी तक रुख स्पष्ट नहीं किया है। तृणमूल ने भी फिल्म जगत की कम से कम 10 हस्तियों को हाल ही में पार्टी में लिया है और विधानसभा चुनाव में अभिनेत्री सयोनी घोष, कुशानी मुखर्जी और निर्देशक राज चक्रवर्ती को टिकट दिया है।

# स्थानीय निकाय चुनाव में 61 साल में पहली बार भाजपा ने 90 प्रतिशत सीटों पर जीत हासिल की: रूपाणी

भाषा। गांधीनगर

**गुजरात में हा**ल ही में हुए निकाय चुनावों में मिली जीत के बाद मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी, अब राज्य के 90 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है। विधानसभा में राज्यपाल आचार्य देवव्रत के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। रूपाणी ने कहा, लोगों ने हम पर विश्वास जताया है और संसद से पंचायत तक विजई बनाया है। स्थानीय निकाय चुनाव में 61 साल में पहली बार भाजपा ने 90 प्रतिशत सीटों पर जीत हासिल की है। हमने सभी छह नगर निगम, 81 में से 75 नगरपालिका, सभी 31 जिला पंचायत और 231 में से 196 तालुका पंचायतों पर जीत हासिल की है। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा, इस विजय से लोकसभा में अब भाजपा के सौ प्रतिशत सांसद, जिला पंचायतों और नगर निगमों में सौ प्रतिशत प्रतिनिधि, नगर पालिकाओं में 93 प्रतिशत प्रतिनिधि, तालुका पंचायतों में 86 प्रतिशत प्रतिनिधि और 61 प्रतिशत विधायक (182 में से 111) हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा अब गुजरात के कुल भौगोलिक क्षेत्र के 90 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती है। दूसरे शब्दों में, 182 में से 164 विधानसभा सीटों के लोगों ने भाजपा पर विश्वास जताया है। चुनाव में लोगों द्वारा नकारे जाने के बाद कांग्रेस का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा समर्थन इसलिए मिला क्योंकि उनकी सरकार ने गत पांच वर्षों में लोकहित के 1,700 निर्णय लिए जिसमें चार साल में 17,000 करोड़ रुपए मूल्य का 32 लाख टन कृषि उत्पाद शामिल है जिसे एमएसपी पर खरीदा गया। रुपाणी ने कहा कि इसके अलावा 81 ओवरब्रिज बनाए गए, आदिवासी छात्रों के लिए 41 स्कूल का निर्माण किया गया और पिछले चार साल में 11 लाख युवाओं को रोजगार मेले के जरिए रोजगार दिया गया।

## कोविड-19 टीके की दूसरी खुराक के बाद व्यक्ति के संक्रमित होने की पुष्टि

**अहमदाबाद।** गुजरात में कोविड-19 टीके की दूसरी खुराक लेने के कुछ ही दिन बाद एक स्वास्थ्यकर्मी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। गांधीनगर के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एम. एच. सोलंकी ने शनिवार को बताया कि गांधीनगर जिले के देहगाम तालुका निवासी स्वास्थ्यकर्मी ने पहली खुराक 16 जनवरी को और दूसरी खुराक 15 फरवरी को ली थी। उन्हें बुखार आया और उनके लक्षणों की जांच करने पर उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई। सोलंकी ने कहा, लक्षण बेहद हल्के होने के कारण उन्हें घर में पृथक-वास में रखा गया है। उन्होंने बताया कि वह सोमवार से काम करने की स्थिति में होंगे। अधिकारी ने बताया कि टीके की दोनों खुराक लेने के बाद शरीर में एंटीबॉडी बनने में सामान्य रूप से 45 दिन का समय लगता है। उन्होंने कहा कि टीके दोनों खुराक लेने के बावजूद सुरक्षित बने रहने के लिए लोगों को मास्क पहनना चाहिए और दो गज की दूरी सहित कोविड-19 से जुड़े सभी नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

# स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वित्त पोषण बढ़ाने, सेवाओं में बराबरी लाने की जरूरत : डॉ. हर्षवर्धन



भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** हर्षवर्धन ने शनिवार को स्वास्थ्य क्षेत्र में वित्त पोषण बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं में बराबरी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।वह टेकभारत 2021 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मंत्री के हवाले से जारी एक बयान में कहा गया, सरकारी संस्थानों में गरीबों के लिए सुविधाओं में सुधार और हाल में आवश्यक दवाओं और स्वास्थ्य उपकरणों की कीमतों को कम करना सही दिशा में उठाया गया कदम है।

**● सरकारी संस्थानों में गरीबों के लिए सुविधाओं में सुधार और हाल में आवश्यक दवाओं और स्वास्थ्य उपकरणों की कीमतों को कम करना सही दिशा में उठाया गया कदम है**

उन्होंने कहा, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वित्त पोषण बढ़ाने की जरूरत है और यह सुनिश्चित किया जाना है कि स्वास्थ्य सेवाएं देने में समानता बरती जाए। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, टेक भारत सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन लघु उद्योग भारती और आईएमएस फाउंडेशन ने किया जिसमें स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के पक्षों को डिजिटल मंच पर एक साथ लाया गया।नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए हर्षवर्द्धन ने कहा कि केंद्रीय बजट 2021-22 में स्वास्थ्य के क्षेत्र को अब तक का सबसे अधिक धन आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बजट में 137 फीसदी की बढ़ोतरी से न केवल हमारे स्वास्थ्य सुविधा ढांचे को मजबूती प्रदान की जाएगी बल्कि इसमें स्वास्थ्य के अन्य क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जाएगा।

## भाजपा ने दो केंद्रीय नेताओं को उत्तराखंड भेजा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने यह संकेत मिलने के बाद दो केन्द्रीय नेताओं को उत्तराखंड भेजा है कि पार्टी की राज्य इकाई के नेताओं का एक वर्ग मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से नाराज है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम पार्टी की राज्य इकाई के नेताओं से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर बात कर रहे हैं।सूत्रों ने इन खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि पार्टी राज्य में मुख्यमंत्री को बदलने पर विचार कर रही है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं।भाजपा द्वारा दो वरिष्ठ नेताओं को उत्तराखंड भेजने के बाद यह मामला महत्वपूर्ण हो गया है। भाजपा ने 2017 में मोदी लहर पर सवार होकर 70 सदस्ईय विधानसभा की 57 सीटों पर जीत हासिल की थी। रावत को चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की बागडोर सौंपी गई थी।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्या मुसलमानों की बायोमिट्रिक जानकारी जुटान का काम शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने जम्मू मे रह रहे रोहिंग्या मुसलमानो की बायोमिट्रिक जानकारी सहित अन्य विवरण जुटाने का काम शनिवार से शुरू कर दिया। रोहिंग्या म्यामां के बांग्लाभाषी अल्पसंख्यक मुसलमान है। अपने देश मे प्रताड़ना और उत्पीड़न से परेशान होकर काफी संख्या मे रोहिंग्या बांग्लादेश के रास्ते अवैध तरीके से भारत मे प्रवेश करके जम्मू सहित देश के विभिन्न भागो मे बस गए है। अधिकारियो ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच एमएएम स्टेडियम मे म्यामां से आए रोहिंग्या मुसलमानो का सत्यापन किया गया। उन्होने बताया कि प्रक्रिया के तहत उनकी बायोमिट्रिक जानकारी, रहने का स्थान आदि सहित अन्य सूचनाएं जुटाई गईं। म्यामां के नागरिक अब्दुल हनान ने पत्रकारो को बताया, कोविड-19 की जांच के बाद हमने एक फॉर्म भरा। हमारे फिंगरप्रिंट लिए गए। उन्होने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद वह स्टेडियम से बाहर आ गए। कुछ राजनीतिक दलो और सामाजिक संगठनो ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि वे रोहिंग्या और बांग्लादेशियो को तुरंत उनके देश वापस भेजने की दिशा मे कदम उठाएं। उनका आरोप है कि इन दोनो की देश मे उपस्थिति क्षेत्र की जनांकीकीय प्रकृति को बदलने की साजिश और क्षेत्र की शांति के लिए खतरा है। रोहिंग्या मुसलमानो और बांग्लादेशी नागरिको सहित 13,700 से ज्यादा विदेशी नागरिक जम्मू और साम्बा जिलो मे बसे हुए है। सरकारी आंकड़े के अनुसार, 2008 से 2016 के बीच उनकी जनसंख्या मे 6,000 से ज्यादा की वृद्धि हुई है।

### लाल रक्त कोशिकाओं पर मदिरा के प्रभाव की पहचान के लिए वैज्ञानिकों ने बनाया उपकरण

नई दिल्ली। वैज्ञानिको ने लंबे समय तक मदिरा के उपयोग से लाल रक्त कोशिकाओ (आरबीसी) पर पड़ने वाले प्रभाव की पहचान का उनके आकार के हाई रिजोलूशन माप से पता लगाने के लिए एक उपकरण विकसित किया है। एक बयान मे शनिवार को यह जानकारी दी गई। मदिरा के प्रभाव के कारण आरबीसी के आकार मे कमी को दिखाने वाले हाई-रिजोलूशन उपकरण को ऐसी कई स्थितियो के लिए संयोजित किया जा सकता है जो रक्त मे लाल रुधिर कोशिकाओ के आकार व संख्या मे बदलाव की पहचान वास्तविक समय के नतीजों के आधार पर करें।यद्यपि यह ज्ञात है कि मदिरा आरबीसी पर प्रभाव डालती है लेकिन सटीक शारीरिक बदलाव बेहद सूक्ष्म होते है और इन्हें मापना काफी मुश्किल होता है। इस चुनौती से पार पाने के लिए, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा पोषित संस्थान रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) के प्रोफेसर गौतम सोनी के नेतृत्व मे वैज्ञानिको ने एक इलेक्ट्रो-फ्लुइडिक उपकरण विकसित किया है जिससे संवर्धित रेजोलूशन मे कोशिका के आकार को मापकर परिवर्तन का पता लगाया जा सकता है। आरआरआई मे बना उपकरण प्रतिरोधी नब्ज संवेदन सिद्धांत पर काम करता है। यह शोध कार्य हाल मे अमेरिकन केमिकल सोसाइटी के एसीएस सेंसर्स पत्रिका मे प्रकाशित हुआ।

### भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह अस्वस्थ, उपचार के लिए मुंबई गईं



**भोपाल।** भाजपा नेता एवं भोपाल से लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर की तबियत अचानक खराब होने जाने के बाद शनिवार को उन्हे विमान से मुम्बई ले जाया गया। उनके सहयोगी ने यह जानकारी दी। प्रज्ञा के सहयोगी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे सांसद ने बैचेनी महसूस होने की शिकायत की। इसके बाद, उन्हें यहां स्थित उनके आवास से हवाईअड्डा ले जाया गया। वहां से उन्हे एक सरकारी विमान से मुम्बई ले जाया गया।श्रीवास्तव ने बताया कि सांसद को मुम्बई के कोकिलाबेन अस्पताल मे भर्ती कराया जा रहा है।उन्होने बताया कि शुक्रवार शाम को भी प्रज्ञा ठाकुर ने अपने शरीर के बाएं हिस्से मे दर्द होने की शिकायत की थी। शुक्रवार को उनका रक्तचाप सामान्य नही था, हालांकि दवा लेने और आराम करने के बाद वह बेहतर महसूस कर रही थी, लेकिन वह आज पुनः अस्वस्थ हो गईं।श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा के हालिया सत्र के समाप्त होने के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते प्रज्ञा को एम्स, नई दिल्ली मे भर्ती कराया गया था। इसके बाद प्रज्ञा एक मार्च को ही भोपाल लौटी थी। प्रज्ञा ठाकुर के वकील जेपी मिश्रा ने मुंबई मे पीटीआई-भाषा को बताया कि उन्हे शहर के एक अस्पताल मे भर्ती कराया जा रहा है। गौरतलब है कि 2008 मे हुए मालेगांव बम विस्फोट मामले मे आरोपी प्रज्ञा को स्वास्थ्य कारणो एवं सुरक्षा मुद्दो को लेकर मुंबई की अदालत मे उपस्थिति से हाल ही मे छूट प्रदान की गई थी।

## पेज 1 का शेष...

### भाजपा के हुए..

दिन पहले राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और दावा किया था कि तृणमूल कांग्रेस में उनकी आवाज दबाई जाती है। त्रिवेदी ने कहा कि वह इस स्वर्णिम अवसर के इंतजार में थे। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियों में परिवार सबसे ऊपर होता है लेकिन भाजपा में लोग सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देशहित को प्राथमिकता नहीं दी होती तो वह इतना आगे नहीं बढ़ती। त्रिवेदी के भाजपा में शामिल होने पर तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वह कृतघ्न हैं और उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के साथ विश्वासघात किया। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, पिछले कई सालों से उन्होंने कुछ नहीं कहा। अब, राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने पार्टी के बारे में शिकायत की। वह अहसान फरामोश हैं और उन्होंने राज्य के लोगों से विश्वासघात किया है।

### आधुनिक युद्ध ...

एमएम नरवाने, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह और वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने सुरक्षा तैयारी का पूरा खाका पेश किया। इस सम्मेलन में पूरा फोकस आधुनिक जमाने में युद्ध की तैयारी और चीन-पाकिस्तान जैसे दोनों संवेदनशील मोर्चों पर लड़ाई की क्षमता पर रहा। शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में पहली बार आम जवानों को भी शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने भी ऑपरेशनल तैयारी के बारे में पीएम मोदी के समक्ष अपने विचार रखे। इस पहल की प्रधानमंत्री ने खूब तारीफ की।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने सैन्य और नागरिक मोर्चों पर ठोस योजना बनाकर काम करने पर जोर दिया। तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य को देखते हुए प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना को एक भविष्य की ताकत के रूप में विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। बयान में कहा गया है कि देश अगले साल अपनी आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा। ऐसे में सुरक्षा बल इस मौके का इस्तेमाल तमाम ऐसी गतिविधियों के लिए करें जिससे युवाओं को प्रेरणा मिले। यह उच्च-स्तरीय बैठक फरवरी में पूर्वी लद्दाख में पैंगॉन्ग त्सो (झील) से भारतीय और चीनी सैनिकों की वापसी के कुछ दिनों बाद हुई है। दोनों पक्ष अब डेपसांग घाटी, गलवान और हॉट स्प्रिंग्स सहित अन्य तनाव वाले क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और सैनिकों को वापस बुलाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। इसी तरह का सम्मेलन कुछ साल पहले विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य में आयोजित किया गया था। एक और कमांडर कांफ्रेंस देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकेडमी में रखा गया था।

### 'टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट'....

चंडीगढ़ के स्वास्थ्य सचिवों तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशकों के साथ बातचीत की।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों आग्रह किया गया है कि वे फिर अपनी पुरानी रणनीति 'टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट' पर लौटें। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उच्च स्तरीय टीमों को कोरोना वायरस संक्रमण की निगरानी, नियंत्रण आदि में राज्य स्वास्थ्य विभाग की सहायता के लिए भेजा जा रहा है। महाराष्ट्र के लिए उच्च स्तरीय दल की अगुवाई एमओएचएफएब्ल्यू के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सीएमओ पी रवीन्द्रन करेंगे। वहीं पंजाब के लिए जन स्वास्थ्य टीम की अगुवाई नई दिल्ली के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के निदेशक एसके सिंह करेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि ये दल ऐसे इलाकों में जाएंगे जहां संक्रमण के मामले बहुत अधिक हैं और संक्रमण के मामले बढ़ने के कारणों का पता लगाएंगे। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पंजाब में संक्रमण के 6,661 मामले उपचाराधीन हैं और महाराष्ट्र में उपचाराधीन मामलों की संख्या 90,055 है। ये दल मुख्य सचिवासचिव (स्वास्थ्य) को जानकारी देंगे साथ ही यह भी बताएंगे कि संबंधित राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों को उपाय के तौर पर क्या कदम उठाने चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि केन्द्र सरकार कोरोना वायरस संक्रमण को शिकस्त देने के लिए सरकार और समाज की पूरी भागीदारी वाले रुख के साथ कॉपरेटिव फेडरलिज्म की रणनीति के साथ मोर्चा संभाल रही है। संक्रमण से निपटने के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रयासों को मजूबती देने के जारी प्रयासों के तहत सरकार समय समय पर राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में केन्द्रीय टीमें भेजती है।

इन राज्यों से कहा गया है कि जो जिले एंटीजन जांच पर निर्भर हैं वहां आरटी-पीसीआर की जांच बढ़ाई जाए, जहां मामले बढ़ रहे हैं वहां निगरानी पर फिर से ध्यान केंद्रित किया जाए और चुनिंदा जिलों के उन क्षेत्रों में कड़ाई से निरूद्ध क्षेत्र बनाए जाएं और प्रति संक्रमित मामले में कम से कम 20 लोगों का पता लगाया जाए जो उनके संपर्क में आए हैं। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हाल के समय में संक्रमण की दर बढ़ी है और रोजाना संक्रमण के नए मामलों में बढ़ोतरी हुई है। मंत्रालय ने बयान में बताया कि उन्होंने इन आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोविड-19 के नए मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए निगरानी, निरूद्ध क्षेत्र और कोविड-19 मामलों के प्रबंधन पर स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा की।

### सेक्युलरिज्म शब्द ...

कहानियां हमें बहुत कुछ सिखाती हैं। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए सीएम ने कहा कि कुछ लोगों ने तो राम के अस्तित्व और अयोध्या पर ही सवाल उठाने का प्रयास किया था। उस समय भी, जब श्रीराम जन्म भूमि के लिए आंदोलन चल रहा था। कई इतिहासकार थे जो सवाल खड़े करने का प्रयास कर रहे थे। बहुत सारे लोगों ने तो यह कह दिया कि ये वो अयोध्या ही नही, जहां राम पैदा हुए थे। यही विकृत मानसिकता भारत को अपने गौरव से सदैव वंचित करती रही है। योगी ने कहा कि जो चंद लोग भारत के खिलाफ वातावरण खड़ा करते हैं उन्हें जूठन के रूप में चंद पैसे मिल जाते हैं। लेकिन दुनिया में इनकी कदर कुछ भी नहीं। लोग मानते हैं कि ये अपने देश में गद्दारी कर रहे हैं। ये लोग बिकाऊ हैं, ये चंद पैसों के लिए अपनी आत्मा बेच चुके होते हैं। अयोध्या शोध संस्थान की तारीफ करते हुए योगी ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व ही मेरे सामने यह प्रस्ताव रखा था। योगी ने कहा कि यह गौरव की बात है कि, भारत की सनातन हिंदू धर्म परंपरा में जो सात पवित्र नगरियां हैं उनमें से तीन अयोध्या, मथुरा और काशी उत्तर प्रदेश में हैं। सनातन हिन्दू धर्म की आत्मा यहां निवास करती है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से जुड़े हुए किसी ऐसे विश्वकोश के कार्यक्रम को बढ़ाने के लिए किसी कार्यशाला का आयोजन हो और उस कार्यशाला के माध्यम से उसकी रूपरेखा तैयार कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं। आज ये बहुत सहज और सरल भी है। योगी ने कहा कि हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि दुनिया भर में होने वाली रामलीलाओं का मंचन अयोध्या में हो। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग की अगुआई में अयोध्या शोध संस्थान द्वारा तैयार रामायण विश्वमहाकोश के पहले संस्करण की ई बुक को भी लांच किया गया। रामायण विश्व महाकोश के पहले संस्करण का अंग्रेजी भाषा में विमोचन किया गया। संस्कृति विभाग दुनिया के 205 देशों से रामायण की मूर्त व अमूर्त विरासत संजो कर रामायण विश्वमहाकोश परियोजना को साकार करने में जुटा है। विश्वमहाकोश के प्रथम संस्करण का डिजाइन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर ने तैयार किया है।

### आंदोलन के ...

नहीं माने जाने को लेकर भाजपा नीत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सोनीपत तथा झज्जर और कुछ अन्य स्थानों पर प्रदर्शनकारी अपने ट्रैक्टर ट्रॉली तथा अन्य वाहन लेकर आए और उन्हें केएमपी एक्सप्रेसवे के कुछ हिस्सों में बीच में खड़ा कर दिया।

# राजस्थान में जिंदा जलाई गई बलात्कार पीड़िता की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में जिंदा जलाई गई बलात्कार पीड़िता की शनिवार सुबह इलाज के दौरान जयपुर के अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने इस सिलसिले में पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनमें एक व्यक्ति वह है जिसके खिलाफ महिला ने दो साल पहले बलात्कार की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से प्रभावित परिवार को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है। यह घटना हनुमानगढ़ जिले की है। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के एक व्यक्ति पीड़िता के मकान में घुसा और बाहर से कमरे में मिट्टी का तेल छिड़क कर दरवाजा खटखटाया। जब पीड़िता ने दरवाजा खोला आरोपी ने जलती हुई एक लकड़ी उसकी ओर फेंक दी जिससे वहां आग लग गई और महिला बुरी तरह से झुलस गई। झुलसी हुई महिला को पहले सीएचसी गोलूवाला ले जाया गया और बाद में जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## विकास, मनीष समेत छह भारतीय पुरूष मुक्केबाज फाइनल में

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता मनीष कौशिक (63 किलो) और विकास (69 किलो) स्पेन के कास्टेलोन में चल रहे 35वें बाक्सेज अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए। अमेरिका में पेशेवर मुक्केबाजी खेलकर आए विकास ने कजाखस्तान के अबलाइखान जुसुपोव को हराया जबकि मनीष ने फ्रांस के लूनेस हमराउइ को मात दी।

## सितसिपास सेमीफाइनल में

**रोटरडम।** दूसरी वरीयता प्राप्त यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने एबीएन एमरो विश्व टेनिस टूर्नामेंट में कारेन खाचानोव को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सितसिपास ने यह मुकाबला 4- 6, 6-3, 7-5 से जीता। वह फरवरी 2020 के बाद से कोई टूर खिताब नही जीत सके है। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रुब्लेव से होगा जिन्होंने क्वालीफायर जेरेमी चार्डी को 7-6, 6- 7, 6-4 से मात दी।

## वेस्टइंडीज को 43 रन से हराकर श्रीलंका ने श्रृंखला में बराबरी की

**कूलिज (एंटीगा)।** अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 43 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 160 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 18 . 4 ओवर में 117 रन पर आउट हो गई। वानिंदुदु हसरंगा, अकिला धनंजय और धनुष्क गुणतिलका ने मिलकर आठ विकेट लिए।

## जुझारू प्रदर्शन के बावजूद अर्जेंटीना ओपन में हारे नागल

**ब्यूनस आयर्स।** बेखौफ टेनिस का प्रदर्शन करते हुए भारत के सुमित नागल दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी अलबर्ट रामोस विनोलास से करीबी मुकाबले में हारकर अर्जेंटीना ओपन के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। निर्णायक सेट में 2 . 5 से पिछड़ने के बावजूद नागल ने हार नही मानी।

## प्रिएश ने सब जूनियर खिताब जीता, निखिल कैडेट बॉयज चैम्पियन बने

**इंदौर।** प्रिएश राज सुरेश ने शनिवार को यहां 82 वी कैडेट और सब-जूनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैपियनशिप के फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी को 4-। से हराकर सब-जूनियर लड़कों का खिताब जीता।कैडेट बॉयज का ताज तमिलनाडु के निखिल मेनन के पास गया, जिन्होने फाइनल में यूपी के पार्थ प्रभाकर को 4-0 से हराया।

## सुदेवा दिल्ली ने चेन्नई सिटी को 2–1 से हराया

**कोलकाता।** सुदेवा दिल्ली एफसी ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप बी मैच में चेन्नई सिटी को 2-। से शिकस्त दी।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भारत शीर्ष पर


भाषा। दुबई

भारतीय टीम इंग्लैंड को चौथे और आखिरी टेस्ट मैच में एक पारी और 25 रन से हराकर श्रृंखला 3–1 से जीतने के बाद आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका के लीग चरण में शीर्ष पर रही। आईसीसी ने ट्वीट किया , इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद भारत पहली आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में लीग चरण में शीर्ष पर रही। भारत के लीग चरण में 12 जीत, चार हार और एक ड्रॉ के बाद 520 अंक रहे। न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा जिसके सात जीत, चार हार के बाद 420 अंक हैं। वहीं आस्ट्रेलिया 332 अंक लेकर तीसरे, इंग्लैंड चौथे और पाकिस्तान पांचवें स्थान पर रहा। जून में फाइनल में लॉर्ड्स पर भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

## खुद को बेहतर करना और अमिट छाप छोड़ना चाहता हूं: अश्विन

**अहमदाबाद।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हर दिन कुछ न कुछ नया सीखकर खुद को बेहतर बनाने की कोशिश में जुटे रहते हैं क्योंकि वह भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में अमिट छाप छोड़ना चाहते हैं। अश्विन ने अपने 10 साल के कैरियर में आठ मैन आफ द सीरीज पुरस्कार जीत लिए हैं और वह हरभजन सिंह के 417 टेस्ट विकेट की बराबरी करने से महज आठ विकेट दूर हैं। और ऐसा इन गर्मियों में इंग्लैंड में हो सकता है लेकिन इसके बारे में नहीं सोचना चाहते। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह चीज मेरे दिमाग में भी नहीं आई और अगर आप इस पर मेरे विचार लेना चाहते हैं तो वह बहुत ही शानदार गेंदबाज हैं।

## हमारी बेंच स्ट्रेंग्थ काफी मजबूत, बदलाव के दौर में मदद मिलेगी: कोहली



**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम की प्रतिभावान और मजबूत बेंच स्ट्रेंथ से कप्तान विराट कोहली इस बात को लेकर काफी आश्वस्त है कि अगले कुछ वर्षों में जब टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी तो उसके लिए परिस्थितियां ज्यादा मुश्किल नहीं होगी। वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और ऋषभ पंत जैसे कई युवा खिलाड़ियों के उदय से भारत ने देश और विदेश दोनों जगहों पर शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने शनिवार को इंग्लैंड को चौथे और अंतिम टेस्ट में पारी और 25 रन से करारी शिकस्त देते हुए श्रृंखला 3-। से अपने नाम की। श्रृंखला का यह नतीजा तब आया जब टीम पहले टेस्ट में बुरी तरह 227 रन से हार गई थी। कोहली ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चेन्नई (दूसरे टेस्ट) में वापसी ने मुझे सबसे अधिक प्रसन्न किया। पहले टेस्ट में हम अच्छा नहीं खेले और इंग्लैंड ने हमें पछाड़ दिया। उस मैच में टॉस ने अहम भूमिका निभाई और गेंदबाज अपना दमखम नहीं दिखा सके। इसके बाद हम अधिक लगन के साथ मैदान पर उतरे और बेहतर गेंदबाजी की। ऐसे में यह वापसी बेहद शानदार रही। हमारी बेंच स्ट्रेंथ बेहद मजबूत है और यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है।

### इस पिच के खिलाफ कौन शिकायत करेगा, इससे शानदार मनोरंजन हुआ : शास्त्री

**अहमदाबाद।** भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शनिवार को माना कि मोटेरा ट्रैक की प्रकृति पर हल्ला मचाने का कोई कारण नही दिखता है क्योंकि क्यूरेटर ने ऐसी पिचें बनाई जिनसे यहां पिछले दो मैचो मे शानदार मनोरंजन हुआ। इंग्लैड के कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने तीसरे टेस्ट के लिए पिच की कड़ी आलोचना की थी क्योंकि मेहमान टीम दिनारात्रि मुकाबले में 112 और 81 रन पर सिमट गई थी। इंग्लैंड को स्पिनरों के लिए फायदेमंद पिच पर खेलने में परेशानी हुई जबकि भारत ने यहां तीसरे और चौथे टेस्ट मे जीत हासिल कर जून मे न्यूजीलैड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

**भारतीय सरजमीं पर छठे नंबर पर पंत का शतक सर्वश्रेष्ठ जवाबी-हमला**

**अहमदाबाद।** भारतीय कोच रवि शास्त्री ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत का इंग्लैड के खिलाफ यहां चौथे और अंतिम टेस्ट में मैच का रूख बदलने वाला शतक घरेलू सरजमी पर छठे नंबर के बल्लेबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ जवाबी-आक्रमण वाली पारी थी। पंत की प्रशंसा करते हुए शास्त्री ने कहा कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज की कड़ी मेहनत ने अब रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैड पहली पारी** : 205 रन,भारत पहली पारी : 365, इंग्लैड दूसरी पारीः क्रॉली का रहाणे बो अश्विन 05, सिबली का पंत बो पटेल 03,बेयरस्टॉ का रोहित बो अश्विन 00,रूट पगबाधा बो अश्विन 30, स्टोक्स का कोहली बो पटेल 02,पोप स्टंप पंत बो पटेल 15,लॉरेंस बो अश्विन 50,फोक्स का रहाणे बो पटेल 13, बेस का पंत बो पटेल 03, लीच का रहाणे बो अश्विन 02,एंडरसन नाबाद 01, **अतिरिक्त** : 12, **कुल योग** : 54.4 ओवर मे 135 रन, **विकेट पतन** :।-10 , 2-10 , 3-20 , 4-30 , 5-65 , 6-65 , 7-109 , 8-111, 9-134, **गेंदबाजी** : सिराज 4-0-12-0, पटेल 24-6-48-5, अश्विन 22.5-4-47-5, सुंदर 4-0-16-0

## पंत ने कहा, मौका मिला तो फिर तेज गेंदबाज पर रिवर्स-फ्लिक करूंगा

**अहमदाबाद।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट में मिली जीत के बाद उनके शानदार शतक के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। पंत ने 118 गेंद की 101 रन की पारी के दौरान धैर्य और आक्रामकता का संतुलन बनाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों को परेशान किया जिससे उनके कप्तान विराट कोहली से लेकर प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान जो रूट ने उनकी काफी प्रशंसा की। लेकिन 23 साल के इस खिलाड़ी ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार लेने के बाद ज्यादा कुछ नहीं कहा और हमेशा की तरह मुस्कुराते रहे। यह पूछने पर कि क्या चीज उनके लिए कारगर रही और खेलते समय उनकी खुशी का राज क्या है तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ड्रिल्स से मदद मिली और मेरे आत्मविश्वास ने मदद की जो मेरी बल्लेबाजी से लेकर विकेटकीपिंग में दिखी।

## टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल पूरे होने पर गावस्कर का सम्मान



**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल पूरे होने पर शनिवार को यहां बीसीसीआई द्वारा सम्मानित किया गया और बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि इस महान बल्लेबाज और उनके साथियों ने खेल को आज जैसा मजबूत बनाने में में अहम भूमिका निभाई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने 71 वर्ष के पूर्व कप्तान को भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन लंच ब्रेक में स्मृति स्वरूप टेस्ट कैप प्रदान की। गावस्कर मैच की कमेंटरी कर रहे थे। बीसीसीआई ने ट्वीट किया , टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल आज पूरे होने का जश्न। शाह ने अपने ट्विटर हैंडल पर भी इसकी तस्वीर डाली जबकि पूर्व कप्तान गांगुली ने ट्विटर पर उन्हें बधाई दी।

## आईपीएल नौ अप्रैल से होगा शुरू: बीसीसीआई सूत्र

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र का आगाज इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के खत्म होने के 12 दिनों बाद नौ अप्रैल से होगा। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने शनिवार को दी। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच पुणे में 28 मार्च को खेला जाएगा। इस लोकप्रिय टी20 लीग की अवधि भारत के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई–भाषा से कहा, हमने अनंतिम रूप से निर्णय लिया है कि आईपीएल नौ अप्रैल से शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा। सत्र ने बताया, अगले सप्ताह संचालन समिति की बैठक के दौरान तारीखों और स्थानों को औपचारिक मंजूरी मिल जाएगी। कोविड–19 महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए बीसीसीआई ने मौजूदा परिस्थितियों में आईपीएल मैचों को पांच शहरों चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, दिल्ली और अहमदाबाद में आयोजित करने का निर्णय लिया है। मुंबई शहर को मैचों की मेजबानी के लिए मंजूरी लेनी होगी क्योंकि महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से कोविड–19 के मामले तेजी से बढ़े है। चेन्नई और कोलकाता को मैचों का आवंटन अगले कुछ सप्ताहों में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। आईपीएल के पिछले 2020 सत्र को यूएई में बायो बबल में आयोजित किया गया था जिसे मुंबई इंडियन्स ने जीता था। टीम के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने के कारण इस साल भारत में जून में प्रस्तावित एशिया कप को रद्द कर दिया गया है।

# विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी भारतीय महिला टीम

## दक्षिण अफ्रीका से घरेलू श्रृंखला आज से

### यह विश्व कप के लिए तैयारी शुरू करने का समय है : मिताली

**लखनऊ।** भारतीय महिला वनडे टीम की कप्तान मिताली राज ने शनिवार को कहा कि पिछले एक साल से मैच में नही खेलना खिलाड़ियों के लिए कोई मुद्दा नही होगा और वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवर की श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है क्योंकि टीम अपनी विश्व कप की तैयारियां शुरू कर रही है।



**लखनऊ।** पिछले 12 महीने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर भारतीय महिला टीम रविवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के जरिए एक दिवसीय विश्व कप की तैयारियों का आगाज करेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पिछले महीने ही पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेली है। वहीं भारत ने आखिरी बार आठ मार्च 2020 को खेला था जब टी20 विश्व कप के फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया ने मात दी थी। कोरोना काल में पृथकवास प्रोटोकॉल के कारण दोनों टीमों दो ही दिन अभ्यास कर सकी हैं। कोरोना महामारी के बीच भी इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमों ने लगातार क्रिकेट खेला है जबकि भारतीय टीम विश्व कप की तैयारियों में पिछड़ गई। नई चयन समिति ने पांच वनडे और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए छह नए चेहरों को टीम में जगह दी है। शिखा पांडे, तानिया भाटिया और वेदा कृष्णमूर्ति को टीम में जगह नहीं मिली। वहीं टी20 स्टार शेफाली वर्मा का वनडे टीम में चयन नहीं होने से भी सवाल खड़े हुए हैं। रविवार को सौवां वनडे खेलने जा रही टी20 कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा , यह लंबा ब्रेक था लेकिन कई चीजें आपके हाथ में नहीं होती। अब हमें खेलने का मौका मिला है तो हम सुनिश्चित करेंगे कि सर्वश्रेष्ठ संयोजन उतारा जाए। खिलाड़ियों को पिछले साल भले ही खेलने का मौका नहीं मिला हो लेकिन सभी ने फिटनेस पर काफी मेहनत की है। जेमिमा रौद्रिगेज और दीप्ति शर्मा ने क्लब टूर्नामेंट खेले।

## माटेओ कुश्ती : विनेश फाइनल में, सरिता को रजत, कुलदीप को कांस्य

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने रोम में चल रही माटेओ पेलिकोन रैंकिंग कुश्ती सीरिज के 53 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंच कर लगातार दूसरे टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने के करिब पहुंच गई है जबकि सरिता मोर ने यहां रजत पदक जीता और कुलदीप मलिक ने कांस्य पदक अपने नाम किया।विनेश को शनिवार को यहां चार मुकाबले खेलने थे लेकिन उन्हें दो बाउट में वॉकओवर मिल गया। उन्होंने बाकी बचे दोनों बाउटों में अपने प्रतिद्वंद्वी को पूरी तरह से चित्त (पिन) कर दिया। उन्होंने पहले मुकाबले में नंदिनी बाजीराव साओलखे को पटखनी देने के बाद सेमीफाइनल में कनाडा की लीघ स्टेवर्ट को महज 42 सेकेंड में चित्त कर दिया। सेमीफाइनल से पहले दूसरे दौर में कजाखस्तान की अखमेतोवा और तीसरे दौर में इक्वाडोर की लुइसा एलिजाबेथ चोट के कारण भारतीय पहलवान के खिलाफ रिंग में नहीं उतरी। विनेश ने यहां आने से पहले यूक्रेन के कीव में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सरिता ने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान की अल्तीने एस को 4–1 से हराया।

# सिंधु फाइनल में



भाषा। बासेल

ओलंपिक रजत पदक विजेता पी वी सिंधु ने शनिवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की और स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। मौजूदा विश्व चैम्पियन सिंधु ने चौथी वरीयता प्राप्त मिया को 43 मिनट में 22–20 21–10 से शिकस्त दी और जनवरी में योनेक्स थाईलैंड ओपन में दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी से पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। सिंधु 2019 में यहां विश्व चैम्पियनशिप के बाद पहले फाइनल में पहुंची हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय का सामना अब रविवार को फाइनल में शीर्ष वरीय और रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कैरोलिना मारिन से होगा। दो साल में यह दोनों के बीच पहली भिड़ंत हैं। पूर्व चैम्पियन किदाम्बी श्रीकांत हालांकि पुरूष एकल सेमीफाइनल की बाधा पार नहीं कर सके और पूर्व विश्व चैम्पियन तथा शीर्ष वरीय विक्टर एक्सेलसेन से 13–21 19–21 से हार गए। सात्विक साइराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी युगल वर्ग के अंतिम चार में हार गई। उन्हें छठी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कार्प से 10–21 17–21 से हार मिली। दुनिया की दसवें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज और चिराग ने जनवरी में टोयोटा थाईलैंड ओपन में भी सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। चौथी वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने शुक्रवार को थाईलैंड के केंटाफोन वांगचारोन को 44 मिनट में 21–19, 21–15 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया था। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त चिराग और सात्विक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंग यू सिन और टियो ई यि को 12–21, 21–19, 21–12 से मात दी थी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत इससे पहले नवंबर 2019 में हांगकांग सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

## लखनऊ फाइनल में जाने से चूका दिल्ली व चेन्नई में फाइनल



**लखनऊ।** स्टेट बैंक अखिल भारतीय अंतर मंडली हॉकी टूर्नामेंट के चौथे दिन आज दिल्ली ने भोपाल को कड़ी टक्कर देते हुए 3–2 से मैच जीत कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मेजबान लखनऊ टीम को चेन्नई ने 2–0 से पराजित किया। लखनऊ टीम आक्रामक मूड में थी परंतु वह अपने मूवमेंट को गोल में नहीं बदल सके। कल फाइनल सुबह 11 बजे दिल्ली टीम का चेन्नई टीम से मुकाबला होगा।

# पाक प्रधानमंत्री इमरान ने नेशनल असेंबली में विश्वासमत जीता

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के आह्वान के बीच नेशनल असेंबली (संसद) में विश्वासमत जीत लिया, जिससे देश में राजनीतिक अस्थिरता खत्म हो गई।हाल में करीबी मुकाबले वाले सीनेट चुनाव में वित्त मंत्री की हार के बाद उनकी सरकार पर संकट आ गया था। प्रधानमंत्री इमरान खान को संसद के 342 सदर्स्रय निचले सदन में 178 वोट मिले और सामान्य बहुमत के लिए 172 वोट की जरूरत थी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के निर्देश पर संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था।विपक्ष ने इसमें हिस्सा नहीं लिया क्योंकि 11 दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने मतविभाजन का बहिष्कार किया था, जिससे खान को विश्वासमत जीतने के लिए जरूरी संख्या जुटाने में आसानी हुई।विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सदन में एक–सूत्री प्रस्ताव रखा।प्रस्ताव में कहा गया, यह सदन इस्लामी पाकिस्तान गणराज्य के संविधान के अनुच्छेद 91 के खंड (7) के तहत प्रधानमंत्री में विश्वास जताता है। स्पीकर असद कैसर ने नतीजे घोषित किए और कहा, खान को दो साल पहले 176 वोटों से प्रधानमंत्री पद के लिए चुना गया था। आज उन्होंने 178 वोट हासिल किए हैं। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के उम्मीदवार और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने बुधवार को सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के उम्मीदवार अब्दुल हाफिज शेख को करीबी मुकाबले में सीनेट चुनाव में हरा दिया था।

**● 342 सदस्यीय निचले सदन में 178 वोट मिले व सामान्य बहुमत के लिए 172 वोट की जरूरत थी**

खान के लिए यह बड़ा झटका था जिन्होंने वित्त मंत्री अब्दुल हाफिज शेख के लिए निजी तौर पर प्रचार किया था। क्रिकेटर से नेता बने 68 वर्षीय खान ने अब्दुल हाफिज शेख की हार के बाद निचले सदन में विश्वासमत कराने का फैसला किया था।वित्त मंत्री की हार के बाद विपक्षी दलों ने खान के इस्तीफे की मांग की थी।नेशनल असेंबली में सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के 157 सदस्य थे लेकिन पार्टी के सांसद फैसल वोड़ा के इस्तीफे के बाद उसके 156 सदस्य हैं।सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि विश्वासमत के दौरान वोड़ा वोट कर सकते हैं क्योंकि उनका इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया है। हालांकि विपक्ष ने जोर देकर कहा कि वोड़ा वोट नहीं कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया है।सत्तारूढ़ पार्टी के गठबंधन सहयोगियों में सात सांसद मुत्ताहितदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) से, पांच–पांच सांसद पाकिस्तान मुस्लिम लीग–क्यू (पीएमएल–क्यू) और बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) से, तीन सांसद ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) से और एक–एक सांसद एएमएल तथा जेडब्ल्यूपी से थे। बैरिस्टर अली जदर ने कहा कि खान ने विश्वासमत कराने का बहुत बड़ा फैसला किया और इसने विपक्ष को चुप करा दिया जो उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे। जिओ टीवी के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बाद खान ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने नेशनल असेंबली में विश्वासमत कराने का फैसला किया।वर्ष 1993 में पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय द्वारा उन्हें बहाल करने के आदेश के बाद शरीफ ने नेशनल असेंबली में विश्वास मत कराया था।प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को अपने आवास पर सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं से मुलाकात की थी और उनसे सरकार के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी।



**शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का संदेश देने के लिए पोप फ्रांसिस ने इराक के नजफ में शिया समुदाय के सबसे वरिष्ठ धर्मगुरुओं में से एक अयातुल्ला अली अल-सिस्तानी से मुलाकात की**

## म्यांमा में प्रदर्शनकारियों पर फिर बल प्रयोग किया गया

**यांगून।** म्यांमा मे शनिवार को सुरक्षा बलो ने प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए फिर से बल प्रयोग किया। देश मे इस सप्ताह शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगो पर हुई हिंसा मे 50 लोगों की मौत और बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने के बाद संयुक्त राष्ट्र के विशेष राजदूत ने सैन्य सरकार की हिंसक कार्वाई को रोकने के लिए सुरक्षा परिषद से कदम उठाने का आग्रह किया था। यांगून मे शनिवार को ताजा विरोध प्रदर्शन हुआ जहां प्रदर्शनकारियो पर काबू पाने के लिए हथगोलों और आंसू गैस का प्रयोग किया गया। बुधवार को यहां 18 लोगो की मौत की खबर सामने आई थी। उत्तरी राज्य कचिन की राजधानी मिटकिना, दक्षिण में स्थित माएक और दक्षिण पूर्व मे दावेई मे भी विरोध प्रदर्शन हुए जहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियो तथा छात्रों पर आंसू गैस के गोलो का इस्तेमाल किया। इसके अलावा म्यांमा के अन्य शहरो मे भी प्रदर्शन हुए। देश की सेना ने आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार को एक फरवरी को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

# पोप फ्रांसिस ने इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु से मुलाकात की

एपी। नजफ (इराक)

**शांतिपूर्ण सह**–अस्तित्व का संदेश देने के लिए पोप फ्रांसिस ने शिया समुदाय के सबसे वरिष्ठ धर्मगुरूओं में से एक अयातुल्ला अली अल–सिस्तानी से शनिवार को इराक के नजफ शहर में मुलाकात की।पोप ने अल–सिस्तानी के आवास पर उनसे मुलाकात की और इस दौरान दोनों धर्मगुरूओं ने कई मुद्दों पर बातचीत की। पोप का स्वागत करने के लिए लोग पारंपरिक परिधानों में अपने घरों के बाहर खड़े थे। शांति के प्रतीक के तौर पर कुछ सफेद कबूतर भी छोड़े गए। बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान इराक के अल्पसंख्यक ईसाइयों से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए। अल सिस्तानी शिया बहुल इराक में प्रमुख धर्मगुरु हैं और मजहबी तथा अन्य मामलों पर दुनिया भर में शिया समुदाय के लोग उनके विचारों को मानते हैं। पोप के आगमन का इराकी टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया और लोगों ने दोनों धर्मगुरुओं की मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त की। इलयावी ने कहा, हम इराक में, खासकर नजफ में आने और धर्मगुरु अयातुल्ला अली अल–सिस्तानी के साथ पोप की मुलाकात का स्वागत करते हैं। यह एक एतिहासिक दौरा है और उम्मीद है कि इससे इराक और यहां के लोगों का भला होगा। पोप शुक्रवार को इराक पहुंचे और उन्होंने देश की पहली यात्रा के दौरान वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की।

## अमेरिका में एक व्यक्ति ने पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या की

**सेंट लुइस।** अमेरिका के मिसौरी राज्य के सेंट लुइस में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके दो बच्चों की गोली मार कर हत्या कर दी और एक अन्य बच्ची को लेकर फरार हो गया। बाद में व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। सेंट लुइस काउंटी के पुलिस प्रवक्ता ट्रैकी पानस ने बताया कि इस हत्याकांड को बृहस्पतिवार देर रात अंजाम दिया गया। मृतकों की पहचान मैक्कुली (34), उसके 13 साल के बेटे के. जॉनसन, और छह साल की बेटी केली ब्रुक्स के रूप में की गई है।

# भारत से एक करोड़ टीके आने से गरीब देशों के लिए इनकी आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा : ब्रिटेन

एपी। लंदन

**ब्रिटेन के टीका** मंत्री ने शुक्रवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि उनके देश को भारत से कोविशील्ड की जो एक करोड़ खुराकें मिल रही हैं, उसका असर गरीब देशों को कोविड–19 टीके की आपूर्ति पर पड़ेगा। टीका मंत्री नाधिम ज़हावी ने एक साक्षात्कार में इस बात की पुष्टि की कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और एस्ट्राजेनेका के साथ मिलकर सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित टीके ब्रिटेन के लिए बने हैं और आश्वासन लिया गया है कि इससे दूसरे देशों को होने वाली आपूर्ति पर असर नहीं पड़ेगा। हमने निश्चित तौर पर एस्ट्राजेनेका और सीरम से यह आश्वासन मांगा था कि हमारी खेप से दुनिया में कम आय और मध्यम आय वाले देशों के लिए उनकी आपूर्ति पर असर नहीं पड़ेगा। वे करीब 30 करोड़ खुराकें कम और मध्यम आय वाले देशों को मुहैया करा रहे हैं। आपने देखा कि टीके की खुराकें पिछले महीने घाना के आक्रा पहुंचीं और इस सप्ताह फिलिपीन...आइवरी कोस्ट भी पहुंचीं, और आप देंखेंगे कि इससे कहीं अधिक मात्रा बाहर जाने वाली है। मेडिसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स जैसे गैर सरकारी संगठनों ने इस बात पर चिंता जताई थी कि सीरम इंस्टीट्यूट से आने वाली बड़ी खेप से विकासशील देशों के लिए आपूर्ति कम हो जाएगी। ज़हावी ने इस बात से इनकार किया है। ऐसा नहीं है और दुनिया के अन्य देशों में ब्रिटेन समर्थित कोवैक्स व्यवस्था के माध्यम से भी टीके की आपूर्ति की जाएगी।

## भारत–चीन सीमा पर तनाव बढ़ती चीनी आक्रामकता को दर्शाता है

**वाशिंगटन।** पेंटागन नीति से संबंधित शीर्ष पद के लिए बाइडन द्वारा नामित कोलिन कहल ने सांसदों से कहा कि भारत चीन के बीच सीमा पर मौजूदा तनाव बढ़ती चीनी आक्रामकता और क्षेत्र में तथा अमेरिका के सहयोगियों एवं भागीदार देशों पर प्रभुत्व कायम करने की उसकी चिंताजनक प्रवृत्ति को दर्शाता है।रक्षा नीति उपमंत्री के पद के लिए सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों के समक्ष अपने बयान में कहल ने कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और भागीदार देशों के साथ खड़ा रहने के लिए दृढ़संकल्प है।

# दिशा की बैठक में अधिकारियों पर तल्ख हुए सीतापुर सांसद

### ● कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में की गहन समीक्षा

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिला विकास** निगरानी एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक में शनिवार को सरकारी मुलाजिम बेलगाम नजर आए। शायद यही वजह है कि सांसद राजेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित दिशा की महत्वपूर्ण बैठक में जिम्मेदार पहुंचे ही नहीं। लापरवाह कार्यशैली पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित विभागीय अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब के निर्देश दिए। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई को कहा। सरकारी योजनाओं की समीक्षा में उन्होंने अफसरों को समय पर परियोजनाएं पूर्ण करने की नसीहत दी। अब जन प्रतिनिधियों का भी हाल देख लीजिए, मिश्रिख सांसद अशोक रावत, मिश्रिख विधायक राम कृष्ण और लहरपुर विधायक सुनील वर्मा को छोड़कर को शेष माननीय भी नहीं आए, उन्होंने अपने प्रतिनिधियों को भेजकर महत्वपूर्ण बैठक की खानापूर्ति कर दी। कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद राजेश वर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर प्रगति जानी। बाद में उनहोंने सभी घ्विभागाध्यक्षों को शासन की योजनाओं को समय से पूरा कर जनता को लाभांवित किया जाए। अगर किसी ने भी योजना में गड़बड़ी का प्रयास करने या लापरवाही बरतने की कोशिश की तो उन्हें चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सांसद राजेश वर्मा ने अफसरों को निर्देश दिए कि बैकों के माध्यम से संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बैंक स्तर पर लंबित मामले जल्द



सीतापुर-दिशा की बैठक में मौजूद सांसद राजेश वर्मा व अन्य

निपटाए जाएं। जिले में संचालित पाइप्ड पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को सभी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। लहरपुर से तम्बौर 33 केवीए विद्युत लाइन कार्य को 27 मार्च से पहले पूरा करने के भी निर्देश दिए। अमृत योजना में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने को कहा। सड़कों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाये। सभी तहसीलों पर कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएं। सांसद ने बाउंड्रीवाल विहीन परिषदीय विद्यालयों की सूची तलब की। बिसवां स्थित काशीराम आवासीय योजना में शीघ्र विद्युत आपूर्ति कराने के निर्देश दिये। बैठक में सांसद मिश्रिख अशोक कुमार रावत ने किसानों को जागरूक करने के लिए नियामित रूप से कृषि गोष्ठियों का आयोजन करने के कृषि विभाग को निर्देश दिए। सांसद ने नैमिषारण्य- मिश्रिख क्षेत्र में स्वच्छता कराने के निर्देश दिये। सांसद धौरहरा के प्रतिनिधि ने चन्द्रा से कुल्हाघाट मार्ग को ठीक कराने का अनुरोध किया,जिस पर अध्यक्ष ने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एमएलसी इजी0 अवनीश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र संचालन को प्रचार-प्रसार एवं जनप्रतिनिधियों को योजना के विषय में देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने शासन की मंशानुरूप सभी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान स्नातक एमएलसी इंजी. अवनीश कुमार सिंह, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक लहरपुर सुनील वर्मा, विधायक बिसवां के प्रतिनिधि राहुल जायसवाल, सांसद मोहनलालगंज के प्रतिनिधि रामकरन, सांसद धौरहरा, विधायक हरगांव, महोली, सेवता के प्रतिनिधि, शिक्षक एमएलसी सदस्य उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, डीआरडीए के परियोजना निदेशक एके सिंह, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, श्रम एवं रोजगार के उपायुक्त सुशील कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# साहब! मेरी बिटिया को फक्कड़ बाबा से मुक्त करा दो

### ● अपहृत बेटी की बरामदगी के लिए तीन माह से भटक रहा पिता

### ● झाड़-फूंक करने आया बाबा बना रावण

**संवाददाता।** सीतापुर

**साहब तरस** खाइए हमारी बेटी को फक्कड़ बाबा से मुक्त कराकर हमें वापस दिला दीजिए। यह फरियाद पिछले पांच माह से चौकी थाना और एसपी ऑफिस में लगाता फिर रहा बेनी वह अभागा पिता है जिसके दो मासूम बेटों की अचानक मौत हो जाती है



सीतापुर-प्रार्थना पत्र दिखाते पीड़ित

लोगों के कहने पर वह लखीमपुर के रहने वाले फक्कड़ बाबा से घर में झाड़ फूंक कराता है। लेकिन यह फक्कड़ बाबा उसकी बेटी को ही प्रसाद के बहाने नषीला पदार्थ खिलाकर अपने अन्य साथियों की मदद से बाइक पर अगवा कर ले जाता है। तब से वह बाबा के चंगुल से बेटी को मुक्त कराने के लिए बदहवास पुलिस अधिकारियों के पास चक्कर लगाता घूम रहा है। लेकिन पुलिस को उस पर जरा भी तरस नहीं आ रहा है। सीतापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में षिकायती पत्र लेकर फरियाद लगाता फिर रहा बेनी लोध कोतवाली देहात के बुढ़ानापुर गुजरा का रहने वाला है। वह अपने छोटे परिवार के साथ गुजर-बसर कर रहा था कि पता नहीं किसकी नजर लगी चार साल पहले तीन माह के अंतराल में उसके दोनों बेटों 12 साल के शैलेन्द्र और 9 साल के नीरज की अचानक मौत हो गई। लोगों के कहने पर उसने घर को किसी बलाय से बचाने के लिए लिए लखीमपुर के नवागांव कैमहरा निवासी बाबा फक्कड़ को झाड़ फूंक के लिए बुला लिया। झाड़ फूंक करने के बाद प्रसाद के बहाने बाबा ने उसकी 17 वर्षीया बेटी को कुछ खिला दिया और जब वह बेहोष हो गई तब दो मोटरसाइकिलों पर आए अन्य साथियों की मदद से बाबा उसकी बेटी को अगवा कर ले गया। तब से वह बाबा के चंगुल में है। थाने में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद उसकी बेटी की बरामदगी नहीं हो सकी है। पीड़ित के मुताबिक वह पिछले तीन माह से भटकता फिर रहा है। जबकि उसने श्रीनिवास उर्फ फक्कड़ बाबा और सुभाश पासी निवासीगण लखीमपुर खीरी के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया हुआ है। पुलिस ने उनकी भी गिरतारी नहीं की है। ऐसे में सवाल उठता है क्या यही मिषन षक्ति है। जो पुलिस चलाने का दावा कर रही है।

## क्विक न्यूज

### पहचान पत्र की डाउनलोडिंग को नए वोटर होंगे जागरूक

#### ● सात और तेरह मार्च को पोलिंग स्टेशन पर जागरूकता कैंप

**सीतापुर।** फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र डाउनलोडिंग के लिए चुनाव आयोग के फरमान पर सीतापुर में सात और तेरह मार्च को जागरूकता कैंप लगेंगे। यह कैंप पोलिंग स्टेशनों पर आयोजित किए जाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार पाठक ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर 25 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ई-ईपिक डाउनलोडिंग योजना का शुभारंभ किया था, जिसमें विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2021 के दौरान जोड़े गए नये मतदाताओं को ई-ईपिक डाउनलोड की सुविधा प्रदान की गई थी। पर सीतापुर में अभी अधिकांश नए मतदाताओं द्वारा ई-ईपिक डाउनलोडिंग की कार्रवाई नहीं की गई है। इसे देखते हुए आयोग ने मतदाताओं की जागरूकता एवं सुविधा के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पोलिंग स्टेशनों पर जागरूकता शिविर लगाएगा। यह शिविर 7 मार्च रविवार तथा तेरह मार्च शनिवार को आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने नए मतदाताओं से अपील की है कि वह इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने ई-ईपिक को डाउनलोड करें।

### ट्रैक्टर ने तीन बहनों को रौंदा, एक की मौत

**मछरेहटा सीतापुर।** एक बेकाबू ट्रैक्टर ने शनिवार की दोपहर को एक परिवार की तीन सगी बहनों को कुचल दिया। इस हादसे में एक ने मौके ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य घायल बहनों को आनन फानन पहले सीएचसी, फिर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। खेत में आलू बीनकर सभी वापस घर को लौट रही थी। बताते है कि इन बेटियों की मां पहले ही दुनिया छोड़कर चल बसी थी, जबकि घटना के समय पिता कहीं काम से बाहर गया था। ये हादसा मछरेहटा-सीतापुर मार्ग पर परसदा नहर पटरी पर हुआ। थाना मछरेहटा के कालूपुर गांव के रामपाल मौर्य की पुत्रियां मोनिका, सोनी व मोहिनी शनिवार की सुबह खेत में आलू बीनने के लिए गई थी। आलू बीनकर तीन सगी बहनें वापस घर को लौट रही थी, रास्ते में कालूपुर-रमपुरवा के मध्य एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने तीन सगी बहनों को रौंद डाला। इस हादसे में मोहिनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मोनिका और सोनी गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पर नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने सकरारा निवासी अमलेंद्र के ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है।

# बूथ कमेटियों में तेजी लाने का जिलाध्यक्ष ने दिया निर्देश

### ● सपा कार्यालय पर हुई मासिक बैठक

**संवाददाता।** सीतापुर

**समाजवादी पार्टी** की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर हुई। जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में विधान सभा क्षेत्रवार संगठन की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष ने बूथ कमेटियों के गठन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व प्रत्याशी अफजाल कौसर अंसारी, पूर्व प्रत्याशी अशफाक खाँ, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, जिला सचिव संजय सिंह, मनोज भारती, चन्द्रशेखर यादव, रमेश निषाद, सुहैल अहमद, संदीप कुमार गुप्ता, मो. बिलाल, नदीम अहमद, कय्यूम कुरैशी, महेंद्र यादव, शिवप्रसाद यादव, धर्मेंद्र राजवंशी, सीताराम यादव, मो कादिर खाँ, लोहिया वाहिनी



सीतापुर-सपा कार्यालय पर बैठक करते जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव

के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विजयबहादुर यादव, महिलासभा जिलाध्यक्ष शमीम बानो, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष डॉ. शफीक खां, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ चंद्रभाल भार्गव, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष ऋषिराज सिंह, शफीक सैफी, बदलूराम निषाद, श्रीपाल वर्मा, उषा रावत, मीनू गुप्ता, राजकिशोर गौतम, श्रीपाल यादव, अरशद खाँ, शंकरलाल यादव, विष्णु गौतम, कपिल मिश्रा, प्रवीण सिंह यादव, रवीद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार, जगतपाल यादव, पुष्कर शुक्ल, अरुण कुमार मिश्र, शिवम मिश्र, नवीन प्रकाश सिंह, मो. नादिर, रियाज, अनस खान, वीरेंद्र अवस्थी, रमाकांत अवस्थी, शिवपाल यादव, बलराम यादव, रामदत्त, संतोष यादव आदि मौजूद थे।

# डीएम-एसपी ने छात्राओं को मिशन शक्ति की गिनाई खूबियां



सीतापुर-मिशन शक्ति कार्यक्रम में छात्र को सम्मानित करते अतिथिगण।

### ● आरएमपी कॉलेज में हुआ आयोजन

**संवाददाता।** सीतापुर

**मिशन शक्ति** अभियान के तहत आर.एम.पी. डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह ने बालिकाओं को प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने मिशन शक्ति की खूबियों बताईं। संचालन डॉ. शालिनी सिंह और संयोजन डॉ. ऊषा सिंह ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. विजयवीर सिंह, एसडीएम अमित भट्ट, शहर कोतवाल टी.पी. सिंह, प्रभारी एंटी रोमियो मधु यादव, प्रभारी महिला थाना अर्चना आदि मौजूद थी। उधर मिश्रिख में मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाये जा रहे अभियान यशोदा देवी पी.जी महाविद्यालय मिश्रित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम गिरीष झा, क्षेत्राधिकारी मिश्रित महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक मिश्रित मनोज कुमार, कस्बा प्रभारी मिश्रित रोहित दुबे, ए.डी.ओ पंचायत सत्यप्रकाश, ब्लाक मिशन मैनेजर स्वंय सहायता समूह आलोक गौतम और एन्टी रोमियो प्रभारी मधु यादव ने अवैध षराब के बारोबार में लिप्त महिलाओं को जागरूक किया। उन्हें अपराध छोड़कर अन्य व्यवसायों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कांस्टेबल दीपक कुमार, शिवम आदि मौजूद थे।

### थाने से लेकर कप्तान ऑफिस तक अनसुनी हुई फरियाद

# पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई पीड़िता को धमका रहे आरोपी



सीतापुर-न्याय की उम्मीद में बैठे पीड़ित

### ● अब पीड़िता ने लगाई पुलिस महानिदेशक से इंसाफ की गुहार

**संवाददाता।** सीतापुर

**जरा सी** बात को वर्चस्व से जोड़कर भरे बाजार पीट-पीटकर एक षख्स को मौत के घाट उतार दिया गया। मृतक की पत्नी की काफी मिन्नतों के बाद पिसावां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफगैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज तो कर लिया लेकिन कार्रवाई से कतराती रही। लिहाजा, खुलेआम घूम रहे आरोपीगण वादिनी को जान माल की धमकी दे रहे हैं। जिससे वह खौफजदा है। थाने से लेकर कप्तान ऑफिस के चक्कर काटकर इंसाफ की गुहार लगाने वाली पीड़िता ने अब पुलिस महानिदेषक की चौखट पर दस्तक दी है। पुलिस महानिदेषक को षिकायती पत्र प्रेशित कर पीड़िता ने बताया कि 16 नवंबर 2020 को उसका पति सत्येन्द्र सिंह पुत्र रामदयाल निवासी बद्दापुर थाना महोली पास के जल्लाबाद चौराहे पर बाजार गए थे। वहां गांव के ही षेर सिंह से किसी बात पर विवाद हो गया। इस पर वहां मौजूद लोगों ने उस वक्त बीच बचाव कराते हुए मामला षांत करा दिया। षाम 5 बजे बद्दापुर व अमामुल्ला गांव के बीच षेर सिंह, आंचल सिंह व सोनू सिंह ने उसके पति पर हमले करते हुए लाठी-डंडो से पीटना षुरू कर दिया। खबर पाकर जब वह मौके पर पहुंची तो उसके पति की बुरी तरह पिटाई उक्त सभी लोग कर रहे थे। इसी बीच अन्य ग्रामीणों के पहुंचने पर उसके पति को बचाकर अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल उसके पति ने सीएचसी से जिला अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ दिया था। पीड़िता ने आई इंडिया को बताया पिसावां पुलिस ने हल्की धारा में केस दर्ज किया और कोई कार्रवाई भी नहीं कर रही है। अधिवक्ता सतेन्द्र सिंह के मुताबिक पुलिस सहयोग नहीं कर रही है और आरोपी पीड़िता को डरा धमका रहे हैं।

### पंचायत चुनावः पुलिस व प्रशासन ने खींचा उपद्रवियों के मंसूबों को नाकाम करने का खाका

# 28 थानों के 800 ग्राम प्रहरियों की मदद से होगा क्राइम कंट्रोल

### ● डीएम ने खास तौर से मांगा ग्राम प्रहरियों से योगदान, एसपी ने दिया गांवों की नब्ज हर वक्त टटोलते रहने का मंत्र

**संवाददाता।** सीतापुर

**पंचायत चुनाव** को हिंसा रहित एवं सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस और प्रषासनिक अमला हर मोर्चे पर उपद्रवियों के मंसूबों को नाकाम करने की फुलप्रूफ प्लानिंग बनाने में जुटा हुआ है। सीतापुर के 28 थानों के 800 ग्राम प्रहरियों की मदद से पुलिस व प्रशासन के अफसरों ने क्राइम कंट्रोल करने का खाका खींच दिया है। अब किसी भी तरह का बवाल करने वालों का कानून से बच पाना मुमकिन नहीं होगा। गांवो में सुरक्षा और सूचनाओं को लेकर अहम भूमिका अदा करने वाले लाल साफाधारक ग्राम प्रहरियों के साथ मिलकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी हर छोटी बड़ी घटनाओं पर पैनी निगाह रखेंगे। उनकी सूचना के आधार पर थानेदार आवश्यक कार्रवाई



सीतापुर-सम्बोधित करते एसपी आरपी सिंह, मौजूद डीएम विशाल भारद्वाज

करेंगे और मतदान केंद्रों व बूथों की संवेदनशीलता का निर्धारण किया जाएगा। पंचायत चुनाव में गांवो की संवेदनशीलता तय करने का सटीक मानक मानते हुए सीतापुर के आला अफसर शनिवार को पुलिस लाइन में ग्राम प्रहरियों से रूबरू हुए। जिलाधिकारी विषाल भारद्वाज ने खुले मन से यह स्वीकार किया कि ग्राम प्रहरियों के सहयोग के बगैर पंचायत चुनाव हिंसा रहित एवं सकुशल कराना संभव नहीं है। लिहाजा, डीएम ने खास तौर से उनका योगदान चाहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ग्राम प्रहरियों से उनकी समस्याएं पूछना नहीं भूले। भरोसा दिलाया कि यदि किसी को कोई समस्या है तो तत्काल उसका निस्तारण करा दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने ग्राम प्रहरियों से अपने गांवो की नब्ज हर वक्त टटोलते रहने का मंत्र दिया। एसपी बोले गांव की छोटी-बड़ी समस्त सूचनाओं को अपने थाना प्रभारी तक हर हाल में पहुंचाना है। फोन या नेटवर्क का अभाव है तो यूपी 112 के टोल फ्री नंबर पर सूचना जरूर प्रदान कर दें। एसपी ने ग्राम प्रहरियों में नई ऊर्जा का संचार करने को उन्हें पुलिस व्यवस्था की पहली कड़ी करार देते हुए चुनाव के दौरान सक्रिय रहने की ताकीद की। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ.राजीव दीक्षित ने ग्राम पहरियों को पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण अंग बताते हुए गांव में घटित होने वाली घटनाओं एवं छोटी-छोटी सूचनाओं को बेहतर और त्वरित ढंग से अपने स्थानीय थाने को देने के लिए प्रेरित किया। चूंकि सूचनाएं उनके ही गांव से जुड़ी होंगी लिहाजा सुरक्षा का ख्याल रखते हुए गोपनीयता बनाए रखने का भरोसा भी दिलाया। सूचनाओं के त्वरित अदान-प्रदान को लेकर स्मार्ट फोन धारक है उनसे व्हाट्सएप नंबर थाने पर उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि उन्हें अन्य संदेश डिजिटल तरीके से दिये जा सके। गांवो से तत्काल सूचनाएं हासिल करने के लिए ऐसे चौकीदारों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जाएगा।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 61 जोड़े

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**विकासखंड** मोहम्मदी में मुख्यमंत्री विवाह समारोह में कुल 61 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। वर और वधु को मुख्य अतिथि सांसद, विशिष्ट अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल, ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी ने उपहार व आशीर्वाद देकर सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

समारोह में 60 जोड़ों की शादी गायत्री परिवार के पुरोहितों ने मंत्रोच्चारण के साथ कराई। वहीं मुस्लिम वर और वधु का निकाह पढ़ाया गया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि लोकेंद्र प्रताप सिंह ने आए हुए वर और वधु को शुभकामनाएं दीं। कहा कि मोहम्मदी की विधानसभा में लगातार मुख्यमंत्री विवाह समारोह आयोजित किए गए हैं। सभी वर और वधु को ढेर सारी शुभकामनाएं। विवाह समारोह में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रत्येक जोड़े के लिए 45000 की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। जिनमें 35000 की चेक और 10000 के उपहार दिए जाएंगे। वहीं सांसद और विधायक की ओर से प्रत्येक वर और वधु को उपहार स्वरूप साड़ी व अन्य उपहार भेंट की गई हैं। वही विकास खंड परिवार की ओर से प्रत्येक जोड़े को कूकर, पायल और पांच बर्तन की व्यवस्था कराई गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री मनोज वर्मा, वीडियो धर्मेश कुमार पांडे, एडीओ पंचायत अशोक कुमार तिवारी, नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, अवर अभियंता सतीश चंद्र मौर्या सहित काफी लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि शुक्ला ने किया तथा गायत्री परिवार की शादी का कार्य गोविंद गुप्ता ने देखा।

## सौतेले भाई पर बेटियों से अभद्रता का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी दिलीप कुमार ने अपने सौतेले भाईयों पर बेटियों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी कोतवाली निरीक्षक ने मामले की जांच करने के निर्देश दिये है। दिलीप कुमार पुत्र लालराम निवासी मोहल्ला मुन्नूगंज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका सौतेला भाई नीरज, सुधीर पुत्रगण लालाराम निवासी मोहल्ला मुन्नूगंज मेरी बेटी व उसकी सहेली जो कि साथ में रहती है। चार मार्च की रात में नशे में धुत होकर आए और गालियां देते हैं। दरवाजा तोड़ने लगे मेरी पुत्री की सहेली ने फोन कर अपने भाई को बुलाया। जिस पर भाई के साथ तीन अन्य दोस्त भी उसके साथ आये और इस बात का विरोध किया। आरोप है कि उक्त चारों पढ़ने वाले लड़कों पर झूठा आरोप लगाते हुए मोहल्लेवासियों को उकसाकर पहले मारापीटा। फिर 112 डायल कर पुलिस को बुला कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। अंत में मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# पूर्व प्रधान के भाई की दुकान से हजारों की चोरी



**बेहजम-खीरी।** नीमगांव कोतवाली क्षेत्र में सुस्त पुलिस की कार्यशैली के चलते जमकर हो रही हैं। चोरी और अन्य अपराधों की बढ़ौत्तरी हो रही है। नीमगांव पुलिस चोरियों पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही हैं। पिछले एक माह पूर्व गुलौला गांव में चोरी और डकैती की घटनाओं का पुलिस खुलासा भी नहीं कर पायी थी जबकि उक्त चोरी की तफ्तीश जिले की क्राइम ब्रांच सहित पुलिस की कई टीमों को घटना के खुलासे के लिए लगायी गयी थी। फिर भी नीमगांव पुलिस के हाथ अभी तक खाली ही दिखाई दे रहे हैं। तभी बीती रात थाने से चंद कदमों की दूरी पर बाजार के निकट पूर्व प्रधान सविता दीन वर्मा के भाई की दुकान को बेखौफ चोरों ने दीवार में नकब लगाकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। जबकि नीमगांव पुलिस रात्रि गश्त के बड़े-बड़े दावे कर अपनी पीठ थपथपाने में जुटी है। बताते हैं कि उक्त चोरी की वारदात में लाखों रुपए का सामान और नकदी पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर नीमगांव पुलिस को खुली चुनौती दी है। चोरी की घटना स्थल पर एक 315 बोर की जिंदा कारतूस भी बरामद हुई है। चोरी की वारदात से कस्बे के व्यापारी वर्ग काफी सहमे हुए हैं। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने दुकान पर जाकर तफ्तीश कर कार्रवाई की बात कही है।

## मनोज बने कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव



**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस सोशल मीडिया के चेयरमैन अभय पांडे ने लखीमपुर निवासी मनोज यादव को प्रदेश सचिव मनोनीत किया। अभी तक मनोज यादव लखीमपुर युवा कांग्रेस के जिला महासचिव पद पर थे। मूल रूप से लोक सभा धौराहरा के ग्राम मंझरी के निवासी हैं। मनोज के मनोनयन से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पूर्व सांसद जफर अली नकवी, जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक बाजपेई, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव रियाज अहमद, प्रदेश महासचिव सैफ अली नकवी, सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव ललित मिश्रा, शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, शुभम अग्निहोत्री, अमित गुप्ता, जीतू शुक्ला, सौरभ शुक्ला, नमिता मिश्रा व सूरज राज आदि लोगों ने प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए मनोज यादव को शुभकामनाएं दीं। कहा कि मनोज यादव के मनोनीत होने से जिले में कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। सोशल मीडिया के माध्यम से शहर से गांव तक कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। इसके अलावा अनूप यादव, सौरभ सिंह, दिनेश कुमार, जीतू शुक्ला, ऋषभ मिश्रा, साजन भारती, अमर सिंह व राहुल मिश्रा आदि लोगों ने खुशी जाहिर की है।

# 18 को होगा उपवास व धरना

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




**जिला महिला** चिकित्सालय में शनिवार को औषधि वितरण कक्ष में संगठन प्रमुख आशुतोष अवस्थी चीफ फार्मासिस्ट के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री परमानंद ने विस्तार से संगठन के कार्यक्रमों में प्रगति के संबंध मे जानकारी दी। साथ ही 18 मार्च को विलोबी मेमोरियल हाल में होने वाले उपवाद के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान राजकीय, संविदा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। संगठन के समस्त कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का भी आश्वासन दिया। बैठक में परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव ने सभी विभागों के समन्वय पर बल देते हुए जागरण कार्यक्रमों के तहत सभी विभागीय कर्मचारियों को 18 मार्च को उपवास एवं धरना कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की। वहीं परिषद के उपाध्यक्ष लोकेश सिंह ने अपने सभी से अपने स्तर के 5 कर्मचारियों को धरने में साथ लाने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से अवधेश सिंह एलटी, अमरेंद्र सिंह फार्मासिस्ट, सीपी पांडे, आईके अवस्थी, रवि कुमार शर्मा, सुष्मिता, विनोद मिश्रा, आफताब अहमद व अमित वर्मा सहित चिकित्सालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व कल्याण के लिए की मंगल कामना

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रा नंद महाराज ने छोटी काशी स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक किया। भगवान भोलेनाथ से विश्व के कल्याण के लिए मंगलकामना की। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि इस धरती पर सभी प्राणियों की रक्षा हो और परस्पर प्रेम सौहार्द का वातावरण पूरे समाज में बना रहे। पूजन-अर्चन करने के उपरांत नगर के प्रमुख समाजसेवी वरुण अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल को आशीर्वाद दिया। श्रीमती अग्रवाल ने परम पूज्य महाराज जी का चंदन वंदन कर अंग वस्त्र से सम्मानित किया। श्रीमती अग्रवाल ने कहा गुरु जी के आशीर्वाद से मैं समाज सेवा में निरंतर तत्पर हूं समाज सेवा ही मेरे जीवन की प्राथमिकता है।

# पत्रकार निष्पक्ष रहें, पार्टी न बनें: इंद्र विक्रम

संवाददाता। शाहजहांपुर



**ग्रामीण पत्रकार** एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वसम्मत से 12 वीं बार लगातार राजीव शर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही उत्कृष्ट कार्य करने वाले तमाम पत्रकारों को सम्मानित किया गया। शनिवार को कस्बा बंडा स्थिति एक मैरिज हाल पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस आनंद, जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, संरक्षक दीप श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष की मांग पर वह तहसील स्तर पर एक ऐसी कमेटी बनाएंगे जो प्रत्येक माह पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण करेगी एवं उन्होंने कहा कि पत्रकार भी निष्पक्ष रुप से पत्रकारिता का कार्य करें। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता के साथ यह भी आवश्यक है की वह स्वयं पार्टी ना बने खबरों की निष्पक्षता पर ध्यान दें एवं आर्थिक की खबर का प्रकाशन ना करें। जिससे जनहानि होने की संभावना हो या जिससे समाज में गलत संदेश प्रसारित हो। जिलाधिकारी ने कहा कि हम गौरव का अनुभव करते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के साथ हमें आप लोगों से बातें करके सुखद एहसास हो रहा है। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एसोसिएशन की मांग पर वह प्रत्येक थाने को निर्देशित करेंगे कि प्रत्येक माह पत्रकारों की बैठक बुलाई जाए और उनकी व्यक्तिगत तथा पत्रकारिता से संबंधित समस्याओं को थानाध्यक्ष सुनकर उसका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में समस्या तब आती है जब हम निष्पक्ष रुप से पत्रकारिता न करके पार्टी बन जाते हैं ऐसे में वाद विवाद की स्थिति बनती है और कानूनी रूप से जब मामला सामने आता है तो हमें भी मजबूर होना पड़ता है। हम संविधान से बढ़कर नहीं है लेकिन फिर भी पत्रकारों के ऊपर किसी भी समस्या का कोई आरोप यदि लगाया जाता है तो हम उसकी राजपत्रित अधिकारी से जांच जरूर कराएंगे। जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ होता है द्य हमें कलम की ताकत को मजबूत करना चाहिए सभी को एकजुट होकर रहने की आवश्यकता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा ने जिलाधिकारी से मांग की तहसील स्तर पर एक ऐसी कमेटी बनाई जाए जो प्रत्येक महा पत्रकारों की समस्या का निराकरण करे। अंत में पुवायां तहसील अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरिओम त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेंद्र पांडे ने की। इस दौरान तमाम ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों पत्रकार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बच्चों व माताओं को बांटा घी और दूध



**फतेहपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री लक्ष्मीबाई बाजपेई के नेतृत्व में गर्भवती महिलाओं को घी, दूध का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टरगंज सभासद दिवाकर अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। तमाम गर्भवती महिलाओं को घी और दूध वितरित किया। इस अवसर पर दिवाकर अवस्थी ने कहा की शासन कि मंशानुरूप सभी वार्डों में आंगनबाड़ी केंद्रों में घी और दूध वितरित किया जा रहा है जिससे तमाम गर्भवती महिलाओं को इससे लाभ पहुंचेगा। इस अवसर पर गुड़िया, मुस्कान, मंजू, मालती सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

## संदिग्ध हालत में महिला ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर में शुक्रवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 35 वर्षीय एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार केशवपुर गांव निवासी रिंकू उर्फ उदयभान सिंह यादव की पत्नी संगीता देवी ने बीती रात उस वक्त घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो कमरे में संगीता का फांसी पर लटका शव देख घर में कोहराम मच गया।

# मासिक बैठक में सपाइयों ने पंचायत चुनाव में जीत का लिया संकल्प



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव देवी गुलाम कुशवाहा ने किया। जिला अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में पंचायत चुनाव को मद्देनजर रखते हुए समाजवादी पार्टी के द्वारा जो भी अधिकृत प्रत्याशी होगा उसको पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ चुनाव जिताने का काम करेंगे और जब समाजवादी पार्टी का पंचायत प्रत्याशी चुनाव जीतेगा तो आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को हम लोगों के द्वारा चुनाव जिताने में आसानी होगी। पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा ने कहा कि मासिक बैठक में हम लोग यह संकल्प लेते हैं कि पूरी निष्ठा के साथ पंचायत चुनाव में काम करेंगे। पूर्व विधायक मोहम्मद शफीर ने भी पंचायत चुनाव में अपने विचार रखे। पूर्व चेयरमैन चंद्र प्रकाश लोधी, पूर्व मंत्री राम बहादुर यादव, मोहम्मद मोइन खान, जगदीश सिंह रामेश्वर दयाल दयालु, नफीसउद्दीन, वलीउल्ला का इमरान कादरी, सत्य प्रकाश चौहान, शकील गोल्डी, रीता प्रजापति सियाराम यादव वंदना राकेश शुक्ला केतकी यादव सलमान सिद्दीकी फरिया शमशाद अहमद जितेन निषाद अतुल पाल आज समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में नारी सशक्तीकरण पर गोष्ठी का आयोजन

**शाहजहांपुर।** पं.राम प्रसाद बिस्मिल चिकित्सा महाविद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. पूजा त्रिपाठी पांडेय नारी सशक्तीकरण एवं महिलाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय की छात्राओं को दी। डॉ. पूजा त्रिपाठी पांडेय ने छात्र-छात्रों से महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य समझते हुए कहा महिलाओं को प्रोत्साहित करना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता प्रदान कर सशक्त बनाना है। सोचने से कहाँ मिलते हैं तमन्नाओं के शहर, चलना भी जरूरी है मंजिल को पाने के लिए। चिकित्सा महाविद्यालय की छात्रा रिया गोयल, अनन्या प्रजापति, जैनब अंसारी तथा ज्योति शर्मा ने प्रभावी स्त्रियों आनन्दीबाई जोशी, गुंजन सक्सेना, मुथुलक्ष्मी रेड्डी तथा अवनि चतुर्वेदी के बारे में जानकारी देते हुए अपने हक के विषय पर भी विचार प्रस्तुत किए।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत पटरी व रेहड़ी वालों को लोन वितरित किया गया

संवाददाता। शाहजहांपुर



**डूड़ा कार्यालय** में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक विशाल ऋण वितरण शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन उत्तर प्रदेश के केबिनेट मंत्री व वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत पटरी व रेडी फेरी वालों को 10,000/- का ऋण प्रदान किया गया । बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख मिहिर कुमार झा ने पटरी व रेडी ध् फेरी वालों को बैंक ऋण की त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दस शाखाओ के शाखा प्रबन्धको ने स्टॉल लगाकर मोके पर ही ऋण स्वीकृत किए गए । इस अवसर पर केबिनेट मंत्री व वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बैंक ऑफबड़ौदा के इस कार्यक्रम की सराहना की व निर्देश दिये की जिले मे इस योजना मे लंबित आवेदनो के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा सभी पटरी व रेडी ध् फेरी वालों से अनुरोध किया कि वे इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाये। क्षेत्रीय प्रमुख , श्री मिहिर कुमार झा ने कहा बैंक ऑफ बड़ौदा सदेव ही सामाजिक क्षेत्रीय के लिए तत्पर है । उन्होने कहा कि शाहजहाँपुर क्षेत्र मे अब तक बैंक ऑफ बड़ौदा की विभिन्न शाखाओ के माध्यम से इस योजना के अंतर्गत सर्वाधिक ऋण वितरण किए जा चुके है और बैंक ऑफ बड़ौदा सरकार की विभिन्न योजनाओ को आम जनमानस तक पहुचाने हेतु प्रतिबद्ध है। अग्रणी जिला प्रबन्धक , चन्द्र शेखर जोशी ने कहा बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा लगभग 95 आवेदको को त्वरित ऋण स्वीकृत किया। कार्यक्रम मे नगर आयुक्त , सन्तोष कुमार शर्मा , अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) , क्षेत्रीय प्रमुख बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख , मिहिर कुमार झा व अग्रणी जिला प्रबन्धक , चन्द्र शेखर जोशी व प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डुडा , सतीश पाठक व बैंक बैंक प्रबन्धक मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**बेहजम-खीरी।** गत वर्षों की भांति कस्बे में पौराणिक गौरीशंकर मंदिर पर सप्तम दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस पावन कलशयात्रा गौरी शंकर मंदिर के प्रांगण से सैकड़ों की संख्या में भक्तगण कस्बे के चौराहे से धवन फिलिंग स्टेशन होते हुए गाजे बाजे व अबीर गुलाल रंग के साथ सराबोर होते हुए कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू की अगवाई में कलश यात्रा की प्रारंभ हुई। कलशयात्रा के प्रस्थान करने के अवसर पर चौकी इंचार्ज अनिल पांडे महिला आरक्षी व अपने हमराहियों के सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

### तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम पुलिस लाइन ग्राउंड में किया गया। अध्यक्षता एएसपी अरुण कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. रविंद्र शर्मा ने उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दी। जानकारी देते हुए डॉ रविंद्र शर्मा ने बताया कि विश्व भर में रोकी जा सकने वाली मौतों और बीमारियों का एकमात्र सबसे बड़ा कारण तंबाकू सेवन है। विश्व में लगभग 7 लाख लोग हर साल तंबाकू के सेवन से अपनी जान गवा देते हैं। लगभग हर 6.5 सेकंड में धूम्रपान करने वाले एक व्यक्ति की मौत होती है। साल भर में लगभग 9 लाख भारतीय तंबाकू सेवन से अपनी जान देते हैं जो क्षय रोग, एड्स और मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। प्रतिदिन लगभग 2200 से अधिक भारतीय तंबाकू सेवन से अपनी जान गवा देते हैं। भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में 40 तंबाकू के प्रयोग से मरते हैंए इसमें 95ः मुंह का कैंसर है। 2030 में धूम्रपान से मरने वालों की संख्या 83 लाख होने की संभावना है। धारा 5 के अंतर्गत तंबाकू उत्पादों का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विज्ञापन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। धारा 6 (अ) के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को या द्वारा तंबाकू बेचना प्रतिबंधित है। इसी तरह अन्य धाराओं में शैक्षिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तंबाकू बेचना प्रतिबंधित है। धारा 21 व 24 के अंतर्गत धारा 4 व 6 का उल्लंघन करने पर 200 रुपए तक का जुर्माना भी प्रावधानिक है। इस दौरान सीओ सदर अरविंद कुमार वर्मा, एनटीपीसी कार्यक्रम से डा. राकेश गुप्ता, विजय वर्मा व काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

### प्रेमी युगल ने जहर खाकर की आत्महत्या

**संडीला (हरदोई)।** प्रेमी युगल ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय कोतवाली के अन्तर्गत् ग्राम मल्हेरा निवासी कन्हईयालाल कनौजिया के पुत्र रंजीत कुमार कनौजिया का गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती दूसरी जाति की थी। इसलिए जब मामले की जानकारी युवती के परिजन को हुई तो उन्होंने युवती पर सख्ती शुरु कर दी। कुछ समय तक तो दोनों का मिलना जुलना बंद हो गया लेकिन पुनः दोनों एक दूसरे से मिलने लगे। बताया जाता है कि इसी बीच में युवती के परिजन ने उसका विवाह तय कर दिया। आगामी मई मास में युवती की बारात आने वाली थी। यह जानकारी मिलने पर युवक और युवती दोनों ने घातक फैसला कर लिया। बताते हैं कि शुक्रवार की सुबह दोनों लोग घर से निकले और भूढखेड़ा के पास जंगल में दोनों ने जहर खा लिया। दोनों को सड़क के किनारे अचेत पड़ा देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस दोनों को उठाकर सीएचसी ले गयी और दोनों को भर्ती कराया लेकिन पहले युवक की मौत हो गयी युवती को ट्रामां सेंटर भेजने की तैयारी चल ही रही थी कि उसकी भी मौत हो गयी। दोनों की पहचान होने पर परिजन को सूचित किया गया तो वे सीएचसी पहुंच गये। बाद में पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा करा उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना की सूचना मिलने पर एडीसनल एसपी अनिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर सारी घटना की जानकारी ली। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर उन्हें परिजन को सौंप दिया गया है।

### दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, हुआ पथराव

**बरेली** दो दिन पूर्व गांव में एक सगाई समारोह के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद आज सुबह फिर से दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लगभग एक घंटे तक दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया। इस दौरान एक सिपाही के भाई ने तमंचे से फायरिंग की। पथराव में कई लोग घायल हो गए। एक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कई लोगो को गिरफ्तार कर लिया। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव कंजा दासपुर में आज सुबह दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के बाद पथराव में घायल हुए गांव के ही रहने वाले मौसम खान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि अफसर, मुस्ताकर, नसीम, मन्नू ,अरहान और अच्छी बेगम को भी अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में घायलों ने बताया कि 2 दिन पहले उनके गांव में उमर पुत्र मतीन अहमद की मंगनी की रस्म चल थी और मतीन अहमद के रिश्तेदार रस्म में शामिल होने आए थे। इसी दौरान गांव के रहने वाले सिपाही अहमद रजा का भाई आशिक बिना बुलाए मंगनी की रस्म में अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए पहुंच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे वहां से भगा दिया इसी रंजिश के चलते आशिक दूसरे पक्ष से रंजिश मान रहा था और आज सुबह फिर से उसने दूसरे पक्ष के लोगों से झगड़ा शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर हमलावर हो गए और जमकर लाठी डंडे चलाने लगे।इस दौरान पथराव भी हुआ जिसमे कई लोग घायल हो गए। इस दौरान आशिक ने तमंचे से फायर भी किए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसमें घरों में छुप कर बैठे एक दर्जन से ज्यादा बवालियो को हिरासत में ले लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में दूधिया की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल पर दूध बेचने के लिए जा रहे एक दूधिया की आज सुबह तड़के घर से कुछ दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मीरगंज थाने के गांव परोरा निवासी सिर्फउद्दीन पुत्र साहब अली की मीरगंज दिवना रोड पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मृतक आज सुबह मोटरसाइकिल पर दूध बेचने के लिए मीरगंज जाने को घर से निकला था। लेकिन जब वह मीरगंज दिवना मार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से आए किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी गई। जो मौके पर पहुंची और लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक 5 बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम आयशा है।

### दो वाहनों को टक्कर मारकर बस पलटी, एक की मौत

**बरेली।** एक ऑटो और बैन को टक्कर मारने के बाद रोडवेज की बस सड़क किनारे खाई में पलट गई। जिससे बैन मे सवार एक युवक की मौत हो गई। कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।आवला थाना क्षेत्र में आज शाम कुंडा और इफ्को फैक्ट्री के बीच हुई सड़क दुर्घटना में आंवला खाने के गांव कमोड़ा निवासी शिक्षामित्र नवनीत शर्मा पुत्र सुरेश चंद्र शर्मा की मौत हो गई। जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि नवनीत शर्मा अपने कुछ साथियों के साथ बरेली शहर में कचहरी के पास स्थित एक सेंटर पर शिक्षक की ट्रेनिंग लेने आते थे। आज भी एक बैन में सवार होकर शहर आने के लिए आंवला से चले थे। लेकिन रास्ते में जब उनकी बैन कुंडा और इफ्को फैक्ट्री के बीच पहुंची। तभी तेजी से आ रही रोडवेज की एक बस में उनकी बैन को टक्कर मार दी और एक ऑटो से जा टकराई। घटना के बाद बस भी सड़क किनारे खाई में पलट गई। दुर्घटना में घायल कई लोगों को मौके पर पहुंची पुलिस ने अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। नवनीत शर्मा को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी।

### सड़क हादसों में अज्ञात महिला समेत तीन की मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते चौबीस घण्टों के अंतराल में हुए सड़क हादसों के दौरान अज्ञात महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर भमैचा गांव निवासी दिनेश द्विवेदी का 22 वर्षीय पुत्र आशीष द्विवेदी शुक्रवार की देर शाम खाना खाकर टहलने निकला था। इसी बीच गांव के समीप ही विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के केसरवा गांव निवासी दुर्गा की 35 वर्षीय पत्नी लक्ष्मनिया कल शाम दुकान सामान लेने जा रही थी तभी सड़क पार करते समय विपरीत दिशा से आ रहे विक्रम की चपेट में आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि सदर कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज ओवर ब्रिज के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 40 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में सहबसी गांव के समीप शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया। जहां से कानपुर रिफर कर दिया गया। इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात करीब नौ बजे सहबसी गांव के समीप घायल युवक सड़क पर पड़ा पुलिस को दिखाई पड़ा। उसे तत्काल पुलिस की गाड़ी से इलाज के जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में भर्ती कराते समय उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान पुत्तन लाल 21 वर्ष निवासी सहबसी थाना हुसेनगंज के रूप हुई है। घायल की हालत चिन्ताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे कानपुर रिफर कर दिया।

# एक अप्रैल से सम्भवतः सभी ट्रेनों का संचालन समान्य रूप से हो जायेगा शुरूः डीआरएम

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**पूर्वोत्तर** रेलवे इज्जतनगर मण्डल आगामी 1 अप्रैल 2021 से सम्भवतया सभी ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से शुरू हो जायेगा। यह जानकारी आज शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण करने के दौरान इज्जतनगर मण्डल के डीआरएम आशुतोष पंत ने दी। इसके बाद वह अपनी स्पेशल ट्रेन से फर्रूखाबाद से कानपुर अनवरगंज तक रेलवे ट्रैक व अन्य स्टेशनों का निरीक्षण करते हुये रवाना हो गए।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सामान्य रूप से बन्द ट्रेनो में से स्पेशल मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रेलवे बोर्ड के निर्देश पर रेलयात्रियों के लाभार्थ शुरू किया गया। इसके बाद अब पैसेंजर ट्रेनों का संचालन भी धीरे.धीरे रेल किराया वृद्धि करके सामान्य टिकट बुकिंग विण्डो से टिकट वितरण की सुविधा रेलयात्रियों को उपलब्ध कराकर 04 मार्च 2021 से शुरू हो गया है। श्री पंत ने बताया कि आगामी 01 अप्रैल 2021 से रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सम्भवतया इज्जतनगर मण्डल की पैसेंजर ट्रेनों के साथ ही अन्य सभी ट्रेनों का संचालन रेलयात्रियों के लाभार्थ शुरू हो जायेगा। प्लेटफार्म टिकट के प्रश्न पर कहा कि इस मामले में रेलवे बोर्ड को पत्र भेजा गया है और जैसे ही रेलवे बोर्ड से हमारे मण्डल प्लेटफार्म टिकट वितरण के दिशा निर्देश मिलते ही वैसे रेलयात्रियों को प्लेटफार्म टिकट की सुविधा मिलने लगेगी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि 18 मार्च 2021 को पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक का फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर वार्षिक निरीक्षण होना सुनिश्चित है। उसी की तैयारियों का जायजा लेने के लिये आज मैं यहां निरीक्षण करने आया हूं।

इस दौरान कल गुरूवार को देरसायंकाल एक प्राइवेट सफाईकर्मी आदेश कुमार की ड्यूटी करते समय अचानक एक मालगाड़ी से फर्रूखाबाद स्टेशन पर कटकर दर्दनाक मौत होने के मामले में एकत्र सफाई कर्मचारियों द्वारा डीआरएम को दिये गये ज्ञापन पर उन्होंने कहा कि मृतक सफाई कर्मी प्राइवेट था। ठेकेदार से आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए के अधिकारियों को निर्देश देते हुये डीआरएम ने कहा कि हम अपने स्तर से भी जो भी सहायता होगी। मृतक सफाई कर्मी के परिवारीजनों को उपलब्ध कराऊंगा। इस अवसर पर एडीआरएम अजय वार्ष्णेय, सीनियर डीसीएम श्रीमती नीतू, डीसीआई अवध बिहारी,वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक धर्म सिंह मीणा, आरपीएफ इंस्पेक्टर वीरेन्द्र सिंह, जीआरपी प्रभारी निरीक्षक, स्टेशन अधीक्षक योगेन्द्र कुमार शाक्य, वाणिज्य अधीक्षक सीण्पीण् पटेल आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा की निगरानी करेगा राउटर

● हाईस्कूल में 27743 व इंटर में 19934 देंगे परीक्षा

● पिछली वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कम हुए 2300 परीक्षार्थी

**औरैया।** जिले के 77 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं 24 अप्रैल से शुरू हो रहीं है। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए इस बार शासन ने कड़े बंदोबस्त किए हैं। पहली बार राउटर की निगरानी में परीक्षाएं होंगी, जो परीक्षा केंद्र के आसपास की निगरानी रखेंने के साथ जिले व लखनऊ मुख्यालय तक सूचनाएं प्रेषित करेगा। देश में उत्तर प्रदेश ही इकलौता प्रदेश हैं जहां राउटर की व्यवस्था है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 27743 व इंटर में 19934 कुल 47677 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। पिछली बार की तुलना में 2300 परीक्षार्थी कम है। 77 परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए सीसीटीवी, वॉयस रिकार्डर, ब्रॉड बैंड के साथ पहली बार प्रत्येक केंद्र पर राउटर लगाया जाएगा। यह राउटर परीक्षा केंद्रों के आसपास की हर गतिविधि की जानकारी जिला व लखनऊ मुख्यालय से जुड़ें कंट्रोल रूम तक पहुंचाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक एमपी सिंह ने बताया कि हाईस्कूल व इंटर के लिए 77 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों कक्षाओं में 47577 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए हाईटैक इंतजाम किए गए हैं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए राउटर की मदद ली जा रही है। पूरे देश में कहीं भी इस तरह का इंतजाम नहीं है।

### तीसरी आंख से रहेगी केंद्रों पर नजर

बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन कराने को लेकर कटिबद्ध शासन और जिला प्रशासन तीसरी आंख के जरिए परीक्षा केंद्रों पर सीधी निगरानी रखेगा। केंद्र की गतिविधियों परीक्षा के दौरान छात्रों की गतिविधियों को कंट्रोल रूम से लेकर स्टेट लेवल के कंट्रोल रूम तक वीडियो से पैनी नजर रखी जाएगी।

# पत्नी ने घर के अन्दर तो पति ने जंगल में फांसी लगा कर जान दी

● थाना सजेती के ग्राम निबिया खेड़ा की है घटना

संवाददाता। घाटमपुर

**थाना** सजेती क्षेत्र के गांव निबियाखेड़ा में विवाद के बाद पत्नी ने घर के अंदर तो पति ने जंगल में फॉसी लगा कर जान दे।

घटना की सूचना पाकर सजेती पुलिस मौके पर पंहुची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। घटना को लेकर पुलिस जहॉं पति-पत्नी के बीच के बाद घर में पत्नी द्वारा फॉसी लगाकर जान देने के बाद फसने के डर से पति द्वारा खुद भी फॉसी लगाकर जाने देने की बात कह रही है वहीं युवती के मायके वाले हत्या करने के बाद फॉसी लगाने की बात कह रही है। बताया जाता है की गांव निवासी अरबिन्द ( 35 ) पुत्र बाबू यादव का आज सबेरे किसी बात को लेकर पत्नी सुनीता ( 32 ) से बिवाद हो गया था इसी बीच अरबिन्द बाहर चला आया, और इसी बीच पत्नी सुनीता ने घर के अन्दर कुन्डे के सहारे फॉसी लगा ली, दोपहर बाद जब अरबिन्द वापस घर आया तो पत्नी सुनीता का शव कुन्डे के सहारे लटका मिला तो वह खेतों में खड़े पेंड़ के सहारे फॉसी लगा ली। थाना प्रभारी रावेंन्द्र मिश्रा ने बताया कि दोनो के शवों को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के तेजपुर माइनर की पुलिया के पास ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गयी। बताया जाता है किगांव निवासी श्यामू (40) पुत्र कल्लू खाली ट्रैक्टर लेकर गांव आ रहा था कि जैसे ही वो तेजपुर माइनर की बम्बी के पास पंहुचा की अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर बम्बी में पलट गया जिससे श्यामू की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

# ग्राम पंचायत बिरुहूनी को लेकर ओबीसी मतदाताओं ने जताई आपत्ति

**औरैया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बुधवार को ग्राम पंचायत प्रधान ग्राम पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए आरक्षण सूची जारी कर दी गई। 04 मार्च से 08 मार्च के बीच संबंधित कार्यालयों पर उक्त पदों पर आपत्तियां दर्ज की जा सकेगी। इधर अजीतमल विकास विकास खंड की ग्राम पंचायत बिरूहूनी सामान्य सीट हुई है। इस पर पिछड़ा वर्ग ने आपत्ति जताई है। पिछले 2010 के चुनाव में बिरूहूनी ग्राम पंचायत को सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया गया था। उसके बाद 2015 में सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई थी। इस बार अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए मतदाताओं को पूरा भरोसा था कि अबकी बार प्रतिनिधित्व का मौका मिलेगा। ग्राम पंचायत बिरौली में बिरूहूनी गांव सहित पीपर का पुरवा अदित का पुरवा, नंदलाल का पुरवा, मौजमपुर, सैनी का पुरवा सहित 05 ग्राम लगते हैं। कुल 4631 मतदाताओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के 24.47 प्रतिशत मतदाता वोट देते हैं। पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं का कहना है कि अभी तक हमें प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला। अन्य पिछड़ा वर्ग के कई मतदाताओं ने आरक्षण से असंतुष्ट होकर सामूहिक रूप से हस्ताक्षर युक्त एक आपत्ति पत्र ब्लॉक अजीतमल में दे दिया है। वहीं मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है।

# डीएम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर किया मंथन, दिए निर्देश




**कानपुर देहात।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर जनपद पर कार्यक्रम आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय द्वारा अवगत कराया गया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को माती मुख्यालय निकट इको पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री महेश चंद गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जाएगा कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा ।

इसी प्रकार विभिन्न विभागों जिसमें पंचायती राज विभाग द्वारा अच्छे कार्य करने पर महिलाओं का सम्मान व महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं का सम्मान तथा कोविड.19 के तहत अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा वहीं जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के बनाए गए नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस विभाग के द्वारा जो दायित्व दिए गए हैं वह हर हाल में पूर्ण करें कार्यक्रम में कोविड.19 का पालन करते हुए मार्क्सए सैनिटाइजर स्वास्थ्य टीमए एंबुलेंस आदि रहे तथा जलपानए बैठने के लिए कुर्सी आदि सभी व्यवस्थाएं रहे इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। बैठक में मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए डीडीओए जिला प्रोवेशन अधिकारी अभिषेक पाण्डेयए सभी एसडीएम आदि जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बालाजी मंदिर में माता सीता के प्रकटोत्सव पर हुआ भव्य श्रृंगार

**रूरा, कानपुर देहात।** बालाजी मॅदिर में भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की अर्धांगिनी माता सीता के प्रकटोत्सव पर भगवान राम तथा माता सीता की मूर्तियों का भव्य श्रॅगार पुष्प व पुष्पमालाओं द्वारा किया गया। इस मौके पर बालाजी मॅदिर की सॅचालक कामधेनू समिति के राजेन्द्र सिंह गौर व गोविन्द सिंह गौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बालाजी मॅदिर के सॅचालक गोविन्द सिंह गौर सप्पू ने बताया कि महाराज जनक को जब लम्बे समय तक सॅतान सुख प्राप्त नहीं हुआ तो उनको गुरूओ, ऋषियों ने खेतों में हल चलाये जाने का निर्देश दिया। महाराज जनक द्वारा खेतों में हल चलाने के दौरान ही हल एक मिट्टी के मटके से टकराया। मिट्टी के मटके के अन्दर माता सीता शिशु रूप में मौजूद मिली। माता सीता का शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन प्रकटोत्सव धरती मॉ के गर्भ से हुआ था। माता सीता के प्रकटोत्सव के अवसर पर बालाजी मॅदिर में स्थापित माता सीता व भगवान राम की मूर्तियों का भव्य श्रॅगार किया गया। पुष्पो, पुष्पमालाओं के साथ आकर्षक लाइटिंग से माता सीता व भगवान राम की मूर्तियों की शोभा देखते ही बनती थी।



बालाजी मॅदिर में आकर्षक श्रॅगार के मध्य विराजमान माता सीता व भगवान राम की मूर्तियॉ

# लोक अदालत का हुआ आयोजन बैंक ऋण वसूली के लिए 2293 लोगों को नोटिस की गई जारी

**कानपुर देहात।** दीवानी न्यायालय परिसर (माती) कानपुर देहात में उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश /अध्यक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साधनारानी (ठाकुर) की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसका संचालन साक्षी गर्गए सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा किया गया है। लोक अदालत में कानपुर देहात के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले जनपद कानपुर देहात में संचालित बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा बैंक ऋण वसूली हेतु 2293 नोटिस जारी किये गये हैंए जिससे कि उक्त लोक अदालत में अधिक से अधिक बैंक ऋण रिकवरी सुलह. समझौते के आधार पर की जा सके। शनिवार को जनपद में संचालित बड़ौदा यूपी बैंक के जिला समन्व्यक राजीव जैन ने बताया कि जनपद में संचालित बड़ौदा यूपी बैंक को समस्त शाखा प्रबन्धक आये एवं उनके द्वारा सुलह.समझौते के आधार पर कुल वाद. 493 मूल्याकंन तीन करोड़ पछत्तर लाख निस्तारित किये गये जिसमें से रुपया .97,00, 000/-की बैंक ऋण वसूली नगद रूप से लोक अदालत में की गयी। जनपद न्यायधीश अध्यक्ष के कुशल निर्देशानुसार जिला स्तरीय लोक अदालत का आयोजन सफ्लतापूर्वक सम्पन्न किया गया ।

# डीएम ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को वितरित किए उपकरण



**कायमगंज् फर्रूखाबाद ।** नगर से सटे गांव घसिया चिलौली स्थित बीआरसी परिसर में दिव्यांग छात्र छात्राओं को उपकरण उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाकर समारोह पूर्वक वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। इस समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने वहां मौजूद दिव्यांग छात्र छात्राओं को उनकी सुविधा के लिए उपकरण वितरित किए। यह उपकरण एलिम्को की सहायता से वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए थे। शिविर में आए प्राथमिक विद्यालय उलियापुर के छात्र रोहन को एम आर किट, वरझाला के विजय को होलेस्टर, प्रहलादपुर के रामकिशन को ट्राई साइकिल, नरसिंहपुर के बृजेश को श्रवण यंत्र, गौसपुर मोहम्मदाबाद के देवेंद्र को व्हीलचेयर, टिमरुआ के श्यामवीर को ट्राई साइकिल, हमीरपुर खास प्राथमिक विद्यालय के श्याम सिंह को ब्रेल किट सहित पंजीकृत 278 छात्र.छात्राओं के सापेक्ष समारोह स्थल पर उपस्थित 150 छात्र छात्राओं को उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के अतिरिक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालजी यादवए खंड विकास अधिकारी व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रिचा यादव, खंड शिक्षा अधिकारी वेगीस गोयल सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक गण आदि उपस्थित रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट बोले-यह तो ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी

**फर्रूखाबाद।** शनिवार को उस समय अचानक हड़कंप मच गया जब दलबल के साथ नगर मजिस्ट्रेट नें प्रबंधित डिस्पोजल की गोदाम में छापेमारी कर दी। जिसके बाद गोदाम से भारी मात्रा में डिस्पोजल बरामद हुए। जिन्हें कब्जे में ले लिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घमंडी कूंचा निवासी गौतम पुत्र विष्णु गुप्ता की लिंजीगंज में गोदाम नंबर 6 के निकट एक गोदाम है। जिसमे शनिवार दोपहर बाद जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी रविन्द्र कुमार, शहर कोतवाल वेद प्रकाश पाण्डेय नें भारी दल-बल के साथ छापेमारी की। जिससे हड़कंप मच गया। गोदाम से दो ट्रक दो ट्रैक्टर एक नगरपालिका का डंपर भरकर डिस्पोजल बरामद हुआ। जिसे पालिका क कब्जे में दे दिया गया। भारी मात्रा में डिस्पोजल बरामद होनें से व्यापारियों में भी हड़कंप है। व्यापारी विष्णु गुप्ता और छोटे नें अधिकारियों से कहा कि व्यापारियों को बेबजाह परेशान किया जा रहा है। वहाँ क्यों कार्यवाही नही होती जहाँ डिस्पोजल बनता है। त्यौहार के टाइम व्यापारी क्या आत्महत्या कर ले। व्यापारी नेता कमलेश गुप्ता का कहना है कि अपने तरीके से कार्यवाही करेंगे। व्यापारी के पास सभी सामान के पक्के बिल हैं। भारी मात्रा में व्यापारी की गोदाम में डिस्पोजल बरामद होनें से व्यापारियों में भगदड़ है। वहीं नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य नें कहा कि अभी तो केबल ट्रेलर था पिक्चर अभी बांकी है।

### अतिक्रमण पर भी नगर मजिस्ट्रेट सख्त

नगर मजिस्ट्रेट नें व्यापारियों को सख्त हिदायत दी कि सभी व्यापारी अपना अतिक्रमण हटा लें। दुकान के बाहर कोई सामान नही लगेगा। जो भी ग्राहक आयेगा वह दुकान के भीतर से सामान खरीदेगा। रंग बेंचने वालों को हिदायत दी कि कोई भी व्यापारी कैमिकल युक्त रंग नही बेंचे नही तो कार्यवाही होगी।

# 'विचित्र' का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आठ को होगा



**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे परिहार आर्थोपेडिक अस्पताल जालौन रोड में समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 08 मार्च सोमवार को प्रात: 10 बजे से श्री पोरवाल धर्मशाला औरैया में रामा हॉस्पिटल लखनपुर कानपुर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन के लिए सर्वसम्मति से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कानपुर के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, दंत चिकित्सा, स्त्रीरोग, बालरोग, नाक, कान गला व न्यूरो आदि की जांच डॉ0 इरफान, डॉ0 अंकुर, डॉ0 हिमांशु, डॉ0 मधुलिका, डॉ0 बरखा आदि चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा संबंधित रोगों की नि:शुल्क जांच की जाएगी। शिविर का संयोजक सभासद पंकज मिश्रा व मनीष पुरवार हीरू को बनाया गया है। विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्यों द्वारा समूह के साथ नगर के प्रमुख बाजारों में शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रपत्र के माध्यम से लोगों से निरंतर जनसंपर्क किया जा रहा है। समिति के संस्थापक ने शारीरिक रूप से अस्वस्थ लोगों से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाने की अपील की हैं। बैठक में डॉ0 एसएस परिहार, आनन्द गुप्ता (डाबर), पीयूष उपाध्याय, ज्ञानेश श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# शराब बरामद कर आधा दर्जन को किया गिरफ्तार

**औरैया।** कोतवाली के उपनिरीक्षक बृजेश भार्गव ने गुरुवार की शाम करीब 04 बजे कोतवाली क्षेत्र के पुरानी फफूँद चुंगी से करीब 50 मीटर पहले विशाल पुत्र राजेंद्र निवासी मोहल्ला बनारसीदास औरैया के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह से थाना बेला के उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र ने बुधवार की शाम करीब पौने 06 बजे थाना क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक के सामने कस्वा सहार में गोविंद पुत्र बेचे लाल निवासी ग्राम रावत पुरवा थाना बेला के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर धर दबोचा। इसी थाने के उप निरीक्षक संतोष कुमार ने गुरुवार की दोपहर करीब सवा 12 बजे थाना क्षेत्र के गहेसर पुलिया से भूरा उर्फ विश्वनाथ पुत्र ग्यासीन रैदास निवासी ग्राम गहेसर थाना दिबियापुर के कब्जे से 14 अदद देशी शराब के क्वार्टर बरामद कर धर दबोचा। इसी प्रकार थाना दिबियापुर की महिला उपनिरीक्षक नीरज शर्मा ने गुरुवार की रात करीब पौने 11 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम में मेरकपुर रोड पर 300 मीटर आगे पुलिया के समीप विनोद पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम कटारी का पुरवा थाना दिबियापुर के कब्जे से 12 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह से इसी थाने के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने गुरुवार की दोपहर करीब 01 बजे थाना क्षेत्र के राजरानी स्कूल के पास जगदीश प्रसाद निवासी मोहल्ला लोहिया नगर राजरानी स्कूल के पास कस्बा व थाना दिबियापुर के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर पकड़ लिया। जबकि कोतवाली बिधूना के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने गुरुवार की शाम करीब सवा 07 बजे थाना कोतवाली क्षेत्र के चोपड़ा भट्टा के समीप धर्मेंद्र बाबू पुत्र मुंशी मांझी निवासी पतेड़ बजीरगंज जिला ग्या बिहार, हाल पता ईंट उद्योग नूराबाद कोतवाली बिधूना तथा बुंदेला मांझी पुत्र भोला मांझी निवासी तिसवार मोहनपुर ग्या बिहार, हाल पता उपरोक्त के कब्जे से क्रमस: 5-5 लीटर कच्ची शराब बरामद कर धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गये नामजद आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की।

## क्विक न्यूज

### पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

**औरैया।** शुक्रवार को आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गौतम की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार ककोर में अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं शान्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने व्यक्तियों पर विशेष सतर्क दृष्टि व आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। समस्त थानों के अपराधों व थाना स्तर से की गई निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गई। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, इनामिया अपराधी, गैर जमानती वारण्टियों की गिरफ्तारी, अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही व अराजक तत्वों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये। समस्त थाना प्रभारी पंचायत चुनाव को लेकर अपने-अपने थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाये रखने के लिए निर्देशित किया गया। चुनाव को लेकर सौहार्द बिगाड़ने वह चुनाव का माहौल बिगड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर जिसमें अपराधिक व्यक्तियों पर नजर रखने, अवैध असलहा रखने, अवैध शराब कारोबारियों व पुराने विवादों पर नजर रखने के लिए सभी हल्का प्रभारियों को निर्देशित किया गया। क्षेत्र वार असलहों का सत्यापन कर थानों में जमा कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल, अपर जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, एसपीओ आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

### नई पेंशन-निजीकरण को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**औरैया।** पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों के संगठन अटेवा द्वारा जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन देने का अभियान चल रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को अटेवा की औरैया कार्यकारिणी ने बिधूना विधायक को ज्ञापन सौंप कर पेंशन बहाली की माँग की। विधायक विनय शाक्य ने कर्मचारियों की माँग को जायज बताकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। अटेवा संगठन के जिलाध्यक्ष अमन यादव, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सहित अमर सिंह ब्लाक अध्यक्ष बिधूना व आशुतोष शुक्ला ब्लाक अध्यक्ष सहार ने विधायक प्रतिनिधि देवेश शाक्य को ज्ञापन देकर बताया कि भारत सरकार की नौकरी में एक जनवरी 2004 से व यूपी सरकार की नौकरी में एक अप्रैल 2005 से कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त कर नई पेंशन योजना लागू कर दी गयी। इसको लेकर देश भर में शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों में रोष व्याप्त है और अटेवा के बैनर तले आंदोलन जारी है। इस व्यवस्था से देश भर के साढ़े तीन करोड़ लोग सीधे प्रभावित हैं। इसी के साथ भारत सरकार द्वारा सरकारी उपक्रमों का तेजी से निजीकरण किया जा रहा है। जिससे लाखों लोग सरकारी नौकरी से वंचित हो रहे हैं। संगठन ने विधायक द्वारा मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कर्मचारियों की दोनों समस्याओं से अवगत कराने का निवेदन किया। संगठन की माँग पर विधायक द्वारा तुरंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा गया। इस दौरान शिवम अग्रवाल, सुभाष शाक्य भी मौजूद रहे।

### घायल की उपचार के दौरान मौत

**औरैया।** कोतवाली बिधूना क्षेत्र के ग्राम बड़े पुरवा निवासी जवाहर लाल पुत्र घासीराम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गत् 26 फरवरी की पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे उसका पुत्र ग्राम नौगंवा के पास था। उसी समय एक कार के अज्ञात चालक ने कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके पुत्र को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसके पुत्र की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की।

### छेड़छाड़ कर जातिसूचक शब्दों का किया प्रयोग

**औरैया।** कोतवाली बिधूना क्षेत्र के ग्राम निवासी एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गत् 09 फरवरी कि रात करीब पौने एक बजे वह अपने घर के अंदर थी। उसी समय गाँव के ही ठाकुर कुलदीप सिंह पुत्र उदय प्रताप, नरेंद्र व हाकिम सिंह पुत्रगण लल्ला सिंह के अलावा नाम पता अज्ञात व्यक्ति आ गये और उसके घर के अंदर घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। इसके अलावा नरेंद्र व हाकिम सिंह तथा अन्य लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपितों के खिलाफमामले की विभिन्न धाराओं के अलावा दलित अधिनियम के तहत मामले की रिपोर्ट दर्ज की।

### मुकदमा वापस न लेने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्रह्मनगर निवासी डॉ0 संजीव अग्निहोत्री ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी पक्ष की महिलाओं पर मुकदमा वापस न लेने पर एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित डॉ0 संजीव अग्निहोत्री ने बताया कि पुत्र कुशल अग्निहोत्री का 02 मार्च को आशुतोष राणा, टोनी सेंगर ने अपहरण करने का प्रयास किया था। कोतवाली में आरोपियों के खिलाफमुकदमा भी दर्ज है। इसी प्रकरण में गुरुवार की सुबह लगभग सवा 11 बजे आरोपी पक्ष की कुछ महिलाएं मेरे क्लीनिक पर आईं और धमकी देते हुए बोली कि मुकद्मा वापस ले लो, अन्यथा बलात्कार, एससी/एसटी एक्ट के मामले में फंसा देंगे, जिसकी रिकॉर्डिंग भी कर ली। इसका वीडियो ब्रह्मनगर चौकी इंचार्ज राम प्रकाश यादव को उपलब्ध करा दिया गया है। इस मामले में कोतवाली इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवती से की छेड़छाड़, पिता ने लिखाई रिपोर्ट

**कायमगंज फर्रूखाबाद।** कानून व्यवस्था से बेपरवाह दबंगों ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करते हुए सभी नैतिक मर्यादाओं को तार.तार करने का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव ज्यौना निवासी एक पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा है कि वह तथा उसकी पत्नी अपने एक रिश्तेदार की मृत्यु की सूचना पर बाहर गए हुए थे । घर पर उसकी एक युवा बेटी मेरे दो अन्य मासूम बच्चों के साथ थी । बीती रात जब दोनों बच्चों के साथ मेरी बेटी घर में सो रही थी। उसी समय मेरे ही गांव के निवासी सचिन पुत्र अजय कुमार एवं करनसिंह पुत्र रामप्रवेश रात के लगभग 11: 30 बजे उसके घर में घुस आए। इन दोनों ने सोती हुई मेरी युवा बेटी को जगाया और यह दोनों बदनियति से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। अचानक इस तरह की हुई हरकत से घबराकर मेरी बेटी चीखने लगी । उसके चीखने पर पड़ोसियों के आ जाने के भय से यह दोनों घर की दीवार फांद कर मौके से भाग गए । प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 452, 354 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर पीड़ित बेटी के पिता को जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### आई हॉस्पिटल संचालक डॉ. महेंद्र गुप्ता ने लिखाई मारपीट की रिपोर्ट

**कायमगंज् फर्रूखाबाद।** नगर कायमगंज के मोहल्ला जटवारा स्थित आई हॉस्पिटल संचालक डॉ महेंद्र गुप्ता कुछ समय से वायरल हो रहे वीडियो से चर्चा में आए। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह अपनी कार से क्षेत्र में गए थे। वहां से वापस लौटते समय अताईपुर के मोहल्ला बड़ा बाजार में उनकी गाड़ी को इशारा करके रोक लिया और कालर पकड़कर मुझे नीचे खींच लिया। गाड़ी से नीचे खींच कर मोहल्ला चौक गांव मऊ रशीदाबाग के निवासी मसूद खा बैटरी वाले उनके लड़के अम्मार तथा साकिब खा एवं 4 अन्य अज्ञात लोगों ने मुझे लात घूसों तथा लाठी.डंडों से जमकर पीटा । आरोप है कि इन लोगों ने तमंचे की बट मारकर सिर भी फोड़ दिया । लहूलुहान हालत में चर्चित डॉ महेंद्र गुप्ता कोतवाली पहुंचे । जहां पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर उक्त सभी लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 323 ए 325 ए 427 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर घायल महेंद्र गुप्ता को उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

### तीन वर्षीया बालिका से दुष्कर्म में आरोपी को आजीवन कारावास

**फर्रूखाबाद।** बीते लगभग 6 वर्ष पूर्व तीन वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करनें के मामले में कोर्ट नें आरोपी को आजीवन कारावास और 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। विदित है कि थाना शमसाबाद क्षेत्र के एक गाँव निवासी आरोपी सगुना उर्फशान मोहम्मद पर तीन वार्षिक बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके बाद पीड़िता के पिता नें थानें में आरोपी के खिलाफ1 जनवरी 2016 को धारा 376(ए), पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसमे पुलिस नें आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पीड़िता के पक्ष से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता शिव नरेश सिंह व अनुज कटियार व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट हर्षबर्धन नें आरोपी की सजा तय की। उन्होंने उसे आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा ना करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा भुजतेगा।

### ठेकेदार के शोषण के विरोध में सड़क पर नंगे पैर निकाली पदयात्रा

**फर्रूखाबाद।** संविदा व निविदा कर्मियों का ठेकेदारों के द्वारा शोषण किये जानें के विरोध मेंविधुत कर्मियों की संघर्ष समिति नें सड़क पर नंगे पैर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। रात में उपवास रखेंगे। विधुत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक जितेन्द्र सिंह गुज्जर के नेतृत्व ने बिजली कर्मी पांचाल घाट पर पंहुचे। जहाँ उन्होंने गंगा की पूजा अर्चना की। जिसके बाद नंगे पैर संघर्ष समिति नें पद यात्रा शुरू की। पदयात्रा पांचाल घाट से मसेनी, नेकपुर होते हुए भोलेपुर अधीक्षण अभियंता कार्यालय तक गयी। शनिवार शाम 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक संघर्ष समिति के सदस्य उपवास पर रहेंगे। संयोजक जितेन्द्र सिंह नें बताया कि ठेकेदारों द्वारा संविदा व निविदा कर्मियों का शोषण किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था नियमानुसार कार्य नही कराया जा रहा है। फर्म द्वारा प्रति संविदा कर्मी से 25 हजार जमा कराये जा रहें है। जो अनुबंध के नियमों से इतर है। लिहाज अब संघर्ष समिति नें मोर्चा खोल दिया।

### क्रास कंट्री दौड़ में कुलदीप व वैष्णवी बने चैंपियन

**फर्रूखाबाद।** फतेहगढ़ महोत्सव की तरफसे क्रॉस कंट्री व साइकिल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे बालक-बालिकाओं नें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शनिवार अहले सुबह फतेहगढ़ के डीएन डिग्री कालेज के सामने से क्रास कंट्री रेस व साइकिल रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी तदाद में प्रतिभागी शामिल हुए। क्रास कंट्री रेस व साइकिल रेस को हरी झंडी दिखाकर हाजी अल्लादिन व राजीव वाजपेयी नें रवाना किया। क्रास कंट्री रेस (बालक) में कुलदीप भदौरिया प्रथम, बालिका में वैष्णवी, साइकिल रेस में प्रथम सुमित कुमार रहे।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया विद्युत उपकेंद्रों का लोकार्पण

● ढाई लाख आबादी क्षेत्र की विद्युत समस्या का हुआ समाधान

संवाददाता। चित्रकूट



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा सबको बिजली, पर्याप्त बिजली, निर्बाध बिजली, उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड 220/132 एवं 132/33केबी के 27 उपकेंद्रों जिसकी लागत 1920 करोड़ के कार्यों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान एनआईसी में सांसद आर के सिंह पटेल, विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला मौजूद रहे।

शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने 132 केवी उपकेंद्र राजापुर का भी लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि 132 केवी उपकेन्द्र राजापुर का निर्माण कार्य माह जनवरी 2019 में शुरू किया गया था जो अप्रैल 2020 में ऊर्जीकृत हो चुका था जिसकी लागत 34.26 लाख रुपए है इस उप केंद्र के निर्माण हो जाने से तहसील राजापुर के अंतर्गत राजापुर, सरधुवा, गनींवा, छीबों आदि क्षेत्र को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति मय वोल्टेज के दी जा रही है जिससे क्षेत्र में किसानों की आय में वृद्धि होगी इसके साथ साथ हैं चिल्ली मल पंप कैनाल तथा सिरावल पंप कैनाल भी लाभान्वित होगा। विद्युत उप केंद्र के बन जाने से लगभग ढाई लाख क्षेत्र की जनता को लाभ मिलना शुरू हो गया है अब क्षेत्र में विद्युत की कोई समस्या नहीं होगी। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता विद्युत पीके मित्तल, अधिशासी अभियंता ट्रांसमिशन आरके वर्मा मौजूद रहे।

## सीएम 10 मार्च को करेंगे चित्रकूट के रसिन बांध का लोकार्पण

**चित्रकूट।** संकल्प से सिद्धी तक अभियान के तहत चित्रकूट विधानसभा की एक - एक इंच भूमि को सिंचित करने के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए लोक निर्माण राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय के अथक प्रयासों से अधूरे पड़े रसिन बांध का निर्माण पूरा हुआ है। राज्यमंत्री श्री उपाध्याय ने बताया कि 10 मार्च को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा रसिन बांध का लोकार्पण किया जायेगा। लोक निर्माण राज्य मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने शनिवार को बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों की लचर व्यवस्था के चलते कई वर्षो से अधूरे पड़े चित्रकूट जिले के रसिन बांध का निर्माण पूरा कराने का उन्होंने विधायक निर्वाचित होने के उपरांत संकल्प लिया था। इसके क्रम में योगी सरकार के सहयोग से महज तीन वर्ष के अंदर इस परियोजना को पूर्ण कराया गया है । मंत्री श्री उपाध्याय ने बताया कि यह बांध परियोजना 2003 से प्रस्तावित है, लेकिन सपा -बसपा सरकारों की किसान विरोधी मानसिकता के कारण 15 वर्षों में इसका निर्माण कार्य 20: भी पूर्ण नहीं हो सका था ।

## प्रदेश में महिलाएं व बच्चियां नहीं सुरक्षित कानून व्यवस्था हुई धड़ामः अनुज यादव

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय जनपद में जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक आहूत की गई बैठक का संचालन जिला महासचिव फराज खान ने किया।

शनिवार को जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा पंचायती चुनाव पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की पैनी नजर है पार्टी के पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाकर पंचायत चुनाव लड़ाया जाएगा कोई कार्यकर्ता अपने को अकेला ना महसूस करें जो आज विपक्ष के दौर में पार्टी के लिए संघर्ष कर रहा है संगठन उसको चुनाव लड़ाने का काम करेगा प्रदेश की योगी सरकार के राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है महिलाओं और बच्चियों पर लगातार एक के बाद एक घटनाएं हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाबाजी एक अक्षम मुख्यमंत्री साबित हुए प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी बेकारी गरीबी और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था से त्रस्त हैं और हर दिल अजीज विकास पुरुष अखिलेश यादव की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है 2022 में प्रदेश में परिवर्तन होने जा रहा है और समाजवादी पार्टी 351 से भी ज्यादा सीटे जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, रामचंद्र वर्मा ने अपना सुझाव एवं प्रस्ताव रखा। पार्टी पदाधिकारी मोहम्मद निजाम सिद्दीकी की धर्मपत्नी की असमाई इंतेकाल हो जाने पर दो मिनट का ईश्वर से प्रार्थना की।

बैठक में मो गुलाब खा, अनिल शर्मा, राधे श्याम निषाद, सुभाष पटेल, नरेंद्र यादव, ऋतुराज वर्मा, जागेश्वर यादव, कमल यादव, राजा बाबू यादव, जगदीश यादव, चंदन कोटार्य, अमर पटेल, सीताराम कस्यप, राज बहादुर प्रजापति, राम खेलावन चौधरी, संतोष कोटार्य उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### बालू का टीला धंसने से तीन मजदूरों की मौत

**बांदा।** खपटिहा कला बांदा पैलानी थाने के नाक के नीचे चल रही बालू खदान पैलानी में खनन माफियाओं ने कई महीनों पहले मौत के बड़े.बड़े कुआं खोद रखे थे इन्हीं मौत के कुए पर लगाए गए बालू के ढेर के 10 जाने से पैलानी थाना क्षेत्र के कुकुआं गांव के रहने वाले महेश सन ऑफराम शरण निषाद बंटू सन ऑफचुन्नू निषाद व चिड़िया सन ऑफगजराज यादव उम्र 22 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई बताया जाता है कि यह तीनों मजदूर पिछले 2 महीने से इस खदान में काम कर रहे थे उन्होंने कई बार मोरम खदान के ठेकेदारों से इन बालू के टीले को बराबर करने की मांग की थी लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई नतीजा आज इसी टीले के धंस जाने से तीन मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जिसकी वजह से पैलानी में कई किलोमीटर तक जाम लग गया समाचार लिखे जाने तक जाम नहीं खुला था।

### शराब सहित युवकों को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पूर्व उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब का गोरख धंधा करने वाले लोगों के विरुद्ध छापेमारी की गई जिसमें 4 युवकों को भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब सहित हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। शनिवार को हमरा सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक बृजेश यादव ने मुखबिर की सूचना पर पश्चिमी बाईपास ग्राम खाड़ेदेवर के निकट चार युवकों को 40 लीटर अवैध शराब सहित उस समय हिरासत में ले लिया जब वह कच्ची शराब को बिक्री के लिए कहीं ले जा रहे थे पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम बंटी गिहार, शीलू, लालू यादव, कप्तान गिहार बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवकों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

### दसवीं के छात्र ने की फांसी लगाकर जान दी

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पचखुरा महान में कक्षा दसवीं के एक छात्र ने सुनसान घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना से परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गांव के वीरेंद्र प्रजापति का पुत्र शैलेन्द्र प्रजापति(15) गांव के विश्वेश्वरानन्द विद्यालय में कक्षा 10 का छात्र था, शनिवार दोपहर किन्ही कारणों से उसने सुनसान घर पाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, परिजनो ने देखा तो उनके होश उड़ गये, घटना से पुलिस को अवगत कराया गया तो पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है बताया जाता है कि मृतक का एक बड़ा भाई सड़क दुर्घटना में मर चुका है, तीन भाई होने से परिवार में अब एक पुत्र लोकेन्द्र ही बचा है, छात्र की मौत से घर परिवार में भारी गम का माहौल है।

### अधेड़ की छत से गिरकर मौत

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया में बीती रात एक अधेड़ की छत से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया, बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। ग्राम करहिया निवासी राजा भइया (55) पुत्र स्वामीदीन वर्मा कल रात में गर्मी लगने के कारण छत में जा कर सो गया। जब अर्द्ध रात्रि में उसको लघुशंका लगी तो वह सीढ़ी से नीचे उतरने के धोके में छत से नीचे गिर पड़ा उसकी चीख सुन परिजन घर के बाहर निकले तो राजा भइया लहुलुहान अवस्था में जमीन में पड़ा हुआ था। परिजनों ने आनन फानन उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले गए जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर कानपुर के लिए रेफर कर दिया लेकिन कानपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही उसकी जीवन लीला समाप्त हो गई। यह जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### बाइक की टक्कर से चरवाहे की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** सड़क किनारे जानवर चरा रहे चरवाहे को तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मझगवां पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के पुत्र ने मझगवां थाने में बाइक सवार युवक के विरूद्ध तहरीर दी है। मझगवां थाना क्षेत्र के खिरिया गांव निवासी शम्भू 58 पुत्र स्व.बाबूराम शुक्रवार की दोपहर गांव में सड़क किनारे जानवर चरा रहा था। उसी दौरान जराखर की ओर से आ रहे बाइक सवार युवक ने वृद्ध को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने वृद्ध की मौत हो गई। मृतक के पुत्र राजेश ने बताया कि उसके पिता के पास करीब 4 बीघा जमीन थी। खेती कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। पति की मौत पर पत्नी तुलसीरानी का रो रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में मझगवां थानाध्यक्ष रामजीत गौड़ ने बताया कि अभी उनके पास कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर मामला दर्ज किया जायेगा। बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### दबंग ने कुल्हाड़ी मारकर जख्मी किया, रिपोर्ट दर्ज

**राठ**(हमीरपुर) कोतवाली क्षेत्र के लींगा गांव में जुए के लिये रुपये देने से मना करने पर दबंग ने एक व्यक्ति के सिर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लींगा गांव निवासी हेमेंद्र राजपूत ने बताया कि शनिवार की शाम करीब 4 बजे उसके पिता अरविंद्र राजपूत अपने घर के बाहर बैठे हुये थे। तभी गांव का ही स्वदेश पुत्र पुष्पराज वहां आया और जुए के लिये रुपये की मांग करने लगा। बताया जब पिता ने रुपये देने से इंकार किया तो आरोपी ने कुल्हाड़ी से सिर पर प्रहार कर दिया। कुल्हाड़ी प्रहार से उसके पिता खून से लतपथ होकर जमीन पर गिर गये और आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। खून से लतपथ अवस्था में पीडित को उसके परिजन थाने ले गये। कोतवाल राजेशचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पीडित को सिर में गंभीर चोटें दिख रही है। उसे मेडिकल के लिये भेजा गया है। पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है।

## बांदा में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की हो गई शुरुआत

संवाददाता। बांदा



**उत्तर प्रदेश** मुख्य मंत्री अभ्युदय योजना 21 के अन्तर्गत बाँदा जनपद में भी इस योजना की शुरूआत हुई। शासन की गाइडलाइन से अब प्रतियोगी छात्रों को अपने जिले में ही नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। योजना के अंतर्गत पढ़ाई ऑनलाइन ओर ऑफ्लाइन मोड़ में होगी। कोचिंग में आई ए एस पी सी एस अधिकारी द्वारा भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसी क्रम में आज चित्रकूट धाम मंडल के आईजी (के सत्यनारायण) ने एक इंटर कालेज में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जानकारी दी एवं इतिहास पढ़ाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन पर एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। आई जी के सत्यनारायण जी ने कहा कि अब घर बैठे प्रतियोगी छात्रों को ऑनलाइन ओर ऑफ्लाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी एवं युट्यूब तथा व्हाट्सएप के माध्यम से प्रतियोगी छात्रों को स्टडी मेटेरियल भी उपलब्ध कराया जाएगा। बाद में छात्रों ने भी जो पढ़ाया उससे संबंधित सबाल पूछे जिसको आई जी चित्रकूट धाम मंडल ने समझाकर छात्रों को इनके साबालो के जबाब दिए। इस कार्यक्रम में चित्रकूट धाम मंडल आयुक्त श्री दिनेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## एक्शन एंड एसोसियेशन की बैठक

**हमीरपुर।** एक्शन एड एसोसिएशन लखनऊ द्वारा संचालित स्टार 3 परियोजना प्रोबेशन कार्यालय एवं श्रम विभाग की ओर से कलेक्ट्रेट मे जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें संबंधित विभाग पुलिस अधीक्षक,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी ,जिला समाज कल्याण अधिकारी, बाल कल्याण समिति, संरक्षण अधिकारी महिला, कल्याण अधिकारी प्रतिनिधि चाइल्ड लाइन आदि ने प्रतिभाग किया उसमें एक्शन ऐड द्वारा स्टार 3 परियोजना के कार्यों का विवरण दिया गया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही बच्चों के लिए योजनाओं के विषय में चर्चा की गई बाल मजदूरों के पुनर्वसन हेतु क्या क्या कर सकते हैं उस पर चर्चा की गई बाल विवाह बाल श्रम बाल हिंसा बाल यौन शोषण के रोकथाम एवं प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई सरकार द्वारा चलाए जा रहे पेंसिल पोर्टल के विषय में बताया गया बाल श्रम में चयनित बच्चों के ऊपर विचार विमर्श किया गया बच्चों के लिए और किस तरह से और अच्छे कामों को किया जा सकता है ताकि उन बच्चों का बच्चों का भविष्य बनाया जाए और उन्हें स्कूल से जोड़ सकें ताकि उनकी पढ़ाई अच्छी तरह से हो सके इसी के साथ ही समस्त अधिकारी गणों से सुझाव एवं आपसी सहयोग से कैसे कार्य को बेहतर कर सके इस कार्यक्रम में एक्शनेट लखनऊ से अमरीन एवं एक्शन एड हमीरपुर कि जिला समन्वयक मौजूद रहे।

## जुबैरिया ने शूटिंग में गोल्ड जीत बढ़ाया गुरससहायगंज का गौरव



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** फर्रूखाबाद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी की धर्मपत्नी जुबैरिया शाह सिद्दीकी ने 43 वीं यूपी स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप में सटीक निशानेबाजी कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीनियर चौंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया है। शनिवार को गांधी नगर स्थित अपने आवास कार्यालय पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी स्टेट चौंपियनशिप प्रतियोगिता नोएडा स्टेडियम में आयोजित की गई थी। जिसमें देश भर के शूटिंग करने वाले खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य जुबैरिया शाह ने 50 मीटर राइफल प्रोन चौंपियनशिप यूपी स्टेट को क्वालीफाई कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जबकि 50 मीटर राइफल सीनियर शूटिंग प्रतियोगिता में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने 559 अंकों के साथ क्वालीफाई कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उधर उनके आवास कार्यालय पर सपा प्रदेश सचिव विनय श्रीवास्तव, एडवोकेट आफ्ताब हुसैन, इखलाक प्रिंस, आकिल हुसैन सिद्दीकी, अमन हुसैन सिद्दीकी, सहनुद्दीन उर्फ भूरा, बकार खान सहित तमाम लोगों ने फूल मालाओं से गोल्ड मेडलिस्ट जुबैरिया शाह व तहसीन सिद्दीकी का जोरदार स्वागत किया।

## साले के अंतिम संस्कार में आए जीजा की सड़क दुर्घटना में मौत

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम विदोखर में कर्ज से डूबे साले की सदमे से हुई मौत के बाद अंतिम संस्कार में आए मृतक के वृद्ध जीजा की सड़क पर बाइक की जोरदार टक्कर लग जाने से कानपुर पहुचते ही मौत हो गई, मृतक का पुत्र सीआरपीएफ जम्मू में तैनात हैं, अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजन पुत्र का इंतजार कर रहे थे

पुलिस के मुताबिक बुधवार को बिदोखर निवासी राम पाल वर्मा की हार्ड अटैक से मौत हो गई थी, बंडा निवासी नत्थू वर्मा 65 वर्ष यह खबर सुनकर साले के अंतिम संस्कार में आया था और यही रुक गया था,शुक्रवार की शाम को वह सड़क पार कर रहा था तभी एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी तो वह गंभीर रूप से घायल हो गया,आनन फानन उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया किन्तु कानपुर पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, मृतक के परिजन शव को अपने गांव बंडा ले आए हैं अंतिम संस्कार के लिए सीआरपीएफ जम्बू कश्मीर में तैनात मृतक के पुत्र पप्पू वर्मा के आने का इंतजार किया जा रहा था , उसके आने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार करने की बात कही जा रही है ।

## बाल संग्रहालय के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएः डीएम



● निर्माणाधीन बाल संग्रहालय के निरीक्षण दौरान कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये

**कन्नौज।** बाल संग्रहालय के निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु शासन से बजट मांगा जाए। निर्माण गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए।

उक्त निर्देश शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने गोल कुआं चौराहे के समीप नव निर्माणाधीन बाल संग्रहालय का औचक निरीक्षक के दौरान संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। उन्होंने बल संग्रहालय के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का गुणवत्ता विश्लेषण आरईएस जांच समिति द्वारा कराते हुए कार्य की गुणवत्ता सही पाई एवं शासन को पत्र भेजकर निर्माण कार्य पुनः प्रारम्भ कराने हेतु बजट की मांग किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वकांशी परियोजना है जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास निहित है। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपी पीसीएफ अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया की कार्य को पुनः प्रारम्भ किये जाने हेतु लगभग 02 करोड़ की धनराशि की आवश्यकता है जिस हेतु पूर्व में भी शासन से मांग की जा चुकी है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने पुनः मांगपत्र शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जेई आरईएस सहित कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता उपस्थित थे।

## तहसीलों के बड़े बकायदारों से वसूली में तेजी लाई जाएः डीएम

● लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाए जाने पर व्यक्त की नाराजगी



कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक लेते डीएम।

**कन्नौज।** राजस्व में निर्धारित क्रमिक लक्ष्यों की पूर्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाएं। कर वसूली में तेजी लाते हुए राजस्व प्रतिपूर्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। बकायेदारों से वसूली में तेजी लाई जाए। तहसीलों के बड़े बकायदारों से वसूली में तेजी लाई जाए।

उक्त निर्देश शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एंव राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये संबंधित अधिकारियों एंव राजस्व कर्मचारियों को दिये। उन्होनें कर-करेत्तर के अन्तर्गत आबकारी, खनन, वाणिज्यकर, नगर निकायों, कृषि विपरण आदि के अन्तर्गत की गई वसूली की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें वाणिज्य, स्टाम्प, आबकारी, परिवहन एवं विद्युत विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त उन्होनें स्टाम्प वसूली के संबंध में जानकारी की, जिसमें तहसील स्तर पर कम वसूली करने वाले सब रजिस्ट्रार की जानकारी में पाया गया कि तिर्वा तहसील के सब रजिस्ट्रार द्वारा सबसे कम वसूली की कार्यवाही की गई है, जिसमें वसूली पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वसूली में कमी पायी जाने पर सभी अधिकारियों को कार्यों में शिथिलता न बरते जाने एवं कर वसूली में व्यापक सुधार लाये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने परिवहन, विद्युत, बैंक द्वारा आर0सी0 की वसूली की प्रगति की समीक्षा समस्त तहसीलदारों से की जिसमें आर0सी0 वसूली में कमी दिखने पर नाराजगी जताई एवं वसूली में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील से की गई वसूली को संबंधित विभाग से समन्वयी स्थापित कर ट्रेजरी से मिलान करने के उपरांत ही रिपोर्ट में प्रेषित किया जाए। उन्होंने जनपद के 10 बड़े बकायेदारों से वसूली के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध मेंभी जानकारी करते हुए वसूली में तेजी लाई जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पत्रकार से अभद्रता करने पर तीन सिपाही हुए लाइन हाजिर

**हमीरपुर।** पत्रकार के साथ अभद्रता करना सदर कोतवाली के तीन सिपाहियों को महंगा पड़ गया। पत्रकार के साथ अभद्रता करने पर पत्रकारों ने शनिवार को इसका विरोध प्रदर्शन करते हुए एसपी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर एसपी नरेंद्र कुमार ने तत्काल प्रभाव से अभद्रता करने वाले तीनो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

मुख्यालय के मांझखोर रमेड़ी निवासी पत्रकार आनंद अवस्थी बीती रात एक शादी समारोह से अपने साथियों के साथ आ रहे थे। रात करीब साढ़े 11 बजे कानपुर सागर हाईवे के बेतवा पुल में जाम की स्थिति होने पर वह गाड़ी से उतरे और उन्होंने देखा कि एक गाड़ी को रोककर सदर कोतवाली क्षेत्र के सिपाही लालजी तिवारी, प्रतीक राठौर व आदित्य पांडेय मौरंग की गाड़ी की रॉयल्टी चेक कर रहे थे। जिसका उन्होंने वीडियो बनाया। वीडियो बनाते देख सिपाहियों ने उनके साथ अभद्रता करना शुरू कर दी और मोबाइल छीन लिया। जिसका विरोध शनिवार को जिला प्रेस क्लब की अगुवाई में सभी पत्रकारों के द्वारा किया गया। सीओ सदर अनुराग सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते एसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने तीनों सिपाहियों को लाइन हाजिर करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## वसूली अभियान में लाएं तेजी:डीएम

**बांदा।** राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर विभाग परिवहन एवं विद्युत विभाग की लक्ष्य की सापेक्ष वसूली की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रतिदिन का लक्ष्य तय कर एवं चार्ट बनाकर अपने.अपने विभागों के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के पूर्व कर ली जाये।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया कि सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये सम्बन्धित विभाग के बकाया धनराशि की वूसली की कार्यवाही की जाये। समीक्षा में नगर निकायों का लक्ष्य पूर्ण करने के लिये सम्बन्धित अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने.अपने निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कर.करेत्तर राजस्व से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने.अपने विभाग के लक्ष्य की पूर्ति हेतु माइक्रो प्लान तैयार करते हुये शतप्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी ;वि0रा0 श्री संतोष बहादुर सिंह ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेटध्उपजिलाधिकारी सदर श्री सुधीर कुमार नगर मजिस्ट्रेट श्री केशवनाथ गुप्त समस्त उपजिलाधिकारी बांदा जिला खनिज अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## श्री तुलसीपीठ चित्रकूट के युवराज आचार्य रामचंद्र दास को मिला 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान'

● धर्म नगरी में दौड़ी खुशी की लहर

● केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने किया संम्मानित



सम्मान प्राप्त करते आचार्य रामचंद्रदास।

**लखनऊ।** मां फाउंडेशन के संयोजन में शुक्रवार को सूबे की राजधानी लखनऊ में आयोजित समारोह में भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट की प्रमुख श्री तुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्र दास महाराज उर्फ जय भईया को केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2021 से संम्मानित किया गया। इस मौके पर यूपो के डिप्टी सीएम डाक्टर दिनेश चन्द्र शर्मा, कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक,आशुतोष टंडन,मंत्री जय कुमार 'जैकी' के अलावा एडीजी लॉ एंड आर्डर यूपी प्रशांत कुमार आदि सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2021 से अलंकृत होकर भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को गौरवान्वित करने वाले जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज का कहना है कि यह सम्मान श्री तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज का आशीर्वाद है।उन्होंने कहा कि इस सम्मान से पूरा चित्रकूट गौरवान्वित हुआ है। वहीं युवराज रामचंद्र दास महाराज को मिले इस सम्मान से धर्म नगरी के साधु-संतों में खुशी की लहर है। भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज, रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास महाराज, सुप्रसिद्ध भागवताचार्य नवलेश दीक्षित एवं डॉ रामनारायन त्रिपाठी जी आदि ने आचार्य रामचंद्र दास महाराज को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है।संतो का कहना है कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने पूरी दुनिया मे अपने ज्ञान का पताका फहरा कर चित्रकूट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।वही उनके उत्तराधिकारी रामचंद्र दास महाराज आज उनके पद चिन्हों पर चलकर आज उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान हासिल कर धर्म नगरी चित्रकूट का मान और सम्मान बढ़ाने का काम किया है। इसके अलावा इस बड़ी उपलब्धि से जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय परिवार, तुलसीपीठ परिवार, राघव परिवार एवं तुलसी प्रज्ञाचक्षु महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर है।

## श्री श्याम महोत्सव में उमड़ी भीड़, सारी रात झूमे श्रद्धालु

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के मोहल्ला तिर्वा रोड पर श्री श्याम महोत्सव कमेटी के तत्वाधान में विधि विधान से पूजा बंदना के उपरांत श्री श्याम महोत्सव के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए कलाकारों ने माहौल को भक्तिमय ढंग से रंग दिया। शुक्रवार की देर शाम नगर के तिर्वा रोड स्थित शिव मंदिर के निकट श्री श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री श्याम महोत्सव में दूरदराज से आए कलाकारों प्रशांत सूर्यवंशी, आकाश गुप्ता, वसुंधरा, सोनू सुरीले, संदीप मस्ताना द्वारा भक्ति रस में डूबे आरती, भजन एवं श्री श्याम जी की स्तुति प्रस्तुत की गई जिससे संपूर्ण वातावरण श्याममय हो गया कलाकारों द्वारा दिव्य ज्योति अलौकिक श्रृंगार 56 भोग पुष्प इत्र वर्षा आदि भव्य कार्यक्रम के दौरान पूरी रात श्रोताओं ने जमकर भक्ति गीतों का आनंद लिया।

# अब दौड़ेगा विकास का पहिया

## ● तीन अरब 28.63 करोड के परिव्यय को जिला योजना में मंजूरी

संवाददाता। सुलतानपुर



**आगामी** वित्तीय वर्ष में जिले में विकास की पहिया दौडाने के लिए शनिवार को जिला योजना की बैठक हुई। प्रभारी मंत्री मंत्री जय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों, कार्यक्रमों एवं विकास के लिए 3 अरब 28 करोड़ 63 लाख रूपये के परिव्यय की मंजूरी मिली। वर्ष 2021-22 के विकास कार्यों के लिए विभागवार धनराशि आवंटित करते हुए मुहर लगाई गई।

बैठक के पूर्व प्रभारी मंत्री का जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने स्वागत किया। डीएम ने बताया कि जनपद का कुल परिव्यय रूपये 3 अरब 28 करोड़ 63 लाख निर्धारित किया गया है। जिला विकास योजना तैयार करने के उपरांत 32863.00 लाख में पुर्नगठित केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं का केंद्रांश 11417.71 लाख रूपये है। कुल प्रस्तावित परिव्यय में 5189.07 लाख रूपये स्पेशल कंपोनेंट प्लान के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार विभिन्न विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिस पर विचार-विमर्श कर अनुमोदित किया जाना है। कृषि विभाग को 32 लाख, गन्ना को 8.88 लाख, पशु पालन को 334.89 लाख, दुग्ध विकास को 326.65 लाख, सहकारिता को 495.00 लाख, वन विभाग को 2214.17 लाख, ग्राम विकास के विशेष कार्यक्रम के अन्तर्गत 2891.75 लाख, रोजगार कार्यक्रम को 125.01 लाख, निजी लघु सिंचाई को 2450.00 लाख, राजकीय लघु सिंचाई को 196.76 लाख, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत को 31.95 लाख, खादी ग्रामोद्योग को 20 लाख, सड़क एवं पुल कार्यक्रम को 3000.00 लाख, पर्यावरण को 05.00 लाख, पर्यटन को 160.00 लाख, प्राथमिक शिक्षा को 2167.50 लाख, माध्यमिक शिक्षा को 1493.14 लाख, प्राविधिक शिक्षा को 986.79 लाख, प्रादेशिक विकास दल को 42.46 लाख, एलोपैथिक को 801.66 लाख, परिवार कल्याण को 120.00 लाख, होमियोपैथिक को 132.00 लाख, आयुर्वेद को 323.38 लाख, युनानी को 88.96 लाख, ग्रामीण स्वच्छता को 801.00 लाख, ग्रामीण आवास को 11511.49 लाख, नगर विकास को 245.36 लाख, अनुसूचित जाति कल्याण कार्यक्रम हेतु 285.00 लाख, पिछड़ी जाति कार्यक्रम 218.25 लाख, अल्पसंख्यक कल्याण को 23.80 लाख, समाज कल्याण-सामान्य जाति को 173.25 लाख, शिल्पकार प्रशिक्षण को 605.00 लाख, समाज कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम (वृद्धाध्किसान पेंशन) एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना हेतु 322.00 लाख, दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यक्रम हेतु 120.00 लाख, महिला कल्याण के लिये 110.00 लाख का प्रस्ताव गहन समीक्षा करने के बाद मंत्री एवं सांसद मेनका संजय गांधी द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल ने किया। बैठक में विधायक सूर्यभान सिंह, राजेश गौतम, सदर सीताराम वर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष बबिता जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह, जिला योजना समिति के सदस्यगण, सीडीओ अतुल वत्स, सीएमओ डॉ.डीके त्रिपाठी, एएसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव, डीएफओ आनन्देश्वर प्रसाद, डीडीओ डा.डीआर विश्वकर्मा, उपकृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार शाही, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), डीसी मनरेगा विनय कुमार, डीसी एनआरएलएम जितेन्द्र मिश्र, बीएसए दीवान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक वीपी सिंह सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## लालच देकर लेखपाल डकार गया 25 हजार

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत बहुरहवां गांव में तैनात लेखपाल पर एक महिला ने रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। अफसरों को दिए शिकायती पत्र में महिला ने लिखा है कि भूमि का पट्टा देने की लालच देकर लेखपाल ने उससे पचीस हजार रूपया ऐंठ लिया है। अब न तो उसे पट्टा दिया जा रहा है और न ही उसकी रकम वापस हो रही है। पीडिता ने लेखपाल के खिलाफ जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बहुरहवां गांव निवासी शोभा सिंह पत्नी राजकिशोर सिंह का कहना है कि लेखपाल शाहिद हुसैन उसे पट्टा देने के लिए झांसा दिया। भूमि के बदले 25000 रूपए ले लिए, किंतु उन्हें अभी तक पट्टा नहीं दिया गया। काफी दिन बीतने के बाद लेखपाल से तगादा किया तो वे टाल मटौल करने लगे। जब प्रार्थिनी लगातार उनसे पट्टा देने का आग्रह करती रही तो लेखपाल ने उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे डाली।

# हत्या के मामले में दो पर सिद्ध हुआ आरोप

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिले** के कोइरीपुर नगर पंचायत में एक साथ चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या किए जाने के मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। बहुचर्चित हत्याकांड में दो अभियुक्तों को अदालत ने दोषी करार दिया है। जबकि एक आरोपी संदेह का लाभ उठाते हुए अदालत से बरी हो गया है। सजा के बिंदु पर आगामी नौ मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

बतातें चलें कि वर्ष 2015 में मामूली कहासुनी के बाद एक कुनबे पर धारदार हथियार से दबंगों ने हमला बोल दिया। एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर प्रहार करते लहूलुहान कर दिया था। खून से लथपथ मरणासन्न हालत में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हमले में गौहर, जौहर, मुइनुद्दीन व जावेद की मौत हो गई थी। कई लोगों का काफी दिनों तक इलाज चला था। प्रकरण में पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी लईक, उमर व लल्लू को जेल भेजा। प्रकरण की सुनवाई करते हुए एफ्टीसी जज पूनम सिंह लईक व उमर को हत्याकांड का दोषी ठहराया। जबकि साक्ष्यों के अभाव में लल्लू को बरी कर दिया है। दोषी करार किए गए अभियुक्तों को आगामी 9 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता रामखेलावन यादव व नरेंद्र सिंह ने पैरवी की थी। वहीं अभियोजन पक्ष से शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार दूबे ने अदालत में कई गवाह एवं साक्ष्य पेश किए थे।

### छेड़छाड़ का आरोपी बरी

**कुड़वार** थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी किशोरी से सात वर्ष हुए छेडछाड के मामले में शनिवार को अदालत का फैसला आया। गवाहों के विरोधाभासी बयान के कारण विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल प्रकाश ने आरोपी को निर्दोष करार दिया है।

# कर्ज में डूबे किसान ने लगाई फांसी

संवाददाता। खीरों रायबरेली

**खीरों** क्षेत्र के गाँव केसौली में शुक्रवार को कर्ज में डूबे एक किसान ने अपनी ही बाग में आम के पेंड़ से रस्सी के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली । मृतक किसान की पत्नी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में किसान को दो बैंकों का डेढ़ लाख से अधिक व बिजली विभाग का 10 हजार से अधिक के बिल का कर्जदार होना बताया है । पुलिस ने मृतक किसान की पत्नी की सूचना पर शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । केसौली निवासी रूपरानी ने बताया कि उसके पति अमरेन्द्र प्रताप यादव उर्फ विमल ;35द्ध पुत्र जगदेव यादव ने गत 17 जुलाई 2016 को बड़ौदा यूपी बैंक निहस्था से किसान क्रेडिट कार्ड से 60 हजार रुपए कर्ज लिया था । जो वर्तमान में व्याज सहित एक लाख से अधिक हो जाने के कारण बैंक द्वारा आरसी जारीकर धन जमाकरने का दबाव बनाया जा रहा था । इसी सम्बन्ध में बैंककर्मी रोज उसके पति अमरेन्द्र को परेशान भी कर रहे थे । अमरेन्द्र ने 8 जुलाई 2016 को ही जिला सहकारी बैंक सेमरी से भी 51 हजार रुपये खाद व बीज आदि के नाम पर कर्ज लिया था । उसकी भी अदाई न हो पाने के कारण इस बैंक द्वारा भी वसूली का दबाव बनाया जा रहा था । इसके अलावा बिजली विभाग का लगभग 10 हजार रुपए बिल बकाया था । जिसके कारण विभागीय अधिकारियों ने उसके घर का कनेक्शन भी काट दिया था और बिल अदा करने का दबाव बना रहे थे । इस तरह उसपर लगभग दो लाख से अधिक का कर्ज था । उधर अमरेन्द्र ने अपनी छोटी बहन नीलम की खीरों क्षेत्र के गाँव बसिगवाँ में शादी भी तय कर दी थी । उसे अपनी बहन नीलम की मई में शादी भी करनी थी । लेकिन बहन की शादी में भी गरीबी आड़े आ रही थी । बैंकों का पहले से ही कर्जदार था । इसलिए उसे कहीं से कर्ज भी मिलने की उम्मीद नहीं थी । इन्ही कारणों से अमरेन्द्र गत एक सप्ताह से अधिक तनावग्रस्त था । शुक्रवार को लगभग 12 बजे दोपहर में उसने अपनी बाग में आम के पेंड़ से रस्सी के सहारे लटककर मौत को गले लगा लिया । उधर शौंच के लिए गई पड़ोस की एक युवती ने अमरेन्द्र का शव पेंड़ से लटकता देखकर उसके परिवारीजनों को सूचना दी । सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया । इस घटना से मृतक की माँ कृष्णावतीए पत्नी रूपरानीए बेटी रीना ;10द्धए बेटे अभय ;8द्धए आलोक ;6द्ध और् बहन नीलम सहित सभी परिवारजनों का रो.रोकर बुराहाल है । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी के द्वारा दिये गए प्रार्थना पत्र के आधार पर केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । रिपोर्ट आने के बाद मामले की जाँचकर कर्ज के मामले से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा ।

## व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बछरावां रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल बछरावां इकाई के अध्यक्ष सुनील सागर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिलाधिकारी से मिलकर बछरावां शिवगढ़ मार्ग की समस्याओं से अवगत कराया गया प्रतिनिधिमंडल ने बांदा बहराइच मार्ग पर बने ऊपरगामी सेतु की जर्जर हो चुकी सड़क व सेतु पर रात के समय अंधेरा होने के कारण अराजक तत्वों के जमावड़े से भी अवगत कराया। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि पुल निर्माण के समय बछरावां से हैदरगढ़ मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क व सड़क के मध्य में लगे बिजली के खंभे भी दुर्घटनाओं का कारण बने हुए हैं। अध्यक्ष सुनील सागर ने जिला अधिकारी को बताया की बछरावां कस्बे की मुख्य बाजार चौराहे से लेकर कूटी मोहल्ले तक लगती है इसी मार्ग से होकर बछरावां की सब्जी मंडी, किराना मंडी, गल्ला मंडी, सर्राफा मंडी आदि को जाया जाता है।

# अदिति सिंह ने रखी राजकीय इंटर कॉलेज की आधारशिला

संवाददाता। रायबरेली



**सदर** विधायक अदिति सिंह ने अमावा क्षेत्र के ग्राम जमालपुर करौंदी में राजकीय इंटर कॉलेज के निर्माण कार्य हेतु आधारशिला रखी सदर विधायक ने कहा उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि उन्होंने इंटर कॉलेज की आधारशिला रखी है। विद्यालय के निर्माण से क्षेत्रीय विद्यार्थियों को अच्छी बात कम मूल्य पर शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। अदिति सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा की वजह से क्षेत्र में राजकीय इंटर कॉलेज का निर्माण हेतु आज उन्होंने आधारशिला रखी है वह बहुत आभार व्यक्त करती हैं। उन्होंने कहा शिक्षा से ही मानवीय मूल्यों का उत्थान होता है जिससे सफल नागरिक निकलते हैं और जो देश विदेश में अपने इलाके अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हैं शिक्षा ही विकास का एक मात्र विकल्प है और यह बुनियादी जरूरत भी है। इलाके में पहले राजकीय इंटर कॉलेज ना होने की वजह से महंगी शिक्षा एवं विद्यार्थियों को दूर पढ़ाई हेतु जाना पड़ता था लेकिन अब राजकीय इंटर कॉलेज के निर्माण होने से कम पैसों में अच्छी शिक्षा पास में ही मिलेगी। सदर विधायक की यह सोच भी है कि उनके क्षेत्र का हर एक युवा तरक्की करें और अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने माता-पिता क्षेत्र एवं जनपद का नाम रोशन करें। शिक्षा का अपना एक अलग ही महत्व है शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती इसका सदुपयोग मानव जीवन में कहीं ना कहीं पर होता ही है। सदर विधायक के काम से इलाके के लोग काफी खुश हैं उनका मानना है कि सदर विधायक जमीन से जुड़ी हुई हैं और वह हर जरूरत जनता की समस्या है इसी का नतीजा है कि राजकीय इंटर कालेज का निर्माण गांव में हो रहा है।

## महिला कल्याण की सरकारी योजनाओ से सशक्त होगी आधी आबादी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार की विभिन्न योजनाएं नारी के समग्र विकास का आधार है । विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाएं न सिर्फ स्वावलंबी बन रही है अपितु हर विषम स्थिति से निपटने में सक्षम भी साबित हो रही है । यह विचार नगर के गवर्मेंट पीजी कालेज में आयोजित मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए । ऊंचाहार नगर स्थित डॉ आंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य प्रोफेसर रुदल यादव के संरक्षण एवं निर्देशन में शिमशन शक्ति विशेष अभियान कार्यक्रम के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओंष् के बारे में चर्चा की गई। रेंजर्स प्रभारी श्रीमती रश्मि संत ने बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ, इंद्रिरा गांधी मातृत्व सहयोग आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इन सबसे अवगत कराया।

# श्रमिकों के उत्थान को सरकार प्रतिबद्धः श्रम मंत्री

संवाददाता। श्रावस्ती



**भिनगा** श्रमिको के उत्थान के प्रति माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा कयी योजनाओ का संचालन किया जा रहा हैए जिससे निर्माण कार्य में लगे श्रमिक बन्धुओं को कोई दिक्कत न हो और वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ उठाकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकें। उक्त विचार भिनगा स्थित जिला पंचायत कैम्पस के निकट श्रावस्ती एवं बलरामपुर जनपद के 11 हजार 518 श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित करने हेतु स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान करने के दौरान प्रदेश के मंत्री श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग स्वामी प्रसाद मौर्य ने कही। कार्यक्रम प्रारम्भ होने के पूर्व मंत्रीजी एवं विधायक श्रावस्ती ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होने कार्यक्रम में आये दोनो जनपदो के श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उनके हर दुख दर्द में उनके साथ खड़ी है तथा उनके हित के लिए कई योजनाओ का संचालन किया जा रहा है। प सरकार द्वारा उनके बेटे.बेटियों की पढ़ाई के लिए संत रविदास शिक्षा सहायता योजना एवं मेधावी छात्र पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है ताकि वे अपने बेटे एवं बेटियों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ा सके। इन योजनाओ का लाभ श्रमिक भाई जरूर उठावें।प्रदेश सरकार द्वारा जनपद श्रावस्ती के लाभार्थियो को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 206 लाभार्थियों को 73 लाख 24 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है। मृत्यु एंव विकलांगता सहायता योजना के अन्तर्गत 14 लाभार्थियो को 28 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। अन्तेष्टि सहायता योजना के अन्तर्गत 14 लाभार्थियों को धनराशि 35 लाख स्वीकृत की गई है। पुत्री विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 163 लाभार्थियों को 89 लाख 65 हजार स्वीकृत की गई है। चिकित्सा सुविधा योजना के अन्तर्गत 4 हजार 804 लाभार्थियों को 1 करोड़ 44 लाख 12 हजार धनराशि स्वीकृत की गई है तथा सन्त रविदास शिक्षा सहायता साइकिल योजना के अन्तर्गत 100 लाभार्थियों को धनराशि 4 लाख स्वीकृत की गई है। जनपद बलरामपुर के लाभार्थियो को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 268 लाभार्थियों को धनराशि 92 लाख 45 हजार 894 रुपये स्वीकृत की गई है। मृत्यु एंव विकलांगता सहायता योजना के अन्तर्गत 4 लाभार्थियो को 8 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। अन्तेष्टि सहायता योजना के अन्तर्गत 4 लाभार्थियों को 1 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। पुत्री विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 455 लाभार्थियों को 2 करोड़ 50 लाख 25 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है। चिकित्सा सुविधा योजना के अन्तर्गत 5 हजार 399 लाभार्थियों को 1 करोड़ 61 लाख 97 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई हैए सन्त रविदास शिक्षा सहायता साइकिल योजना के अन्तर्गत 31 लाभार्थियों को धनराशि 1 लाख 60 हजार 75 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है तथा आवास सहायता योजना के अन्तर्गत 56 लाभार्थियों को धनराशि 28 लाख स्वीकृत की गई है।

## जंगल से निकले तेंदुए ने किया हमला बाइक सवार दो घायल

संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया** थाना अंतर्गत सोनोढा गांव के पास जंगल से निकले तेंदुए ने मोटर साइकिल से जा रहे तीन लोगों पर हमला बोल दिया इस हमले में दो लोग घायल हो गए हैं जिनका सिरसिया सी एच सी पर इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर देवमन के मजरा क्षोटकाई डीह निवासी राम बहादुर पुत्र सालिक राम गुरुवार को अपने पुत्र सिद्धनाथ 15 वर्ष व गांव के ही बजरंगी लाल यादव 25 वर्ष पुत्र बदलू राम के साथ मोटरसाइकिल से विनहुनी में रहने वाले अपने रिस्तेदार के घर बरही कार्यक्रम में शामिल होंने गए थे। जहां से शुक्रवार देर शाम लगभग 8 बजे घर लौटते समय सोनोढा गांव पहुचे ही थे कि आवारा पशुओ से अपने खेतो की रखवाली के लिए किसान हांका लगा रहे थे कि तभी पूर्वी सोहेलवा जंगल से निकले तेन्दुए ने उनपर हमला बोल दिया इस हमले में बजरंगी व सिद्धनाथ गम्भीर रूप से घायल हो गए जबकि मोटर साइकिल सवार राम बहादुर को गम्भीर चोटे आई। घायलो ने घटना की सूचना फोन से अपने रिश्तेदारों को दी सूचना के बाद मौके पर पहुचे रिश्तेदारों ने घायलो को सिरसिया सी एच सी पहुचाया जहां उनका इलाज चल रहा है।

# निर्माणाधीन पॉलीटेक्निक का निरीक्षण

संवाददाता। श्रावस्ती



**देवीपाटन** मण्डल आयुक्त एसवीएस रंगाराव ने विकास खण्ड जमुनहा अन्तर्गत नव निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेकनिक एवं महिलाए पुरूष छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह ज्ञात हुआ कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम पूर्ववर्ती नाम एम0एस0डी0पी0 के अन्तर्गत सी0एन0डी0एस0 के द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है जो धनाभाव के कारण बन्द हैए जिस पर तत्काल कार्यवाही हेतु सी0एन0डी0एस0 के परियोजना प्रबन्धक के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित स्थानिक अभियंता गणेश कुमार गुप्ता को कार्यवाही करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त पॉलिटेकनिक एंव छात्रावास के निर्माण हेतु आकलन लोक निर्माण विभाग द्वारा 2009 कि दरो पर तैयार किया गया जिसकी स्वीकृति वर्ष 2012 में प्रदान की गई प्रथम किस्त की धनराशि 615 लाख रु0 माह अक्टूबर 2017 में प्रदान की गईए विगत 9 वर्षो में लोक निर्माण विभाग की दरें वर्ष 2012ए 2014 एवं 2017 में पुनरिक्षित हो गईए जिसके कारण योजना के लागत में वृद्धि हुई इसके अतिरिक्त नींव में फाइल फाउण्डेशन बाहरी विद्युत कनेक्शन हेतु रू0 8ण्39 लाख का अतिरिक्त भुगतान वर्क 2बी डन पर जी0एस0टी0 का प्रावधान होने के कारण परियोजना की लागत में वृद्धि हुई और तत्पश्चात प्रदेश शासन द्वारा लागत वृद्धि के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा पुनरीक्षित आगणन 1949ण्72 लाख शासन को जुलाई 2019 में प्रेषित किया गया है तथा पुनः बजट मांग हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।आयुक्त ने सम्बन्धित अभियंता को निर्देश दिया है कि वे निरंतर लखनऊ शासन से बजट के लिए पैरवी करते रहे जिससे बजट आने पर अधूरे कार्यो को पूरा करा कर राजकीय पॉलिटेकनिक का संचालन कराया जा सके।

# गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



**सुलतानपुर।** तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री/सांसद मेनका संजय गांधी ने सुस्त एवं जनता की समस्याओं को लटकाने वालों को नसीहत दी। कहाकि बिना देरी किए जनता की समस्याओं का निस्तारण किया जाए, अन्यथा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीण चौपालों में सांसद ने अपने पौने दो साल के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताने के लिए आह्वान किया। ताबडतोड दौरा करने के बाद शाम को दिल्ली के लिए रवाना हो गई। इससे पूर्व कैंप कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान शिक्षक संगठनों समेत विभिन्न लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं का मांग पत्र भी सौंपा। सांसद मेनका गांधी ने सबसे पहले जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला योजना की बैठक में हिस्सा लिया और आधे दर्जन जन चौपालों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहाकि संसदीय क्षेत्र में पौने दो सालों में मैंने लगभग 500 करोड़ रूपये के बड़े बड़े काम किया गया है। सांसद मेनका गांधी ने अपने द्वारा कराए गए कार्यों की फेहरिस्त गिनाते हुए कहाकि मेडिकल कॉलेज, कृषि विज्ञान केंद्र, नवोदय विद्यालय, पॉलीटेक्निक कालेज की स्थापना कराई गई है। एफएम रेडियों सेंटर, सखी वन स्टॉप सेंटर, दो नये थानें खुलवाए गए हैं। उन्होंने कहाकि मैं मेहनत व ईमानदारी से जनता की सेवा करती हूँ और मैं चाहती हूँ कि जिला व पुलिस प्रशासन के लोग भी जनता का काम बिना लटकाए ईमानदारी व तन्मयता से करें। मुझे सुस्त व काम को लटकाने वाले अधिकारी कर्मचारी प्रसन्द नहीं आते। गांधी ने जयसिंहपुर के अमिलिया विसुई, माधोपुर छतौना, फत्तेपुर संगत एवं कूरेभार के सैदपुर आदि ग्रामों में आयोजित जन चौपालों को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, भाजपा नेता संदीप सिंह, विजय सिंह रघुवंशी, हरिशंकर वर्मा, सतीश सिंह,राजेश पांडे, डॉ.विद्या निषाद, सुरेंद्र सिंह, डॉ.महिमा शंकर द्विवेदी, अजय चतुर्वेदी, सबी हैदर रिजवी, रामचन्द्र दूबे,बृजेश वर्मा, अरूण द्विवेदी, शिव कुमार सिंह, जवाहर निषाद, चन्द्र प्रताप सिंह, रामकेश यादव, ओम प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गीतकार कुलदीप पांडेय को मिला फोक अवार्ड

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** अयोध्या महोत्सव में सुलतानपुर जिला निवासी गीतकार कुलदीप पांडेय मयंक को अवधी भोजपुरी और हिंदी फिल्मों और एलबमों में बेहतरीन गीत लिखने के लिए फोक अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें अयोध्या में आयोजित अयोध्या महोत्सव के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव और संयोजक भोजपुरी अभिनेता विवेक पांडेय के द्वारा दिया गया। बतातें चले कि मयंक मूल रुप से सुलतानपुर जनपद के धनपतगंज ब्लाक सरैया भरथी के पूरे शिवबालक पांडेय के स्थाई निवासी हैं। इनके पिता देवराज पांडेय सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उनके द्वारा लिखी गई दो फिल्में चुनरिया, और रिश्वत जल्द ही रिलीज होने वाली है। फोक अवार्ड शो में भोजपुरी के सुपर स्टार दिनेश लाल यादव निरहूआ, अभिनेत्री आम्रपाली दूबे, भोजपुरी अभिनेता चिन्टू सागर, श्रवण सुल्तानपुरी के साथ-साथ अवधी और भोजपुरी की तमाम हस्तियां मौजूद रही। कुलदीप पांडेय मयंक को फोक अवार्ड मिलने पर जिले में खुशी की लहर है।


## एमसीएफ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत 'महिला समानता दौड़ प्रतियोगिता'




**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाना है । इसी क्रम में शनिवार को प्रातः शॉपिंग काम्प्लेक्स, प्रशांति परिसर में महिला समानता दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी आरएल यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर सफलतापूर्वक किया गया। महिला समानता दौड़ में कुल 17 महिला रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। महिला समानता दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -शिखा रावत कर्यालय अधीक्षक, द्वितीय स्थान- श्रीमती ललितेश मुख्य कार्यालय अधीक्षक एवं तृतीय स्थान -रेणुका मिश्रा तकनीशियन -1 ने प्राप्त किया। उप मुख्य कार्मिक अधिकारी ने अपने सम्बोधन में एमसीएफमें और समाज में महिलाओं की भूमिका की सराहना की और नारी कल्याण एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सभी प्रबुद्ध कर्मचारियों पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों का आह्वान किया।

# बेरोजगारों को नहीं दी सूचना की जा रही आउटसोर्सिंग भर्ती

संजय सिह। रायबरेली



**इंटरनेट** के जरिए पारदर्शिता को दिखाने की कोशिश खुलकर सामने आ गई है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में जिला और ब्लॉक स्तर पर सेवा प्रदाताओं के माध्यम से होने वाली भर्ती की प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं! सूत्रों की माने तो संबंधित पोर्टल मुश्किल से 20 मिनट में ही लॉक हो जाता है। ऐसे में आउटसोर्सिंग के जरिए रोजगार पाने की ललक रखें ष्नपद के युवा परेशान नजर आ रहे हैं। उन्हें ना तो संदेश देकर पहले भर्ती के बारे में जानकारी दी गई और ना ही अन्य किसी साधन से सूचना दी गई। सेवायोजन पोर्टल पर बेरोजगार रजिस्टर हैं उनको अप्लाई करने का पहला मौका मिलना चाहिए था। संबंधित विभाग की वेबसाइट तकरीबन 1 सप्ताह से दिन में चल ही नहीं रही है। ऐसे में रायबरेली बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में सेवा प्रदाताओं के माध्यम से होने वाली भर्ती के लिए तमाम बेरोजगार अप्लाई करने से वंचित रह गए हैं। जबकि सेवा प्रदाता के नोटिफिकेशन पर यह दिखाया रहा है कि अब पर्याप्त संख्या में छात्रों ने आवेदन कर दिया है। और अब अप्लाई नहीं हो सकता है! ऐसे में सवाल यह उठता है जब वेबसाइट तकनीकी खराबी से जूझ रही थी और बेरोजगारों को अप्लाई करने का मौका नहीं मिला और 20 मिनट के अंतराल पर पोर्टल लॉक हो जा रहा था। तो आखिर कैसे बेरोजगारों का चयन कर लिया गया है? कहने को तो कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी पारदर्शिता की बात कर रहे हैं और यह भी कह रहे हैं कि निर्धारित आवेदन आने के बाद पोर्टल ऑटोमेटिक ही बंद हो जाता है। जबकि 2 से अधिक पद के लिए 3 गुना आवेदन स्वीकार किया जा रहा है लेकिन सवाल यही है जब वेबसाइट बराबर चल नहीं रही थी तो आखिर कैसे चयन हो गया?

### बाल विभाग आउटसोर्सिंग प्रकरणः बीते 1 सप्ताह से सेवायोजन की वेबसाइट में आ रही थी तकनीकी खराबी

# कैसा कमाल! हर तरफ जनजातियों का जाल

## आरक्षण में आंकड़ों का बाजीगरी

**रिपोर्ट में जनजातियां जीरो, प्रधानी में जनसंख्या 'हजारो' हजार, पूर्वांचल के किसी भी जनपद में एक भी एसटी को जारी नहीं हुआ जाति प्रमाण-पत्र, प्रधानी के आरक्षण में 14 ब्लॉकों के 72 ग्राम पंचायतों में 3308 जनजाति के लोगों का नाम दर्ज**

**2011 के जनगणना से चली आरही है जिले में जनजातियों की संख्या-डीपीआरओ**

**मामला सीएम के संज्ञान में लाएंगे:राजेंद्र तिवारी**



संवाददाता। बस्ती

**आरक्षण** की सूची में खामियों को लेकर आपत्तिकर्त्ताओं का सैलाब विकास भवन और कलेक्ट्रेट में उमड़ रहा है। हर किसी ने जारी सूची पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि डीपीआरओ कार्यालय ने इस मामले में बड़ा 'खेल' खेला है। कहा कि इतनी बड़ी गड़बड़ी तो सपा काल के चुनाव में भी नहीं हुई थी। सबसे बड़ा सवाल आरक्षण सूची में बड़ी संख्या में जनजातियों की संख्या के शामिल होने पर उठ रहा है। पूछा जा रहा है कि जब जिले के सरकारी आकड़ों में जनजाति की संख्या शून्य है तो फिर 14 ब्लॉकों के 72 ग्राम पंचायतों में कहां से तीन हजार से अधिक जनजाति आ गए। कोई ऐसा ब्लॉक नहीं है, जहां पर जनजातियों की संख्या को न दिखाया गया। जबकि बस्ती सहित पूरे पूर्वांचल में एक भी जनजाति के नाम पर जाति प्रमाण–पत्र जारी नहीं हुआ। बहरहाल इसे लेकर डीपीआरओ कार्यालय के साथ सूची पर हस्ताक्षर करने वाले डीएम, एडीएम, एसडीएम, बीडीओ और एडीओ पंचायत सहित आठ अधिकारी सवालों के घेरे में हैं। सबसे अधिक जनजाति की संख्या गौर ब्लॉक के पांच ग्राम पंचायतों में है, यहां पर कुल 610 की संख्या बताई गई, जिसमें सबसे अधिक ग्राम पंचायत बड़ोखर में 311 है। इसे लेकर कई आपत्ति भी दाखिल की गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्रनाथ तिवारी ने मामले को सीएम और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान में लाने की बात कही है। डीपीआरओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि 2011 के जनसंख्या के आधार पर जिले में 3308 जनजाति की संख्या चली आरही है। ब्लॉक स्तर पर जो आंकड़े जनजाति के सामने आएं हैं, उसके मुताबिक बनकटी ब्लॉक के मेहड़ा मेंएक, रामपुर रेवटी में 37, कबरा में 70, बेहिल में 33, चनुआखोर उर्फ बेदूखोर में 33, डड़वा कांची में 12, पड़री में 29, गंगौरी में एक, नेवारी में 36 एवं महादेवा में दो सहित कुल 262, हर्रैया के औरातोंदा, बासगांव, बेलाड़ेषुक्ल, निदूरी खम्हरिया, जोगापुर में एक–एक कुल छह, सदर ब्लॉक के ढोरिका में 11, दुबखरा में सात, खीरीघाट में 14, श्रीपालपुर में 26 एवं ताड़ीजोत में 11सहित कुल 212, साउंघाट के केसवारा में 50, पैड़ा खरहरा में 57, रसनी में 71, सबदेईया कला में पांच, उंचगांव में 96 एवं ब्यौतहरा में एक सहित कुल 282, सल्टौआ के बांसापार में आठ, बेलहसा में 18, भादीखुर्द में 110, दसिया एवं ककरहिया मेंएक–एक, पिपराजप्ती में 105, सल्टौवा गोपालपुर में 17 एवं तेलियाडीह में 45 सहित कुल 319, परसुरामपुर के बेलभरिया में 25 एवं घोसई मिश्र में दो सहित कुल 27, रामनगर के आदमपुर में 23, भैसहिया खुर्द बुजुर्ग में 23, चैसार में 24, गदापुर चक में एक, करैली व नकथर में एक–एक, षंकरपुर में सात एवं तुरकौलिया राय में 24 सहित कुल 106, गौर के बड़ोखर में 311, इटवा में सात, केसरई में 128, मुसहा बरहपेड़ा में 64 एव रैउरा हरिषरन षुक्ल में 100 सहित कुल 610, विक्रमजोत के अकला में 40, बड़ौरा में एक एवं चपिलांव में छह सहित कुल 47, दुबौलिया के केवाड़ी मुस्तकहम में एक, पायकपुर में 65 एवं सिरसिया में 15 कुल 83, कप्तानगंज के खदरा में 37, मझरिया में 12, नरहरपुर में 116, सड़वलिया में सात एवं तिलकपुर में पांच कुल 248, बहादुरपुर के कूड़ापटटी दरियांव में 66 एवं गोविंदापुर बहादुरपुर में चार कुल 70, कुदरहा के भेड़वा में 196, परसावं में 38, सुअरहा में 17, गौरा धुंधा में एक एवं बैड़ारी एहतमाली में 247 सहित कुल 520 और रुधौली ब्लॉक के ग्राम पंचखयत हटवा बाजार में 18, नटाईकला में 27, पचासी कला में 45 एवं पैड़ा में 50 सहित कुल 151 जनजाति की संख्या है।

## अधिकारियों की फौज करेगी आपत्तियों का परीक्षण

पंचायत चुनाव में आरक्षण की सूची प्रकाशित होने के उपरांत आई आपत्तियों का निस्तारण 10 से 12 मार्च तक किया जाएगा। 8 मार्च तक प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण करने के लिए समिति गठित की गई है। समिति में सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शामिल है। इसके अलावा डीएम की ओर से विकास खण्ड स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारी नामित किए गए हैं। रामनगर विकास खण्ड के लिए जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, सल्टौआ गोपालपुर के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सादुल्लाह, रूधौली के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बस्ती सदर के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस, साऊंघाट के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सादुल्लाह, बहादुरपुर के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी टीपी गुप्ता, बनकटी के लिए अधिषासी अभियंता जलनिगम, कुदरहा के लिए अधिषासी अभियंता आरईडी, हर्रैया के लिए जिला कृषि अधिकारी, विक्रमजोत के लिए उप निदेषक कृषि, परसरामपुर के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी, कप्तानगंज के लिए जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी , दुबौलिया के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गौर के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी को नामित किया गया है। समिति द्वारा विकास भवन सभा कक्ष में प्रत्येक आपत्तियों का परीक्षण किया जाएगा। आपत्ति निस्तारण में शासनादेष में गठित समिति का सहयोग किया जाएगा। 6 मार्च तक ग्राम प्रधान पद पर 215, क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर 25, जिला पंचायत सदस्य पद पर 12 आपत्तियां प्राप्त हुई है। ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य पद पर आरक्षण के सम्बन्ध में 8 मार्च तक प्राप्त आपत्तियों का 12 मार्च तक तय समय सीमा में निस्तारण किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में चुनाव पर हुआ मंथन



**मीरजापुर** । समाजवादी पार्टी की शनिवार को पार्टी मुख्यालय लोहियाट्रस्ट भवन पर मासिक बैठक की । इसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई । इस मौके पर पदाधिकारियों ने बूथ व सेक्टर मजबूती का संकल्प लिया गया । इस दौरान मण्डलीय प्रशिक्षण शिविर की सफलता का श्रेय जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी को दिया गया । इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने मण्डलीय प्रशिक्षण शिविर की सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया और कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी दम खम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी । विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी 351 सीटों से अधिक विधानसभा चुनाव जीतकर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में दोबारा सरकार बनायेगी । इसके लिए कार्यकर्ताओ पूरे मनोयोग से सेक्टर व बूथ को मजबूत करने मे जुटना होगा । जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने . अपने क्षेत्र में बदहाल कानून व्यवस्था ए रोजगार संकट ए आवारा पशुओं से बर्बाद होती किसानों की फसल ए आरक्षण खात्मे की साजिश जैसे मुद्दों पर लोगो को जागरूक करें । विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए ऐसे प्रत्याशियों को चयनित करे जो अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हो । उन्होने आये हुए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को मण्डलीय प्रशिक्षण शिविर की सफलता की बधाई भी दी । बैठक का संचालन जिला महासचिव अभय यादव ने किया । बैठक में पूर्व मंत्री कैलाशनाथ चौरसिया, पूर्व राज्यमंत्री गुलाब चन्द यादव, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, आशीष यादव, पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक सुरेन्द्र सिंह पटेल संजय यादव, सुनील पाण्डेय, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, रामनरेश यादव, कुमार यादव आदि मौजूद रहे ।

### सुरक्षा बल की रिहंद इकाई में किया गया सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की रिहंद इकाई द्वारा शुक्रवार को सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महाप्रबंधक मेंटेनेंस एस श्रीकृष्णा नें सह अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से प्रज्ञादीप प्रज्वलित करके किया मुख्य अतिथि श्री श्रीकृष्णा नें अपने सम्बोधन में सुरक्षा से जुड़े अपने विचार एवं अपेक्षाएँ लोगों के समक्ष रखा उन्होने दुर्घटना शून्य लक्ष्य प्राप्ति हेतु उपस्थित लोगों से आग्रह भी किया इसके पूर्व कार्यक्रम के शुरुआती दौर में सहायक समादेष्टा अग्नि देवचंद ने अपने सम्बोधन के जरिये मुख्य अतिथि एवं आगंतुकों का स्वागत करते हुये सुरक्षित कार्यशैली अपनाने हेतु लोगो से आग्रह भी किया कार्यक्रम में लोगों को बताया गया की सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न खेल-कूद व क्विज आदि प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन नीरज कुमार प्रबन्धक सुरक्षा मुकेश कुमार केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के रिहंद इकाई के अधिकारीगण व जवान उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन व धनयाद ज्ञापन इंस्पेक्टर सी एस सिंह नें किया।

### जिलाधिकारी ने मृतक कर्मी के वारिस को दिया 8 लाख का चेक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने कर्मकार प्रतिकर योजना के तहत मृतक कर्मी के वारिस को 8 लाख 54 हजार 280 रूपये का चेक प्रदान किया। जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने एनसीएल दुद्धीचुंआ में कार्यरत कार्ड के रूप में कार्यरत पप्पू कुमार झा पुत्र हरिशंकर झा की 10 सितम्बर 2019 को दुर्घटना में मौत होने पर कर्मकार प्रतिकर योजना के तहत 8 लाख 54 हजार 280 रूपये का चेक मृतक पप्पू कुमार झा की वारिस पत्नी लक्ष्मी कुमार झा व नाबालिक पुत्र विराट को कलेक्ट्रेट में प्रदान किया। इस पर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह के अलावा डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार यादव न्याय सहायक सुरेश पाठक आदि मौजूद रहें।

### गैंगेस्टर के आरोपी को तीन वर्ष 6 माह की सजा

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने गैंगेस्टर के आरोपी कैलाश उर्फकाजू को तीन वर्ष कारावास व 6 माह कारावास की सजा व पांच हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किये। अर्थदंड न अदा करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन की तरफसे शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि गत 05, फरवरी, 2017 को बखिरा के थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह अपने सहयोगियो के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश में तथा क्षेत्र भ्रमण में थे कि उन्हें सूचना मिली कि कैलाश उर्फकाजू व रविशंकर ने भौतिक आर्थिक लाभ के लिए चोरी, लूट व अवैध शराब का धंधा करते हैं। इन लोगो के कृत्यों से आम जनमानस में भय व्याप्त है। मामले में विवेचक द्वारा आरोप पत्र प्रेषित किया गया तथा विचारण न्यायालय द्वारा किया गया। अभियोजन की तरफसे साक्षी को परीक्षित कराया गया। अपर सत्र न्यायाधीश जैनुद्दीन अंसारी ने अभियुक्त कैलाश उर्फकाजू को तीन वर्ष 6 माह के कारावास की सजा सुनाए व पांच हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किये। अर्थदंड न अदा करने पर एक माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

# महिला दिवस सत्रः 1.33 लाख महिलायें होगी लाभान्वित

संवाददाता। मिर्जापुर

**महिला दिवस** के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछवा, सामुदायिक स्वास्थ्य चुनार व महिला चिकित्सालय महिला टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। इस दिन विभाग जिले के 1.33 लाख महिलाओं का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिलाओं के लिए महिला स्टाफ नर्सो व डाक्टरों का चयन कर तैनाती स्थल पर रहने का आदेश जारी कर दिया है। जो सभी स्टाफनर्सो व कर्मचारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। उस दिन किसी भी कर्मचारी व प्रभारी चिकित्साधिकारियों को अवकाश नही दिया गया है। सभी स्वास्थ्य व उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना से बचने के लिए टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव का कहना है कि टीकाकरण के तीसरा चरण जो 1 मार्च से 60 वर्ष के आयु या उससे अधिक उम्र वाली महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान व महिला दिवस के अवसर पर कल जिले की तीन केन्द्रों पर अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। इसके लिए विभाग की ओर से सारी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। टीकाकरण के लिए जिन तीन स्थानों का चयन किया गया है। उसमें से दो ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक केन्द्रों व एक नगर स्थित महिला चिकित्सालय का चयन किया गया है। महिला दिवस पर महिला नर्सो व डाक्टरों की तैनाती की गई। जो इस टीकाकरण के अभियान में अपनी हिस्सेदारी को दर्ज करायेगी।

**प्रशस्ति पत्र व सिलाई मशीन से होगी सम्मानित:** जिला प्रोबेशन अधिकारी गिरीश चन्द दुबे ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर नगर महुवरिया स्थित राजकीय इण्टर कालेज में जिलाधिकारी नगर के 70 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, 30 महिलाओं को सिलाई मशीन व 100 महिलाओं को साइकिल देकर सम्मानित किया जायेगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से 2 बजे तक चलेगा। सम्मान पाने वालों में प्रथम नम्बर पर प्रज्ञा देवी को रखा गया है जो जिले की प्रथम महिला चालक भी है जो बीते कुछ वर्षो से रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। ये अपने हौसले के बल पर ही आज जिले की महिला सूची में प्रथम स्थान को पाया है।

## डॉ. सोनी ने छात्राओं को दिया पुरस्कार



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन खलीलाबाद स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में किया गया. कार्यक्रम किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर दीनदयाल वर्मा द्वारा संचालित किया गया. किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व 5 सांत्वना पुरस्कार एवम् रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 3 टीमों की 15 छात्राओं को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। किशोर मंच कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आयरन विफ्स कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, साथिया कार्यक्रम, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, किशोर स्वास्थ्य दिवस, किशोरी स्वास्थ्य क्लीनिक, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम इत्यादि कार्यक्रम के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई। डा. सोनी सिंह ने छात्राओं को माहवारी के संबंध में फैली भ्रांतियां, माहवारी के दौरान सावधानियां, स्वच्छता और सेनेटरी पैड की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान लैब टेक्नीशियन द्वारा किशोरी छात्राओं का हिमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप व कोरोना की जांच की गई, साथ ही किशोरियों में सैनिटरी पैड, आयरन टैबलेट व अन्य मेडिसिन का वितरण किया गया।

## नवागत डीएम ने किया कार्यभार ग्रहण, कलेक्ट्रेट का निरीक्षण



**बस्ती।** नवागत जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने शुक्रवार की देर शाम ट्रेजरी पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में प्रबन्ध निदेशक के पद पर तैनात रही। वर्ष 2008 में पहले प्रयास में आईएएस में 24वां रैंक प्राप्त कर उप जिलाधिकारी कानपुर में तैनात रही। महराजगंज जिले में सीडीओ एवं जिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी उन्नाव के पद पर भी तैनात रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद दिन में कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। कलेक्ट्रट स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर कार्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, एडीएम अभय कुमार मिश्र, सीआरओ नीता यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नन्द किशोर कलाल, मुख्य कोषाधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी, एसडीएम आशाराम वर्मा,आनन्द श्रीनेत, नीरज प्रसाद पटेल, अपर एसडीएम सुखबीर सिंह, तहसीदार हर्रैया चंद्रभूषण प्रताप, अधिशासी अभियंता सिंचाई राकेश कुमार गौतम, उप निदेशक कृषि डॉ. संजय त्रिपाठी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चुनाव से पहले बसपा ने कसी कमर

**● बसपा प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर ने धनघटा में किया जनसभा, भारी संख्या में बसपा में हुए शामिल लोग**



संवाददाता। संतकबीरनगर

**बसपा प्रदेश** अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है। कही भी भेदभाव की भावना नही रखी जाती है। जनता को अन्य दलों से सचेत रहने की आवश्यकता है। श्री राजभर शनिवार को धनघटा तहसील के पुरानी तहसील बाग में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होने कहा कि सर्वसमाज के भला के लिए बहन मायावती का सीएम बनना जरुरी है। उन्होने कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबके हक और अधिकार के लिए काम करती है। उन्होने कार्यकर्ताओं को सीख देते हुए कहा कि बसपा कार्यकर्ता बहन मायावती के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यो और कानून का राज्य स्थापित करने की बात जनता के बीच पहुंचाने में सफल हो गए तो बसपा की सरकार बनने से कोई रोक नही सकती है। उन्होने कहा कि समाज में विद्वेष पैदा करके महौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। इतना ही नही दलितो, पिछड़ो तथा गरीबो को उनके हको से वंचित किया जा रहा है। राजभर ने कहा कि मानवता का कल्याण केवल बहुजन समाज पार्टी की नीतियो से ही संभव है। बसपा हर वर्ग के लोगो को राजनैतिक एंव सामाजिक भागीदारी देने का काम करती है। पिछड़े वर्ग के लोग हो या अगड़े समाज के लोग सभी को बसपा ने बगैर किसी भेद भाव से संमान दिया है और देती रहेगी। अपने संबोधन में बसपा प्रदेश ने किसी राजनैतिक दल का नाम लिए बगैर केवल बसपा के इशारे इशारे में बसपा के लोगो को समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी लालचंद्र निषाद, मिटठू राजभर, ज्ञानप्रकाश, झिनकान प्रसाद, जिलाध्यक्ष धर्मदेव प्रियदर्शी, अमरचंद दुबे, राकेश यादव, बृजेश यादव, पूर्व विधायक भगवान दास, जुबेर अहमद, सुशील पांडेय, यशोदा नंद निषाद, अर्चना महातम, नित्यानंद यादव, इंदल यादव आदि ने सबोधित किया। इस मौके पर रामललित यादव, बिक्रम राजभर, प्रदीप यादव, हरीराम यादव, राना महातम, ज्ञानप्रकाश, शमीम अहमद, अशोक मौर्य, सुगीव राजभर बसपा पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने की पंचायत चुनाव को लेकर बैठक

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई की मासिक बैठक शनिवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय खलीलाबाद पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खान की अध्यक्षता में किया गया तथा संचालन जिला महासचिव राजमन यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी पंचायत चुनाव में पार्टी के ज्यादा से ज्यादा प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख और जिले की सर्वोच्च कुर्सी जिला पंचायत अध्यक्ष जिताने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौहर अली खान ने कहा की पार्टी जिले के प्रत्येक पदों पर चुनाव दमदारी से लड़ेगी और ज्यादा से ज्यादा हमारे पार्टी के लोग चुनाव जीतेंगे और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और यह चुनाव हमारे 2022 को तय करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी से जो भी लोग जिला पंचायत का चुनाव लड़ना चाहते हैं वह लोग वार्ड वाइज अपना–अपना आवेदन आगामी 15 मार्च 2021 तक जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उपरोक्त बैठक में पूर्व विधायक धनघटा अलगू प्रसाद चौहान, पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, वरिष्ठ नेता रामदरस यादव, पवन कुमार छापड़िया, पूर्व प्रत्याशी जयराम पाण्डेय, जावेद अहमद, आलोक यादव सोनू, जिला उपाध्यक्ष के डी यादव, प्रदीप सिंह सिसोदिया, मुहम्मद अहमद, श्याम जी विश्वकर्मा, खूदैजा खातून, डॉ मालती यादव, सर्वेश यादव, संतोष दास सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांव में सरकार बनाने के लिए पंचायत चुनाव जीतना जरूरीः सुब्रत



संवाददाता। सोनभद्र

**भारतीय जनता** पार्टी उत्तर प्रदेश के महामंत्री काशी क्षेत्र के प्रभारी व कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक के जनपद में प्रथम आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हिन्दुवारी तिराहे पर जोरदार स्वागत किया व भाजपा जिला कार्यालय पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी के सम्बंध में समीक्षा की व चुनाव के सम्बंध में आवश्यक दिशानिर्देश भी दिया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि गांव में सरकार बनाने के लिए पंचायत चुनाव जीतना जरुरी है कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ाना चाहिए केन्द्र में मोदी सरकार व प्रदेश में योगी सरकार की उपलब्धियों को न केवल लोगों तक पहुंचाया जाय बल्कि लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उनसे आत्मीय संम्बंध स्थापित करें। आगे कहा कि बूथ को सक्रिय और शक्तिशाली बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरे दमखम के साथ जुटे। देश में तीन ही सरकार होती है केन्द्र सरकार, राज्य सरकार व गांव की सरकार केन्द्र एवं राज्य में भाजपा कि सरकार बन चुकी है अब गांव की बारी है। कार्यकर्ताओं से आव्हान करते है कि आज से ही पंचायत चुनाव में पूरे दमखम के साथ लगकर गांव में भी भाजपा कि सरकार बनायें जिससे केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने में सहायक हो सके। स्वागत करने वालों में अशोक चैरसिया भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे सदर विधायक भूपेश चौबे व ओबरा विधायक संजीव गोंड़ घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्य अमरेश पटेल, अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, ई0 रमेश पटेल, उदयनाथ मौर्य, अभिषेक सिंह चन्देल, कृष्णमुरारी गुप्ता, पंचायत चुनाव प्रभारी अशोक मौर्य, अनूप तिवारी, संतोश शुक्ला, शंम्भूनारायण सिंह, सुनील सिंह, सुनील पटेल, वरुण तिवारी, सहित सैकड़ों भाजपा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्काउट/गाइड शिविर का हुआ आयोजन

**संतकबीरनगर।** मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, खलीलाबाद में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट/गाइड के प्रथम एवं द्वितीय स्वपान के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अब्दुल मुदस्सिर खान एवं विशिष्ट अतिथि अतिकुल्लाह खां थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अब्दुल मुदस्सिर खान ने कहा कि स्काउटिंग जीवन को हर परस्थिति में जीने की सीख देती है। विशिष्ट अतिथि अतिकुल्लाह खां ने कहा कि जो छात्र स्काउट/गाइड का प्रशिक्षण ले रहे हैं वे स्काउट/गाइड के नियमों एवं उद्देश्य को समझे तब वे स्काउटिंग को पूरी तन्मयता के साथ अपने जीवन में उतार सकते हैं।

# 'कुनबे' के तामझाम में सड़क का काम तमाम

**'प्रमुखी' और 'प्रधानी' के कुनबे ने लिखी नई कहानी**

**एक ही सड़क पर चढ़ी तीन बार 'समाजवादी' परत**

**जिला पंचायत और ग्राम पंचायत की सड़क पर क्षेत्र पंचायत खर्चकर रहा लाखों**

**सीमेंट, गिटटी और बालू के स्थान पर मिटटी डालकर बिछा दे रहे घटिया इंटरलाकिंग ईट**



**बस्ती।** प्रमुखी का कार्यकाल समाप्त होने में चंद दिन रह गए हैं, मगर इन चंद दिनों में ब्लॉक प्रमुख क्षेत्र पंचायतों को कंगाल करके जाना चाहता हैं, क्षेत्र पंचायत के विकास को भूलकर जेबें भरने में लगे हुए है। ग्राम निधि प्रथम के भुगतान में प्रशासकों से कमीशन के फरमान के खुलासे के बाद अब उस सड़क पर हाथ साफ करना चाह रहे हैं, जिस सड़क को पहले ग्राम पंचायत और उसके बाद जिला पंचायत ने बनाया, धन का बंदबांट करने के लिए उसी सड़क को क्षेत्र पंचायत निधि से इंटरलाकिगं कराया जारहा है। वह भी बिना सीमेंट, गिटटी और बालू डाले, खड़जा उखाड़कर उस पर मिटटी डालकर ऐसी गुणवत्ता की इंटरलाकिगं ईट बिछाई जा रही है, जो पानी पड़ने ही गलने लगता है। यह हाल है,सदर ब्लॉक के ग्राम खौरहवा से लौकिहवा होते हुए पांडेय पोखरा तक की सड़क का। क्षेत्र पंचायत प्रमुख होने के नाते क्षेत्र पंचायत का अधिकतर धन उस ग्राम पंचायत में लगाया जारहा है, जिस ग्राम की प्रधानी ब्लॉक प्रमुख के परिवार के पास है। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष का ग्राम पंचायत होने के कारण इन्होंने सपा के कब्जे में रहे जिला पंचायत अध्यक्ष के होने का भी खूब लाभ उठाया। राजपूत करणी सेना के मंडल प्रवक्ता चंद्रेश प्रताप सिंह और क्षेत्र के डात्र एपी त्रिपाठी, काजू शुक्ल, मैगर शुक्ल, सतीष, षिवप्रसाद, हनुमान शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद गौड़ सहित अन्य लोगों का कहना है कि एक ही परिवार के लोगों ने जिस तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जारहा है, उसकी जांच होनी चाहिए, और इसके दोषियों के विरुद्व विधिक कार्रवाई के साथ धन की वसूली भी होनी चाहिए। कुछ दिन पहले सदर क्षेत्र पंचायत में दो टेंडर निकाले गए, पहले वाले टेंडर में सबसे अधिक काम ब्लॉक प्रमुख के ग्राम पंचायत में कराने का हुआ। पहले वाले टेंडर में ग्राम खौरहवा से लौकिहवा होते हुए पांडेय पोखरा तक इंटरलाकिगं सड़क का निर्माण होना। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जिस सड़क का निर्माण क्षेत्र पंचायत निधि से हो रहा हैं, उस सड़क पर पहले ग्राम पंचायत खौरहवा और बाद में जिला पंचायत ने कराया। अब उसी सड़क पर क्षेत्र पंचायत लाखों रुपये बर्बाद कर रही है। बताया कि अच्छी हालत में पुराने खंडजें को उखाड़ कर उस पर विषेष रुप से आर्डर देकर बनाए गए अति घटिया गुणवत्तावाला इंटरलाकिगं ईंट मिटटी डालकर बिछाया जा रहाहै, जबकि नियमानुसार पहले गिटटी डाली जाती है, उसके उपर सीमेंट और बालू डाल कर कुटाई करना चाहिए उसके बाद इंटरलाकिगं ईंट गिबछाया जाता है, ताकि सड़क की गुणवत्ता सालों तक बनी रहे। मगर जिस तरह इंटरलाकिगं ईंट बिछाया जारहा है, उससे सड़क की गुणवत्ता कुछ दिन तक नहीं रह पाएगी। क्षेत्र के लोगों का यह भी कहना है कि षिकायत करने के बावजूद क्षेत्र पंचायत का कोई भी व्यक्ति या जेई मौके पर गुणवत्ता देखने नहीं आए। कहा कि अगर स्थानीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मामले को उपर तक ले जाया जाएगा। इन लोगों ने नवागत डीएम से भी कार्रवाई करने की मांग की है।

**कप्तानगंज क्षेत्र में जिम्मेदार बने उदासीन:** कप्तानगंज क्षेत्र के दर्जनों गांवों को तहसील, जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली अनेक सड़के जर्जर हो गई है। इन सड़कों की हालत सरकार के गड्ढामुक्त के फरमान का सच बयां कर रही है। इन सड़को की दषा सुधारने की सुधि न तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और न ही पीडब्लूडी ने ली। सड़को की बदहाली और गड्ढो के चलते इन सड़को पर आवागमन न केवल चुनौती है बल्कि आए दिन लोग हादसे का भी शिकार हो रहे है। कप्तानगंज क्षेत्र को तहसील और जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला कप्तानगंज से दुबौलिया मार्ग 10 किमी, मनिकरपुर से राजाजोत मार्ग 1 किमी, महराजगंज से दुबौलिया मार्ग 9 किमी, केशवापुर से शम्भूपूर मार्ग 5 किमी, महराजगंज से ओझागंज मार्ग 4 किमी,संसारीपुर से दुबौलिया मार्ग 10 किमी, गौरा से चौखडा मार्ग 2 किमी, बढ़या से पोखरा मार्ग 7 किमी, चिलमा से रखिया मार्ग 12 किमी, संसारीपुर से पैकोलिया मार्ग 10 किमी, भुड़कुलगंज से बेलघाट मार्ग 3 किमी, कप्तानगंज से दुबौला मार्ग 10 किमी, बनकटा से गंगापुर मार्ग 2 किमी, बंजरिया से कोदई मार्ग 3 किमी,परखती घाट से बेसौरा 3 किमी, दुबौला से जिलेवीगंज 5 किमी, गोपियापार से गडहा 3किमी, महराजगंज कस्बे से नगर रोड 4 किमी सहित क्षेत्र की अन्य प्रमुख सड़कें जर्जर और गड्ढा हो गई है।

# पटरी दुकानदारों में उत्साह

## एक हजार से अधिक ने कराया पंजीकरण

## पांच सौ लाभार्थियों के खाते में भेजी गई धनराशि,1 से 6 मार्च तक चला सघन अभियान

संवाददाता। मऊ



**प्रधानमंत्री** स्वनिधि योजना के तहत पटरी दुकानदारों को स्वावलंबी बनाने के उदेद्श्य से नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में चलाए गए अभियान के अंतिम दिन शनिवार को कुल 1110 पटरी दुकानदारों ने अपना पंजीकरण कराया। जबकि पांच सौ से अधिक लाभार्थियों ने पीएम स्वनिधि योजना की धनराशि भेजा गया। नगर पालिका द्वारा यह अभियान 1 मार्च से 6 मार्च तक चलाया गया। पंजीकरण के अंतिम दिन नगर पालिका के सभी सात स्थानों पर काफी संख्या में पटरी दुकानदारों की भीड़ पंजीकरण के लिए लगा रहा। सरकार द्वारा पटरी दुकानदारों को स्वावलंबी बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना का संचालन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये के ऋण से पटरी दुकानदारों को लाभान्वित करने के लिए शासन के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन की ओर से 1 मार्च से 6 मार्च तक विशेष अभियान चलाकर नगर क्षेत्र के सात प्रमुख स्थानों पर विशेष कैम्प लगाया गया है। कैम्प के अंतिम दिन नगर क्षेत्र के गाजीपुर तिराहाए बालनिकेतनए आजमगढ़ मोड़ए मिर्जाहादीपुराए भीटीए रौजा बाजार तथा ताजोपुर काफी संख्या में पटरी दुकानदारों की भीड़ लगा रहा।

छह दिनों तक लगातार चले अभियान

## जिलाधिकारी ने कैलवल में चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**महराजगंज, जौनपुर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कैलवल में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौपाल में जो भी समस्याएं आयी हैंए संबंधित अधिकारी उनकी जांच कराकर निस्तारण करायें। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत की गई कि ग्राम प्रधान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का पैसा निकलवाकर ठेकेदार के माध्यम से आवासों का निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी ने प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश परियोजना निदेशक को दिया। सौभाग्य योजना के अंतर्गत ग्रामसभा में 6 बस्तियां संतृप्त होने से शेष रहने पर जिलाधिकारी ने एसडीओ विद्युत रंजीत कुमार का स्पष्टीकरण मांगा।

## बाबा गोमतेश्वर महादेव का 6वां वार्षिक श्रृंगारोत्सव सम्पन्न

संवाददाता। जौनपुर



**बाबा** गोमतेश्वर महादेव स्थान शाही पुल के नीचे गोपी घाट का 6वां वार्षिक श्रृंगार महोत्सव एवं माता पार्वती व नन्दी महाराज की प्रतिमा का स्थापना दिवस शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास एवं आस्था के साथ मनाया गया। मन्दिर के महंथ छोटे लाल के सानिध्य में मंत्रोच्चार के बीच विधि.विधान से पूजन-अर्चन हुई जिसके बाद आरती के साथ भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान आयोजक पन्ना लाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जन कल्याण समिति के संस्थापक, अध्यक्ष शिवा वर्मा ने बताया कि उक्त आयोजन प्रतिवर्ष 6 मार्च को मनाया जाता है। इसके बाबत पूरे मन्दिर प्रांगण में आकर्षक ढंग से फूल-मालाओं से सजाया गया था जहां पूजन के दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजायमान रहा। इस अवसर पर शनि गुप्ता, ओपी यादव, संतोष सेठ, सूरज, राधेश्याम सेठ, हिमांशु वर्मा, युवराज वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में आयोजक शिवा वर्मा ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रभु श्री राम चंद्र के राज्याभिषेक पर श्रद्धालुओं ने लगाया जयकारा

**सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के खोरिया रघुवीर सिंह में चल रहे रामलीला में शुक्रवार की रात कलाकारों ने प्रभु श्री राम चंद्र जी के राज्याभिषेक का सजीव मंचन किया इसे देख श्रद्धालु हर्षित हो कर जयकारा लगाने लगे श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया । कलाकारों ने दिखाया कि कुंभकरण वध के बाद रावण पाताल लोक के राजा अहिरावण को बुलाकर राम और लक्ष्मण को युद्ध में मौत के घाट उतारने की बात कहता है । इस पर अहिरावण रात में सोते समय श्रीराम व लक्ष्मण को उठाकर पाताल लोक में कैद कर लेता है । इसकी जानकारी होने पर हनुमान उन्हें कैद से छुड़ाने के लिए पाताल लोक जाते हैं । वहां पर वह अपने हमशक्ल वाले वानर से युद्ध करते हैं ।और इसके बाद वे उसे बंधक बनाकर पातालपुरी में प्रवेश करते हैं ।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इन्द्र विजय विश्वकर्मा की उपस्थिति में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयों का निरीक्षण कर लेए निरीक्षण के दौरान जन्मजात विकृति वाले बच्चो को चिन्हित करके सूची तैयार कर पोर्टल पर फ ीडिंग कराना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही एमओआईसी सम्पर्क करके नवजात शिशुओं को भी चिन्हित करके यदि अन्तर पाया जाता है तो संबधित को सूचित करे। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि माइक्रो प्लान के अनुसार जन्मजात विकृति वाले बच्चों को चिन्हित कराये। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, समस्त विकास खण्ड के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डाक्टर उपस्थित रहे।

## पूविवि परिसर की सेमेस्टर परीक्षा 8 मार्च से

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा 8 से 26 मार्च तक होगी। केन्द्रों पर इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए इंजीनियरिंग संकाय एवं प्रबंध अध्ययन संकाय को परीक्षा केंद्र बनाया है। इंजीनियरिंग संकाय के लिए संजीव गंगवार एवं प्रबंध अध्ययन संकाय के लिए डाण् रसिकेश को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर आना होगा।

## महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह आज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 मार्च को विविध क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को कुलपति प्रोण् निर्मला एस.मौर्य द्वारा सम्मानित किया जायेगा। विवि में मिशन शक्ति की समन्वयक डा. जान्हवी श्रीवास्तव ने बताया कि 7 मार्च को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

## दलदल में फंसी गाय को हिंयुवा ने निकाला

**जौनपुर।** हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष डाण् अनिल डूबे को राकेश सिंह नामक व्यक्ति के माध्यम से सूचना मिली कि सिटी स्टेशन के निकट रामाश्रम कालोनी में एक गाय दलदल में फंस गयी है जिस पर वह तत्काल अपने साथियों के साथ स्थल पर पहुंच गये। वहां पहुंचकर स्थिति का आंकलन कर फायर ब्रिगेड व नगर पालिका को सूचित कर सहयोग की मांग किया।

## श्रमिक अपना पंजीकरण ऑनलाइन कराएं

**देवरिया।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी रमण कुमार श्रीवास्तव ने श्रम विभाग में उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जिनका पंजीयन 30 नवंबर 2013 के पूर्व हो चुका है तथा उनका पंजीयन ऑन लाइन नहीं हुआ है। को अवगत कराया है कि अपना पुराना श्रमिक पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रति, बैंक पासबुक की छाया प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, घोषणा पत्र के साथ कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त विकास भवन परिसरए देवरिया में 11 मार्च 2021 तक जमा कर अपना पुराना श्रमिक पंजीयन कार्ड ऑनलाइन करा लें ।

## योजना का ऑनलाइन संचालन नवीन वेबसाइट पर

**देवरिया।** योजना का आनलाइन संचालन नवीन वेबसाइट पर किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों को अवगत कराते हुए निर्देशित किया है कि इस योजनान्तर्गत तहसील, विकास खंड से संबंधित आनलाईन प्राप्त आवेदन पत्रों के संबंध में पूर्व में निर्गत शासनादेश अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा है कि आपके लागिन पर प्राप्त आवेदन पत्रों को समयान्तर्गत जांच कराते हुए, उसे जिला समाज कल्याण अधिकारी को आनलाईन अग्रसारित करेगें एवं उसकी हार्ड कापी वांछित संलग्नकों सहित प्रेषित करना सुनिश्चित भी करें ।

## प्रशिक्षण संस्थान में 9 मार्च को कैंपस सेलेक्शन

**देवरिया।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया गोविन्द कुमार ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया में 9 मार्च को सेमसंग डिपले प्रालिनोयडा द्वारा कैम्पस सलेक्शन किया जाना है। व्यवसाय, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रानिक्स के उत्तीण व्यवसाय, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रानिक्स के उत्तीण अभ्यर्थी, जिनकी आयु 18 से 22 के बीच हो एवं आईटीआई उत्तीण हो, वे अभ्यर्थी अपने बायोडाटाए आधार कार्ड एवं समस्त मूलप्रमाण पत्र के साथ 9 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया में उपस्थित होकर कैम्पस सेलेक्शन में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## सुधीर अध्यक्ष, राजू मंत्री व भूपेन्द्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित

**जौनपुर।** स्वास्थ्य विभाग जौनपुर के लिपिक सेवा संघ यूपी मेडिकल एण्ड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा का द्विवार्षिक चुनाव रिजवान अहमद प्रान्तीय पर्यवेक्षक एवं सुशील श्रीवास्तव सह पर्यवेक्षक सहित राकेश श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर और सीबी सिंह संरक्षक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषदए अशोक सिंह प्रान्तीय उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश की देख-रेख में सकुशल सम्पन्न हो गया। सुधीर अस्थाना अध्यक्ष, संजय यादव राजू मंत्री, भूपेन्द्र यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आनन्द श्रीवास्तव कनिष्ठ उपाध्यक्ष और संतोष साहू कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह कर्मचारी नेता स्वास्थ्य विभाग ने किया। इस अवसर पर रामकेश यादव, संतोष श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार लाल, निर्देश कुमार,दिनेश यादव,मो. अब्बास, मनोज सिंह, पवन कुशवाह उपस्थित रहे।

# नवागत डीएम ने बैठकों का रोस्टर किया निर्धारित

## नोडल अधिकारी नामित , प्रतिनिधि को नहीं भेजेंगे अधिकारी : डीएम

संवाददाता। देवरिया



**नवागत** जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने विभिन्न विषयों पर आयोजित होने वाले समीक्षा बैठकों का इस माह का रोस्टर निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एजेण्डा बिन्दु के साथ बैठक को सम्पन्न कराने के लिये जुडे सभी अधिकारियों को समय से सुचित करेगें एवं विवरण पुस्तिका निर्धारित तिथि के पूर्व ही अवश्य उपलब्ध करायेगें। उन्होने इसके लिये नोडल अधिकारी नामित करते हुए उन्हे निर्देशित किया है कि वे तद्नुरुप बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करायेगें। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने इसी क्रम में यह भी निर्देश दिया है कि बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त यथाशीघ्र संबंधित नोडल अधिकारी कार्यवृत्ति तैयार कर मेरे स्तर से जारी कराना सुनिश्चित करेगें। यदि किन्ही अपरिहार्य कारणो से निर्धारित दिवस पर बैठक सम्पन्न नही हो पाती है तो आयोजनकर्ता अधिकारी का दायित्व होगा कि वे अन्य तिथि व समय निर्धारित कराकर बैठक सम्पन्न करायेगें। उन्होने स्पष्ट रुप से यह भी निर्देश दिया है कि संबंधित अधिकारी ही बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित होगें और अपरिहार्य परिस्थितियो के लिये पूर्वानुमति लेना होगा। ऐसी स्थिति को छोड़ कर कोई भी अधिकारी अपने प्रतिनिधि को नही भेजेगें। माह मार्च के निर्धारित रोस्टर अनुसार 8 मार्च को निर्वाचन, खनन, दुर्घटना बीमा, आईजीआरएस, बाढ़, मण्डी समिति की बैठक कलक्ट्रेट में सायं 4 बजे से 9 मार्च को विकास कार्यो की समीक्षा बैठक पूर्वान्ह् 10.30 बजे विकास भवन के गांधी सभागार में कर,करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक 10 मार्च को सायं 4 बजे से कलक्ट्रेट में, जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक धनवन्तरि सभागार में 11 मार्च को पूर्वान्ह् 3 बजे सेए 12 को पंचायतीराज, प्रोबेशन, युवा कल्याण, नेडा एवं कौशल विकास की समीक्षा बैठक विकास भवन के गांधी सभागार में सायं 3 बजे से आहूत की गयी है। 13 मार्च द्वितीय शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एवं 16 मार्च को तहसील दिवसों सन्दर्भो के निस्तारण की समीक्षा तहसील दिवस बरहज में पूर्वान्ह् 10 बजे से करेगें। 17 मार्च को विकास भवन में किसान दिवस अपरान्ह् 1 बजेए 3 बजे कृषि विभाग, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन, नलकूप, सिचाई आदि के कार्यो की समीक्षा इसी दिन किया जाना निर्धारित है।

## ड्राइंग प्रतियोगिता में शुभ्रा बरनवाल ने नाम किया रोशन



**मऊ।** अर्न्तराष्ट्रीय ऑन लाइन संस्थाए ष्इको अवेयर आर्ट गैलरीष् द्वारा आयोजित ष्डिस्पोज टू रियूजष् द्वितीय अर्न्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मऊ नगर क्षेत्र के निजामुद्दीनपुरा निवासिनी एमएफ़ए बीएचयू की छात्रा रही कुण् शुभ्रा बरनवाल ने 70 सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता अर्चना बरनवाल एवं पिता गोपाल कृष्ण बरनवाल को दिया है। साथ ही साथ अपनी प्रेरणा आर्ट टीचर बीना गुप्ता को बताया। सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में मऊ जिले की कुण् शुभ्रा बरनवाल के चयनित होने पर ड्राइंग के छात्र छात्राओं समेत शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गया। सोनी धापा इण्टर कालेज की ड्राइंग की प्रवक्ता बीना गुप्ता ने कहा कि यह अत्यन्त गौरव की बात है कि जिले की होनहार छात्राएं अब अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर रही है। बताते चलें कि इस प्रतियोगिता में विश्व के 28 देशों के 408 प्रतियोगियों नें हिस्सा लिया था। इस आनलाइन प्रतियोगिता में 70 सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों का चयन किया है।

## प्रगतिशील नाई समाज के अध्यक्ष बने राजेश शर्मा और पप्पू महामंत्री

**सकलडीहा,चन्दौली।** कस्बा स्थित आदि शक्ति धर्मशाला पर शनिवार को प्रगतिशील नाई समाज के पदाधिकारियों का गठन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पद पर राजेश शर्मा और प्रभारी अध्यक्ष आजाद फौजी सहित अन्य पदाधिकारियों का सर्व सम्मत से चुनाव किया गया। इस दौरान संगठन की मजबूती पर विस्तार से रणनीति बनाया। जननायक कपूरी ठाकुर समाज कीक की ओर से सकलडीहा प्रगतिशील नाई समाज ईकाई का चुनाव को लेकर सुबह से ही गहमा गहमी रहा। चुनाव की प्रकिया सलमानी शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर राजेश शर्मा और आजाद फौजी के नाम का प्रस्ताव आने पर सर्व सम्मत से राजेश शर्मा को अध्यक्ष आजाद शर्मा को प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष सनउवर सुलेमानी, महामंत्री पप्पू शर्मा, मंत्री मुर्तुजा सुलेमानी, कोषाध्यक्ष श्रीराम शर्मा, संगठन मंत्री रामप्रवेश राज, अजहरूद्दीन, आडिटर शमशेर सुलेमानी, वसूली मंत्री अवधेश शर्मा,कार्यकारिणी में कल्लू सुलेमानी व कलीम सुलेमानी को निर्विरोध चुनाव गया। अंत में विक्रमा शर्मा और बेचन शर्मा को संगठन की संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शनिवार को साप्ताहिक बंदी पर विशेष बल देने का निर्णय लिया।

## योगी राज यादव किये गये सम्मानित

**जफराबाद, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के हुंसेपूर कबूलपुर में स्थित एक महाविद्यालय में बीएड विभाग के छात्राध्यापिकाओं के चल रहे विशेष योग प्रशिक्षण योग शिविर का समापन हो गया। इस दौरान कालेज के प्रबंधक शिवाकांत शुक्ला ने कहा कि योग से हमें एक आत्मबल मिलता है तथा हमारे शरीर के एक अलग प्रकार की ऊर्जा का संचार होता हैए इसलिए हमें स्वमं को स्वस्थ रखने के लिए आसान एवं प्राणायामों को प्रतिदिन करना चाहिये। इस दौरान योग प्रशिक्षक राज यादव जिला महाविद्यालय प्रभारी को विभागाध्यक्ष बृजेश पांडेय सहित समस्त स्टाफने प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात् श्री यादव ने कहा कि योग से हमारे जीवन में बहुत से बदलाव को लाया जा सकता है। शरीर को स्वस्थ और खुशहाल रखा जा सकता है। योग के माध्यम हम औरों को योग सीखा कर स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

## आरक्षण के बाद जंग की तैयारी में दावेदार

**चंदौली।** धान के कटोरे के रूप में ख्यातिलब्ध चंदौली जनपद में राजनीति का नया रंग शुरू हो गया है।त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के विभिन्न पदों के लिए आरक्षण का पर्दा उठ गया है। पहले से ही झंडा बुलंद करने वाले दावेदार अब जंग की तैयारी में जुट गए। आपत्ति वी दावा का मौका है। लेकिन इस पर कम ही बदलाव की संभावना है। सोसल मीडिया अब विज्ञापनों से भर रहा है। दावेदार अब अपने पदों के अनुसार लड़ाई में जुट रहे हैं। धान के कटोरे में राजनीति गतिविधि मौसम की भांति एकाएक बदल गई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए आरक्षण का रिजल्ट धीरे धीरे सामने आ रहा है। ब्लाक प्रमुख पद का आरक्षण में तीन सीट अनारक्षित व छ: सीट आरक्षित की गई है। तीन सीट महिलाओं के लिए है। जिसमें नौगढ़,चंदौली, बरहनी शामिल हैं। शहाबगंज अनुसूचित जाति, चकिया व नियमताबाद पिछड़ा है तो धानापुर, सकलडीहा तथा चहनियां अनारक्षित है। जिले के प्रथम नागरिक यानि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पहले ही पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित है। ग्राम प्रधान वी जिला पंचायत सदस्यए ब्लॉक सदस्य व ग्राम सभा सदस्य के लिए आरक्षण के साथ ही राजनीति अब जंग की ओर बड़ रही है।

# एसपी देवरिया ने थाना सलेमपुर का किया निरीक्षण

संवाददाता। देवरिया

**शनिवार** को पुलिस अधीक्षक देवरिया डॉ श्रीपति मिश्र द्वारा थाना सलेमपुर का औचक निरीक्षण किया गया, इसके दौरान पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा थाना कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां कार्यालय में उपस्थित पुलिस कर्मियों से अभिलेखों के संबंध में पूछताछ करते हुए उनके रखरखाव हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन भोजनालय का निरीक्षण करते हुए आरक्षी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया एवं थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी के प्रति व कर्तव्य और दायित्व के प्रति उचित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त महिला हेल्प डेस्क पर उपस्थित महिला आरक्षी से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुएए महिला हेल्प डेस्क के संबंध में कार्यों के प्रति उचित दिशा निर्देश दिया गया तथा पुलिसकर्मियों को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं होली त्यौहार के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा10 व सी प्लान एप में प्रत्येक ग्राम से 10 संभ्रांत व्यक्तियों की सूची अपडेट रखते हुए उनसे संपर्क कर उनके गांव के संबंध में जानकारी इकट्ठी किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया।



## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत आंगनबाड़ियों को दिया प्रशिक्षण

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ियों का प्रशिक्षण बीआरसी सभागार में आहूत किया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 31 मार्च 2021 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 मार्च से 24 मार्च तक चलने वाले दस्तक अभियान विषय पर आंगनबाड़ी का प्रशिक्षण बीएमसी युनिसेफ शोएब अख्तर द्वारा किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बुखार के रोगियों को सूचित करना एवं क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों को सूचिबद्ध करना, प्रत्येक कार्य दिवस में किए गए जन्म तथा मृत्यु पंजीकरण की सूचीए कुपोषित बच्चों को सूचीबद्ध करना, दिमागी बुखार के कारण विकलांग हुए व्यक्तियों को सूचीबद्ध करके अपनी एएनएम को उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।

## महिलाओं ने गैस सिलिंडर घर के बाहर निकाल कर किया प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर।** सरकार की गलत नीतियों ने गांवए किसानए युवाओं तथा मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है।युवाओं में सरकार की देश विरोधी निजीकरण की नीतियों और शिक्षा के व्यवसायीकरण के साथ ही बेरोजगारी को आंखें मूंदे रखने को लेकर ग्रामीणों और युवाओं का गुस्सा चरम पर है और उनकी बर्दाश्त की सीमा टूट चुकी है। उक्त बातें युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ अरविन्द शुक्ल ने कही वह शनिवार को विधानसभा बाँसी में महिलाओं ने गैस सिलिंडर घर की बाहर निकाल कर विरोध प्रदर्शन के दौरान बोल रहे थे। दूध बेंचने वाले यादव समुदाय के लोगों ने सरकार और प्रशासन पर आरोप लगाया कि सैम्पलिंग के नाम पर उन्हें लगातार शोषित किया जाता है और उनसे मनमाने ढंग से धन उगाही की जाती है। डॉ अरविन्द शुक्ल ने कहा कि युवा कांग्रेस किसानोंए महिलाओंए बेरोजगारों और छोटे किसानों की लड़ाई गांव गांव और शहर शहर लड़ रही है और उनका हक दिलवा कर रहेगी।

## चोरी की 2 बोलेरो व 2 मोटरसाइकिलें बरामद

**देवरिया ।** एसओजी टीम व उनि बाबूलाल थाना सलेमपुर मय फोर्स, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे, कि मुखबिर की सूचना पर हरैया तिराहा से 2 अदद बोलेरो 1, सफेद रंग बिना नम्बर प्लेट का 2काले रंग की बोलेरो जिसका नम्बर जेएच 5 एल 5709 व 2 अदद मोटर साइकिल 1, स्प्लेन्डर रंग काला जिसका नं बीआर 29 टी 7199 तथा 2 स्पलेन्डर काला रंग जिसका नं बीआर 29 एएम 5387 के साथ 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों से नाम व पता पूछने पर उनके द्वारा अपना नाम व पता 1 भरत यादव पुत्र मोहित चैधरी सा सौराई थाना गुठनी जिला सिवान बिहार 2 कुन्दन तिवारी पुत्र अशोक तिवारी सा सेमाटार थाना गुठनी जिला सिवान बिहार, दीपक तिवारी पुत्र स्व विपिन तिवारी सा सेमाटार थाना गुठनी जिला सिवान बिहार बताया गया। अभियुक्तों पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा गाड़ीयां बिहार से चोरी की गयी है। पुलिस टीम द्वारा उक्त बरामदगी को कब्जे में लेते हुये अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने पिकअप से आठ राशि गौवंश किया बरामद, तस्कर फरार

संवाददाता। चकिया,चन्दौली

**पुलिस** ने मगरौर पुल के पास से एक पिकअप को पकड़ कर उसमें क्रूरता पूर्वक लादे गए आठ राशि गोवंशों को बरामद कर तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया है। इस सम्बन्ध में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अनिल कुमार के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी चकिया श्रीमती प्रीति त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रहमतुल्लाह खान के द्वारा गठित पुलिस टीम ने यह बरामदगी की है। बताया गया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक बोलेरो पिकअप वाहन में तस्कर गोवंशों को लादकर सैदूपुर के रास्ते बिहार ले जाने वाले हैं। इस सूचना पर



पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मोहम्मदाबाद पुल के पास घेराबंदी की जहां अहरौरा की तरफसे एक पिकअप आती दिखाई दीए जिसे टार्च मारकर रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त वाहन चालक वाहन की स्पीड बढ़ा कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया गया तो वाहन चालक मंगरौर पुल के पास गाड़ी को खड़ा कर अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 65ध्2021 धारा 3ध्5एध्8 गोवध निवारण अधिनियमए11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है। बरामद करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हरीश चंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार यादव, कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार यादव, तथा कांस्टेबल विनोद कुमार शामिल रहे।

## मनमानी: बिजली कनेक्शन कटने के डेढ़ साल बाद भी भेजा बकाया बिल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री गरीबों को बिजली बिलों में कटौती के लिए नियम बना रहे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बिजली विभाग के कारनामे भी अजब-गजब हैं। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन बिजली देने के मामले में भले ही पीछे हो लेकिन बात जब बिल भेजने की आती है तो इस महकमे की फुर्ती देखते ही बनती है। मड़ियाहूं क्षेत्र में जिस कनेक्शन को 16 माह पूर्व संपूर्ण जमा करवाकर उसका कनेक्शन कटवा दिया गया। उस कनेक्शन का 16 माह बाद दुबारा बिजली का बिल थमा दिया गया। ऐसे में जहां विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही स्पष्ट झलकती हैए वहीं विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मामला मड़ियाहूं पावर स्टेशन के जयरामपुर में प्रकाश में आया। मुंबई रहने वाले परिवार जयरामपुर निवास स्व. राम किशोर यादव के बेटों ने 16 माह पहले अपने घर का बिजली कनेक्शन कटवा दिया था।

## छह अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार चोरी की तीन बाइक की गई बरामद

संवाददाता। मुगलसराय,चन्दौली



**अलीनगर** थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की रात्रि कमलापुर ग्राम के गोखरी नहर पुलिया के पास से 6 अंतर्जनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से चोरी की तीन बाइक समेत तीन तमंचाए 10 जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने इनके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार शातिर चोर वाराणसी, मिर्ज़ापुर सहित अन्य ज़िले से वाहन चुराते थे। अलीनगर थाने में मामले की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की कमलापुर गांव के समीप गोखरी नहर पुलिया के पास दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर रात्रि में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ बताए स्थान पर पहुंचे। तो कुछ लोग इधर उधर हटने बड़ने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ कर जब कड़ाई से पूछताछ करने के साथ ही उनकी तलाशी ली उनके पास से असलहे के साथ चोरी की तीन बाइक बरामद हुए। ए एस पी ने बताया की आरोपी विकास सोनकर के कब्जे से एक तमंचा व पांच जिंदा कारतूस ए लवकुश के पास से एक तमंचा व दो कारतूसएसिद्धार्थ साहनी के पास से एक तमंचा तथा कारतूस के आलावा आरोपियों के पास से विभिन्न कम्पनियों के पांच मोबाइल बरामद हुए। आरोपित ने पुलिस को बताया की विभिन्न जगहों से बाइक चुराते हैं। ज्यादातर दो साल पुरानी गाड़ी चुराते हैं।जिसका लॉक आसानी से खुल जाता है। बताया की रात में ऑटो से घूमकर रेकी करते थे की दुकान व मकान के बाहर कहां बाइक खड़ी रहती है । उसी बाइक को चुराते थें ।उसे बेच कर जो पैसा मिलता था उसे आपस में बराबर बांट लेते थे।

## प्रभु श्री राम चंद्र जी के राज्याभिषेक पर श्रद्धालुओं ने लगाया जय कारा

**सिद्धार्थ नगर।** क्षेत्र के खोरिया रघुवीर सिंह में चल रहे रामलीला में शुक्रवार की रात कलाकारों ने प्रभु श्री राम चंद्र जी के राज्याभिषेक का सजीव मंचन किया इसे देख श्रद्धालु हर्षित हो कर जयकारा लगाने लगे श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। कलाकारों ने दिखाया कि कुंभकरण वध के बाद रावण पाताल लोक के राजा अहिरावण को बुलाकर राम और लक्ष्मण को युद्ध में मौत के घाट उतारने की बात कहता है । इस पर अहिरावण रात में सोते समय श्रीराम व लक्ष्मण को उठाकर पाताल लोक में कैद कर लेता है । इसकी जानकारी होने पर हनुमान उन्हें कैद से छुड़ाने के लिए पाताल लोक जाते हैं । वहां पर वह अपने हमशक्ल वाले वानर से युद्ध करते हैं । और इसके बाद वे उसे बंधक बनाकर पातालपुरी में प्रवेश करते हैं । अहिरावण का वध कर प्रभु श्री राम और लक्ष्मण को कैद से आजाद कर युद्ध मैदान में पहुंचते हैं । फिर रावण युद्ध करने के लिए मैदान में पहुंचता है और रावण स्वयं युद्ध के लिए आ जाता है । तब श्रीराम और रावण में घमासान युद्ध होता है।

# अमेठी की जनता अपने अपमान का बदला लेगी: स्मृति





नीरज सिंह। अमेठी

**अमेठी** की जनता राहुल गांधी से अपने अपमान का बदला लेगी और आने वाले चुनाव में उन्हें व उनकी पार्टी को सबक सिखाएगीष्यह बात केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद स्मृति जुबिन ईरानी ने तिलोई में निर्मित होने वाले बस अड्डे के भूमि पूंजन के बाद आयोजित सभा में जनमानस के समक्ष कही। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जिस अमेठी ने उन्हें राजनीतिक पहचान दी पूरे विश्व में सम्मान दिलाया वहां के जनमानस को केरल में जाकर अपमानित करना इन्हें निश्चित ही भारी पड़ेगा।अमेठी की जनता बहुत समझदार है राहुल गांधी के नकारापन के चलते ही उन्हें नकारा है जिस अमेठी ने गांधी परिवार को इतना सम्मान दिया उसके विकास के लिए भी कुछ नहीं किया।सांसद ने कहा कि अस्पताल के लिए अधिग्रहीत जमीन में सरकारी अस्पताल बनवाने के बजाय अपने परिवार के फाउंडेशन के नाम कर लिया। भाजपा सरकार ने रेफरल अस्पताल के साथ ही मेडिकल कालेज क्षेत्र को दिया इसके अलावा 500 की आबादी वाले सभी गांवों को डामरीकृत मार्ग से जोड़ने का काम कर रहे हैं।राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि जो सांसद पंद्रह साल तक सांसद रहा और अपने क्षेत्र से संबंधित एक समस्या भी सदन में न उठा सका हो उससे जनता क्या अपेक्षा करेगी बजट प्रस्तुत होने के समय सदन छोड़कर चला जाय ऐसा जनप्रतिनिधि जनता की सेवा क्या करेगा। इसके पूर्व दिन के बारह बजे पहुंची स्मृति जुबिन ईरानी ने तिलोई कार्यक्रम स्थल पर पहुचते ही क्षेत्र पंचायत द्वारा 54ण्8 लाख रूपये की लागत से बनने वाले बसअड्डे का विधि विधान से भूमि पूजन कर आधार शिला रखी।पंद्रहवें वित्त एवं पंचम राज्य वित्त की धनराशि से बनने वाले बस अड्डे के भवन के अलावा बाउंड्री एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण होगा।इस अवसर पर तिलोई विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह व तिलोई ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी पुलिस अधीक्षक ने भी केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के नेता भी उपस्थित रहे।

### 1643.74 लाख की लागत परियोजनाओं का शिलान्यास

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री बाल विकास एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार व सांसद अमेठी स्मृति जुबिन इरानी ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न योजनाओं का लोकार्पणध्शिलान्यास करने के साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान उन्होंने जन सामान्य की शिकायतों को भी सुना एवं कोविड.19 के संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए जा रहे कोविड वैक्सीनेशन का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में पहुंचकर जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान सांसद ने सर्वप्रथम तहसील तिलोई में आयोजित कार्यक्रम में 54ण्80 लाख की लागत से तिलोई बस स्टेशन के निर्माण हेतु भूमि पूजनध्शिलान्यास कियाए जिसमें 45ण्91 लाख से बस स्टेशनए 4ण्77 लाख की लागत से बाउंड्री वालए 4ण्12 लाख की लागत से शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण क्षेत्र पंचायत तिलोई द्वारा कराया जाएगा। इसके बाद सांसद ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में पहुंचकर कोविड वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी ली एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किया। इसके उपरांत सांसद ने खंड शिक्षा अधिकारी अमेठी कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1643ण्74 लाख की लागत से डायट भवन सहित विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें 750ण्25 लाख की लागत से डायट भवन का निर्माणए 464ण्93 लाख की लागत से विकास खंड मुसाफिरखाना के आवासीय व अनावासीय भवन का निर्माणए 74 लाख की लागत से 2 खेल मैदानध्स्टेडियम का लोकार्पणए 238ण्53 लाख की लागत से 11 खेल मैदान का शिलान्यासए 50 लाख की लागत से 10 समूहों को नगद साख सीमाए 5ण्50 लाख की लागत से 5 समूहों को सामूहिक निवेश निधि हस्तांतरणए 28ण्55 लाख की लागत से पांच सामुदायिक शौचालयों का निर्माणए 5ण्47 लाख की लागत से पांच व्यक्तिगत लाभार्थियों को पशु शेड बकरी पालन एवं न्यूट्री गार्डन के निर्माणए 26ण्51 लाख की लागत से कृषि विभाग द्वारा वितरित कृषि यंत्र पर अनुदान दिया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद ने आज 10 समूहों को रुपए 50 लाख का सीसीएल डेमो चेक तथा 5 समूहों को रूपए 5ण्50 लाख का ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित कियाए इसके साथ ही आजीविका मिशन के तहत खाद कंपोस्टए मूंज क्राफ्टए गुलाब के फूल की खेतीए इंटरलॉकिंग टाइल्स बनाने का कार्यए राशन दुकान में लगी स्वयं सहायता समूह की महिलाएंए बीसी सखी के रूप में काम कर रही महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के 8 लाभार्थियों को चाभी एवं 10 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया। 20 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल तथा 20 दिव्यांग जनों को अन्य सहायक उपकरणों यथा बैसाखीए स्मार्ट केन आदि का वितरण किया। 5 लाभार्थियों को मत्स्य पालन पट्टों की स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जनपद के कृषकों तक कृषि यंत्रीकरण का लाभ पहुंचाने हेतु योजना अंतर्गत अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्रों को उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें ट्रैक्टरए कस्टम हायरिंग सेंटरए रोटावेटर कंबाइन के साथ ही उद्यान विभाग द्वारा सब्जी किट वितरणए मिनी स्प्रिंकलर और रेनगन का वितरण किया जा रहा है जिसमें अनुदान की कुल धनराशि रुपए 26ण्51 लाख है। तिलोई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बस स्टेशन के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि लगभग 7 करोड़ से जायदा के संपर्क मार्ग तिलोई विधानसभा में बनवाए गए हैं साथ ही बिजली की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए 132 केवी का पावर स्टेशन तिलोई में निर्माणाधीन है साथ ही मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु कार्यवाही की जा रही हैए 200 बेड का रेफरल हॉस्पिटलए ट्रामा सेंटर जैसे अनेक कार्य कराए गए हैं इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर आमजन को लाभान्वित कर रही है।

### श्री रामकथा सुनने पहुंचीं ईरानी

**गौरीगंज, अमेठी ।** रणंजय इंटर कालेज मैदान पर भाजपा नेता डॉ अनिल त्रिपाठी व प्रकाश मिश्र के संयोजन में चल रही श्री राम कथा के छठवें दिन अमेठी की सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी कथा में उपस्थित हुई । वे रामभद्राचार्य द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया द्य इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह भी मौजूद रहे यह दौरान स्मृति ईरानी ने श्री रामभद्राचार्य से आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया उन्होंने श्री रामभद्राचार्य को अमेठी आने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा आपके आने से अमेठी की धरती धन्य हो गई द्य उन्होने कहा कि सीता का अपमान न हो राम का सम्मान बढ़ेगी इसलिए आपने पुस्तक की रचना कीद्य उन्होंने अमेठी की माताओं बहनों के लिए श्री रामभद्राचार्य से आशीर्वाद मांगाद्य इस अवसर पर जिलाधिकारी अरुण कुमार पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह विजय गुप्ता जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषीए सुभाष चंद्र त्रिपाठी सुरेंद्र शर्मा पूर्व विधायक तेजभान सिंह जंग बहादुर सिंह जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी राजेश सिंह नीरज त्रिपाठी चन्द्रमौलि सिंह प्रदीप सिंह हिंदेश सिंह भी मौजूद रहे द्य श्री रामकथा के आयोजक अनिल त्रिपाठी व प्रकाश मिश्र ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कथा में लगातार उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया।

## वकीलों और अफसरों के प्रति जताया गया आभार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर शनिवार को परिसर मे जीते तथा हारे प्रत्याशी साथी अधिवक्ताओं के प्रति धन्यवाद जताने मे मशगूल दिखे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को भी साथी अधिवक्ताओं ने दिन भर शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रखा। वहीं चुनाव समिति की हुई बैठक मे शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराये जाने को लेकर अधिवक्ताओं तथा प्रशासन का आभार जताया गया। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने समिति तथा स्थानीय अधिवक्ताओं की ओर से चुनाव में बेहतर प्रशासनिक प्रबन्धों के लिए प्रयागराज के एडीजी प्रेमप्रकाश, डीएम डा. नितिन बंसल तथा एसपी शिवहरि मीणा के प्रति आभार जताया। उन्होनें बताया कि नई कार्यकारिणी के शपथ के बाद सहयोग प्रदान करने वाले अफसरों को चुनाव समिति द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी तथा संचालन महामंत्री अजय शुक्ल गुडडू ने किया।

## दूसरी किश्त पाने के लिए भटक रहे लाभार्थी

संवाददाता। बाराबंकी

### प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के लिए धन का अभाव बना बड़ा संकट

**जनपद** मे पीएम आवास आवंटन की दूसरी किस्त को लेकर धन के अभाव की समस्या खडी हो गयी है जिससे आवास निर्माण को गति नही मिल पा रही है लाभार्थी इधर उधर भटक रहे है ।परियोजना निदेशक की मानें तो आवास आवंटित पात्रों के लिये अभी धन का अभाव बना हुआ है जल्द ही दूसरी किस्त लाभार्थियो को मुहैया करायी जायेगी । प्राप्त जानकारी के अनुसार गत वर्ष जनपद के विभिन्न विकास खण्डों रामनगरसिरौलीगौसपुर पूरेडलई बनीकोडर हरख सूरतगंज निन्दूरा देवा त्रिवेदीगंज हैदरगढ सिद्धौर दरियाबाद मसौली बंकी तथा फतेहपुरसहित कुल 15 हजार 115 पीएम आवास आवंटन का लक्ष्य मिला हुआ है । आवास निर्माण का कार्य वृहद स्तर पर जारी है । प्राथमिक कार्यवाही के बाद जन शिकायतों और आवास आवेदकों का सिलसिला भी जारी है । परियोजना निदेशक कार्यालय की मानें तो जो शिकायतो शिकायते प्राप्त होती हैउन पर तत्पर जांच पडताल के निरीक्षण की कार्वाही की जाती है आवेदकों की संख्या ज्यादातर है अपात्र होने के एक दो शिकायतें प्राप्त हुई जिनकी जांच की जा रही है आवास लाभार्थयों को दूसरी किस्त देरी का कारण विभाग मे बजट का अभाव बना हुआ है । परियोजना निदेशक भोलानाथ चौरसिया ने कहा कि आवासो के निर्माण एंव शिकायतो के निस्तारण मे शत प्रतिशतकार्यवाही की जायेगी प्रदेश मे बाराबंकी छठवें स्थान पर है ।

## गंगा एक्सप्रेसवे के लिए छह हेक्टेयर भूमि हुई अधिग्रहीत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के आठ गांवो से निकलने वाले गंगा एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शनिवार को भी यहां निबंधन कार्यालय मे तेजी से दिखी। तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय ने अब तक छः हेक्टेयर भूमि एक्सप्रेसवे अॅथारिटी के नाम आवंटित कराया। बारह किसानों ने तहसीलदार के पक्ष मे एक्सप्रेसवे के लिए बैनामें कर चुके हैं। इधर लालगंज तहसील के किसानों का कहना है कि उन्हें एक्सप्रेसवे के लिए पडोसी तहसील कुण्डा से कम रेट पर मुआवजा दिया जा रहा है। इस बाबत तहसीलदार का कहना है कि सर्किल रेट के आधार पर किसानों को मुआवजे की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इधर एसडीएम राम नारायण ने एक्सप्रेसवे से जुड़े राजस्व गांवों के लेखपालों को भूमि अधिग्रहण के तहत प्रस्तावित सौ हेक्टेयर भूमि के बैनामा कराए जाने मे तेजी लाने के कड़े निर्देश दिये है।

## अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटना में दो कांवड़िये और एक बाइक सवार घायल

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर हुई दो दुर्घटना में दो कांवरिये सहित एक बाईक सवार घायल हो गये जिन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया एक हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।थाना क्षेत्र के ग्राम देवकलिया निवासी रामतीर्थ का पुत्र अरुण कुमार सहादतगंज स्थित पेट्रोल पंप पर बाईक से डीजल लेने गया था वापसी के दौरान सफ्दरगंज थानान्तर्गत रामपुर कटरा के निकट गड्ढ़े में बाईक चली जाने पर अनियंत्रित होकर गिर गयी जिससे बाईक सवार अरुण कुमार के सिर में गम्भीर चोट लग गई एम्बुलेन्स से घायल को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया हालत ठीक न होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना हाइवे पर कॉंवड़ लेकर लोधेश्वर जा रहे दो कांवरियों को एक बाईक सवार ने टक्कर मार दी जिससे कॉंवड़ लेकर महादेवा जा रहे कानपुर देहात के ग्राम सेवली निवासी दिव्यांशु यादव पुत्र श्रीकरन यादव व रविशंकर पुत्र केशवराम को आंशिक चोट आई है एम्बुलेंस से दोनों कावरियों को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आज

**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियां अन्तिम चरण में पँहुच गई है।जनपद के विभिन्न विकास खण्डों मे 276 जोड़े कल रविवार को परिणय सूत्र में बंधेंगे।जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि जोड़ो को चयनित कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि इसके लिये बृहद स्तर पर तैयारियां की गई है।मुख्य रूप से शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान मे स्थित आडिटोरियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कराए जाएंगे उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है।इस योजना में जोड़ो को दहेज स्वरूप 51 हजार रूपये का सामान व नवबधु को 35 हजार रुपये का चेक व अन्य रुपयों का सामान दिया जाएगा।

## एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के द्वारा लगाए गए राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समारोहपूर्वक समापन हुआ। उमापुर गांव में हुए समापन कार्यक्रम का शुभारंभ शिविरार्थी छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं गीत तथा भजन आदि की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। बतौर मुख्यअतिथि पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी ने शिविरार्थियों से कहा कि मेहनत व लगन से किया जाने वाला श्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होनें राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल तत्व सेवा को जीवन मे छात्र छात्राओं से साकार बनाये जानें का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डा. वीरेन्द्र मिश्र ने किया व संचालन डा. वाचस्पति मिश्र ने किया। कार्यक्रमाधिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने शिविर की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रमाधिकारी डा. सीमा त्रिपाठी ने आभार जताया।

## पीएम स्वनिधि योजना में लापरवाही अक्षम्य: एसडीएम



संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**पीएम** स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋणों की स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाये जाने को लेकर यहां प्रशासनिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राम नारायण ने नगर पंचायत तथा बैकों से योजना के अन्तर्गत ऋणों को स्वीकृति कराए जाने में प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम ने शाखा प्रबन्धकों से कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत महिला लाभार्थियों द्वारा ऋण स्वीकृत होने पर इन्हें मिशन शक्ति की तरह नगर पंचायत के जरिए सम्मानित कराया जाय। एसडीएम ने पीएम स्वनिधि योजना को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी ठहराते हुए कहा कि यदि ऐसे आवेदन बैकों के पोर्टल पर जानबूझकर लंबित रखे जाएंगें तो लापरवाही पर जिम्मेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें योजना के तहत ऋणों की स्वीकृति मे देरी पर नाराजगी भी जताई। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी सुभाषचंद्र सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना की अब तक की हुई प्रगति का ब्यौरा रखा। उन्होनें कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को नगर पंचायत की ओर से पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक मे एसबीआई बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, बडौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबन्धकों ने भी ऋण आवेदन प्रक्रिया की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## ससुर की हत्या में आरोपित आंगनबाड़ी कार्यकत्री को भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पिछले वर्ष ससुर की हुई हत्या में नामजद आरोपिता आंगनबाडी कार्यकत्री को कोतवाली पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के महिमापुर निवासी रामहरख कोरी की बीती छब्बीस मई को लालगंज से घर जाते समय उदियापुर के समीप अज्ञात आरोपियों ने लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र ने अपनी पत्नी ऊषा देवी तथा दो तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। मृतक की बहू पर आरोप है कि उसने आरोपियों से मिलकर हत्या की घटना अंजाम दिलवायी। पुलिस ने विवेचना के तहत इसके पहले प्रकाश मे आये आरोपी सराय रायजू गांव के बब्बन उर्फतौहीद को जेल भेजा है। जेल गया आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने उषा के कहने पर रामहरख की स्वयं तथा कम्भीट निवासी मो. नियाज के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपिता को शनिवार की सुबह उसके घर से धर दबोचा। जेल गई आरोपिता ऊषा आंगनबाड़ी केंद्र सराय रायजू में कार्यकत्री है। घटना में पुलिस फरार आरोपी मो. नियाज की तलाश मे जुटी हुई है।

## रोहाड़ा में हुए कवि सम्मेलन में बही काव्यरस की धार



संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**कैथौला** क्षेत्र के रोहाड़ा गांव में हुए कवि सम्मेलन में राष्ट्रीयता तथा साहित्य की सुमधुर धार प्रखर हो उठी दिखीं। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुए कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा कुछ हस्तियों को साहित्य तथा आध्यात्म के क्षेत्र मे योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। ख्यातिप्राप्त कवि समीर शुक्ल के सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के बीच हुए कवि सम्मेलन को आगाज देते हुए नरेन्द्र निराश ने वतन परस्ती के लिए तरूणायी पर लोगों को जागृत किया। रायबरेली के नरकंकाल ने हास्य के तीर चलाए तो गीतकार सत्येंद्र सिंह सौम्य की रचना-जैसे धरती पर उगा मैं कोई खरपतवार हूं ने बेरोजगारी पर तंज कसा। कानपुर के प्रभाकर मिश्र ने मुक्तक के जरिए लोगों को भावविभोर कर दिया। आचार्य अनीस देहाती ने कौमी एकता की मिशाल पेश करते हुए श्रीराम की स्तुति मे पढ़ा-सब पै किरपा कई होया तो हमरो बेड़ा पार किहा को जमकर सराहना मिली। बलिया के जनकवि प्रकाश ने भी गीतों की समां बांधी। गजलकार राजमूर्ति सिंह सौरभ की पंक्तियां मोहब्बत फूल की मुस्कान है क्या, गमों से जूझना आसान है क्या भी सराही गई। कवयत्री प्रीती पाण्डेय का गीत दीवाने तुझे एक नजर देखना है ने जमकर तालियां बटोरीं। संयोजक कवि वीररस के हरि बहादुर सिंह हर्ष राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत छन्द सुनाकर लोगों मे जोश भरते दिखे। इसके पहले ख्यातिप्राप्त गजलकार डा. नागेन्द्र अनुज ने भी मुक्तक तथा शेरों शायरी से समां बांधी। इसके अलावा मनोज चौहान, सुनील प्रभाकर, डा. पीयूष, निर्झर प्रतापगढ़ी, विजय बहादुर सिंह आदि ने भी राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों पर काव्य पाठ के जरिए तीखे प्रहार किये। अध्यक्षता जल पुरूष भूगर्भ जल संरक्षण राज्य परिषद के अध्यक्ष डा. समाजशेखर एवं संचालन उन्नाव के मशहूर कवि सुरेश फक्कड़ ने किया। आयोजन के दौरान प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ददन तथा रामचंद्र तिवारी, रामकृष्ण तिवारी व धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने मुख्यअतिथि महेन्द्र नाथ त्रिपाठी, डा. समाजशेखर, आचार्य सदानंद मिश्र, आचार्य पवन विद्वान, आचार्य पारसनाथ तिवारी, आचार्य वायुनंदन मिश्र, कवयत्री प्रीती पाण्डेय को अंगवस्त्रम तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, माता प्रसाद सिंह, इंद्रदेव पटेल आदि मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब का सदस्यता अभियान आज से होगा शुरू

**ललितपुर।** अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब रजि की साधारण सभा की बैठक का आयोजन संरक्षक मण्डल के सान्निध्य में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने की एवं संचालन महामंत्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया ने किया। बैठक में संरक्षक मण्डल ने प्रेस क्लब के निर्वाचन सम्बन्धित तारीखों का घोषणा करते हुये 18 मार्च तक चुनाव प्रक्रिया संपन्न करने की बात कही। साधारण सभा की बैठक में सर्वप्रथम अमर शहीर गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हम सब एक ही परिवार के सदस्य हैं। एकजुटता बनाये रखने का आह्वान करते हुये उन्होंने चुनाव को लेकर अपने.अपने सुझावों को रखा गया प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि मैं सदैव पत्रकारों के हित के लिए संघर्ष करता रहूंगा संरक्षक मण्डल द्वारा जो चुनाव कराये जाने का निर्णय लिया उसका सभी ने स्वागत किया।

## जोझिया को बनाया गया सपा का नगर अध्यक्ष

संवाददाता। ललितपुर

**समाजवादी** पार्टी की मासिक बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुये जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड ने नगर अध्यक्ष पद पर राजेश जोझिया को मनोनीत कर दिया। नगर अध्यक्ष पद पर मनोनयन होने से जहां एक ओर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने खुशी का इजहार किया तो वहीं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त रहा। पार्टी के प्रति ईमानदार लगनशील व कर्मठ व्यापारी नेता को पार्टी में नगर अध्यक्ष पद मिलने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लम्बे समय से नगर अध्यक्ष पद रिक्त चल रहा था। इस पद पर राजेश जोझिया को मनोनीत किया गया है। कहा कि ललितपुर नगर के व्यापारियों किसानों व आमजन की समस्याओं को जमीनी स्तर पर जानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों व पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करें। नवमनोनीत नगर अध्यक्ष राजेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरते हुये कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा से लोगों को अवगत कराते हुये संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य किया जायेगा। व्यापार सभा जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन चिगलौआ ने नवमनोनीत नगर अध्यक्ष से आह्वान किया कि शहर के सभी व्यापारी वर्ग तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

### पुलिस को मिला प्रथम स्थान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस में माह फरवरी 2021 में शिकायतों के शत प्रतिशत वगुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जनपद ललितपुर पुलिस को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि ललितपुर पुलिस को अब तक 24 बार प्राप्त हो चुका है प्रथम स्थान।

## संदिग्ध हालात में युवती का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में युवती का शव फंदे से लटकता घर वालों ने देखा तो हड़कंप मच गया पुलिस को परिजनों ने सूचना दी तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है और रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाई की बात कह रही है। मिली जानकारी के अनुसार मसौली थानाक्षेत्र के ग्राम गेंदौरा निवासी दयाराम की 17 वर्षीय बेटी अंजू देवी का शव शनिवार को कमरे में फंदे से लटकता हुआ घर वालों ने देखा तो हड़कंप मच गया पुलिस को सूचना दी तो मौके पर मसौली पुलिस ने पंहुचकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि युवती मानसिक रूप से बीमार थी उसका इलाज भी चल रहा था पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट में स्पष्ट होगा कि मौत कैसे हुई है।

## बेनी वर्मा की पुण्यतिथि को लेकर मंथन

संवाददाता। बाराबंकी



**शनिवार** को सपा कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक एवं आगामी 27 मार्च 2021 को श्रद्धेय विकास पुरुष स्वर्गीय बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि पर बाबू जी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगमन को लेकर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा के कुशल संचालन में बैठक आयोजित की गई ।इस दौरान पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने विकास के दम पर समाज के हर वर्ग को आगे आने का अवसर दिया जिस भी क्षेत्र का उन्होंने प्रतिनिधित्व किया उस क्षेत्र में उन्होंने क्रांति ला दी ! समाजवाद को आगे बढ़ाने में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई !इस दौरान पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने कहा कि बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पहली पुण्यतिथि एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगमन को लेकर विधानसभा स्तर के सभी पदाधिकारी पूरे दमखम के साथ में तैयारी में लग जाएं भारी से भारी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं !इस अवसर पर सदर विधायक सुरेश यादव एवं एमएलसी राजेश यादव राजू ने अपने संयुक्त संबोधन में विधानसभा स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर से लेकर सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से आवाहन किया कि 27 मार्च को मोहन लाल डिग्री कॉलेज में सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जगह.जगह जाकर बाबूजी के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील करते हुए भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल पहुंचे और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं !इस अवसर पर मुख्य रूप से जैदपुर विधायक गौरव रावतए राम गोपाल रावतए राम मगन रावतए रतन लाल रावए डॉ कुलदीप सिंहए अजय वर्मा बबलूए कुलदीप शुक्ला राजनए रिंकू सिंहए रामनाथ मौर्यए नसीम कीर्ति एहिमांशु यादवए रामचंद्र मिश्राए संदीप सिंहए कामता यादवए जिलाध्यक्ष युवजन सभा आशीष सिंह आर्यनए शाफे जुबेरीए दानिश सिद्दीकीए वीरेंद्र प्रधानए उमाकांत यादवए जसवंत यादवए विरेंद्र न्यूलीए शैलेश चंद्र वर्माए अमित यादवए अखिलेश वर्माए वसंत गौतमए आकाश यादवए मिथिलेश तिवारीए ओम प्रभा बिट्टो आदि मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे !

## विधायक ने बताई सरकार की योजनाएं

**फतेहपुर बाराबंकी ।** शनिवार को भाजपा के ग्राम चौपाल प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक को संबोधित करते हुए विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं का बिंदुवार बताया । कस्बा स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होने कहा कि पंचायत चुनाव को देखते हुए प्रत्येक वार्ड के ग्राम पंचायतों में 10 मार्च तक बैठक होंगी। कहा कि ग्राम चौपाल में केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी बुलाया जाए। प्रत्येक वार्ड में निवास करने वाले प्रदेशए क्षेत्रीयए जिला स्तर के पदाधिकारियों का सहयोग लिया जाए। संचालन जिला महामंत्री शीलरत्न मिहिर ने किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी वार्ड प्रभारियों एवं संयोजकों को पंचायत चुनाव के गुर सिखाए गए।इस अवसर पर पूर्व विधायक राजरानी रावतएडॉ अंजू चन्द्रा एअनुपम निगमएशुभाष जायसवालएविपिन सिंह राठौरएडॉ राम कुमार गिरी सीए अश्विनी श्रीवास्तव नीता अवस्थीएदिनेश तोमरएअरुण सिंहए रामलखन यादवएदिनेश चंद्र पांडेयएअंशुमान मिश्रा मौजूद रहे।

पायनियर
रविवार, 7 मार्च, 2021
एजेण्डा

लड़कियों और लड़कों को एक महिला सुपरहीरो की कल्पना करनी चाहिए
-गेल गैडोट





# नई पीढ़ी के नए रंग

**आज युवा खुद अपने लिए राह बना रहे हैं और चीजों को अलग तरह से गढ़ रहे हैं। जहां एक तरफ 15 वर्षीय सान्वी मेहरा, जिन्होंने एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जो डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों की पहचान करने के लिए तथा मौतों की रोकथाम के लिए तस्वीरों का उपयोग करता है। वहीं 16 साल के एक युवा द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ काम करना दर्शाता है कि युवा खुद अपने लिए नई परिपाटी तैयार कर रहे हैं और अपनी कल्पनाओं व नई उम्मीदों व महत्वाकांक्षाओं की नयी जमीन तोड़ रहे हैं। इन प्रतिभाओं से बातचीत पर आधारित शालिनी सक्सेना की रिपोर्ट...**

## काफी जानकारी देती है फोटो

**सान्वी मेहरा ( 15 साल )**
**द श्रीराम मिलेनियम स्कूल, नोएडा**



कोई बिरले ही एक ऐसे मॉडल पर काम करने के लिए किसी 15 साल के युवा की कल्पना करेगा, जो डाउन सिंड्रोम (डीएस) का पता लगा सकता है और मौतों को रोक सकता है। वर्तमान में, भारत में 20,000 लोग इसके कारण मर जाते हैं। लेकिन श्रीराम मिलेनियम स्कूल के सान्वी मेहरा ने ठीक यही किया है। इस 15 वर्षीया ने अपना मॉडल गूगल इंडिया कोड लर्न कॉन्टेस्ट 2020 में प्रस्तुत किया, उसने न केवल कक्षा 11वीं-12वीं श्रेणी में जीत हासिल की, बल्कि उसका यह मॉडल डीएस से पीड़ित लोगों के लिए एक वरदान होगा।

मेहरा ने इस परियोजना को इसलिए चुना क्योंकि देश में डीएस का प्रभाव लगभग हर हजार बच्चों में से एक पर है, जो हर साल 30,000 से अधिक बच्चों को इससे प्रभावित करता है और इस आनुवांशिक रोग के साथ जीवित रहने की दर मात्र 44 प्रतिशत है।

एक और व्यक्तिगत कारण है कि सुश्री मेहरा ने डीएस को एक परियोजना के रूप में चुना। यह कारण उसकी माँ की दूसरी गर्भावस्था के दौरान सामने आया था। यह संदेह था कि बच्चा डीएस से अत्यंत संभावित था।

सुश्री मेहरा कहती है, ''सौभाग्य से, हम एक मेट्रो शहर में रह रहे थे और हम खुशकिस्मत थे कि हम आवश्यक जांच कराने में सक्षम थे, लेकिन मुझे पता है कि यह हर किसी के लिए संभव नहीं है। चूंकि यह मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत मसला था, इसने इसने मुझे अपनी आवाज उठाने लायक बना दिया। भारत में स्मार्टफोन की पैठ मूल स्वास्थ्य सेवा से कहीं अधिक है। डीएस का जल्द पता लगने और इलाज से कई लोगों की जिंदगी बदल सकती है।''

दसवीं कक्षा की इस छात्रा का झुकाव हमेशा प्रौद्योगिकी की ओर रहा है। वह आपको बताती है कि जब वह कक्षा छठी में थी तब उसे गूगल इंडिया कोड लर्न प्रतियोगिता के बारे में पता चला।

''जब मैं कक्षा छठी में थी तब मैंने भी प्रतियोगिता जीती थी। यह विद्यादान नामक पुस्तक दान ऐप के लिए था जो पुस्तक दान करने की सुविधा देता है। ऐप उन दानदाताओं को जोड़ता है जिन्हें हर साल सृजित पुस्तकों के अधिशेष का उपयोग करने वाली पुस्तकों की आवश्यकता होती है। इस साल, मैंने देखा कि यह कृत्रिम मेधा तथा मशीन लर्निंग श्रेणी में था। उन्होंने हमें गूगल क्लाउड ऑटो एमएल इंजन प्रदान किया। लॉकडाउन के दौरान मेरे पास बहुत समय था। मैंने एंड्रयू एनजी द्वारा एआई फॉर एवरीवन में एक कोर्स भी किया था। मुझे विश्वास था कि मैं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में सक्षम हो जाऊंगी।'' 15 वर्षीय, मेहरा, जो पढ़ना और खाना बनाना पसंद करती है, आपको बताती है।

>> पेज 3

## ट्रांसजेंडर्स समेत सभी के लिए समानता

**सरन्या भट्टाचार्य ( 16 )**
**श्रीराम स्कूल, मौलसरी, गुरुग्राम**

फिलहाल, इस 16-वर्षीय ने उस काम से अवकाश लिया है जो उसे करना पसंद है - लेखन - कुछ ऐसा, जो वह तब से कर रही है जब वह नौ साल की थी। सरन्या भट्टाचार्य अपनी कक्षा ग्यारहवीं बोर्ड की तैयारी में व्यस्त हैं। हालांकि, जैसे ही वह अपनी परीक्षाएं दे देती है, तो वह वापस कविताएँ लिखने के लिए दुनिया में वापस आ जाएगी।

भट्टाचार्य को कौन सी चीज साधारण अन्य 16 साल के बच्चों से अलग बनाती है कि हाल ही में प्रकाशित क्लैश विद रीजन नामक उनकी कविता पुस्तक की आय मित्रा ट्रस्ट के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए धन जुटाने में मददगार बनेगी। पुस्तक को के2 प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है और यह अमेजॉन और प्रमुख बुकस्टोर्स पर 499 रुपए में उपलब्ध है।

कविताएँ सुश्री भट्टाचार्य का एक ब्लॉग में लिखा गया एक समग्र संग्रह है। 'लेकिन जब 2020 में वर्तमान महामारी फैल गई, तो उन्होंने समझा कि ट्रांसजेंडरों की स्थिति तो और भी खराब है। मैं पिछले ढाई साल से रुद्राणी चेत्री द्वारा संचालित मित्रा ट्रस्ट के माध्यम से समुदाय के साथ बातचीत कर रही थी। मुझे पता चला कि इन लोगों की भोजन और चिकित्सा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक पहुंच नहीं है।



**इस समुदाय को भेदभाव वाली नजर से देखने का कारण यह है कि हमारे अंदर ज्ञान की कमी है। एक और समस्या यह भी है कि चूंकि वे शिक्षित नहीं हैं, इसलिए उनके प्रति हमारी धारणा अलग है।**

ऐसा तब है, जब मैंने उन कविताओं को संकलित करने का फैसला किया, जिन्हें मैंने एक किताब में लिखा था और इसे प्रकाशित किया व किताबों की बिक्री से इस समुदाय के लिए धन जुटाया। बिक्री से मिलने वाला सारा पैसा ट्रांसजेंडर समुदाय के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में जाएगा।

पुस्तक को संकलित करने के लिए, सुश्री भट्टाचार्य ने कविताओं के अनुरूप कलाकृतियों के लिए अपने दोस्तों की मदद ली ताकि उन कविताएं बेहतर ढंग से संप्रेषित हो सकें। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि उनकी रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। 2015 में उनकी कविताओं ने ग्लोबल सिटीजन में अपना स्थान कायम किया था। वह अपनी स्कूल की पत्रिका में भी कई बार प्रकाशित हो चुकी हैं और उत्तर-पूर्व में एक पाठ्य पुस्तक में भी उनके द्वारा लिखी गई एक कविता शामिल है।

>> पेज 3

## साइकिल यात्रा के साथ नौकरी

**एंड्रयू मैनेजेज ( 25 )**
**आईटी पेशेवर, मुंबई**

क्या होगा अगर कोई आपसे कहे कि लंबी छुट्टी पर जाना संभव है, यहां तक कि आपके बॉस तक को नहीं पता कि आप अपने काम की जगह पर अनुपस्थित रहकर भी अपना काम जारी रखे हुए हैं? हालांकि कुछ साल पहले तक यह संभव नहीं था, लेकिन वर्तमान महामारी और घर के काम ने मुंबई में ओरेकल के साथ काम करने वाले एक आईटी पेशेवर के लिए यह संभव कर दिया। और यह कोई साधारण यात्रा की योजना नहीं थी। 25 वर्षीय एंड्रयू मेनेजेस से मिलिए, जिन्होंने इस कदम पर काम करते हुए पैन-इंडिया साइक्लो-थोन की चुनौती ली।

जब घर से काम करना नया मानदंड बन गया, तो मेनेजेस, जो सप्ताह में तीन-चार दिन साइकिल चलाना और सवारी करना पसंद करते हैं, ने इसे एक कदम और आगे बढ़ाया। उन्होंने सड़क के किनारे ढाबों पर जूम कॉल में भाग लिया और हमेशा दिन भर के लिए निर्धारित अपना काम पूरा किया। अक्टूबर-दिसंबर, 2020 के बीच, मेनेजेस ने अपनी भरोसेमंद साथी - यानी अपनी सायकिल के साथ 23 शहरों में 3,000 किमी से अधिक की यात्रा की।

मैनेजेज कहते हैं, पिछले साल लॉकडाउन से पहले, मैं फुटबॉल खेलता था, लेकिन तब सामूहिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था इसलिए मैं सुबह और शाम को साइकिल चलाता था। जब अक्टूबर आया, तो मौसम बेहतर हुआ और मैंने तय किया कि पुरानी शैली पर चलने के बजाय क्यों न सिर्फ साइकिल चलाते रहें और हाईवे पर जाया जाए। मैं वैसे भी इस दिशा में काम कर रहा । बस एक कदम और आगे बढ़ा दिया।''

इसमें उन्हें हाई स्पीड डाटा की जरूरत पेश आई। वह कहते हैं, '' आश्चर्यजनक बात यह कि हाईवे पर किसी भी अन्य शहर से ज्यादा स्वागत प्राप्त हुआ। जैसे ही मुझे लगता था कि मैं मीटिंग में भाग ले सकता हूं और दिन का सौंपा गया काम कर सकता हूं मेरे सारे डर समाप्त होते चले गएं। इसने मुझे अगली सायकिल यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया।मैंने नासिक, इंदौर, उज्जैन, चितौड़गढ़, अजमेर और आगरा शहरों की यात्रा की।



मजेदार बात यह कि उन्होंने अपनी योजनाओं के बारे मे किसी को नहीं बताया। केवल उनके माता पिता का पता चला - जो कि मैंगलोर में रहते हैं- वो भी तब जब वह नासिक पहुंच गए। जैसे ही उन्होंने अपने माता पिता को बताया तो उन्हें उनके साथ संपर्क बनाए रखना पड़ा और लगातार रोज बताते रहना पड़ा कि वह कहां थे और कहां पर रह रहे हैं। मैनेजेज ने अपने अधिकारियों को फरवरी में जाकर बताया कि वह घर पर नहीं रह रहे थे क्योंकि वह साइकिल यात्रा पर थे क्योंकि उससे वह सुर्खियां बन जाने वाले थे। उनके अधिकारी इस बात को जानकर चकित रह गए।

मैनेजेज बताते हैं कि यह इतना कठिन नहीं रहा जितना कि उन्होंने कल्पना की थी। बकौल मेनेजेज, ''अधिकांशतया मैं यात्रा के दौरान जिन लोगों से मिला वे सभी बहुत मददगार रहे। मुझे लगता था कि कोविड- 19 के कारण वे मेरा विरोध कर सकते हैं। मगर सभी ढाबा मालिकों ने मेरी बहुत मदद की। वे मेरा पिट्ठू उठा लेते थे और मुझे चाय पानी पिलाते थे। ''

इस साइकिल यात्रा के पीछे मकसद यह जानना था कि क्या मैं यात्रा के साथ अपनी नौकरी का काम कर सकता हूं। मैनेजेज कहते हैं, '' मैंने सड़क को अपना घर बनाने का फैसला किया। शुरूआत में, मैं साइकिल से बस राजस्थान जाना चाहता था और उस राज्य को देखना चाहता था।''

निश्चित रूप से, उन्हें इसके लिए खुद की बजट बनाना पड़ा। उन्होंने रोजमर्रा खर्च के लिए 800 रूपए निर्धारित किए जिसमें खाना और रहना शामिल था।

>> पेज 3



हमेशा शांत, सहज तथा आत्मनियंत्रण में रहें। इससे जीवन पथ सरल हो जाएगा
-परमहंस योगानन्द

# योग की स्थिति प्राप्त करना



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

ध्यान प्रक्रिया के दो कामकाजी उपकरण हैं - ध्यान केंद्रित करने की एक छवि और छवि से संबंधित एक मंत्र - जैसा कि पिछले अंक में समझाया जा चुका है। मंत्र आमतौर पर एक विशेष ध्वनि प्रभाव निर्मित करने के लिए तार्किक क्रम में रखे गए सिलेबल्स का एक सेट होता है। यह सिर्फ एक बीज पत्र, शब्दांश, शब्द, या शब्दों का एक सेट हो सकता है, जो तनाव पैदा करने और मुंह से बोले जाने की अगली कड़ी के रूप में, कानों द्वारा सुना जाता है, और मन से समझा जाता है। मंत्र इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इसमें मानसिक प्रक्रिया शामिल होती है। इस तरह के शब्द में मनन से निकला है मन और त्रण से निकला त्र् शामिल है। मन खड़ा है मन के लिए, मनन का अर्थ है मन में चिंतन और त्रण मुक्ति की बात करता है।

इसलिए, मंत्र का जाप मानसिक सीमाओं से मुक्ति पाने में मदद करता है। इस प्रकार, यह एक महान उद्देश्य का कार्य करता है, जैसा कि मंत्र एक उज्ज्वल ऊर्जा माना जाता है, बल्कि चेतना का एक ध्वनि-शरीर, जो संबंधित कल्पना की चेतना के साथ पत्राचार में सेट किया गया। संबंधित कल्पना पर ध्यान देने के साथ मंत्र का बार-बार जप करने के बाद, साधक की चेतना, सबसे पहले मंत्र और कल्पना के साथ आती है। अंततः साधक की चेतना समय के साथ चेतना के शाश्वत तत्व के साथ एकाकार हो जाती है।

इस प्रक्रिया को पूरा करना आसान नहीं है इस रास्ते में कठिनाइयां आती हैं। वास्तव में, साधक का विचलित करने वाले विचारों से सामना होता है, जो हमारा ध्यान हमारे केंद्र बिंदु से दूर, बार-बार भटकाता है। विचलित करने वाले विचारों के साथ जबरदस्ती न करें। यदि आप कभी ऐसा करते हैं, तो वे ध्यान में बने रहेंगे, और बार-बार आते रहेंगे। इसका एकमात्र तरीका यह है कि अपने दिमाग को उनसे अनासक्त होने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। यह समझ लें कि जब तक आप किसी चीज पर ध्यान नहीं देते हैं, यह आपको प्रभावित नहीं करती है।

मंत्र का जाप करते रहें और बार-बार अपेक्षित कल्पना पर ध्यान केन्द्रित करने की कोशिश करें। धीरे-धीरे, विचलित करने वाले विचार पुनः उभरना बंद कर देंगे और आप अधिक समय तक एकाग्रचित्त रह सकते हैं। यहां मैं यह जोड़ दूं कि जब मंत्र के ध्वनि नोट एकाग्र छवि में प्रतिध्वनित हो जाते हैं, तो एक समयावधि के बाद व्यक्ति उन विचलित करने वाले विचार में इतना लिप्त हो जाता है कि कुछ भी पीछे छूटा नहीं रह जाता है। जब कोई प्रक्रिया



में पूरी तरह से लीन हो जाता है, तो मन एक बिंदु बन जाता है। इस प्रक्रिया में, व्यक्ति मूल्य प्रणाली को भी विकसित करता है, जो अपेक्षित छवि के शिक्षाप्रद आयात की वजह हो सकता है।

**समाधि :** जैसे ही कोई धरणा प्रक्रिया में लीन होता है, साधक कल्पना और उससे संबंधित शिक्षाप्रद आयात के साथ-साथ गहरा सामंजस्य स्थापित करता है। इस प्रकार, हम ध्यान की स्थिति में प्रवेश करते हैं। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए, जब मंत्र छूट जाता है तो एक चरण आता है। आखिरकार सभी विचार छूट जाते हैं, लेकिन व्यक्ति एकाग्र कल्पना की अवधारणा के साथ स्थिर बना रहता है। इस अवस्था को सविकार समाधि (लक्षित आकृति में डूबा हुआ) कहा जाता है। फिर बाद के क्रम में, यहां तक कि प्रतिष्ठित आकृति भी छूटती है। जिसके बाद मंत्र, कल्पना और मन एक सहज जागरूकता बन जाते हैं, जिसका अर्थ है निर्विकल्प (निराकार) समाधि की स्थिति प्राप्त करना।

समाधि में, मन, किसी भी विचार प्रेरणा से मुक्त, शांत हो जाता है। क्योंकि, मन में प्रचलित सभी विचार, जो अन्यथा व्यक्ति के मन की अवस्था होते है, शांत हो जाते हैं। ये ही विचार आपकी भावी आकांक्षाओं की कुंजी भी रखते हैं। आप अतीत या भविष्य के किसी भी भाव से मुक्त होते हैं। इसलिए, प्रक्रिया के लिए प्रत्यक्षतया कुछ भी नहीं होता है, और इसलिए शांति होती है। यह एक ऐसी अवस्था है जब आप जहां हैं, जैसे हैं, अपने वर्तमान क्षण का आनंद ले रहे होते हैं।

**अब सवाल यह है:** अगर जीवन के बारे में, जिसमें मन भी शामिल है, प्रकृति द्वारा संचालित ऊर्जा तालवृंद की अभिव्यक्ति है, जो लगातार स्पंदित होगी, तो मन स्वयं में शांत होने के लिए किसी भी प्रकार की गतिविधि से मुक्त कैसे हो जाता है? ठीक है, मन कभी भी निष्क्रिय अवस्था में नहीं आ सकता है जिस तरह से एक चलने वाला वाहन रुका हुआ है। लेकिन ध्यान प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए, एक ऐसी स्थिति आती है जब मन चेतना-तत्व के साथ पूर्ण सामंजस्य में आ जाता है। एकात्म मन तो ब्रह्मांडीय मन के साथ लीन हो जाता है। जाहिर है, मन ब्रह्मांडीय प्रवाह का एक एकीकृत हिस्सा बन जाता है, और इसलिए स्वयं और बाकी लोगों के साथ शांतिचित्त रहता है।

यह कुछ ऐसा है मानो कोई धरती पर खड़ा हो जिसे बिलकुल भी नहीं पता होता कि धरती कितनी तीव्र गति से घूम रही होती है। क्योंकि, व्यक्ति और पृथ्वी पर्यायवाची हैं। इसे योग की अवस्था में होने की संज्ञा दी जा सकती है। योग की अवस्था में, मन एक ऐसे अनंत क्षेत्र में प्रवेश करता है जिसमें कोई विशिष्ट अस्तित्व नहीं होता है।

# नैतिकता की पुनर्स्थापना

## राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि मूल्य ज्ञान से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं

आज दुनिया भर के अधिकांश लोगों को लगता है कि अगर हम एक बेहतर समाज चाहते हैं तो नैतिक और मानवीय मूल्यों में शिक्षा बहुत आवश्यक है। इसी प्रकार, इस बात पर भी जोर दिया जा रहा है कि हर पेशे में एक आचार संहिता होनी चाहिए, जिसका उस पेशे के लोगों को पालन करना होगा। हालांकि, मूल्यों में शिक्षा प्रदान करने के संबंध में लोगों के बीच कुछ मतभेद हैं। जैसे, कुछ लोगों को लगता है कि मूल्यों को एक अलग विषय के रूप में नहीं पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि स्कूल जाने वाले बच्चों के पास पहले से ही किताबों का एक बड़ा भार होता है जो वे ढोते हैं और मूल्यों में शिक्षा, एक अलग विषय के रूप में, इस भार में इजाफा करेगी और बोझ को असहनीय बना देगी। इसलिए, वे सुझाव देते हैं कि लगभग हर विषय, जिसका कि छात्र वर्तमान में अध्ययन करते हैं, का मूल्योन्मुखीकरण होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक विषय को कुछ ऐसे मूल्यों की बात करनी चाहिए जो इससे प्राप्त होते हैं या जो इसके मुख्य के बारे में बात करने के अलावा बुनियादी विषय हैं या उससे संबंधित हैं। उनका मानना है कि इसे सूक्ष्म और अप्रत्यक्ष तरीके से किया जाना चाहिए क्योंकि यह तरीका अधिक प्रभावी पाया गया है।

इसके विपरीत, एक अन्य समूह है जो कहता है कि कौन कहता है कि मूल्यों में शिक्षा केवल एक पुस्तक के रूप में दी जानी चाहिए?' उन्हें लगता है कि इसका अधिकांश हिस्सा मौखिक रूप से दिया जा सकता है। यदि मूल्यों में शिक्षा को कहानियों, कविताओं, नाटकों, कहावतों, गीतों, और बहुत कुछ के माध्यम से एक अलग विषय के रूप में पढ़ाया जाता है, तो यह विषय सभी में सवार्धिक लोकप्रिय होगा, खासकर यदि यह दृश्य के रूप में प्रस्तुत किया जाता है और इसे मंजित किया जाता है। इन समूहों के अलावा, एक अन्य समूह भी है जो मूल्य-आधारित शिक्षा की बात करता है, लेकिन यह बिलकुल स्पष्ट नहीं है कि यह वास्तव में चाहता क्या है। वे पूछते हैं, कि मूल्य-आधारित वाक्यांश का क्या अर्थ है? क्या इसका मतलब यह है कि मूल्यों को शिक्षा का आधार निर्मित करना चाहिए या यह कि हर विषय, जो हम सिखाते हैं, को कुछ मूल्यों को भी प्रस्तुत करना चाहिए। यदि इसका अर्थ पूर्ववर्ती है, तो इसका दर्शाता है कि बिना मूल्यों के शिक्षा का कोई आधार नहीं है। चूँकि यह दूसरा अर्थ बेतुका प्रतीत होता है, कोई यह अनुमान लगा सकता है कि इस मूल्य-आधारित शब्द का उपयोग शिक्षा के इस पहलू पर बहुत जोर देने के लिए किया जाता है। यह शब्द यह बताने के लिए है कि यदि शिक्षा मूल्यों को लागू नहीं करती है, तो यह शिक्षा नहीं है। यह, शायद, मात्र जानकारी है। उस अर्थ में, यह




कार्यप्रणाली की बात नहीं करता है। यह नहीं कहता है कि प्रत्येक विषय का केवल मूल्योन्मुखीकरण होना चाहिए या शिक्षण मूल्यों को एक अलग विषय ही बनाना चाहिए।

इन सबसे ऊपर, लोगों की एक और श्रेणी है जो दोनों तरीकों की पैरवी करेंगे। उनका सुझाव है कि, यदि संभव हो, तो हर विषय का मूल्योन्मुखीकरण होना चाहिए और उस नाम से एक अलग विषय भी होना चाहिए। एक बात, जो इन सभी प्रकार के राय रखने वाले नेताओं के लिए सामान्य है, वो यह है कि उन्हें लगता है कि मूल्यों में गिरावट की प्रक्रिया बहुत तेजी से हुई है। हालांकि, ऐसा लगता है कि भले ही वे सभी सड़ांध को दूर करने और नैतिकता को उसकी पूर्व ऊंचाइयों पर बहाल करने की आवश्यकता के साथ गंभीरता से जुड़ाव महसूस करते हैं, लेकिन वे यह नहीं सोचते हैं कि उस उद्देश्य के लिए समय-दिनचर्या निर्धारित करना आवश्यक है। यह मूल्य-शिक्षा पर उनके प्रयास को बेअसर कर देता है क्योंकि यह मानव स्वभाव है कि यदि लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित नहीं की जाती है, तो आदमी सुस्त हो जाता है। इसके अलावा, यदि हम तालिकाओं को बदलने से पहले आपातकाल की भावना के बिना किसी स्थान पर प्रक्रिया के बतौर एक वैश्विक नैतिक-परिवर्तन के लिए अपने प्रयासों को अवसर देते हैं, तो तालिकाएं हमारे पक्ष में मुड़ जाएंगी।

जिस गति से लोग पर्यावरण को नष्ट कर रहे हैं और पारिस्थितिक तंत्र को बिगाड़ रहे हैं, और जिस दर से जनसंख्या बढ़ रही है, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों को तैयार करने और संग्रहीत करने के लिए खर्च होने वाली धनराशि, ये और अन्य संकेत स्पष्ट रूप से मानव जाति को चेतावनी देते हैं कि यदि यह विश्व-बंधुत्व, प्रेम, सहयोग, अहिंसा और अधिक की भावना के रूप में मूल्यों को बहाल करने के लिए कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

इसलिए, मूल्यों में तीव्र गिरावट के कारण होने वाली क्षति को समय पर नियंत्रित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, हमारी वर्तमान कृत्रिम सभ्यता का, अपने कई पूर्ववर्तियों की तरह, सफाया हो जाएगा। इस संबंध में, समय एक महत्वपूर्ण कारक है। नैतिक उत्थान की प्रक्रिया को अब और टाला नहीं जा सकता है। इसलिए, हमें समय की अवधि निर्धारित करनी चाहिए, ताकि हम ज्वार को उलटने में सक्षम हो पाएं या जो कुछ भी हम कर सकते हैं उसे बचा पाएं।

# नियमित करें व्यायाम

विशेषज्ञ हमें बताते हैं कि हम किस प्रकार थायरॉयड विकारों व उनके कारणों को अपने से दूर रख सकते हैं

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ऐसोचैम), जो देश के शीर्ष व्यापार संघों में से एक है, ने 'बीमारी से कल्याण' अभियान पर वेबिनार श्रृंखला के एक और संस्करण का आयोजन किया। यह वेबिनार श्रृंखला 'थायराइड व संबंधित रोग - स्वास्थ्य पर प्रभाव' से संबंधित थी। ।

ऐसोचैम ने इस वेबिनार का आयोजन थायराइड की रोकथाम और उपचार के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता और जानकारी का प्रसार करने के उद्देश्य से किया।



इस वर्चुअल कार्यक्रम को प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट की एक टीम द्वारा आयोजित किया गया था, जिन्होंने थायरॉयड के उपचार में कारणों, रुझानों और हाल की प्रगति पर अपनी मूल्यवान जानकारियों को साझा किया था।

सेवलोन द्वारा समर्थित सीएसआर इनीशिएटिव के तहत चल रहे ऐसोचैम के इस अभियान का उद्देश्य स्वस्थ आदतों, आहार, व्यायाम व समग्र स्वास्थ्य के माध्यम से कल्याण और रोग निवारक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के साथ स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर डॉ जोशी ने अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा: 'थायराइड विकार तब होता है जब थायरॉयड ग्रंथि स्थायी या अस्थायी रूप से ठीक से काम नहीं करती है। हालांकि, यह बीमारी उपचार योग्य है और किसी को तीन महीने में एक बार एंडोक्रिनोलॉजिस्ट से परामर्श करने की आवश्यकता होती है और कुछ मामलों में साल में केवल एक बार।'

डॉ जोशी ने स्वस्थ जीवन शैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम शासन का पालन करने पर भी जोर दिया।

डॉ त्रिपाठी ने एसोचैम के वेबिनार को संबोधित करते हुए विभिन्न थायरॉयड विकारों के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि हाइपर-थायरायडिज्म के बाद सबसे आम थायराइड विकार हाइपो-थायरायडिज्म है। हाइपोथायरायडिज्म जन्म के समय जन्मजात हाइपोथायरायडिज्म से आरंभ होकर वयस्क की शुरुआत में हाइपोथायरायडिज्म और यहां तक कि बुजुर्ग आयु तक व्यक्ति के पूरे जीवन काल को प्रभावित कर सकता है। हाइपोथायरायडिज्म का उपचार आमतौर पर आजीवन होता है, लेकिन इसे शुरू करना और जारी रखना आसान है और वो भी इसके साइड इफेक्ट्स से प्रभावित हुए बिना।

कार्यक्रम में प्रतिभागी डॉ कपूर ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि थायराइड गले में एक तितली के आकार की ग्रंथि है, जिसका वजन लगभग 18 ग्राम है, यह कोई बीमारी नहीं है। कार्यशील ग्रंथियों के कारण हाइपोथायरायडिज्म होता है और ग्रंथि की अति क्रियाशीलता हाइपरथाइरोएडिज्म की ओर ले जाती है।


चैंबर की ओर से, राजपूत ने कहा कि नियमित व्यायाम दिनचर्या का पालन करते हुए, कम वसा, कम चीनी, कम चावल और उच्च फाइबरयुक्त आहार के साथ स्वस्थ वजन बनाए रखना हर किसी के लिए ऐसी बीमारियों को दूर रखने में दूरगामी स्तर पर कारगर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत में 42 मिलियन से अधिक लोग थायरॉयड बीमारियों से पीड़ित हैं और 10 वयस्कों में से 1 व्यस्क हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित है - यानी एक ऐसी स्थिति जिसमें थायरॉयड ग्रंथि शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक हार्मोन का उत्पादन नहीं करती है। यह गर्भावस्था के दौरान गंभीर जटिलताएं भी पैदा कर सकती है।

# इस सप्ताह आपका भविष्य

**मधु कोटिया**


### मेष (मार्च 21-20 अप्रैल)



इस सप्ताह आप ऊर्जा से भरे रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आप अपने निकटस्थ लोगों की जिम्मेदारी संभालेंगे। इलाज से बचाव बेहतर का सिद्धान्त आपके लिए अच्छा रहेगा और आपको अपनी प्रतिबद्धता का नतीजा दिखेगा। कार्यस्थल पर आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी। आप दिए गए काम समय पर पूरे करेंगे। साथियों की सहायता से प्रतिद्वंद्वी आश्चर्यचकित होंगे। साझीदार के समर्थन से आपकी कार्यक्षमता बढ़ेगी। मित्रों से संबंधों में सुधार होगा तथा किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात संभव है।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** शनिवार


### वृष (अप्रैल 21-21 मई)



स्वास्थ्य मोर्चे पर कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उनसे बचने का प्रयास न करें और उनसे निपटें। तनाव का स्तर घटाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। समुचित विश्राम से शारीरिक व भावनात्मक लाभ होगा। कॅरियर के मोर्चे पर अच्छा समय आने वाला है। कार्यस्थल पर प्रसन्नता और संतोष का अनुभव होगा। आपके प्रिय व्यक्ति आपकी प्रगति से प्रसन्न होंगे। पदोन्नति और सफलता सामने आने वाली है। साक्षात्कार की प्रतीक्षा करने वालों को अच्छी खबरें मिलेंगी। तनाव से बचें तथा समस्या से निपटने के लिए साझीदार को कुछ समय दें।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** स्लेटी **शुभ दिन:** रविवार

### मिथुन (मई 22-21 जून)



इस सप्ताह आपको बहुत काम से थकावट पैदा होगी। तनाव से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। स्वयं को मजबूत रखने के प्रयास करें। शांत रहें तथा उपयुक्त विश्राम करें। कार्य और स्वास्थ्य में संतुलन बनाए रखने के लिए आपको प्राथमिकतायें तय करनी होंगी। कॅरियर के मोर्चे पर कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर अहंकार पर चोट पहुंच सकती है। कार्य के प्रति दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है। दूसरे सेवायोजक व अलग क्षेत्र में रोजगार के बारे में विचार करें। कार्यस्थल पर किसी से बेहतर संबंध हो सकते हैं।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** सोमवार


### कर्क (जून 22-22 जुलाई)



संतुलन व मध्यमार्ग अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। समुचित भोजन, नींद व व्यायाम का संतुलन बनाए रखें। इस प्रकार का संतुलन चिकित्सा का काम करेगा। कार्यस्थल पर इस सप्ताह आप जोश से भरे रहेंगे। आपके आत्मविश्वास का स्तर बहुत ऊंचा रहेगा तथा नई परियोजनाओं पर काम के लिए तैयार रहेंगे। लेकिन भावनात्मक आवेग से बचना अच्छा होगा। चीजों के बारे में जल्दबाजी न करें तथा अपने काम के भावी परिणामों के बारे में सोच लें। मित्रों से अच्छे संबंध का लाभ आपको मिलेगा। आप दूसरों की सहायता करेंगे और उनसे सहायता प्राप्त करेंगे।

**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** रजत **शुभ दिन:** बुधवार


### सिंह (जुलाई 23-23 अगस्त)



यह समय विश्राम के लिए बहुत अच्छा है। कठोर काम से थोड़ा समय निकाल कर स्वास्थ्य चिन्ताओं और तनाव पर ध्यान दें। मानसिक शक्ति मजबूत करने के लिए प्राणायाम व आध्यात्मिक विचारों पर ध्यान दें। यह समय दूसरों का आशीर्वाद पाने और सहज भाव से काम करने के लिए ठीक है। पेशेवर रूप से आपका जीवन उम्मीदों और अच्छी चीजों से भरा है। चीजें बहुत अच्छी दिशा में जा रही हैं। वर्तमान समय में आप प्रसन्न हैं तथा नए अवसर आपका द्वार खटखटा रहे हैं। अपने और दूसरों की मानसिकता के बारे में बेहतर समझदारी से कार्यस्थल पर कठिनाइयां कम होंगी।

**शुभ अंक:** 17 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** शनिवार


### कन्या (अगस्त 24-23 सितम्बर)



इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य समस्यायें होने पर अपने भोजन, व्यायाम तथा विश्राम पर ध्यान दें। आपको सामान्य रूप से अलगाव व प्रेरणा कम होने का अनुभव हो सकता है तथा आप स्वयं को दुनिया से काट सकते हैं। कॅरियर के मोर्चे पर चीजें अच्छी दिशा में चलने का अनुमान है। चुनौतियों का सामना होने पर दूसरों के प्रति सद्भावना का परिचय दें। दूसरों के साथ जुड़ने पर आप शांति का अनुभव कर सकते हैं। संतुलन बनाए रखने के लिए अपनी अंतःप्रेरणा पर विश्वास करें। भावनात्मक मामलों में यह समय निर्णायक फैसले लेने का है।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** मंगलवार


### तुला (सितम्बर 24-23 अक्टूबर)



इस सप्ताह आप स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान हो सकते हैं या किसी बीमारी से आपका दिल टूट जाएगा। आपको आध्यात्मिक सहायता तथा ध्यान योग व सकारात्मक सोच से स्वयं को स्वस्थ रखने की जरूरत है। कार्यस्थल पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनायें। कठिन समय में आपको सहयोगी बनाने पर ध्यान देना चाहिए। किसी चीज के प्रति चिन्ता से बेचैनी बढ़ सकती है। बेचैनी से कोई सहायता नहीं मिलेगी अतः इससे मुक्ति पा कर आत्मनियंत्रण का प्रयास करें। दूसरों के साथ अपने संबंधों के बारे में लचीला दृष्टिकोण अपनायें। साझीदार से संबंध सुधारने का प्रयास करें।

**शुभ अंक:** 3 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** रविवार


### वृश्चिक (अक्टूबर 24-22 नवम्बर)



इस सप्ताह आपकी ऊर्जा व जीवन्तता बहुत अधिक रहेगी। यह एक सकारात्मक संकेत है और आप बहुत सक्रिय रहेंगे। लेकिन उचित विश्राम भी इसके साथ जरूरी है। आपको अपनी देखभाल स्वयं करनी होगी। सकारात्मक सोच से आप किसी भी स्वास्थ्य समस्या का सामना कर सकते हैं। कार्यस्थल पर आपको दूसरों के साथ टकराव का सामना करना पड़ सकता है। इसका कारण आपका व्यवहार हो सकता है। अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को पूरा करने का प्रयास करें, भले ही इसका दूसरों के लिए नतीजा कुछ भी हो। आप स्वयं को विजेता मान सकते हैं, पर अन्तिम स्थिति पर ध्यान देना भी जरूरी है।

**शुभ अंक:** 14 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** गुरुवार


### धनु (नवम्बर 23-23 दिसम्बर)



यह सप्ताह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अच्छा नहीं है। बेचैनी, दबाव व चिन्ता से आपका जीवन प्रभावित हो सकता है। स्वास्थ्य चुनौतियां आपके सामने आ सकती हैं। अपने प्रति बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करें। संतुलित भोजन, व्यायाम व द्रव खाद्य पदार्थों का प्रयोग लाभदायक होगा। ध्यान एवं योग से लाभ मिलेगा। कार्यस्थल पर चीजें अच्छी दिशा में चल रही हैं और लोग आपके काम से प्रसन्न हैं। कार्यस्थल पर साथियों के साथ आपके संबंध बेहतर हैं और उनके साथ सामाजिक संबंधों का आनन्द उठा रहे हैं। पैसे का प्रवाह अच्छा रहेगा। दूसरों के प्रति सहिष्णुता बरतें।

**शुभ अंक:** 6 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### मकर (दिसम्बर 24-20 जनवरी)



इस सप्ताह आपके सामने अनेक अवसर आएंगे तथा आप बेहतर समय का लाभ उठाते हुए मनोरंजन करेंगे। यह आपके स्वास्थ्य से दिखेगा। व्यक्तिगत आकर्षण दूसरों को प्रभावित करेगा और वे आपके संपर्क में सकारात्मकता का अनुभव करेंगे। परिवार का आपकी सफलता में बहुत योगदान है, चाहे वह व्यक्तिगत हो या पेशेवर। कॅरियर के मोर्चे पर किसी अच्छी खबर की उम्मीद है। पिछले कुछ दिनों से आप एक विरोधाभास का सामना कर रहे हैं जिससे बाहर निकलने पर बेहतर भविष्य आपके सामने होगा। साथी और मित्र आपकी विभिन्न प्रकार से सहायता करेंगे। जल्द ही पदोन्नति की संभावना है।

**शुभ अंक:** 15 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** गुरुवार


### कुम्भ (जनवरी 21-19 फरवरी)



इस सप्ताह आपको संबंधों व स्वस्थ जीवनशैली का लाभ मिलेगा। चीजें उचित दिशा में चल रही हैं और आप तनाव मुक्त अनुभव करेंगे। हृदय तथा रक्तचाप के रोगी चिकित्सा पर ध्यान देने से जल्द ही स्वस्थ होंगे तथा उनकी इच्छाशक्ति मजबूत होगी। कॅरियर के मोर्चे पर आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। बिजनेस में शामिल लोग काफी कमाई कर सकेंगे। आपके पास आमदनी के कई स्रोत आ सकेंगे। बिजनेस विस्तार की योजना सफलतापूर्वक शुरू होगी। प्रभावशाली लोगों से आपकी मुलाकात होगी जो कॅरियर में आपकी सहायता करेंगे। व्यक्तिगत मोर्चे पर आप सकारात्मक रहेंगे तथा दूसरों की सहायता करेंगे।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** मंगलवार

### मीन (फरवरी 20-20 मार्च)



यह सप्ताह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बहुत अच्छा नहीं है। आपको कुछ मौसमी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। काफी पानी पियें तथा हरी सलाद का प्रयोग करें। अच्छा होगा कि चाय, काफी या किसी प्रकार के नशे से इस सप्ताह बचें। काले रंग के बजाय पीले व बहुरंगी वस्त्रों को स्थान दें। कार्यस्थल पर इस सप्ताह आपकी इच्छा पूरी होगी। नौकरी की तलाश करने वालों को अच्छी कंपनी मिलेगी। परिवार और मित्रों की सहायता से आपका नैतिक बल बढ़ेगा। प्रेम संबंधों के मामले में आपको थोड़ा लचीलापन अपनाना चाहिए। दूसरों से संबंध खराब करने से बचना उचित होगा। इस सप्ताह टकराव से बचें।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार



यात्री अपनी आंखों से सब कुछ देखता है, पर्यटक वही देखता है जिसे देखने वह आया है
-गिलबर्ट के. चेस्टरटन



# लड़ती लड़कियां, बढ़ती बेटियां

पिछले महीने, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में बोलते हुए कहा कि देश में मुस्लिम-बालिका शिक्षा की दर में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। यह सरकार की नीतियों के कारण है, उन्होंने कहा कि मुस्लिम लड़कियों की ड्रॉप-आउट दर पिछले दशकों में 70 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत हो गई है।

यह दर्शाता है कि सरकार सही दिशा में कदम बढ़ा रही है। हालाँकि, कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ इस तरह की योजनाओं का प्रभाव हाल ही में दिखाई देना शुरू हुआ है, वो भी, आज एक बड़ी चुनौती के रूप में मौजूद, अनैतिकता और रूढ़िवादी मूल्यों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध गैर-सरकारी संगठनों के संयुक्त प्रयासों के कारण हैं।

ऐसा ही एक क्षेत्र पश्चिमी राज्य राजस्थान के टोंक जिले में निवाई ब्लॉक है। इस ब्लॉक के खिदगी गांव में मुस्लिम बंजारा नामक एक खानाबदोश समुदाय रहता है, जो लड़कियों की शिक्षा के प्रति अज्ञानता के लिए जाने जाते हैं। लड़कियों और महिलाओं को घर के भीतर कैद करने वाली पितृसत्तात्मक मान्यताओं का पालन करने का उनका आग्रह एक ऐसा मुख्य कारण है जिसने अनेक किशोरियों को लंबे समय से बुनियादी शिक्षा हासिल करने के उनके अधिकार से वंचित कर रखा है।



**रमा शर्मा का कहना है कि लड़कियों की शिक्षा न केवल उनके खुद के विकास बल्कि उनके परिवारों और समुदायों को भी प्रभावित करती है**

धानी 'नामक इस ग्रामीण बस्ती में लगभग 250 घर हैं, जो कि स्थानीय भाषा में, मुख्य गाँव के बाहर कुछ परिवारों द्वारा बसाया गया इलाका है। सामाजिक कार्यकर्ता पिंकी खंगार ने बताया कि इस समुदाय का एक प्रमुख हिस्सा दूसरे शहरों में कंबल बेचकर अपनी आजीविका कमाता है जबकि कुछ परिवार मवेशियों के व्यापार में लगे हुए हैं। ''काम के कारण, इस समुदाय के अधिकांश पुरुष साल के आधे से अधिक समय तक प्रवास करते हैं। गरीबी और निम्न सामाजिक स्थिति के कारण इस समुदाय में बालिकाओं की शिक्षा को अधिक महत्व नहीं दिया जाता है। उनकी शादी अक्सर कम उम्र में हो जाती है। ''

हालांकि, चीजें अब सकारात्मक लग रही हैं। ''इस बंजारा समुदाय की लड़कियों ने समस्त बाधाओं से लड़ते हुए आगे आना शुरू कर दिया है। ऐसी ही एक लड़की सोहिना है, जो न केवल शिक्षा ले रही है, बल्कि अपने समुदाय में अशिक्षा और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए भी उतनी ही दृढ़ है।'' पिंकी ने बताया।

सोहिना के प्रयासों की सराहना करते हुए, गांव के प्रमुख, इस्लाम खान ने कहा, ''सोहिना बचपन से ही दयालु थी और हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए उत्सुक रहती थी। लड़कियों के अधिकारों के लिए लड़ने के उसके अपने तरीके थे और उस समय, मैं उनके बारे में गलत सोचता था। हालांकि, इस समुदाय का समर्थन करने की उसकी इच्छा ने मेरी सोच बदल दी है।''

सोहिना के असीम साहस की सराहना करते हुए, मोनी लाल, जो धानी के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाते हैं, ने कहा कि इस लड़की ने न केवल खुद को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के लिए कड़ी मेहनत की है, बल्कि श्यामपट्टी ढाणी, घट्टापट्टी धानी और अमरपुरा धानी में लगभग 50 लड़कियों को प्रेरित किया है कि वे अपने शिक्षित होने के सपने को आगे बढ़ाएं।''

खेड़ी में माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र जैन ने स्वीकार किया कि इस समुदाय के प्रति सामान्य दृष्टिकोण नकारात्मक था और शिक्षक लड़कियों की शिक्षा के बारे में बहुत चिंतित नहीं थे। हालाँकि, सोहिना के आत्मविश्वास और साहस ने उनके दृष्टिकोण को बदल दिया।

लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के अलावा -इस क्षेत्र के एक गैर-लाभकारी संगठन द्वारा संचालित किशोर समूह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर- सोहिना सरकार द्वारा संचालित कई सामाजिक कल्याण योजनाओं के बारे में अपने समुदाय के अन्य सदस्यों के बीच जागरूकता भी पैदा कर रही है।

उनके नेतृत्व में, 150 वृद्धावस्था पेंशन फार्म भरे गए और संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत किए गए, जबकि 10 विधवाओं को विधवा पेंशन योजना से जोड़ा गया। लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ाने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए, कई लड़कियों को रोजगार प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें नरेगा से जोड़ा गया है। इसके अलावा, 15 लड़कियां प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कंप्यूटर प्रशिक्षण और सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जो सोहिना के प्रयासों के बिना संभव नहीं हो सकता था। उन्होंने अपने समुदाय की भी 10 लड़कियों को अपनी तरह नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए प्रेरित किया।

पंचायत समिति के एक कनिष्ठ सहायक, कमलेश ने बताया, ''जागरूकता पैदा करने और गाँव के लोगों को कई सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में मदद करने के लिए, सोहिना को ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित भी किया गया है।''

हालाँकि, सोहिना का सफर चुनौतियों से भरा रहा है। ''हम अपनी बेटी के प्रति अपने दृष्टिकोण में काफी रूढ़िवादी थे। अगर सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज शर्मा ने हमें समझाया नहीं होता तो हम उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने देते। इसने हमें हमारी बेटी की शिक्षा के समर्थन के महत्व को समझने में मदद की। हमने किशोरी मंच के साथ प्रशिक्षण के उनके निर्णय का भी समर्थन किया, ''सोहिना के माता-पिता को साझा किया। इसके अलावा, परिवार की खराब आर्थिक स्थिति ने भी मुसीबतें खड़ी कीं हैं, लेकिन सोहिना ने साहस के साथ काम किया और अन्य लड़कियों के बीच जागरूकता बढ़ाती रही। आज न केवल उसके माता-पिता बल्कि पूरे समुदाय को उस पर गर्व है।''

सोहिना का मानना है कि लड़कियां कभी भी कमजोर वर्ग नहीं रही हैं बस उन्हें समान अवसर मिलने चाहिए। यहां, आश्चर्यजनक नहीं है कि महिला साक्षरता दर पूरे गांव की आबादी का सिर्फ 10 प्रतिशत है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। स्पष्ट रूप से, मौजूदा कार्य पद्धति ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे कम आय वाले समुदायों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। अगर सरकार स्कूल से मुस्लिम लड़कियों की ड्रॉप-आउट दर को और कम करने का इरादा रखती है, तो उसे इन समुदायों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होगी। तभी हर लड़की प्रेरणादायक, साहसी और आत्मनिर्भर बन सकती है।

**( राम शर्मा, संजय घोष मीडिया अवाड्र्स 2020 के प्राप्तकर्ता हैं।)**
**-चरखा फीचर्स**

## रोगनाशक है पानी

**सर्दियों में**, यह अक्सर देखा गया है कि गुर्दे की पथरी और यूटीआई की घटनाओं में वृद्धि होती है क्योंकि मौसम के दौरान लोगों के आहार में तरल पदार्थों का सेवन कम हो जाता है। शरीर में हमारे गुर्दे का कार्य मुख्य रूप से मूत्र के माध्यम से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालना और पानी का संतुलन बनाए रखना है। यह फिर रक्त के उचित प्रवाह को सुचारू बनाता है। इसलिए, गुर्दे और शरीर के अन्य हिस्सों के समुचित कार्य के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम बड़ी मात्रा में तरल पदार्थ लें।

विशेषज्ञों का मानना है कि किडनी अतिरिक्त पानी को संभाल सकती है लेकिन अगर शरीर में पानी बहुत कम है तो यह किडनी की कार्यप्रणाली को बाधित करता है जिससे आगे मूत्र संबंधी संक्रमण (यूटीआई), गुर्दे की पथरी और गुर्दे की विफलता होती है। यदि इनका शीघ्र उपचार न किया जाए तो ये गुर्दे की क्षति को जन्म दे सकते हैं।

निर्जलीकरण मुख्य रूप से तरल पदार्थ के कम सेवन के कारण होता है। ऐसे तीन तरीके हैं जिनसे शरीर पानी समाप्त होता है -सांस लेना, पसीना आना और मूत्र उत्पादन। प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ शरीर के कामकाज को बनाए रखने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए। 68-90 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति को नियमित रूप से न्यूनतम 2 लीटर पानी पीने की आवश्यकता होगी। जटिल निर्जलीकरण की समस्या से शरीर के प्रभावित रहने से गुर्दे को अधिक मेहनत करनी पड़ती है।

**डिहाइड्रेशन से यूटीआई की समस्या क्यों होती है?**

हम जानते हैं कि पानी मूत्र उत्पादन का एक प्रमुख कारक है। हमारे मूत्राशय कंटेनर की तरह हैं, जो मूत्र को तब तक स्टोर करते हैं, जब तक कि हम वॉशरूम नहीं जाते हैं और मूत्र को निष्कासित नहीं करते हैं। इसलिए, जब एक बैक्टीरिया मूत्रमार्ग से मूत्राशय के अंदर जाता है, तो यह तब तक बना रहता है जब तक हम पेशाब नहीं करते। इसलिए, यदि हम पानी नहीं पीते हैं, तो बैक्टीरिया को मूत्रमार्ग में फलने फूलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है, जिससे यूटीआई होता है। हर बार जब आप वॉशरूम का उपयोग

करते हैं, तो आप वास्तव में अपने मूत्र के माध्यम से इन जीवाणुओं को बाहर निकाल रहे हैं। दिन भर पानी पिएं। आप उन फलों का सेवन भी कर सकते हैं, जो अत्यधिक पानी वाले होते हैं, जिसमें तरबूज, जामुन, आड़ू और अंगूर शामिल हैं। यदि आपको प्यास नहीं लग रही है, तो शारीरिक गतिविधियों में भाग लें, ताकि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पी सकें।

**क्या पानी का सेवन गुर्दे की पथरी से बचा सकता है?**

लगभग 60-70 प्रतिशत शरीर का वजन पानी से बना होता है, जो समग्र शरीर के कामकाज के लिए आवश्यक है। निर्जलीकरण या डिहाइड्रेशन तब होता है जब आप शरीर से अधिक मात्रा में पानी या तो दस्त, उल्टी, पसीना या आपको



**औसतन एक व्यक्ति को नियमित रूप से न्यूनतम दो लीटर पानी पीने की आवश्यकता होगी। डॉ. सिद्धार्थ सिंह का कहना है कि क्रोनिक डिहाइड्रेशन या निर्जलन की वजह से किडनी खराब हो जाती है.......**

ज्यादा बार मूत्र आने से निकल जाता है जैसे कि जटिल मधुमेह के माध्यम से शरीर में पानी की खपत ज्यादा हो जाती है। गुर्दे की पथरी भी निर्जलीकरण का एक परिणाम है। जब हम पर्याप्त पानी पीते हैं तो किडनी की दीवारों से चिपकी हुई पत्थरी के निर्माण से बचा जा सकता है। मूत्र रोग विशेषज्ञ हर उस व्यक्ति को अधिक पानी पीने की सलाह देते हैं, जो दर्दनाक गुर्दे की पथरी का सामना कर रहा है।

**सर्दियां होने के बावजूद अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहने की पांच रणनीतियां इस प्रकार हैं :**

- तरल पदार्थ के सेवन के बारे में खुद को जागरूक करने के लिए, रोज लिखना शुरू करें कि आप कितना पानी पी रहे हैं। एक सप्ताह तक ऐसा करते रहें।
- जिस पल आप अपने बिस्तर से उठते हैं, उसी दिन सुबह एक गिलास पानी पीने की आदत डालें। अपने साथ एक सिपर लें और सुनिश्चित करें कि आप इससे प्रति घंटा कम से कम दो बार सिप करते हैं।
- यदि आप सामान्य पानी पीने से ऊब गए हैं, तो आप इसमें स्वाद जोड़ने के लिए नींबू डाल सकते हैं।
- यदि आपको चाय या कॉफी जैसे गर्म पेय मिल रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप उन्हें पीने से पहले एक गिलास पानी पी रहे हैं।
- वैसे अब गर्मियां दस्तक दे रही हैं फिर भी यदि किसी कारणवश आप सर्दी का सामना कर रहे हैं तो निर्जलीकरण से बचने के लिए, सुनिश्चित करें कि आप हीटर या ब्लोअर के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए ह्यूमिडिफायर चला रहे हैं।

**-लेखक कंसल्टेंट यूरोलॉजी, रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ हैं**

## पेज 1 का शेष

### काफी जानकारी देती है फोटो

उसने एपीआई का उपयोग करके एक ऑटोएमएल मॉडल को प्रशिक्षित करने हेतु इंटरनेट से एक डेटासेट और आंकड़ों से तस्वीरें लीं, जो कि दृश्य ऑटोएमएल है। डीएस से पीड़ित बच्चों की कुछ विशिष्ट विशेषताएं होती हैं जैसे तिरछी आंखें और चपटी नाक । उसने इन मापदंडों को निर्धारित किया और डीएस निर्धारित करने के लिए प्रत्येक सुविधा की संवेदनशीलता को समायोजित किया। उसने प्रत्येक पैरामीटर की संवेदनशीलता को बार-बार समायोजित करके मॉडल को प्रशिक्षित, परीक्षण और तैनात किया।

मेहरा, जिन्होंने अक्टूबर 2020 में इस मॉडल पर काम करना आरंभ किया था, कहती है

कि वर्तमान में, कोई भी ऐप केवल एक मॉडल नहीं है, लेकिन वह एक ऐसा ऐप बनाने की दिशा में काम कर रही है जो भविष्य में चीजों को आसान बना देगा। अभी के लिए, वह मॉडल की नैदानिक वैधता का परीक्षण करना चाहती है। ''मैंने मॉडल की वैधता का परीक्षण करने की योजना बनाई है। सभी को मुझे बच्चे की एक तस्वीर भेजनी होगी। मैं इसे मॉडल में फीड करूंगी और टेस्ट करूंगी। ''

वर्तमान में, वह एक वास्तविक परिवेश में डेटासेट को व्यापक बनाने और अपने पास मौजूद तस्वीरों में प्रक्रिया, पृष्ठभूमि और प्रकाश व्यवस्था को ज्यादा एकरूपी बनाने का प्रयास कर रही है। निर्धारित परिस्थितियों के तहत एक तस्वीर लेने का विचार, वास्तविक समय में उपयोग करने से पहले प्रक्रिया को ज्यादा आसान बनाने और मॉडल को सही करना संभव बनाता है।

मेहरा कहती है, 'मान लीजिए कि माता-पिता को मॉडल का उपयोग करना पड़ा, तो मैं माता-पिता को फोटो लेने के लिए खुले में बाहर जाने के लिए कहूंगी ताकि कैमरा चेहरे की विशेषताओं को बेहतर ढंग से पहचान सके, - मेहरा जो एआई, एमएल, प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर और बायोलॉजी का अध्ययन करना पसंद करती है। वह एक डबल प्रमुख डिग्री या एक दोहरी डिग्री के लिए आवेदन करने की योजना बना रही है। वह आपको बताती है कि अब तक, वह उन डॉक्टरों के साथ बातचीत कर रही है जो प्रभावित हुए हैं।

'वे सटीकता में रुचि रखती हैं, लेकिन इस प्रक्रिया को और अधिक एकरूपी बनाने और अस्पताल में आने और डीएस प्रभावित बच्चों की तस्वीरें लेने और सटीकता के लिए जांच करने के लिए वे उसे पसंद करेंगे और फिर यह देखने के लिए परीक्षण करेंगे कि क्या बच्चा वास्तव में डीएस से पीड़ित है और इसे अगले स्तर पर ले जाए। ' मेहरा कहती हैं।

### ट्रांसजेंडर्स समेत सभी के लिए समानता

ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ उनका काम एंगेल्स नेटवर्क द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के जरिए आरंभ हुआ, जिसे उनकी मां ने शुरू किया था। यहीं उसकी मुलाकात क्षेत्री से हुई। ज्यादातर लोगों की तरह, भट्टाचार्य भी ट्रांस जेंडर के साथ जुड़े कलंक के कारण उस समुदाय से डर गयी थी। क्षेत्री के साथ उनकी बातचीत के बाद, भट्टाचार्य की समुदाय के प्रति धारणा बदल गई।

सुश्री भट्टाचार्य कहती हैं, ''इस समुदाय के लिए क्षेत्री ने जो काम किया है, मैं उसकी प्रशंसा करती हूं। मैं और ज्यादा जानना चाहती थी - यानी उनकी जीवन-स्थिति के बारे में। धीरे-धीरे मुझे समझ में आ गया कि वे आपके और मेरे जैसे ही लोग हैं और उन्हें उस उपहास की जरूरत नहीं है जिसका वे रोज सामना करते हैं। मुझे पता चला कि उन्हें बहुत गलत समझा जाता है और पिरान्हा व बहिष्कृत के रूप में व्यवहार किया जाता है और जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।''

सुश्री भट्टाचार्य के काम का बड़ा हिस्सा उनके घरों में जाने और उनसे बात करने में समय बिताना होता है। साथ ही यह भी पता लगाना होता है कि उनका जीवन हमारे जीवन से कैसे अलग है और उनका जीवन कैसे बेहतर हो सकता है। अपने 15 वें जन्मदिन पर उसने अपने सारे पैसे इकट्ठे किए और उनकी जरूरत की चीजें खरीदीं।

''हमारे पास उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। वे हमसे कहीं अधिक सशक्त हैं। सुश्री भट्टाचार्य आपको बताती हैं कि उनके सामने सबसे महत्वपूर्ण समस्या यह है कि उन्हें नौकरी और पढ़ाई के अवसर नहीं मिलते हैं।

भट्टाचार्य के दोस्त उसका समर्थन करते हैं क्योंकि नयी दौर सभी को समान अवसर दिए जाने की पैरवी करता है।

भट्टाचार्य कहती हैं, ''अभी भी काफी लम्बा रास्ता तय करना है। मेरे कुछ विचार हैं कि मैं कैसे आगे बढ़ना चाहती हूं और परीक्षा समाप्त होने के बाद मैं इसे पूरा करूंगी। इस समुदाय को भेदभाव वाली नजर से देखने का कारण यह है कि हमारे अंदर ज्ञान की कमी है। एक और समस्या यह भी है कि चूंकि वे अच्छी तरह से शिक्षित नहीं हैं, इसलिए उनके प्रति हमारी धारणा अलग है।''

### साइकिल यात्रा के साथ नौकरी

जहां कोई होटल नहीं मिलता था तो गेस्ट हाउस में या फिर धर्मशाला में ठहरते थे। उन्हें दिल्ली पहुंचने में 25 दिन लगे जहां से दक्षिण की यात्रा आरंभ करने से पहले वह वहां एक सप्ताह ठहरे।

मैनेजेज बताते हैं, '' मैं सचमुच छुट्टी पर नहीं था। मैं तभी शहर में घूमता हूं जब मैं आफिस का रोजमर्रा का काम पूरा कर लेता था या फिर सप्ताहांत पर शहर में घूमता था। यात्रा के दौरान जो कुछ बातें मैंने सीखीं वो यह कि व्यक्ति को काम पूरान करने के लिए अनिवार्यतया कुर्सी से चिपके रहने की जरूरत नहीं है। दूसरा, छोटे छोटे अवकाश लेना बहुत जरूरी है। यह इसलिए कि घर से काम करने की अवधारणा ने काम और घर के जीवन के बीच का संतुलन बिगाड़ दिया है। मुझे संतुलन हासिल करना था जो एक चुनौती था। मैंने किसी गांव या शहर में पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित करता था वर्ना मुझे रात में हाइवे पर फंस जाने का खतरा हो सकता था। मैं रोज 100 किमी साइकिल चलाता था।

साथ ही हर बड़े शहर में साइकिल का रखरखाव भी सुनिश्चित करता था। मुझे एक ही बार बहुत बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा जब मैं चंबल नदी के पास था और मुझे मौरेना तक साइकिल को ठेल कर ले जाना पड़ा। '' मैनेजेज फिर से साइकिल यात्रा पर जाने के लिए तैयार हैं यदि घर से काम करने की अवधारणा जारी रहती है। उनके लिए राजस्थान में खाया गया भोजन सबसे यादगार था। बकौल मैनेजेज, यह स्वादिष्ट और मसालेदार था।



मैं एक अभियान का हिस्सा बनकर खुश हूं, जिसका उद्देश्य महिलाओं को कांच की छत पर ले जाने के लिए प्रेरित करना है। मैं इससे संबंधित हूं क्योंकि हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम लड़कियों को मनोवैज्ञानिक बाधाओं को दूर करने के लिए कहें
-मानुषी चिल्लर

## 'पशुओं और वनस्पतियों के दृष्टिकोण पर आधारित है सीरीज़

# 'अ परफेक्ट प्लेनेट'



सीरीज़ 'अ परफैक्ट प्लैनेट' के एक्ज़ीक्यूटिव निर्देशक एलिस्टेयर फॉदरगिल बता रहे हैं ये सीरीज़ स्वाभाविक इतिहास और पृथ्वी विज्ञान का अनूठा सम्मिश्रण है जिसके माध्यम से पता चलता है कि हम जिस स्थान को अपना घर कहते हैं, वो किस प्रकार से संचालित होता है। टीम पायनियर की रिपोर्ट....



इस सीरीज़ को बनाने के दौरान हमारे समक्ष कई ऐसे पल आए थे। मेरे लिए उनमें से किसी एक को चुनकर बताना असंभव सा लगता है। यदि मुझपर दबाव डालकर बताने के लिए कहा जाए तो मैं लेक नेट्रन के किनारे फ्लेमिंगोज़ द्वारा अपना घोसला बनाने को ही बताऊंगा जो पहले एपिसोड में था। ये हमारी प्रकृति में जीवन को बचाने की सबसे असाधारण कहानी थी।

हमारा ग्रह पृथ्वी एक संपूर्ण अस्तित्व है। हमारे ग्रह का आकार, सूर्य से इसकी दूरी, इसका घूमना और झुका होना, इसका चंद्रमा हमारे अस्तित्व के पूर्ण रूप से अनुकूल है और हमारे ग्रह की प्राकृतिक शक्तियां इसके जीवन का पोषण करने के लिए ही हैं। वैश्विक मौसम प्रणाली इस ग्रह के हर कोने तक जल पहुंचाती है। हमारे समुद्री धाराएं समुद्र की गहराइयों तक पोषक तत्व पहुंचाने का कार्य करती हैं। इस ग्रह पर पड़ने वाला सूर्य प्रकाश जिसे हम धूप कहते हैं, हमें ऊष्मा प्रदान करने के साथ ही जिसको भी छू लेती है वो ऊर्जामय हो जाता है। शक्तिशाली ज्वालामुखी धरती का निर्माण करने के साथ ही उसे उपजाऊ भी बनाते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि हमारे इस ग्रह पर ऐसा कोई भी कोना नहीं रह गया है जहां पर जीवन न हो।

'अ परफेक्ट प्लेनेट' नाम की इस सीरीज़ में स्वाभाविक इतिहास और पृथ्वी विज्ञान का अनूठा सम्मिश्रण है जिसके माध्यम से पता चलता है कि हम जिस स्थान को अपना घर कहते हैं, वो किस प्रकार से संचालित होता है। इसमें दिखाया गया है कि प्रकृति किस प्रकार से वन्यजीव विविधता को बनाए रखती है। इसके प्रथम चार एपिसोड्स में ज्वालामुखियों की शक्ति, धूप, मौसम और समुद्र की शक्तियों के बारे में बताया गया है। इस सीरीज़ के अंतिम एपिसोड में विश्व की सर्वाधिक नवीन शक्ति जिसे हम मानव कहते हैं के नाटकीय प्रभावों के बारे में बात करती है और बताती है कि पृथ्वी के संतुलन को स्थापित करने के लिए हम क्या-क्या कर सकते हैं।



इसमें हमें भारतीय क्षेत्र में वर्षा से आच्छादित भूमि के साथ ही हवाई द्वीप के भयावह ज्वालामुखियों के बारे में बताया गया है, बहामा के ज्वारीय द्वीप की झलक दिखाई गई है तो दूसरी ओर एल्स्मियर द्वीप के फ्रोज़ेन वेस्ट्स का भी सुंदर चित्रण किया गया है। इस सीरीज़ को देखने के बाद हमेंअ अपने इसघर के बारे में देखने-सोचने के दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन आएगा। इसमें हम बार बार देख पाएंगे कि पशुओं को जीवन किस प्रकार प्राकृतिक शक्तियों से चलायमान बना रहता है।

प्रस्तुत हैं उनसे उनकी इस सीरीज़ के बारे में बातचीत के अंश-

**◆ इस सीरीज़ को बनाने के पीछे की आपकी अवधारणा क्या थी?**

हू कॉर्डे और मुझे लगा कि अब तक किसी ने भी प्राकृतिक ताकतों की इस ग्रह पर हमारे जीवन को आकार देने की शक्ति और सुंदरता के साथ न्याय नहीं किया है। कई मौसम संबंधी सीरीज़ तो दिखाई गई हैं लेकिन उन्होंने भी उस सीमा तब जाकर विस्तृत और गुणवत्तापूर्ण जानकारी देने का गंभीर प्रयास नहीं किया है। हम इस बात से आकर्षित थे कि अधिकांश लोग ज्वालामुखी गतिविधियों को नकारात्मक और विध्वंसात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं। जबकि ये सच नहीं है। हमनें पशुओं और पौधों के दृष्टिकोण से इस सीरीज़ को देखने और प्रस्तुत करने का प्रयास किया जिनके जीवन पर मौसम का व्यापक असर होता है। अंत में हमें ये भी लगा कि आज की परिस्थितियों में ये सीरीज़ अधिकतम प्रासंगिक होगी क्योंकि आज हर कोई जानना चाहता है कि क्या मनुष्य ने हमारे इस 'अ परफेक्ट प्लेनेट' के संतुलन को बिगाड़ दिया है। हम इस बात को लेकर संकल्पबद्ध थे कि हम अपनी सीरीज़ के अंतिम एपिसोड में इस प्रश्न का सशक्त ढंग से और सच्चाई के साथ उत्तर प्रस्तुत करेंगे।

**◆ आपकी ये सीरीज़ प्राकृतिक इतिहास पर अब तक बनाई गई सीरीज़ से किस प्रकार भिन्न है?**

देखिये उपलब्ध प्राकृतिक इतिहास के फुटेज को इतनी सशक्त वीडियो के साथ पहले कभी प्रस्तुत नहीं किया गया था। हम गर्व से कह सकते हैं कि हमनें विश्व की बड़ी कहानियों को पशु चरित्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। हम पर्यावरण के बारे में तो पूरी सीरीज़ में बताते ही रहे हैं लेकिन हमनें ध्यान रखा था कि हमारा अंतिम एपिसोड पर्यावरण के संबंध में हमारी बात को सबसे सशक्त संदेश के माध्यम से रखेगा।

**◆ सर डेविड एटनबरो की उपस्थिति से आप क्या संदेश देना चाहते थे?**

देखिये सर डेविड एटनबरो अपनी बात कहने के संबंध में सबसे प्रभावी माने जाते हैं। हमनें उनके माध्मय से अपने और अधिक प्रामाणिक होने पर बल दिया है। ये बात इस सीरीज़ के अंतिम एपिसोड में और भी प्रभावी ढंग से रखी गई है। उनकी उपस्थिति से हमारा संदेश और भी प्रभावी ढंग सेरखा जा सका।

**◆ इस पूरी सीरीज़ में आपका सबसे प्रिय क्षण कौन सा रहा है?**

इस सीरीज़ को बनाने के दौरान हमारे समक्ष कई ऐसे पल आए थे। मेरे लिए उनमें से किसी एक को चुनकर बताना असंभव सा लगता है। यदि मुझपर दबाव डालकर बताने के लिए कहा जाए तो मैं लेक नेट्रन के किनारे फ्लेमिंगोज़ द्वारा अपना घोसला बनाने को ही बताऊंगा जो पहले एपिसोड में था। ये हमारी प्रकृति में जीवन को बचाने की सबसे असाधारण कहानी थी। ये अद्भुत थी। इसमें हमनें आकाश से वीडियो लिया था जो इससे पहले कभी नहीं किया गया था। हमनें इसे अद्भुत ढंग से प्रस्तुत भी किया था।

**(सीरीज़ 8 मार्च को रात 9 बजे सोनी बीबीसी अर्थ पर प्रीमियर होगी)**

---

# तापसी पन्नू, कश्यप ने छापेमारी के बाद पहली बार अपनी बात रखी, दोबारा की शूटिंग फिर से शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू और फिल्मकार अनुराग कश्यप ने अपनी फिल्म दोबारा के लिए शूटिंग शनिवार को फिर से शुरू की। आयकर विभाग की उनके परिसरों पर छापेमारी के बाद दोनों ने पहली बार अपनी बात कहने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया।



कश्यप ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू करने की इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए लिखा है, सभी नफरत करने वालों को हमारी तरफ से प्यार।

इससे पहले दिन में पन्नू ने पेरिस में एक कथित बंगले और पांच करोड़ रुपए की कथित रसीद और 2013 में छापे को लेकर तीन ट्वीट किए थे। आयकर विभाग ने बॉलीवुड अभिनेत्री पन्नू और कश्यप के साथ ही उनके साझेदारों के परिसरों पर तीन मार्च को छापेमारी की थी। उसके बाद से कश्यप की पहली टिप्पणी है। यह छापेमारी फैंटम फिल्म्स के खिलाफ कर चोरी की जांच के सिलसिले में की गई थी।

फिल्मकार ने सोशल मीडिया पर पन्नू के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दूसरी परियोजना पर फिर से काम शुरू कर ि दया है।

पन्नू और कश्यप दोनों ही कई मुद्दों पर अपने मुखर विचारों के लिए जाने जाते हैं। पन्नू ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान पर भी कटाक्ष किया कि उनके यहां 2013 में भी छापेमारी की गई थी। पन्नू ने पेरिस में कथित बंगले, पांच करोड़ रुपए लेने के आरोप और 2013 में हुई छापेमारी के संबंध में तीन ट्वीट किए।

**पन्नू और कश्यप दोनों ही कई मुद्दों पर अपने मुखर विचारों के लिए जाने जाते हैं। पन्नू ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान पर भी कटाक्ष किया कि उनके यहां 2013 में भी छापेमारी की गई थी। पन्नू ने पेरिस में कथित बंगले, पांच करोड़ रुपए लेने के आरोप और 2013 में हुई छापेमारी के संबंध में तीन ट्वीट किए।**

अभिनेत्री ने पहले ट्वीट में कहा, तीन दिन तक मुख्य रूप से तीन चीजों की तलाशी ली गई- पेरिस में मेरे कथित बंगले की चाबियां। क्योंकि गर्मी की छुट्टियां आने वाली हैं।

दूसरे ट्वीट में पन्नू ने कहा, पांच करोड़ रुपए की कथित रसीद जिसे फ्रेम कर भविष्य के लिए रखा जाएगा क्योंकि मैंने पहले उस पैसे को ठुकरा दिया था। तीसरे ट्वीट में वित्त मंत्री पर निशाना साधते हुए पन्नू ने कहा, हमारी माननीय वित्त मंत्री के मुताबिक 2013 में मेरे यहां छापा पड़ा था। पी.एस- अब इतनी सस्ती नहीं। सीतारमण ने शुक्रवार को कहा था कि इन लोगों के यहां 2013 में भी छापे पड़े थे।

व्यक्तिगत टिप्पणी से बचते हुए उन्होंने कहा था कि यदि आयकर की चोरी हो रही है तो देश को इसकी जानकारी होनी चाहिए। पन्नू और कश्यप दोनों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अपनी चुप्पी तोड़ी। कश्यप ने कहा, और हम फिर से दोबारा शुरू करते हैं...सभी नफरत करने वालों को हमारी तरफ से प्यार।

हालांकि कश्यप ने छापेमारी को लेकर प्रत्यक्ष रूप से कुछ नहीं कहा। छापेमारी की कार्वाई प्रोडक्शन हाउस और उसके प्रमोटर रहे कश्यप, निर्देशक-निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी, फिल्मकार विकास बहल और निर्माता-वितरक मधु मैंटेना के खिलाफ जांच का हिस्सा है। फैंटम फिल्म्स को 2018 में बंद कर दिया गया था। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने दावा किया है कि दो फिल्म निर्माण कंपनियों, दो प्रबंधन कंपनियों और एक प्रमुख अभिनेत्री के यहां छापे की कार्वाई में आयकर विभाग ने 650 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है।

---

# 'लॉकडाउन के बाद फिल्म रिलीज़ होना मेरे लिए विशेष क्षण'

## अभिनेता वरुण शर्मा का कहना है कि सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्स कलाकारों के लिए धार्मिक स्थलों से किसी भी प्रकार से कम नहीं होते

**अभिनेता** वरुण शर्मा का कहना है कि एक साल बाद सिनेमा हॉल में जाना उनके लिए एक विशेष अनुभव था। वरुण राजधानी के एक थियेटर में अपनी फिल्म रूही के प्रमोशन के संबंध में अपनी पूरी टीम के साथ गए थे। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट में उन्होंने एक चित्र साझा किया जिसमें वो थियेटर के सामने सम्मान से झुकते दिखाई दे रहे हैं।



इस चित्र के साथ एक लंबे पोस्ट में वरुण ने लिखा, 'हम अभिनेताओं के लिए सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्स किसी धार्मिक स्थल से कम नहीं होते। एक साल पहले जब हम पर महामारी की मार पड़ी थी तो थियेटरों के बंद हो जाने से पूरे सिनेउद्योग पर जबर्दस्त विपरीत प्रभाव पड़ा था। इससे भी अधिक हम सभी भावनात्मक रूप से भी कष्ट में थे। आज जब मैं थियेटर गया तो मेरे हृदय में कृतज्ञताके भाव थे।

उन्होंने बताया कि उनकी फिल्मी यात्रा कैसे प्रारंभ हुई और बड़े होने के दौरान वो किस प्रकार सिनेमा से आकर्षित हुए, 'मैं जालंधर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में बड़ा हुआ था। मैं सिनेमा उद्योग में किसी को भी नहीं जानता था लेकिन इसके बावजूद मैं अभिनय के क्षेत्र में जाना चाहता था। मैं सर्वाधिक प्रसन्न उस दिन होता था जब मै बड़े परदे के सामने बैठ कर फिल्म देखा करता था। इसके बाद न जाने कब मैं पहले दिन पहला शो का आदी होता चला गया और मैं फिल्मों के आकर्षण से बंधता चला गया। जब मेरी पहली फिल्म फुक्रे 2013 में रिलीज़ हुई उस दिन मैं अपने परिवार को पास के थियेटर में फिल्म दिखाने ले गया था। मेरी मां ने जब मुझे बड़े परदे पर देखा, वो भावुक हो गईं। वैसे तो पूरे परिवार के लिए वो भावुक पल था। लेकिन जालंधर के लोग मुझे बड़े परदे पर देखकर खूब आनंदित हुए।'

उन्होंने इसके बाद अपनी फिल्म रूही के थियेटरों में रिलीज़ होने के बारे में भी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, '11 मार्च को मेरी फिल्म 'रूही' थियेटरों में रिलीज़ हो रही है। मेरी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं है। मैं अपने दर्शकों को इस फिल्म के बारे में बताना चाहता था जो मुझे देखने के लिए पिछले दो साल से प्रतीक्षा कर रहे थे। छिछोरे (2019) के बाद से मेरी ये पहली रिलीज़ है। अब हमें सिनेमा के जादू का अनुभव करना प्रारंभ करना चाहिये। लेकिन आप सभी को सुरक्षित भी रहना होगा। मास्क अवश्य पहनिये और मेरी फिल्म रूही का पूरा आनंद अवश्य उठाइये!'